3 राजधानी
बीकेटी में पुजारी की निर्मम हत्या

6 अभिमत
अमेरिका में अनैतिकता

10 स्पोर्ट्स
शास्त्री ने खिलाड़ियों के जज्बे को सराहा

11 विदेश
वाशिंगटन में लॉकडाउन



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 92
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




डू बैरीमोर को राजनीति से है अरुचि

विविध-12

# डेढ़ साल तक कानूनों पर अमल टालने का प्रस्ताव

● आपस में सलाह करने के बाद जवाब देंगे किसान नेता, संयुक्त समिति के गठन का भी प्रस्ताव

● 22 जनवरी को होगी अगली बैठक

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

## सरकार की किसानों को पेशकश



किसान नेताओं से वार्ता के बाद पत्रकारों को संबोधित करते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर।

**किसान** नेताओं और सरकार के बीच बुधवार को हुई 10वें दौर की बातचीत में गतिरोध को खत्म करने में कोई खास सफलता मिलती नहीं दिखी। केंद्र ने तीनों कृषि कानूनों को 18 महीने तक निलंबित रखने तथा कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने समेत आंदोलन कर रहे किसानों की लंबित मांगों पर गौर करने के लिए संयुक्त कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा।

बहरहाल किसान नेताओं ने तुरंत प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया और कहा कि वे आपस में सलाह-मशविरा करने के बाद गुरुवार को जवाब देंगे। किसान कानूनों को पूरी तरह से निरस्त करने की मांग पर अड़े थे क्योंकि उनका मानना था कि कानूनों को कुछ समय के लिए स्थगित रखने से कोई बदलाव नहीं होगा। किसान नेताओं बताया कि 10वें दौर की बातचीत खत्म हो चुकी है। अगले दौर की बैठक 22 जनवरी को होगी। पांच घंटे तक चली बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार ने तीनों कृषि कानूनों पर अमल 1-1.5 साल तक निलंबित रखनेका प्रस्ताव रखा, इस दौरान सरकार और किसानों की संयुक्त समिति के प्रतिनिधि किसानों के आंदोलन से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा करे जिससे कि किसी उचित निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके और कड़ाके की ठंड में दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे लोग अपने घरों को लौट जाएं।

बातचीत के दौरान किसान संगठनों ने कहा कि वे सरकार के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा करेंगे और फिर 22 जनवरी की बैठक में भाग लेंगे। मंत्री ने कहा कि कुछ 'नरम-गरम' क्षणों के बावजूद बातचीत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। किसान कानूनों को निरस्त करने की अपनी मांग पर अड़े रहे। तोमर ने कहा ' मुझे लगता है कि बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही और उम्मीद है कि 22 जनवरी तक कोई समाधान ढूंढ लिया जाएगा। बैठक के बाद भारतीय किसान यूनियन (उग्राहन) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उग्राहन ने कहा कि सरकार ने डेढ़ साल के लिए कृषि कानूनों को स्थगित रखने का प्रस्ताव दिया है। हमने प्रस्ताव को खारिज कर दिया लेकिन चूंकि यह सरकार की ओर से आया है लिहाजा हम कल बैठक करेंगे और इस पर चर्चा करेंगे।' एक अन्य किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार 'बैकफुट' पर आ गई है। 'पहले 32 संगठन चर्चा करेंगे उसके बाद मामले को (शेष पेज 9)

## शीर्ष अदालत का ट्रैक्टर रैली पर दखल से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन किसानों की प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली पूरी तरह 'कार्यपालिका से जुड़ा मामला' है। इसके बाद केंद्र ने मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध करने वाली अपनी याचिका वापस ले ली। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन की पीठ ने कहा कि हम आपको कह चुके हैं कि हम कोई निर्देश नहीं देंगे। यह पुलिस का मामला है। हम आपको (याचिका वापस लेने) की अनुमति देंगे। आप प्राधिकार हैं और आपको इससे निपटना है।

## समिति के सदस्यों पर आक्षेप लगाने से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने नये कृषि कानूनों पर गतिरोध खत्म करने के लिए गठित की गई समिति के सदस्यों पर कुछ किसान संगठनों द्वारा आक्षेप लगाए जाने को लेकर बुधवार को काफी नाराजगी जाहिर की। साथ ही, शीर्ष न्यायालय ने यह भी कहा कि उसने विशेषज्ञों की समिति को फैसला सुनाने का कोई अधिकारी नहीं दिया है, जो कृषि क्षेत्र के बेहतरीन विशेषज्ञ हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि उसे इस बारे में गंभीर आपत्ति है कि समिति के सदस्यों का गलत चित्रण किया जा रहा है, जो कि 'अब एक संस्कृति बन गई है।' उल्लेखनीय है कि शीर्ष न्यायालय ने 12 जनवरी को नये कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी तथा केंद्र और दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के बीच गतिरोध खत्म करने के सिलसिले में सिफारिशें करने के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की थी।

# पिछले चार वर्षों में उप्र को नई पहचान, नई उड़ान मिली: मोदी



● प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 6.1 लाख लाभार्थियों को करीब 2691 करोड़ की वित्तीय सहायता राशि जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार की सक्रियता की वजह से पिछले चार वर्षों में उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान और नई उड़ान मिली है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 6.1 लाख लाभार्थियों को करीब 2691 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता राशि जारी करने के बाद पीएम ने अपने संबोधन में विकास की योजनाओं को तेज गति से अमली जामा पहनाने और अपराधियों व दंगाइयों पर सख्ती के लिए योगी सरकार की जमकर सराहना की। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर योजना के (शेष पेज 9)

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने हर गरीब के सपने को किया साकार : योगी

**लखनऊ। प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के हर गरीब, किसान, मजदूर, महिला, नौजवानों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने हर गरीब के आवास के सपने को साकार किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास देश व प्रदेश के हर गांव में निर्मित हो रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में भी प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय के आवास बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से गरीब के जीवन में परिवर्तन की प्रधानमंत्री की सोच मूर्तरूप ले रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के खाते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (शेष पेज 9)

# अमेरिका में बाइडेन युग का आरंभ, कहा-लोकतंत्र की जीत

● राष्ट्रपति पद की शपथ ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

● कमला देवी हैरिस पहली महिला और पहली भारतवंशी उपराष्ट्रपति बनीं

**भाषा।** वाशिंगटन



**जो** बाइडन ने अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति और कमला देवी हैरिस ने पहली महिला उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों को रोकने के लिए कैपिटल बिल्डिंग (संसद भवन) के आसपास हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। डेमोक्रेटिक नेता बाइडन (78) को प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने कैपिटल बिल्डिंग के वेस्ट फ्रंट में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने के बाद अपने पहले भाषण में कहा कि लोकतंत्र की जीत हुई है। इस बार समारोह में कम लोगों को आमंत्रित किया गया और नेशनल गार्ड के 25,000 से अधिक जवान सुरक्षा में तैनात थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बाइडन को शुभकामनाएं दीं और कहाकि हम साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए साथ खड़े हैं। डोनाल्ड ट्रंप, बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए और अंतिम बार राष्ट्रपति के तौर पर व्हाइट हाउस से विदा लेते हुए विमान से फ्लोरिडा स्थित अपने स्थाई आवास मार-आ-लागो एस्टेट के लिए रवाना हो गए। निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस समारोह में शामिल हुए हैं। अमेरिका इतिहास में सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बाइडन ने अपने परिवार की 127 साल पुरानी (शेष पेज 9)

## यूपी को मिले 16 नए आईपीएस अफसर

**लखनऊ।** यूपी को नए वर्ष में 16 नए आईपीएस अफसरों का बैच मिल गया है। केंद्रीय गृह विभाग ने 2019 बैच के आईपीएस अफसरों का राज्यवार कैडर अलॉटमेंट कर दिया है। इनमें अलग अलग राज्य के 150 नए आईपीएस अफसरों को बैच एलॉट किए गए हैं। इनमें 16 अफसरों का यूपी कैडर अलॉट किया गया है। यूपी कैडर पाने वाले अफसरों में 5 ऐसे हैं, जिन्हें गृह राज्य का ही कैडर एलॉट हुआ है, वहीं गृह राज्य राजस्थान वाले 6 अफसरों को यूपी कैडर मिला है। इनके अलावा हरियाणा के दो, महाराष्ट्र, दिल्ली और पंजाब से 1-1 अफसर यूपी कैडर में आए हैं। गृह राज्य वाले अफसरों में शाश्वत त्रिपुरारी, पुनीत द्विवेदी, शिवा सिंह, आयुष विक्रम सिंह और अभिजीत कुमार हैं। वहीं गृह राज्य राजस्थान वाले अफसर अनुकृति शर्मा, मानुष पारिक, चिराग जैन, अमित कुमावत, मनोज कुमार रावत और देवेंद्र प्रकाश मीणा हैं। इनके अलावा स्नुति श्रीवास्तव दिल्ली की हैं, जबकि आदित्य बंसल पंजाब और निमिष दशरथ पाटिल महाराष्ट्र, नीतू और विक्रम दहिया का गृह राज्य हरियाणा है।

# आशा के अनुरूप गति नहीं पकड़ पा रही टीकाकरण मुहिम

● पांचवें दिन सिर्फ 1,12,007 स्वास्थ्यकर्मियों को लगी वैक्सीन, 16 से अब तक 7.86 लाख लोगों का टीकाकरण

● सरकार को डर, अभियान इसी तरह चला तो पहला चरण पूरा होने में ही लग जाएंगे कई साल

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



ठाणे में कोरोना का टीका लगवाती एक चिकित्साकर्मी।

**कोरोना** के खिलाफ टीकाकरण अभियान उम्मीद के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। पांचवें दिन बुधवार को सिर्फ 1,12,007 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया और 16 जनवरी को टीकाकरण शुरू होने के बाद से अब तक कुल 7.86 लाख लोगों को ही वैक्सीन की पहली खुराक दी गई है। सरकार को डर है कि यदि अभियान इतनी ही धीमी गति से आगे बढ़ा तो पहले चरण में लक्षित तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के टीकाकरण में ही वर्षों लग जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनोहर अगनानी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बुधवार को 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शाम 6 बजे तक 1,12,007 लाभार्थियों को टीका लगाया गया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पूरी रिपोर्ट देर रात तक ही आ पाएगी। अगनानी ने कहा कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रतिक्रिया के दस मामले सामने आए हैं।

उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में टीकाकरण के बाद तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन सभी को छुट्टी दे दी गई है। दिल्ली में चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, उनमें से भी एक (शेष पेज 9)

## नए स्ट्रेन के लिए बनानी पड़ सकती है दूसरी वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भले** हाल ही में विकसित टीके कोरोना से लड़ने में मददगार हों, लेकिन ऐसी संभावना है कि ये भविष्य में इस महामारी के नए स्ट्रेन से लड़ने में कारगर न हों। ऐसी आशंका एक नए अध्ययन में जताई गई है। इस शोध में यह भी कहा गया है कि कोविड-19 समेत कोरोना परिवार के कुछ वायरस प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने के लिए ताकत विकसित कर सकते हैं। जर्नल ईलाइफ में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि कोविड-19 का कारण बनने वाला नोवल कोरोना वायरस एसएआरएस-सीओवी -2 उसी तरह विकसित होता है जैसे कोई अन्य रोगजनक वायरस। इसलिए ऐसा हो सकता है कि हाल ही में तैयार हुई मौजूदा वैक्सीन कोरोना के नए स्ट्रेन पर असर न करें। इसलिए भविष्य में कोरोना के नए स्वरूप से लड़ने के लिए एक और वैक्सीन विकसित करने की जरूरत पड़ सकती है। इस शोध के पहले लेखक अमेरिका की फ्रेड हचिंसन (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,792 ↑ 393 | |
| निफ्टी | 14,644 ↑ 123 | |
| सोना | 48,758 ↑ 347 | /10g |
| चांदी | 65,814 ↑ 606 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल में सड़क हादसे में 14 बारातियों की मौत

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले मे पत्थर लदे एक ट्रक और कार में भिड़त हो गई जिसके बाद ट्रक पलट कर दो अन्य वाहनों पर गिर गया जिससे 14 बारातियो की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्घटना मे मारे गए लोगो केपरिजनो और घायलो को मुआवजा देने की घोषणा की है। एक अधिकारी ने बताया कि बारातियो की कारें राजमार्ग पर गलत दिशा से धुपगुड़ी की ओर जा रही थी और घने कोहरे की वजह से यह टक्कर हुई। पहले कार और ट्रक में भिड़त हुई जिससे वह तेजी से किनारे की तरफ चली गई और टक्कर के कारण ट्रकसे पत्थर गिरने लगे। चालकने नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रक एक ओर झुककर अन्य दो कारो पर गिर गया।

# तांडव से कुछ दृश्य हटाए गए, पर वेबसीरीज का संकट गहराया

● मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भी निर्माताओं के खिलाफ एफआईआर, निर्माताओं को मिली अग्रिम जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई




**विवादास्पद** वेब सीरीज तांडव से कम से कम दो दृश्य हटा लिए गए हैं। हालांकि, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में इसके निर्माताओं और कलाकारों के खिलाफ नई प्राथमिकी दर्ज होने के साथ बुधवार को यह वेब सीरीज और अधिक संकट में घिर गई।

इस बीच, बंबई उच्च न्यायालय ने तांडव के निर्देशक अली अब्बास जफर, अमेजन प्राइम इंडिया की प्रमुख अपर्णा पुरोहित, निर्माता हिमांशु मेहरा और सीरीज के लेखक गौरव सोलंकी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। उन्हें चार हफ्तों के लिए यह राहत दी गई है ताकि वे लखनऊ स्थित एक संबद्ध अदालत का रुख कर सकें। सीरीज में धार्मिक भावनाओं को आहत करने को लेकर लखनऊ में उनके खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित सीरीज की प्रथम कड़ी तानाशाह से दो दृश्य हटा दिए गए हैं, जिनमें मुख्य किरदारों के बीच बातचीत का एक दृश्य भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही अमेजन प्राइम वीडियो की इस सीरीज के निर्माताओं एवं कलाकारों ने एक बार फिर से माफी मांगी थी और कहा था कि उन्होंने इस संबंध में प्रकट की गई चिंताओं को दूर करने के लिए कुछ बदलाव करने का फैसला किया है।

इस दृश्य में मंच पर भगवान शिव का किरदार निभा रहे जीशान अयूब और नारद मुनि का किरदार निभा रहे कलाकार के बीच एक संवाद को लेकर आपत्ति जताई गई थी। यह दृश्य हटा दिया गया है। अब जीशान दर्शकों की तालियों के बीच भगवान शिव के वेश में मंच पर आते दिख रहे हैं और इसबीच, (शेष पेज 9)

## उप्र पुलिस मुंबई पहुंची

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश पुलिस की चार सदस्ईय एक टीम बुधवार को मुंबई पहुंची। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश में तीन प्राथमिकी दर्ज की गई है। टीम द्वारा वेब सीरीज के निर्माता, निर्देशक और कलाकारों के बयान दर्ज करने की संभावना है। उन पर हिंदू देवी-देवताओं के अपने चित्रण के जरिए धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप हैं। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के कर्मी सुबह मुंबई पहुंचे और वे मदद के लिए उपनगरीय अंधेरी में पुलिस उपायुक्त (डिटेक्शन - 1) के कार्यालय गए। उत्तर प्रदेश में सीरीज के खिलाफ लखनऊ ग्रेटर नोएडा और शाहजांपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मीडिया सलाहकार शलभमणि त्रिपाठी ने सोमवार को कहा था कि तांडव के निर्माताओं को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कीमत चुकानी पड़ेगी।

# गांव में ही अनाज भंडारण कर सकेंगे किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● अनाज भंडारण के लिए पांच हजार गोदाम बनाने जा रही योगी सरकार

● किसानों की आय बढ़ाने की योगी सरकार की योजना पर केंद्र की मुहर

**योगी** सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बड़ी योजना पर काम शुरू करने जा रही है। प्रदेश के किसान अब गांवों में ही अनाज का सुरक्षित भंडारण कर सकेंगे। योगी सरकार अनाज भंडारण के लिए प्रदेश भर में गोदाम बनाने जा रही है। पहले चरण में 5 हजार भंडारण गोदाम बनाने की योजना पर केंद्र ने मुहर लगा दी है।

भूमि के चयन के साथ ही राज्य सरकार गांवों में अनाज भंडारण गोदामों का निर्माण शुरू करेगी। किसानों को अपना अनाज रखने के लिए दूर नहीं जाना होगा। फ सल खराब होने की मजबूरी में उसे कम कीमत में भी नहीं बेचना पड़ेगा। किसानों को अपनी फसल की अब योगी सरकार और बेहतर कीमत दिलाएगी। अनाज भंडारण की सुविधा होने के बाद किसान अपना अनाज सही समय पर बाजार में बेच कर ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे। गांवों में अनाज भंडारण गोदाम के जरिये योगी सरकार किसानों की किस्मत बदलने जा रही है। फसल की कीमत के लिए बिचौलियों और बाजार के रुख पर निर्भरता से भी किसानों को मुक्ति मिल जाएगी। सहकारिता विभाग ग्राम पंचायतों और ब्लाक स्तर पर पहले चरण में 5 हजार अनाज भंडारण गोदाम बनाने की तैयारी कर रहा है। अनाज भंडारण गोदाम बनाने की योजना पर करीब 2500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन सभी गोदामों की कुल भंडारण क्षमता करीब 8.60 लाख मीट्रिक टन होगी। इन गोदामों में किसानों के अनाज के साथ ही सरकार भी स्थानीय स्तर पर खरीदे गए अनाज का भंडारण भी कर सकेगी। अनाज भंडारण गोदाम की योजना को योगी सरकार गांवों में रोजगार से भी जोड़ने जा रही है। भंडारण निगमों में स्थानीय लोगों को केयर टेकर, संचालक और बाबू के पदों पर संविदा और स्थाई दोनों तरह से रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

कोरोना वैक्सीनेशन का अगला चरण

# फ्रंटलाइन वर्कर्स का डाटा बेस तैयार किया जाए: योगी

● कोविड-19 की 97 प्रतिशत से अधिक की रिकवरी दर पर मुख्यमंत्री ने संतोष जताते हुए कहा कि प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोविड-19 की 97 प्रतिशत से अधिक की रिकवरी दर पर संतोष व्यक्त करते हुए कोविड-19 से बचाव व उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना के सम्बन्ध में प्रत्येक स्तर पर पूर्ण सावधानी बरती जाए। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान प्रगति पर है। अभियान के आगामी चरण के लिए फ्रंटलाइन वर्कर्स का डाटा बेस तेजी से तैयार किए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन अभियान की प्रत्येक कार्यवाही भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश एवं मानकों के अनुरूप की जाए।

मुख्यमंत्री ने कोविड-19 के उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कोविड अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, बैकअप सहित ऑक्सीजन तथा मेडिकल उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता की जाए। कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम प्रभावी ढंग से संचालित रहें।

## राजधानी में 70, सूबे में मिले कोरोना के 404 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण कम हो रहा है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 70 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 404 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 7873 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 1858 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8591 मरीजों की और राजधानी में 1157 की मौत हो चुकी है।

# नाइट्रो डायनेमिक्स एयरोस्पेस एंड डिफेंस कंपनी 600 करोड़ का करेगी निवेश

● डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में निवेश से एक हजार लोगों को मिल सकेगा रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड में नाइट्रो डायनेमिक्स एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 100 एकड़ भूमि पर अगले 3 से 4 वर्षों में 600 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है।

कम्पनी की सीईओ रेखा प्रसाद ने यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ बातचीत की और उन्हें इस योजना के बारे में जानकारी दी। रेखा ने बताया कि कंपनी डिफेंस एण्ड एयरोस्पेस के इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में काम करेगी और कंपनी का इरादा 1000 लोगों को रोजगार देने का है। इस प्रकार नाइट्रो डायनेमिक्स एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस झांसी नोड के पहले निवेशक बन गए हैं।




उप्र के विकास को गति देने तथा इसके विनिर्माण की क्षमता को और अधिक बढ़ाने के लिए यूपी सरकार द्वारा डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड में 1087 हेक्टेयर भूमि पर डिफेंस इण्डस्ट्रीज स्थापित किया जाना प्रस्तावित है जिसके तहत कुल 1030 हेक्टेयर भूमि का क्रय, पुर्नग्रहण किया जा चुका है।

## निर्माण कार्यों को लेकर वित्तीय स्वीकृतियां जारी करने के दिशा निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा कैश मैनेजमेन्ट के तहत निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 की वित्तीय स्वीकृतियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। वित्त विभाग द्वारा समस्त अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों को निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार धनराशि अवमुक्त करने के निर्देश दिए गए है। जारी दिशा निर्देश के तहत यदि निर्माण कार्य की लागत 10 करोड़ रूवक है तो धनराशि दो समान किस्तों में जारी होगी। कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त होगी वह दो माह की आवश्यकता के अनुसार होगी। विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया हैं कि वे कोषागार से धनराशि का आहरण दो-दो माह की जरूरत के अनुसार करें। कार्यदायी संस्था को पहले दी गई धनराशि के 75 प्रतिशत धनराशि का उपयोग करने के बाद ही आगामी दो माह के लिए पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर उपलब्ध करायी जाएगी। वित्त विभाग के अनुसार यदि निर्माण कार्य की लागत 10 करोड़ से अधिक है तो धनराशि चार किस्तों में अवमुक्त की जाएगी। इसमें प्रथम, दूसरी एवं तीसरी किस्त 25-25 प्रतिशत धनराशि तथा चौथी किस्त 20 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त होगी। वित्त विभाग ने यह भी निर्देश दिए है कि कार्यदायी संस्थाा को जो धनराशि अवमुक्त की जाएगी वह दो माह की आवश्यकता के अनुसार ही होगी। विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व होगा कि धनराशि का अहरण कोषागार से दो-दो माह की आवश्यकतानुसार की जाएगी।

# मैराथन बैठकों के साथ शुरू होगा नड्डा का लखनऊ दौरा

● प्रदेश प्रभारी ने लिया तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** अध्यक्ष जेपी नडडा का दो दिवसीय लखनऊ दौरा गुरुवार से शुरू हो रहा है। दो दिन में मैराथन बैठके होंगी जिसमें जिलाध्यक्षों से लेकर सांसद और प्रदेश महामंत्री से लेकर योगी कैबिनेट के मंत्रियों के साथ बैठकें होंगी।

नड्डा गुरुवार 21 जनवरी से प्रदेश के दो दिन के प्रवास पर रहेंगे। जहां वे कई सांगठनिक बैठकें करेंगे एवं कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। श्री नड्डा 22 जनवरी शुक्रवार को लखनऊ में सोशल मीडिया वालंटियर्स एवं प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां एयरपोर्ट के बाहर पार्टी



कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएग। शाम 4 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ मंत्रणा करेंगे। इसके बाद वे प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्रियों के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही बैठक करेंगे। रात्रि 9 बजे वे प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही पार्टी की कोर कमिटी की बैठक करेंगे। अगले दिन 22 जनवरी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रात: 9.45 बजे चिनहट ग्रामीण लखनऊ की मंडल बैठक करेंगे। पूर्वाह्न 11 बजे नड्डा सीएमएस विस्तार में लखनऊ महानगर एवं जिला के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोपहर 12.30 बजे नड्डा प्रदेश भाजपा कार्यालय में अवध एवं कानपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। 22 जनवरी को ही नड्डा अपराह्न 3 बजे अवध क्षेत्र के भाजपा सांसदों एवं विधायकों के साथ बैठक करेंगे। शाम 4 बजे वे इसी स्थान पर सोशल मीडिया वालंटियर्स को संबोधित करेंगे। सायं 5.30 बजे वह इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बुधवार के नड्डा के आगमन की तैयारियों को लेकर दिन भर बैठकों के साथ कार्य निरीक्षण का दौर चला। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने निरीक्षण करते हुए दो दिवसीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

राधा मोहन सिंह ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, सीएमएस गोमतीनगर सहित सभी कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। वही सुनील बंसल ने अलग-अलग बैठकों के माध्यम से प्रत्येक बैठक व कार्यक्रम सहित तमाम छोटे-बड़े कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश भी दिये।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के जरिये 36 लाख से अधिक को मिला स्वास्थ्य लाभ

● अब तक प्रदेश में नौ आरोग्य मेले लगाए गए, 86,172 गंभीर रोगी हायर सेंटर रेफर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** आरोग्य मेले के माध्यम से अभी तक सूबे की 36,66,324 से अधिक आबादी को स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है। एक वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू हुए मुख्यमंत्री आरोग्य मेला कोरोना संक्रमण से पूर्व सात बार लग चुका था, जिसमें 31 लाख 36 हजार लोगों का उपचार किया गया और चिह्नित 32,425 कुपोषित बच्चों को विभिन्न योजनाओं के तहत पोषित भी बनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक 76,063 रोगियों को बेहतर उपचार के लिए उच्चतर चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया गया और आयुष्मान भारत योजना के तहत 2,30,890 लोगों को गोल्डन कार्ड भी दिए गए। कोविड काल में इस मेले को स्थगित करना पड़ा था। 10 जनवरी से फिर आरोग्य मेले की शुरुआत हुई। प्रदेश में अब तक लगे नौ मेलों में 86,172 गंभीर रोगियों को उच्च केंद्रों में इलाज के लिए भेजा गया। इसके अलावा 2,78,707 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। सचिव स्वास्थ्य हेकाली झिमोमी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि आरोग्य मेले का लगातार आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जाए। हम इसका अनुपालन सुनिश्चित करना है।

**चार घंटे में दो लाख 67 हजार 563 रोगियों का इलाज:** 17 जनवरी को लगे नौवें मेले के दौरान महज चार घंटे में दो लाख 67 हजार 563 रोगियों का इलाज किया गया। इसमें 99,501 पुरुष, 1,27,997 महिलाएं, 40,065 बच्चों का इलाज किया गया। इसमें 3922 गंभीर रोगियों को उच्च चिकित्सालयों में उपचार के लिए भी भेजा गया। साथ ही 23,010 गोल्डन कार्ड वितरित किए गए। मेले में 8608 चिकित्सक, 19,321 पैरा मेडिकल और 16,701 आईसीडीएस स्टाफने अपनी सेवाएं दीं।

**3400 से अधिक पीएचसी पर लगा आरोग्य मेला:** कोरोना महामारी पर नियंत्रण के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में फिर से 34 सौ से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला की शुरूआत कर दी गई है। अब 10 जनवरी से प्रदेश के सभी शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार सुबह 10 से अपराह्न 4 बजे तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।

# किसानों की मांगों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए: अखिलेश

● किसान आंदोलन के समर्थन में सपा 26 को तहसील स्तर पर निकलेगी रैली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों के आंदोलन के समर्थन में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सभी जनपदों में तहसील स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर ट्रैक्टर से ध्वजारोहण कार्यक्रम में रैली के आयोजन का निर्देश दिया है। अखिलेश यादव ने कहा है कि किसान अपनी न्याय संगत मांगों को लेकर लगातार शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका अहिंसात्मक आंदोलन ऐतिहासिक बन गया है। गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है। इस दिन अन्नदाता जो पूजनीय है, हम सबके सम्मान का पात्र है। उसको अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि किसानों की मांगों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। उनकी बात मानने से राष्ट्र का गौरव बढ़ेगा। भाजपा नेतृत्व एवं सरकार को किसानों के प्रति अपनी भाषा भी मर्यादित रखनी चाहिए। उनके विरूद्ध अनर्गल और निराधार आरोप नहीं लगाने चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा किसानों की मुख्य मांग यही है कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लिया जाए क्योंकि किसान हितों के ये विरोधी है। एमएसपी की अनिवार्यता से किसान को उसकी फसल का लाभकारी दाम मिल सकेगा। भाजपा को समझना चाहिए कि जिनके लिए यह कानून बना है उन्हें ही जब यह स्वीकार्य नहीं है तो फिर इसका क्या फायदा, किसानों पर इसे क्यों थोपा जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की पार्टी है। वह किसानों के पूर्ण समर्थन में है। किसानों ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। यह त्याग और कुर्बानी करने वाला समाज है। समाजवादी पार्टी ने किसानों के समर्थन में किसान यात्रा और समाजवादी घेरा कार्यक्रम चलाये हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी किसानों के साथ गणतंत्र दिवस मनाएगी और चंद पूंजीघरानों के हाथों कृषि को गिरवी रखने वाली भाजपाई साजिशों का पर्दाफाश करेगी। इस दिन राज्य भर की प्रत्येक तहसील पर किसान अपन अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा झण्डा लगाकर आयेंगे और समाजवादियों के साथ राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर एकता का प्रदर्शन करेंगे।

## सपा मुख्यालय में मनाया गया गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाश पर्व

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में बुधवार को गुरु गोविन्द सिंह का 354वां प्रकाश पर्व मनाया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गुरु गोविन्द सिंह किसी सम्प्रदाय विशेष के नहीं, पूरे राष्ट्र के नेता थे। उनकी सीख थी कि एक दूसरे के धार्मिक विश्वास और आस्था का सम्मान करो क्योंकि वही समाज आगे बढ़ता है जो दूसरों को सम्मान देता है। इस अवसर पर सिख प्रतिनिधियों ने अखिलेश यादव को सरोपा, कृपाण और लोई भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन पवन मनोचा ने किया। कार्यक्रम में



विशेष रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, विधायक संजय गर्ग तथा एमएलसी आशुतोष सिन्हा आदि मौजूद थे। सुखमनी सेवा सोसाइटी महिला सत्संग सभा कानपुर की सविंदर कौर, हरजीत कौर, गुरमीत कौर, रविन्दर कौर, बलविन्दर कौर, बलवंत कौर ने अरदास की।

# हुनर हाट में यूपी समेत कई राज्यों के कलाकार अपने कौशल का करेंगे प्रदर्शन

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवध शिल्पग्राम में 23 जनवरी को करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमतीनगर** स्थित अवध शिल्पग्राम में केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा हुनर हाट का आयोजन किया जा रहा है। हुनर हाट कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवध शिल्पग्राम में 23 जनवरी को करेंगे। 4 फरवरी तक चलने वाला हुनर हाट कार्यक्रम वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित होगा।

इस कार्यक्रम में कई प्रदेशों के कलाकार अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। वोकल फॉर लोकल हुनर हाट में गुजरात की अजरख, जम्म कश्मीर की पश्मीना शाल, झारखण्ड से तुसार सिल्क, असम की ड्राई फ्लावर्स, आंध्र प्रदेश की पोचमपल्ली इक्कट, बिहार की मधुबनी पेंटिंग्स, कर्नाटक में बनने वाले लकड़ी के खिलौने, मणिपुर के कलाकारों के हस्तनिर्मित खिलौने मुख्य आकर्षण के केन्द्र रहेंगे। करीब 2 सप्ताह तक चलने वाले इस हुनर हाट में देश के कई राज्यों के दस्तकार पहुंच रहे हैं। देश के कोने कोने के स्वदेशी दुर्लभ उत्पाद और लजीज पकवान इसमें उपलब्ध हैं। इसके अलावा नामचीन कलाकारों द्वारा हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जायेंगे। हुनर हाट में अनेकता में एकता की संस्कृति का जीता जागता उदाहरण पेश करने का काम किया जाएगा। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जा रहे हुनर हाट में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, नागालैंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, झारखण्ड, गोवा, पंजाब, उत्तराखंड, लद्दाख, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, बिहार, आंध्रप्रदेश से हुनर के उस्ताद हिस्सा ले रहे हैं।

## आधा दर्जन पीपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने बीते मंगलवार की देर रात प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 6 अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस फेरबदल में प्रमोद कुमार सिंह को पीलीभीत से पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा अयोध्या, विनीत सिंह को फिंगर प्रिंट ब्यूरो लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक रामपुर, अनुज कुमार चौधरी को प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक रामपुर, अजय कुमार तृतीय को अयोध्या से पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू सेक्टर कानपुर , रजनीश यादव पुलिस को चित्रकूट से सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ (नगर) और शीतला प्रसाद पांडेय को सहायक सेनानायक 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ से पुलिस उपाधीक्षक चित्रकूट के पद पर भेजा गया है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरी इलाहाबाद विश्वविद्यालय की M.B.B.S. परीक्षा वर्ष 1981 Roll No. 8 की M.B.B.S. की मूल प्रति डिग्री वास्तव में खो गई है। दीपक कुमार आत्मज अविनाश चन्द, 9A/18B, हर्ष बिहार कालोनी, ऑकलेण्ड रोड, प्रयागराज।

NOTICE

I, Muneeb Singh S/o Mukun Singh, R/o Vill.-Ahirauli Mode (Asurayan), P.O. Tarawan, Tah.-Lalganj, Disst-Azamgarh, hereby declared that the name and date of birth of my daughter, recorded in high school certificate as Anchal Sing and DOB 24-09-1998 is correct and is recorded in my Service book as Aanchal and DOB 24-09-1996 is wrong.

आवश्यकता

आवश्यकता है
रामधन दामोदर महाविद्यालय, कसारा-मऊ
सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के हिन्दी-1, संस्कृत-1, भूगोल-1, गृहविज्ञान-1, समाजशास्त्र-1 शिक्षाशास्त्र-1, राजनीति शास्त्र-1 पद में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी., एन.सी.टी.ई., उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो0-9415884513

## जवानों की जिंदगी से खेल रही है सरकार



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि एक तरफये सरकार किसानों की सुन नहीं रही दूसरी तरफ जवानों की जिंदगी से खेल रही है। जय जवान जय किसान हमारे देश का नारा है। सिर्फ इसे बार बार दोहराने से काम नहीं चलेगा, इस पर क़ायम रहना देश के शहीदों के प्रति हर नेता का नैतिक फर्ज है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि देश की सुरक्षा से जुड़ी अतिगोपनीय बातें एक पत्रकार को बताई गईं। हमारे देश के वीर जवान शहीद हुए। पत्रकार कहता है हमें फायदा होगा। राष्ट्रवाद का दावा करने वाले राष्ट्रद्रोही कारनामे करते हुए पकड़े गए। यह बहुत गम्भीर मामला है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# नहीं रहे अरुणाचल के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अरुणाचल** प्रदेश के पूर्व राज्यपाल व साहित्यकार माता प्रसाद का मंगलवार रात्रि को पीजीआइ में मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते निधन हो गया। उन्हें पीजीआई में निजी हॉस्पिटल से भर्ती कराया गया था। 95 वर्षीय पूर्व राज्यपाल को क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। मूलत: जौनपुर जिले के रहने वाले माता प्रसाद वर्ष 1993 से वर्ष 1999 तक अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे थे। वर्तमान में वे यहां इन्दिरा नगर में सेक्टर 20 में रह रहे थे।

राजनीति में स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम को अपना आदर्श मानने वाले माता प्रसाद को नरसिम्हा राव की सरकार ने 1993 में अरुणाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया था। माता प्रसाद ने अपनी



आत्मकथा झोपड़ी से राजभवन तक सहित कई पुस्तकें लिखी थीं। उन्होंने एकलव्य खंडकाव्य, भीम शतक प्रबंध काव्य, राजनीति की अर्थ सतसई, परिचय सतसई, दिग्विजयी रावण जैसी काव्य कृतियों की रचना ही नहीं की वरन अछूत का बेटा, धर्म के नाम पर धोखा, वीरांगना झलकारी बाई, वीरांगना उदा देवी पासी, तड़प मुक्ति की, धर्म परिवर्तन प्रतिशोध, जातियों का जंजाल, अंतहीन बेड़ियां, दिल्ली की गद्दी पर खुसरो भंगी जैसे नाटक भी रचे।

## कांग्रेस ने शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल रहे माता प्रसाद के निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि स्व. माता प्रसाद की अंत्येष्टि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने भैंसा कुण्ड पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोक सभा आयोजित की गयी।

## साहित्य के एक युग का अंत: डा. निर्मल

**लखनऊ।** पांच बार विधायक, दो बार विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री रहे अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का निधन साहित्य के एक युग का अंत है। वह राजनीति में ही सक्रिय नहीं थे, बल्कि किताबों के लेखन और सामाजिक गतिविधियों में भी बराबर समय देते रहे। अछूत का बेटा समेत वीरांगना झलकारी बाई और अंतहीन बेड़ियां जैसे एकांकी नाटकों का लेखन भी उन्होंने किया। आंबेडकर महासभा ने भी उन्हें दलित रत्न से सम्मानित किया था। ये बातें उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डा लालजी प्रसाद निर्मल ने कही हैं। वह लखनऊ के बैकुंड धाम पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले माता प्रसाद वर्ष 1957 से 1977 तक विधायक रहे। 1980 से 1992 तक वह विधान परिषद के सदस्य और 1988 से 1989 तक राजस्व मंत्री रहे।

दयाल डिग्री कालेज
जीतामऊ - सीतापुर
आवश्यकता है
प्राचार्य - 01 पद
योग्यता एवं वेतनमान
यू.जी.सी. के मानकानुसार।
नोट : आवेदन विज्ञापन तिथि से पन्द्रह दिन तक मान्य है।
प्रमोद वर्मा प्रबन्धक
दयाल डिग्री कालेज
लहरपुर-बिसवां रोड, जीतामऊ-सीतापुर
मो.नं. 9415138920, 8953941017

पूर्वोत्तर रेलवे
सार्वजनिक सूचना
रेलवे लाईनों और परिसरों के सभी उपयोग कर्तायों को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद मे 25000, वोल्ट, 50 हर्टज एसी से चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की समीपयता मे दाखिल होने या काम करने नही जायेगा।
खण्ड - लखनऊ जं. लाईन नं. 19 विद्युतिकरण, तारीख-23.01.2021
वरि. मण्डल विद्युत इंजी./टीआरडी/लखनऊ
मुजाधि/विद्युत - 86
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# बीकेटी में पुजारी की निर्मम हत्या

## शिवपुरी रोड स्थित रणबाबा मंदिर के घण्टे, दान पात्र लूट ले गये हत्यारे



संवाददाता। बख्शी का तालाब

**रात्रि** में अंधेरे का फायदा उठाकर मंदिर के घंटे और दान पात्र लूटने आये बदमाशों ने मंदिर के पुजारी को मौत के घाट उतार दिया । ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारियों सहित डॉग और फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किये गये।बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के शिवपुरी और कठवारा गांव के मध्य में प्राचीन कालीन रणबाबा का मंदिर है। स्थनीय लोगों की बड़ी मान्यता के चलते यहां श्रद्धालुओं द्वारा दान और घंटे चढ़ाये जाते हैं। बुधवार सुबह कठवारा गांव के लल्ला रावत व शिवपुरी के कामता मंदिर में माथा टेकने गये थे । मंदिर के पुजारी फ़कीरेदास जब उन्हें दिखाई नहीं दिये तो उनको आवाज लगाई। इसी बीच मंदिर के पास बानी कुटी पर जब दोनों पंहुचे तो बाबा औंधे मुंह पड़े थे। उनके आस पास खून बिखरा पड़ा था। जिसको देखकर दोनों के होश उड़ गये । उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर सीओ हृदेश कठेरिया व थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह पहुँच गये। कुटी में बाबा का शव औंधे मुंह पड़ा था। सिर पर चोटों के गहरे निशान थे। शव के आसपास खून बिखरा पड़ा हुआ था मामले की गंभीरता को देखते हुये सीओ हृदेश कुमार के साथ डॉग व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुचीं । उनके द्वारा साक्ष्य जुटाने के साथ जांच पड़ताल की गयी। खोजी कुत्ता कुटिया से भागकर एक निजी फॉर्महाउस की बाउंड्री तक जाकर रुक गया । ग्रामीणों के मुताबिक मंदिर परिसर में 50 से 60 घण्टे बंधे थे। जिनका वजन करीब ढाई कुंतल होगा, वहीं दानपात्र भी टूटा पड़ा था जिससे कुछ रुपए भी बिखरे पड़े थे । बदमाशों द्वारा लूट की घटना के विरोधस्वरूप ही पुजारी की निर्मम हत्याकांड को अंजाम दिया गया है । आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया और अधिकरियों को हत्यारों को जल्द पकड़ने को कहा है। सीओ हृदेश कुमार ने बताया कि पुजारी मूल रूप से सुल्तानपुर का रहने वाला है । लगभग 15 वर्षो से मन्दिर में रहकर सेवा कर रहा था। पुजारी के सिर पर गहरे घाव हैं । लूट का मामला संदिग्ध लग रहा है। घटना में शामिल हत्यारों का जल्द ही पर्दाफाश करने की कोशिश की जा रही है ।

# सनातन धर्म व राष्ट्र रक्षा के लिए सिख गुरुओं के बलिदानों के प्रति हमें कृतज्ञ रहना चाहिएः सीएम

## मुख्यमंत्री ने गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा यहियागंज में माथा टेका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10वें सिख गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर आज यहां गुरुद्वारा यहियागंज में माथा टेका। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म व राष्ट्र रक्षा हेतु सिख गुरुओं के बलिदानों के प्रति हमें कृतज्ञ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविन्द सिंह ने अपने चारों पुत्रों का बलिदान दिया। उनके इस बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शांतिकाल में शास्त्रों के अध्ययन, भजन, कीर्तन इत्यादि के माध्यम से मानवता की सेवा का मार्ग सिख गुरुओं के मार्गदर्शन में प्रशस्त हुआ। जब भी धर्म और राष्ट्र पर संकट आया, सिख गुरुओं ने बलिदान देने में संकोच नहीं किया। देश और धर्म की रक्षा के लिए सिख धर्मगुरुओं के बलिदान का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। यह अत्यन्त प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 दिसम्बर 2020 को मुख्यमंत्री आवास पर श्री गुरु गोविन्द सिंह महाराज के चार साहिबज़ादों एवं माता गुज़री जी की शहादत को समर्पित साहिबज़ादा दिवस् के अवसर पर आयोजित गुरुबाणी कीर्तन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्मगुरुओं के बलिदान को सम्मान देने के लिए पूर्व में ऐसे कार्यक्रम नहीं किए जाते थे। सिख धर्मगुरुओं के बलिदान को सम्मान देने की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं के इतिहास को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी को उनके बलिदान से पूरी तरह परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि सिख धर्मगुरुओं के बलिदान से वे स्वयं भी प्रेरणा प्राप्त करते हैं। इसीलिए वर्ष 2017 में इस गुरुद्वारे में दर्शन करने आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुबाणी कीर्तन हम सबको देश और धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है। इतिहास को विस्मृत करके कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता है।

# ठण्ड में ठिठुर रहे बेसहारा मनोरोगी को इलाज दिलाने में छूट गए पसीने

## नहीं मिली पुलिस की मदद तो सीएचसी में दिलाया आसरा

संवाददाता। मोहनलालगंज



**सिसेण्डी** इलाके में बुधवार को कई दिन से भूखे-प्यासे सड़क किनारे ठिठुर रहे बेसहारा मनोरोगी को इलाज दिलाने में राजस्वकर्मियों के पसीने छूट गए। सोशल मीडिया के जरिए मामला संज्ञान में आने पर तहसील प्रशासन ने राजस्वकर्मियों को मौके पर तो भेज दिया। लेकिन पुलिस की मदद नहीं मिल पाने से मनोरोगी को देरशाम तक सीएचसी से मानसिक चिकित्सालय नहीं भेजा जा सका। लिहाजा इसे लेकर रात तक राजस्वकर्मी और सीएचसी प्रशासन बेहद परेशान रहे।

मोहनलालगंज में मीनापुर गांव के निकट सड़क किनारे बेसहारा मनोरोगी भूख-प्यास से बेहाल होकर कड़ाके की सर्दी का सितम झेल रहा था। उसकी परेशानी नहीं देखी गई तो ग्रामीणों ने उसे पास ही खाली पड़ी दुकान में पहुंचा दिया। उसे जख्मी देखकर इलाज और आसरा मुहैया कराने के लिए बुधवार को कुछ जागरुक लोगों ने उसका फोटो खींचकर पूरे मामले को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले की भनक लगते ही एसडीएम विकास सिंह ने मातहतों को मौके पर पहुंचकर सहायता करने के निर्देश दिए। लेखपाल लालाराम ,सतेन्द्र और शैलेन्द्र वर्मा की टीम फौरन मौके पर पहुंच गई। उसकी हालत देखकर लेखपालों ने पहले उसे खाना खिलवाया फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजकर इलाज मुहैया कराने के लिए अधिकारियों को फोन कर पुलिस की मदद मांगी। काफी देर तक इंतजार के बाद भी पुलिस की सहायता नहीं मिल सकी लिहाजा लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद मनोरोगी को किसी तरह एम्बुलेन्स से सीएचसी भिजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी में ड्यूटी कर रहे डाक्टर और स्टाफ ने मनोरोगी को मानसिक चिकित्सालय ले जाने की सलाह देकर उसे भर्ती रख पाने में हाथ खड़े कर दिए। सीएचसी स्टाफ और राजस्वकर्मी काफी देर तक अधिकारियों को फोन कर बेसहारा मनोरोगी को मानसिक चिकित्सालय भिजवाने के लिए पुलिस की मदद मांगते रहे लेकिन कोई मदद नहीं मिल सकी। थकहार कर मनोरोगी को सीएचसी में ही आसरा देना पड़ गया।

**क्या कहती हैं सीएचसी अधीक्षिकाः** सीएचसी अधीक्षिका डॉ ज्योति कामले ने बताया बेसहारा मनोरोगी को मानसिक इलाज की आवश्यकता है। वह अपने बारे में कुछ बता नहीं पा रहा है। हमारे पासे मानसिकनहीं पा रहा है। हमारे पासे मानसिक उपचार की सुविधा नही है इसलिए उसे सीएचसी में एडमिट रखना उचित नहीं है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मानसिक चिकित्सालय भेजने के लिए पुलिस और एसडीएम को सूचना दी गई।

**क्या कहते हैं एसडीएम**

एसडीएम विकास सिंह ने बताया बेसहारा मनोरोगी की सूचना मिलने के बाद लेखपालों को मौके पर भेजकर उसे खाना खिलवाने के साथ इलाज के लिए सीएचसी में एडमिट कराया गया है। डाक्टरों के परामर्श के अनुसार उसे मानसिक चिकित्सालय भिजवाया जाएगा।

## चोरी की पांच बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

**लखनऊ।** विभूतिखंड पुलिस ने मंगलवार देर रात स्थानीय थाना इलाके से एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइकें बरामद की गई हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी चोरी की बाइक के बिक्री करने के फिराक में था। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देश पर इलाके में सक्रिय वाहन चोरों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। मंगलवार देर रात वरिष्ठ निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व वाली टीम को आरोपी की लोकेशन लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास मिली तो पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। इस दौरान आरोपी पुलिस टीम को सामने देखकर भागने की कोशिश करने लगे तो उन्हें दौड़ा कर दबोच लिया गया। आरोपी की शिनाख्त बहराइच से नानपारा घिसामनपुरवा निवासी प्रदीप कुमार यादव के रूप में हुई है। इस दौरान दो अन्य आरोपी प्रमोद यादव और जितेंद्र यादव पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में कामयाब रहे। पुलिस का दावा है कि यह लोग वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। हाल के दिनों में आरोपियों ने स्थानीय थाना इलाके के विराज खंड में सिंगापुर मॉल और सब्जी मंडी के पास से बाइकें चोरी की थी।

## चोरी व हत्या में आजीवन कारावास

**लखनऊ।** चोरी व हत्या के एक आपराधिक मामले में सत्र अदालत ने मुल्जिम राम नरायन पासी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज जगन्नाथ मिश्र ने इस पर 30 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। जबकि चोरी के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम बिल्लू यादव को डेढ़ साल की सजा व पांच हजार के जुर्माने से दंडित किया है। 20 अक्टूबर 1997 को इस मामले की एफआईआर मृतक के नाती राकेश कुमार ने थाना गोसाईगंज में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजनक सत्यव्रत त्रिपाठी के मुताबिक उस रात मुल्जिमान उनका धान चोरी से पीट रहे थे और बोरी में रख रहे थे। उसने और उनके बाबा दुर्जन दास ने गांव के कुछ लोगों के साथ टार्च की रोशनी में इन्हें देखा, तो भागने लगे। बाबा ने कहा भागने की जरुरत नहीं है, पहचान लिए गए हो। इस पर पीछे से मुल्जिम राम नरायन ने कट्टे से गोली मारकर बाबा की हत्या कर दी।

## एलयू में परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तारीख 25 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। फार्म भरने का यह अंतिम मौका होगा। विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं 28 जनवरी से शुरू होनी हैं इसलिए इसके बाद परीक्षा फार्म भरा जाना संभव नहीं होगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो सक्सेना ने बताया कि सभी कक्षाओं के परीक्षा फार्म 25 जनवरी तक भरे जा सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के बाद विद्यार्थियों को उसका प्रिंटआउट भी जमा करना है। परीक्षा फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों को भी भरना है लेकिन उन्हें इसकी फीस नहीं जमा करनी है। उनकी फीस पहले ही दाखिले के समय ली जा चुकी है। सभी विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने के बाद उसका प्रिंटआउट संबंधित कॉलेज या विभागाध्यक्ष अथवा डीन के पास 27 जनवरी तक जमा करना है।

## अजीत सिंह की हत्या करने वाले एक और शूटर की हुई पहचान

**लखनऊ।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह की हत्या करने वाले एक और शूटर की पहचान हो गयी है। ये शूटर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात सुंदर भाटी गैंग का है। इस गैंगवार में अजीत सिंह कुख्यात राजेश तोमर की गोली से घायल हुये थे। राजेश तोमर अलीगढ़ का रहने वाला है। वहीं इस पूरे मामले में केवल एक ही शूटर की पहचान बची है, जबकि हमले में मौजूद तीन शूटरों की पहचान अबतक हो चुकी है। जिसमें एक लाख रुपये का इनामी गिरधारी विश्वकर्मा भी शामिल है। जिसे दिल्ली पुलिस ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया था। वहीं हमले में घायल शूटर राजेश तोमर के इलाज के लिए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने ही सुलतानपुर के डॉक्टर एके सिंह के पास भेजा था। वही आज गैंगवार में नामजद अखंड व कुण्टू सिंह को आजमगढ़ जेल से सीजेएम कोर्ट में पेश करने के बाद आजमगढ़ रवाना कर दिया गया है।

## सुजीत पाण्डेय हत्याकांड में प्रयोग किया गया तमंचा बरामद

**मोहनलालगंज।** व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय हत्याकांड में शामिल रहे जितेन्द्र यादव को पुलिस रिमाण्ड पर लेकर मोहनलालगंज पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त .315 बोर का तमंचा मोहनलालगंज के मरुई मोड़ के निकट से बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया हत्याकांड में शामिल जितेन्द्र ने शूटरों को वारदात अंजाम देने के लिए सुजीत पाण्डेय की हर गतिविधि की सूचना देने की बात भी कबूली है। वह हत्यारोपी मधुकर और उसके भाईयों का बेहद करीबी है।

## ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना थाने पर दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक केशव कुमार तिवारी ने बताया कि थाने पर प्रदीप पांडे पुत्र चंद्रशेखर स्टेशन मास्टर ट्रांसपोर्टनगर में सूचना दी कि रात करीब 1 बजे औरंगाबाद रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रांसपोर्टनगर व उतरेठिया रेलवे स्टेशन के बीच एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की तलाशी ली। मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर मृतक की पहचान अजीत पुत्र रामखेलावन निवासी विनायकपुर बछरावां रायबरेली के रुप में हुई है। मृतक के बड़ा भाई रंजीत कुमार का आरोप है कि उसका भाई अजीत ट्रक चालक है और करीब डेढ़ माह पूर्व औरंगाबाद झोपड़पट्टी निवासी पूजा से प्रेम विवाह किया था। उसके बाद करीब बीस दिनों से पत्नी पूजा संग उसके घर में रह रहा था। सोमवार को उसके भाई की बात मां मालती से हुई थी। पुलिस के मुताबिक मृतक अजीत व उसकी पत्नी पूजा के बीच मंगलवार की रात कहासुनी हुई थी। जिसके बाद नाराज होकर अजीत घर से चला गया था। खोजबीन करने के बाद मृतक अजीत नहीं मिला और बुधवार सुबह उन्हें मौत की जानकारी हुई है।

## इंदिरानगर में हुई मुनादी, 14 दुकानें सील

**लखनऊ।** इंदिरानगर में नगर निगम प्रशासन द्वारा 14 बकाएदारों पर कार्रवाई की गयी। जोनल अधिकारी द्वारा बड़े बकायादारों के साथ दुकान साथ भवन स्वामियों को मुनादी करके हाउस टैक्स जमा करने के लिए जागरूक किया गया। आंशिक भुगतान करने वालों को मोहलत देते हुए जल्दी जमा करने का निर्देश दिया।बुधवार को जोनल अधिकारी चंद्र शेखर यादव ने गृहकर के बड़े बकायादारों पर कुर्की की कार्रवाई की। मैथिलीशरण गुप्त वार्ड में जोन अधिकारी ने दो दर्जन से अधिक भवन स्वामियों को नोटिस देकर जमा करने की वसूली की। दुकान संख्या बी 1302 पर 1.76 लाख रुपए का राजस्व बकाया है, जिनसे जमा करने की चेतावनी दी। वार्ड में 14 दुकानों ने बकाएदारी नहीं दी, इसके चलते सीलिंग की कार्रवाई की गयी। 4 व्यवसायिक भवन स्वामियों ने आंशिक हाउस टैक्स जमा किया, जिस पर जोनल अधिकारी ने बकाया हाउस टैक्स जल्दी जमा करने की मोहलत दे दी।

# दिव्यांग सरकारी अधिकारी का रुटीन तबादला गलत हाईकोर्ट ने कर दिया रद

विधि संवाददाता। लखनऊ

**यदि** सरकार कोई नीति बनाती हैए तो यह माना जाता है कि उसका पालन किया जाएगा। वो नीति किसी अधिकारी की मनमर्जी से तब तक नकारी नहीं जा सकती है, जब तक कि उसमें नियमानुसार संशोधन न कर दिया जाए। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस दृष्टांत का जिक्र करते हुए एक दिव्यांग उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी का तबादला आदेश रद्द कर दिया है। साथ ही राज्य सरकार को आदेश दिया है कि उसे पूर्व पद पर कार्य करने दिया जाए।

जस्टिस चंद्रधारी सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर लक्ष्मीकांत मिश्र की याचिका पर दिया है। इनके वकील गौरव मेहरोत्रा का कहना था कि वर्ष 1987 में यूपीएससी से दिव्यांग कोटे के तहत लक्ष्मीकांत का चयन एआरटीओ के पद पर हुआ था। फिर बाद में उनका प्रमोशन आरटीओ और अब डीटीसी के पद पर हुआ। कहना था कि 27 जून 2019 को उनका तबादला लखनऊ से वाराणसी जोन में हुआ। जहां उनका कार्य अच्छा आंका गया। लेकिन एक साल बाद 11 जून 2020 को उनका फिर से लखनऊ जोन में तबादला कर दिया गया। कहा गया कि परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव का यह आदेश न सिर्फमनमाना बल्कि गलत भी है।

याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि 15 दिसंबर 2003 को राज्य सरकार ने एक तबादला नीति बनाई थी। जिसके तहत दिव्यांगजनों का रुटीन तबादला नहीं होगा। लेकिन उनका रुटीन तबादला करके उन्हें परेशान किया जा रहा है। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से इस याचिका का विरोध किया गया। कहा गया कि याचिकाकर्ता का तबादला सरकारी कार्य के हित में बेहतर प्रशासन के लिए किया गया है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। एकल पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के बाद पाया कि याचिकाकर्ता का रुटीन तबादला किया जा रहा है। जो तबादला नीति के खिलाफहै।

## नसीमुद्दीन व राम अचल राजभर की जमानत अर्जी पर सुनवाई कल

**लखनऊ।** भाजपा के एक नेता के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के आपराधिक मामले में निरुद्ध बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राम अचल राजभर की जमानत अर्जी पर बुधवार को होने वाली सुनवाई टल गई। एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने अब इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 22 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है।

बुधवार को अदालत में इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से अपना पक्ष रखने के लिए फिर से समय की मांग की गई थी। बीते 19 जनवरी को नसीमुद्दीन व राम अचल ने इस मामले में आत्मसमर्पण किया था। अदालत ने इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजते हुए इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की थी।

## विवेचनाओं का निस्तारण न करने वाले

# निरीक्षक और उप निरीक्षक नपेंगे

नरसिंह नारायण पाण्डेय। लखनऊ

**पुलिस** कमिश्नरेट लखनऊ के तहत आने वाले थानों में तैनात निरीक्षकों व उप निरीक्षकों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। ऐसे सभी निरीक्षक व उप निरीक्षक की अब छुट्टी तय मानी जा रही है। जो लंबित विवेचनाओं को निपटाने में हीलाहवाली कर रहे हैं। इसके लिए सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी से रिपोर्ट मांगी गई है। साथ डीसीपी को ऐसे लोगों को हटाने की जिम्मेदारी भी गई है। जिसे लेकर दिन रात दरोगा अपनी विवेचनाओं को निपटाने की जुगत में लगे हुए हैं। इस बारे में पुलिस आयुक्त लखनऊ ध्रुव कांत ठाकुर का कहना है कि अधिकतर थानों की समीक्षा की जा चुकी है, जल्द ही फिर से समीक्षा की जाएगी। काम न करने वालों पर कार्रवाई होगी। अभी दरोगाओं के पास काफी लंबी लंबी विवेचनाओं की फेहरिस्त है, जिसे निपटाने में समय लग रहा है।ज्ञात हो कि पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर अपनी तैनाती से लेकर अब तक करीब दो दर्जन से अधिक थानों का निरीक्षण कर चुके हैं। इस दौरान लंबित विवेचनाओं को लेकर समस्त प्रभारी निरीक्षकों व उप निरीक्षकों को निर्देशित किया था कि जल्द से जल्द लंबित विवेचनाओं को निस्तारण करें। बावजूद इसके विवेचनाओं को सही निस्तारण करने में निरीक्षक व उप निरीक्षक लगातार हीलाहवाली करती नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे लापरवाह दरागाओं और जिनके पास लंबित विवेचनाओं की लंबी फेहरिस्त है, की सूची बनाकर उन्हें जल्द से जल्द हटा दिया जाए। वहीं काम न करने वालों पर कार्रवाई के साथ काम करने वालों को प्रोत्साहित किए जाने का भी निर्देश दिया है। डीके ठाकुर का कहना है कि पंजीकृत मामलों की विवेचना का सही से निस्तारण नहीं किया जा रहा है। जिसकी लगातार समीक्षा खुद वह व अधीनस्थ अधिकारी कर रहे हैं। विवेचनाओं की समीक्षा के दौरान पुलिस आयुक्त लम्बित विवेचनाओं, आंशिक विवेचनाओं, लम्बित पुनर्विचेनाओं व अन्य शाखाओं में लम्बित विवेचनाएं को लेकर सभी प्रभारी निरीक्षकों व निरीक्षकों व उप निरीक्षकों को हिदायत भी दे चुके हैं। बावजूद इसके कई थानों से पीड़ितों की शिकायतें आ रही है कि उनके मामले में लगातार हीलाहवाली की जा रही है।

## मुख्तार अंसारी के करीबी बाबू सिंह का गुर्गा गिरफ्तार

**लखनऊ।** माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी बाबू सिंह के गुर्गे को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी एक साल से फरार चल रहा था। उस पर बम मार कर हत्या करने की कोशिश और गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज है। एडीसीपी उत्तरी रईस अख्तर ने बताया कि सेक्टर क्यू अलीगंज निवासी अभिषेक सिंह उर्फ बाबू माफिया मुख्तार अंसारी का करीबी है। इन दिनों बाबू जेल में है। बीकेटी के अस्ती रोड निवासी सूरज सिंह बाबू सिंह के लिए काम करता है। 14 जनवरी 2019 को आरोपी सूरज सिंह ने अपने साथी अभिषेक सिंह उर्फ बाबू सिंह, अनमोल रावत, पवन सिंह, शोएब, रोहित सिंह के साथ मिलकर समीर वर्मा उर्फशशि पर पुरानी रंजिश को लेकर बम व गोली चला कर जानलेवा हमला किया था। आरोपितों के खिलाफ अमरकांत ने मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को सूरज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपित के साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# हाइटेक जमाने में सयाने हो गए मुखबिर

## कमजोर मुखबिर तंत्र के चलते नहीं हो पा रहा कई घटनाओं का खुलासा, मुखबिरों ने कर लिया खाकी से किनारा, सर्विलांस के फेर में उलझी राजधानी पुलिस

इस्लाहुद्दीन शेख राजा। लखनऊ

**पुलिसिंग** में एक शब्द चलता है मैनुअल, इसका व्यवहारिक अर्थ वो है जिसने दशकों तक चोर-पुलिस के खेल में पुलिस को फ्रंट फुट पर रखा। मगर कंप्यूटर और तमाम आधुनिक उपकरणों के साथ अपडेट होती पुलिस के इस हथियार पर अब जंग सी लग गयी है। जी हां, बात हो रही है किसी ज़माने में पुलिस के अचूक हथियार रहे मुखबिर तंत्र की।

पौराणिक राजाओं में जो जनप्रिय थे, उनकी विशेषता थी कि उनका पूरा गुप्तचर तंत्र हुआ करता था। समय समय पर राजा इन्हीं की तर्ज पर वेश बदल कर जनता के बीच घूमा करते थे ताकि उनकी तकलीफें जान सकें। चोर पुलिस के खेल में तमाम तेजतर्रार पुलिस वालों के लिए ये एक जरूरी सबक था कि वो अपना मुखबिर नेटवर्क खड़ा करें। एक समय था जब मुखबिर ही पुलिसिया सूचना तंत्र की जान हुआ करते थे। इनकी कई खताएं भी माफ कर दी जाती थीं। लेकिन हाईटेक होती पुलिस और अपराधियों के नये ट्रेंड के इस दौर में अब मुखबिर बीते दिनों की बात हो गये हैं।

अधिकतर मामलों में खाकी को सर्विलांस के जरिए सफलता मिल रही है। फिर भी कुछ खाकी धारी यह मानते है कि सर्विलांस के बाद भी मुखबिरों की जरूरत पड़ती है। लखनऊ में अपनी कार्यशैली और जबरदस्त पुलिसिंग के लिए विख्यात एक थानेदार ने तो मुखबिरों की अपनी एक पूरी विश्वसनीय सेना ही बना रखी थी और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिरी के जबरदस्त तालमेल से अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उनका जबर्दस्त नाम और रुतबा कायम भी थाकरीब डेढ़ दशक पूर्व तक मुखबिर पुलिस के सूचना तंत्र की जान हुआ करते थे। दारोगा की गोपनीय डायरी में मुखबिरों का नाम दर्ज रहता था। शासन स्तर से मुखबिरों पर व्यय करने के लिए धनराशि आती थी। जिस घटना में पुलिस हाथ पांव मारकर थक जाती थी, मुखबिर ही नैया पार लगाते थे। लेकिन अब ऐसा नही है। कुछ खाकी धारियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा पहले के दौर में अपराध की स्थिति कुछ और होती थी, अब अपराधियों ने ट्रेंड बदल दिया है। अपराध में नये चेहरों का प्रवेश, क्राइम रिकार्ड न होने से पहचान में दिक्कत, दूसरे जिले में जाकर अपराध करने से पुलिस की मुश्किल बढ़ी है। अधिकतर मामलों में सर्विलांस के जरिए ही पुलिस मामले का पर्दाफाश कर रही है। सच्चाई तो यह है कि मुखबिर अब मिल नहीं रहे हैं। जो गिने चुने है उनसे आज भी पुलिस सहयोग लेती है।सर्विलांस ने मुखबिर की भूमिका को कम कर दिया है। हाईटेक युग में हर अपराधी मोबाइल रखता है। मोबाइल को सर्विलांस पर लगाने के बाद पुलिस बदमाशों के बारे में जानकारी कर लेती है।

**क्यों हुआ मुखबिरों का मोहभंगः** एक पुरानी कहावत है कि पुलिस से न दोस्ती अच्छी न दुश्मनी। इस बात को ही ध्यान में रखकर ही पिछले कई वर्षों से पुलिस का मुखबिर तंत्र बुरी तरह विलुप्त हो गया है। इसकी वजह साफ है कि पुलिस अगर किसी अपराध को खोल पाने में नाकाम होती है तो इसका ठीकरा थाने के मुखबिर पर फोड़ कर उसे ही जेल भेज देती है, कई मामलों में गैलेंट्री और वर्कआउट का दबाव मुखबिरों के एनकाउंटर के रूप में भी सामने आया। पर्याप्त प्रोटेक्शन की कमी भी एक कारण बनी। इस तरह की घटनाओं ने भी मुखबिरों का मनोबल तोड़ने का काम किया है।

**मुखबिर नहीं अब दलाल**

मौजूदा वक्त में जमीनी मुखबिरों का स्थान थानों पर दलाल किस्म के लोगों ने ले लिया है। बीते समय की मुखबिरी तंत्र ध्वस्त होने से प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर रोकथाम लगा पाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। इसकी मुख्य वजह है कि जमीनी मुखबिरों की जगह थानों पर दलालों ने ले लिया है, जो अपराधियों से साठगांठ कर धनउगाही में लगे रहते हैं।

# महिला सशक्तीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के तिलक हॉल में बुधवार को एडीजीए पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने आइपीएस प्राची सिंह, डीएसडब्ल्यू लखनऊ विश्वविद्यालय पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रो नलिनी पांडे और प्रोवोस्ट डॉ भुवनेश्वरी भारद्वाज समेत अन्य के बीच तिलक हॉल में रहने वाली छात्राओं के साथ इस अनूठी कार्यशाला में अपना व्याख्यान दिया। ठाकुर ने अपनी बात के माध्यम से छात्राओं को महिला सशक्तीकरण को समझने, आंतरिक बनाने और अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

ठाकुर ने महिला सुरक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में यूपी पुलिस और यूपी सरकार द्वारा उठाए गए सभी कदमों को सूचीबद्ध करके अपनी बात शुरू की। उन्होंने पिंक बूथ, पिंक स्कूटी और पिंक बस पहलों के बारे में बात की और सभी को यह भी बताया कि यूपी पुलिस लगातार आपातकालीन लाइनों 112 और 1090 की प्रतिक्रिया समय को कम करने की दिशा में काम कर रही है जो विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित हैं। ठाकुर ने लगभग तुरंत अपने व्याख्यान में छात्राओं को प्रश्न पूछने और उनके साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया। कई छात्राओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षा प्रावधानों के बारे में पूछा।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी गौरीगंज, जनपद–अमेठी

पत्रांक–1069 / क्षे0पं0–टेण्डर / 2020–21 दिनांक–19.01.2021

### अल्पकालीन निविदा

राज्य वित्त / 15वां वित्त के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत गौरीगज द्वारा निम्नलिखित कार्यों / प्रोजेक्टों को कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनाक 27.01.2021 के अपराह्न 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा रजिस्टर्ड फर्मों / संस्थाओं से आमंत्रित की जाती हैं जो कि स्वयं अथवा डाक द्वारा कार्यालय कार्य दिवस में दिया जा सकेगा। प्राप्त टेण्डर उसी दिनांक को अपराह्न 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। कार्यों का स्थल सहित विवरण निम्नवत है :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पंचायत अत्तानगर में श्रीराम शुक्ला के घर से तालाब तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 100 मी0 | 4.80 | 500.00 | 9000.00 |
| 2 | ग्राम पंचायत जेठौना में घपसहिया ताल से नाला तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 210 मी0 | 9.84 | 1000.00 | 19000.00 |
| 3 | ग्राम पंचायत बेहटा में रामप्रताप कोरी के घर से विक्रमा के तालाब तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 191 मी0 | 9.06 | 1000.00 | 18000.00 |
| 4 | ग्राम पंचायत गुलालपुर के नया पुरवा में राम सुमेर के घर से नाला तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 200 मी0 | 6.88 | 1000.00 | 13500.00 |
| 5 | लुगरी में सी0सी0 रोड से बड़ेरा ताल तक पटिया सहित नाली निर्माण कार्य। | 175 मी0 | 9.71 | 1000.00 | 19000.00 |
| 6 | ग्राम पंचायत बेहटा में कालोनी से तालाब तक नाली निर्माण। | 151 मी0 | 7.47 | 1000.00 | 15000.00 |
| 7 | ग्राम पंचायत सैठा में दयाल के घर से राजेन्द्र शुक्ला के घर तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 118 मी0 | 5.74 | 1000.00 | 11000.00 |
| 8 | ग्राम पंचायत बाबूपुर में शीतला प्रसाद के घर से जगजीवन के घर तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 120 मी0 | 5.82 | 1000.00 | 11000.00 |
| 9 | विकास खण्ड परिसर में प्रधान हाल की इण्टरलाकिंग का अवशेष कार्य। | 77.10 मी0 | 3.82 | 500.00 | 7000.00 |

**नोट/शर्तें :**

1. निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुरूप ही कार्य निर्धारित अवधि में सन्दर्भित कार्य स्थल पर कराना होगा।
2. टेण्डरदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे कार्य स्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें।
3. कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. प्रत्येक मदो की दी जाने वाली दरों के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं होगा।
5. कार्य कराने के उपरान्त प्रस्तुत बिल में से 227 प्रतिशत आयकर एवं 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 कटौती के पश्चात ही बिल का भुगतान किया जायेगा।
6. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये रदद किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. ससमय कार्य न कराने अथवा मानक / गुणवत्ता के विपरीत होने की स्थिति में आपूर्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा।
8. पजीकृत निविदादाता फर्म / संस्था / आयकर दाता व व्यापार करदाता होना आवश्यक है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**गौरीगंज–अमेठी**



## कार्यालय नगर पंचायत बख्शी का तालाब, लखनऊ

पत्रांक– 34 / न0पं0बी0के0टी0 / ठे0ता0नी0सू0 / 2020–21 दिनांक– 19–01–2021

### सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बख्शी का तालाब लखनऊ में मत्स्य पालन हेतु ठेका तालाब पाँच वर्षीय वित्तीय वर्ष 2020–21 से 2024–25 व हड्डी चमड़ा हेतु ठेका द्विवर्षीय वित्तीय वर्ष 2020–21 से 2021–22 हेतु सार्वजनिक नीलामी दिनांक 25–1–21 दिन सोमवार को समय अपराह्न 01:30 बजे कार्यालय नगर पंचायत बख्शी का तालाब लखनऊ में सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में की जायेगी। बोलीकर्ता को निर्धारित शुल्क 10000.00 रूपये जमानत धनराशि के रूप जमा करना होगा। इच्छुक व्यक्ति / ठेकेदार निर्धारित तिथि व समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। बोली स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शर्त सम्बन्धी जानकारी कार्यालय दिवस में किसी भी समय देखी व पढ़ी जा सकती है। यदि उक्त नीलामी उक्त तिथि को किसी कारणवश सम्पन्न नहीं होती तो पुनः नीलामी दिनांक 27–1–21 दिन बुधवार को सम्पन्न करायी जायेगी। नीलामी में कोविड–19 के अन्तर्गत निर्गत दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा।

| क्रमांक | ग्राम / वार्ड का नाम | तालाब का नाम | गाटा संख्या | रकबा (क्ष०) हे0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रामपुर देवरई | छोटा पुत्र रामेश्वर के मकान के पास तालाब | 318 | 0.607 |
| 2 | '' | दिदुइन्यां तालाब | 396 | 0.830 |
| 3 | हाजीपुर | सेमरहिया तालाब | 701 | 0.076 |
| 4 | हाजीपुर | तलिया तालाब | 667 | 0.082 |
| 5 | देवरई खुर्द | गायत्री मन्दिर के पास तालाब | 808 | 0.152 |
| 6 | रूदही | गड़िया तालाब | 290 | 0.341 |
| 7 | '' | चमरगडहा तालाब | 295 | 0.354 |
| 8 | मामपुर बाना | बाना का गढ़हा तालाब | 181 / 2 | 0.745 |
| 9 | '' | डेहुली तालाब | 355 | 0.582 |
| 10 | चकगंजागिरि | प्रदीप गिरि के घर के पास तालाब | 35 | 0.316 |
| 11 | राजापुर इन्दौरा | बेल्लई तालाब | 177 | 0.659 हे0 |
| 12 | रामपुर देवरई देवरई कला | गुलरिया तालाब | 71 | 0.533 हे0 |
| 13 | भौली | मेनतरा तालाब | 1745 | 1.037 हे0 |
| 14 | भौली | कुंवर गडढा तालाब | 1142 | 0.329 हे0 |
| 15 | विश्रामपुर | विश्रामपुर तालाब | 1093 | 0.493 |
| 16 | '' | विश्रामपुर तालाब | 1009 | 0.316 |
| 17 | '' | विश्रामपुर तालाब | 1013 | 0.506 |
| 18 | '' | मंझोरिया बाडेर के पास का तालाब | 1510 | 0.316 |
| 19 | '' | रामकुमार की चक्की के पीछे का तालाब | 1651 | 0.506 |
| 20 | '' | '' | 1646 | 0.190 |
| 21 | '' | '' | 1657 | 0.152 |
| 22 | '' | सगरा तालाब | 1137 | – |
| 23 | भैसामऊ | बड़ा तालाब | 518 | 0.529 |
| 24 | नवीकोट नन्दना | तिकोइया तालाब | 322 | 0.247 |
| 25 | '' | कुण्डा तालाब | 874 | 0.632 |
| 26 | '' | चमरही के बगल में तालाब | 1022 / 617 | 0.114 |
| 27 | बन्नौर | बन्नौर तालाब | 68 | 0.228 |
| 28 | ठेका हड्डी चमड़ा | फर्रुखाबाद के पास खाली पड़ी जमीन पर | 1802 | 1.354 हे0 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बख्शी का तालाब**
**लखनऊ**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बख्शी का तालाब**
**लखनऊ**


# वृद्धावस्था पेंशन के लंबित प्रकरणों का एक सप्ताह में हो निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजकल्याण** मंत्री रमापति शास्त्री ने वृद्धावस्था पेंशन के लंबित प्रकरणों को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जनपद स्तर पर वृद्धावस्था पेंशन के निराकरण में कहीं लापरवाही या शिथिलता पायी जायेगी तो वहां के जिला समाज कल्याण अधिकारी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। शास्त्री बुधवार को समाजकल्याण निदेशालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा बैठक के बाद समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से करना सुनिश्चित करें और बैठक में योजनाओं की अद्यतन प्रगति के साथ उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से अवश्य लाभान्वित किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के सम्बंध में कोई लाभार्थी आवेदन करता है तो उस पर समयानुसार कार्रवाई करायी जाये और लाभार्थी को सही जानकारी भी अवश्य प्रदान की जाये इसका भी ध्यान रखा जाये। शास्त्री ने समीक्षा के दौरान पाया कि वृद्धावस्था पेंशन के लम्बित प्रकरण जनपद महराजगंज 6549, बलिया 5998, एटा 1714, मऊ 1357, औरैया 1274, गोण्डा 1211, इटावा 861, महोबा 783, प्रतापगढ़ 584, फतेहपुर में 583 है। जिन्हें शीघ्र ही निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये हैं।

# मेधावियों को बांटी छात्रवृत्ति सिखाए रोड सेफ्टी के गुर



संवाददाता। मोहनलालगंज

**ग्रामीण** क्षेत्र की स्कूली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बुधवार को मोहनलालगंज के नवजीवन इण्टर कालेज में टोलवे लिमिटेड की क्यूब हाइवेज एसपीवी कम्पनी की ओर से छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएन गिरी ने कालेज प्रबन्धक अनिल दीक्षित और प्रिंसिपल आरसी त्रिपाठी के साथ लखनऊ और रायबरेली के एक दर्जन कालेज से बीस मेधावी छात्र–छात्राओं को दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र वितरित किए। मुख्य प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों से सही दिशा में चलकर तरक्की करने का आह्वान किया। कम्पनी के परियोजना प्रमुख अनिरुद्ध सिंह ने अतिथियों को पौधें भेंट करते हुए कहा हमारी संस्था मेधावियों को छात्रवृत्ति देने के साथ ही उनका मार्गदर्शन भी करती है। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को रोड शेफ्टी के नियमों की जानकारी देकर जरुरी सावधानियां भी बताई गईं।

## सीएचसी पर फार्मासिस्ट पदों के मानक में परिवर्तन किए जाने की मांग

**लखनऊ।** फार्मासिस्ट फेडरेशन ने प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जनहित को देखते हुए कार्य एवं आवश्यकतानुसार फार्मासिस्ट के पदों के मानक में संशोधन किए जाने की मांग की है। फेडरेशन का कहना है कि मानक में संशोधन ना होने से नवसृजित सीएचसी पर अभी चीफ फार्मासिस्ट के पद भी सृजित नहीं हो रहे। फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील यादव का कहना है कि प्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे सेवा देने वाला प्रथम रेफरल केंद्र है। जहां चिकित्सा, प्रसूति और स्त्री रोग, सर्जरी, बाल रोग, दंत चिकित्सा आदि विशेषज्ञ सेवाएं हैं। परंतु उक्त केंद्रों पर मानक के अनुसार फार्मासिस्ट के केवल 2 पद सृजित होते हैं, पूर्व में सृजित केंद्रों पर चीफ फार्मासिस्ट के एक पद आवंटित किए गए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घण्टे आकस्मिक सेवाएं संचालित होती है, जो 3 शिफ्ट में चलती है।

# सरकारी अस्पतालों में अब तक 5,338 प्रसव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** वायरस के कम होते संक्रमण का असर अब सरकारी अस्पतालों में दिखने लगा है। अस्पतालों में मरीज जहां चिकित्सकीय उपचार के लिए पहुंच रहे हैं वहीं संस्थागत प्रसव की दर में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सरकारी चिकित्सालयों में अभी तक कुल 5,338 प्रसव हुए है। जिसमें 5,078 नॉर्मल डिलीवरी व 260 सिजेरियन डिलीवरी हुई है। बुधवार को यह जानकारी अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने दी है। सूबे में पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण अभियान में बचे कर्मियों को शुक्रवार को कोविशील्ड की डोज दी जाएगी। इसमे उन स्वास्थ्यकर्मियों को भी टीका लगाया जाएगा, जिनके नाम 16 जनवरी की सूची में शामिल थे और किसी कारण से वह छूट गए थे। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,29,298 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,65,76,008 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 390 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 7,873 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 2,657 लोग होम आइसोलेशन में है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घण्टों में 682 तथा अब तक कुल 5,81,164 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 4894 तथा अब तक कुल 4,16,512 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया।

## लेखपाल के निजी सहकर्मी के साथ मारपीट

**लखनऊ।** चिनहट के शाहपुर इलाके में बुधवार को मनबढ़ दबंगों ने लेखपाल के निजी सहकर्मी की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं दबंगों पर जमीन पर कब्जा करने के भी आरोप लगे हैं। पीड़ितों ने स्थानीय थाने में तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने मारपीट की घटना से इनकार किया है। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस दबंगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई के बजाय हीलाहवाली कर रही है। शाहपुर निवासी शैलेंद्र कुमार यादव ने आरोप लगाया कि खुर्शीद और सूरज नाम के व्यक्ति उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। साथ ही बुधवार सुबह मनमाने ढंग से प्रार्थी के प्लाट में भूमिगत तार डलवाया जा रहा था। उन्होंने इसका विरोध किया तो बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। तभी लेखपाल का निजी सहकर्मी शाहपुर निवासी शकील भी आ गए। शकील ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने अपने करीब सात आठ अन्य लड़कों के साथ मिलकर लात घूसों से जमकर मारा पीटा। दबंगों का कहना था कि शकील ने ही शैलेंद्र की मदद की है। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई और दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंच गए। घंटों तक दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बनी रही। पीड़ितों ने स्थानीय पुलिस पर हीलाहवाली काआरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय का कहना है कि भूमिगत तार डलवाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। मारपीट की घटना संज्ञान में नहीं आया है। दोनों पक्षों ने एक सप्ताह में समझौता करने की बात कही है।

# लगेगी महिला व बाल अपराधों पर प्रभावी रोक

- वीमेन पावर लाइन से सम्बन्धित 174933 शिकायतों में से 154618 का निस्तारण
- मनोचिकित्सकों के माध्यम से 441 प्रकरणों में कराई गई काउंसिलिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों का उत्पीड़न रोकने, महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराधों को नियंत्रित करने और उनको सहायता प्रदान करने तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 व अन्य सम्बन्धित कार्यरत इकाइयों द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि पुलिस विभाग के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित कार्यरत इकाइयों यथा वीमेन पावर लाइन 1090, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, सीबीसीआईडी के पुलिस महिला सहायता प्रकोष्ठ को समेकित करते हुए महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (डब्लूसीएसओ) की स्थापना की गयी है, जिसके द्वारा लगातार महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसको और अधिक सक्रिय किया गया है।

अवस्थी ने बताया कि विभिन्न स्त्रोतों से महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की शिकायतों के डेटा को एकत्र कर दोषी व्यक्तियों की पहचान करने तथा उनके विरुद्ध इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एकत्र करने व उसके विश्लेषण एवं मिलान की कार्रवाई के लिए सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत 1090 हेतु अत्याधुनिक डाटा विश्लेषिकी केन्द्र एवं साइबर फोरेन्सिक लैब स्थापित किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक 1090 से मिली जानकारी के अनुसार महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ टेलीफोन द्वारा छेड़खानी, विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न तथा छोटे–छोटे अपराधों को बिना थाने जाये शैशव स्तर पर रोकने के उद्देश्य से स्थापित वीमेन पॉवर लाइन 1090 पर बीते वर्ष 2020 में कुल 2,81,830 शिकायतें दर्ज हुई हैं। कुल दर्ज 2,81,830 शिकायतों में से 1,74,933 शिकायतें फोन बुलिंग एवं साइबर बुलिंग से संबंधित थीं जिसको सीधे 1090 द्वारा निस्तारित किया जा रहा है, जिसमें से अभी तक 1,54,618 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है, शेष शिकायतें निस्तारण की प्रक्रिया में हैं। इसके अतिरिक्त 2,849 शिकायतें स्टाकिंग से संबंधित हैं व 1,04,048 शिकायतें अन्य प्रकरणों से संबंधित होने के कारण उन्हें जनपदीय पुलिस, जीआरपी, यूपी.112 को अन्तरित किया गया है। वहीं पारिवारिक विवाद के प्रकरणों में वीमेन पावर लाइन द्वारा अब तक मनोचिकित्सकों के माध्यम से 441 काउन्सलिंग कराई गई है।

# किसानों को उद्योगपति बनने के गुर सिखाएगी योगी सरकार

- किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एफपीओ की क्रियान्वयन नियमावली जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने किसानों की आय दुगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार किसानों को खेत से लेकर खलिहान तक और बीज से लेकर बाजार तक आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। किसानों को सिखाया जाएगा कि वह किस प्रकार से उद्यमी बन सकते हैं और अपनी उपज को उत्पाद बनाकर कैसे बाजार में बेच सकते हैं। सीएम योगी के निर्देश पर फार्मर प्रोड्यूसर आर्गनाईजेशन (एफपीओ) की क्रियान्वयन नियमावली जारी कर दी गई है। सीएम योगी की पहल पर प्रदेश का यह पहला मौका है, जब 17 विभाग मिशन मोड में एक साथ किसानों के लिए कार्य करेंगे।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में उत्तर प्रदेश कृषक उत्पादक संगठन नीति 2020 महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसकी मूल अवधारणा प्रदेश के हर किसान परिवार को उद्यमी के रूप में संगठित कर खेती बाड़ी में स्थापित करते हुए पूरा आत्मनिर्भर बनाना है। नीति में एफपीओ के गठन के लिए कम से कम 10 किसान अलग अलग परिवारों के होने चाहिए। इसके बाद रजिस्ट्रेशन और उससे संबंधित पहले साल की विधिक कार्यवाही पूरी करने के लिए करीब 36500 रुपए का खर्च संभावित है। एफपीओ के रजिस्ट्रेशन के लिए राज्य स्तर पर कंपनी सेक्रेटरी का एक पैनल बनाया जाएगा, जो एफपीओ के प्रशासनिक, वित्तीय, वैधानिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में आ रही कठिनाईयों को दूर करने में सहयोग करेगा। इसमें चयनित कंपनी सेक्रेटरी के विभिन्न कार्यों के लिए फीस निर्धारित की जाएगी, जिनके माध्यम से इच्छुक एफपीओ अपना पंजीकरण करा सकेंगे। एफपीओ को क्रियाशील बनाने और शेयर होल्डर्स की संख्या बढ़ाने में राज्य स्तरीय परियोजना प्रबंधन ईकाई की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। इसके लिए विभिन्न विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया, योग्यता, उनके कर्तव्य और उत्तरदायित्व निर्धारित किए गए हैं।

## पांच लाख तक के लोन पर मिलेगा चार फीसदी ब्याज अनुदान

**लखनऊ।** सरकार की ओर से एफपीओ को रिवाल्विंग फंड की व्यवस्था में भी मदद की जाएगी। नीति के मुताबिक एफपीओ को पांच लाख तक के लोन पर ब्याज दर में से चार प्रतिशत का अनुदान देने की भी योजना है। एफपीओ से जुड़ी हर जानकारी के लिए एक पोर्टल भी बनाया जाएगा, जिस पर एफपीओ से जुड़ी सभी प्रकार की सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी। प्रदेश में कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र में बढ़िया काम करने वाले अग्रणी किसानों की एक एफपीओ सलाहकार समिति भी बनाई जाएगी। इसमें अग्रणी किसानों को सदस्य के रूप में नामित किया जाएगा। इसके अलावा एफपीओ के गठन के लिए राज्य स्तरीय उत्प्रेरकों के पैनल का गठन किया जाएगा। एफपीओ के सफल क्रियान्वयन के लिए किसानों से लेकर अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तरीय ईकाईयों की ओर से एक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार होगा। जिसके क्रम में कृषि विभाग के मंडल, जिले और खंड विकास स्तरीय अधिकारियों का अलग अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा हर विकास खंड के दो अग्रणी किसानों को एफपीओ के गठन और उसके सफल संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले और विकास खंड स्तर के अधिकारियों की एफपीओ की स्थापना में भूमिका भी निर्धारित की गई है।

## परेड में प्रदर्शन के लिए सीएमएस की झांकी लगभग तैयार




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल इस वर्ष गणतन्त्र दिवस परेड में 'चलो दुनिया को स्वर्ग बनायें हम, प्रेम से और प्यार से' विषय पर एक अनूठी झाँकी प्रदर्शित करने जा रहा है। यह झाँकी बनकर लगभग तैयार हो चुकी है। सीएमएस की यह अनूठी झाँकी आज यहाँ आयोजित एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों को दिखाई गई। इस अवसर पर सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने झाँकी के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सीएमएस की यह झाँकी एकता व शान्ति का संदेश जनमानस को देगी एवं सारे विश्व समाज को विश्व बन्धुत्व की भावना में पिरोकर इस दुनिया को स्वर्ग बनाने का आह्वान करेगी। इसके साथ ही, यह अनूठी झाँकी 'वसुधैव कुटुम्बकम' की महान संस्कृति एवं 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' की भावनाओं से भी जनमानस को अवगत करायेगी।

## तीन दबोचे, चोरी का सामान बरामद

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात तीन शातिर चोरों को धर दबोचा। पुलिस ने तीनों के पास से काफी मात्रा में चोरी का सामान बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सरोजनीनगर पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात उसे मुखबिर से सूचना मिली की तीन शातिर चोर काफी सामान के साथ सैनिक स्कूल मैदान के पास मौजूद हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तीनों को मौके से धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपना नाम मूल रूप से बंथरा के कटी बगिया हरौनी रोड निवासी व वर्तमान में सरोजनीनगर के सीआरपीएफ गेट नंबर एक के सामने वैभव नगर निवासी अनुराग गौतम, यहीं के सूरज गौतम और सरोजनीनगर के ही बिजनौर स्थित कटरा मोहल्ला निवासी सनी कुमार बताया।

## ट्रेन ऑपरेटर ललित कुमार को मिला एंप्लॉय ऑफ द मंथ का खिताब



**लखनऊ।** यूपीएमआरसी ने ट्रेन ऑपरेटर ललित कुमार श्रीवास्तव को एंप्लॉय ऑफ द मंथ का खिताब दिया। मेट्रो के एमडी द्वारा ट्रेन आपरेटर के कार्य की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया। ट्रेन आपरेटर ने सदैव कुशलता से ट्रेनों का संचालन किया, नियमों का हमेशा पालन किया है। बुधवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसीएल) ने दिसंबर, 2020 में ट्रेन संचालन के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ट्रेन ऑपरेटर ललित कुमार श्रीवास्तव को एंप्लॉय ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने सराहनीय सेवा और कार्य के प्रति समर्पण के लिए यह पुरस्कार दिया।

## विधायक व ब्लाक प्रमुख ने किया सीसी रोड का लोकार्पण



**मोहनलालगंज।** वर्षों से समस्या झेल रहे ग्रामीणों को आवागमन सुविधा के लिए सीसी रोड की सौगात मिली तो बुधवार को लोकार्पण करने पहुंचे विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर और ब्लाक प्रमुख विजयलक्ष्मी का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। खुशी से फूले नहीं समा रहे ग्रामीणों ने विधायक और प्रमुख पर पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन करते हुए उनका आभार जताया। स्वागत से अभिभूत विधायक और ब्लाक प्रमुख ने आगे भी इसी तरह ग्रामीणों की सेवा में सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिया। मोहनलालगंज के दहियर गांव में प्राइमरी स्कूल से लखनेश्वर मंदिर की ओर गए मार्ग पर क्षेत्र पंचायत निधि से सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। जिससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में काफी आसानी हो रही है। इसी तरह गंगाखेड़ा में भी आवागमन के प्रमुख मार्ग को सीसी रोड में तब्दील कराया गया है। जबकि परसपुर थट्टा में भी सीसी रोड समेत अन्य विकास कार्य कराए गए हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयन्त, पूर्व अध्यक्ष रामस्वरुप यादव, सपा नेता अमरपाल सिंह,बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह ,श्रवण यादव ,विधायक प्रतिनिध रमेश राही और पीआरओ हरीशंकर रावत समेत अन्य सपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोड फैक्टर की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

**लखनऊ।** रोडवेज बसों में सीटों की क्षमता के अनुसार 50 फीसदी यात्रियों का होना जरूरी है। इससे कम यात्री बस में होने पर चालक परिचालकों को प्रोत्साहन भत्ता नहीं मिलेगा। निगम प्रशासन के इस आदेश के विरोध में ड्राइवर कंडक्टरों ने चक्का जाम करने की धमकी दी है। लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपे गए नोटिस में प्रति बस 50 फीसदी यात्री लोड फैक्टर की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की गई है। संविदा चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष कैशलेंद्र सिंह व क्षेत्रीय मंत्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यात्री लोड फैक्टर कम होने के नाम पर बस कंडक्टरों के वेतन से कटौती की जा रही है। जबकि यह नियम नियमित चालक परिचालकों पर नहीं लागू है।

# बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में सर्राफा व्यापारियों से की 30 लाख की लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**पुलिस की** वर्दी पहनकर बदमाशों ने बुधवार सुबह सर्राफा कारोबारी के भाई व कर्मचारी से नकदी समेत करीब 30 लाख रुपये की लूट की है। दोनों पीड़ित महराजगंज जिले के निचलौल के निवासी हैं। दोनों लखनऊ से जेवरात की खरीददारी करने जा रहे थे। पुलिस दोनों पीड़ितों से पूछताछ में जुटी है। पीड़ित दीपक पुत्र राज नारायण सराफा कारोबारी तारकेश्वर वर्मा के भाई हैं। दूसरे पीड़ित रामू वर्मा पुत्र दयाशंकर निचलौल के ही सराफा कारोबारी गौतम वर्मा के यहां काम करते हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे दोनों लखनऊ जेवरात की खरीददारी करने के लिए बस निकले। दीपक के पास 11.10 लाख रुपये नकद व करीब पांच लाख रुपये का सोना व रामू के पास 6 लाख रुपये नकद व करीब 8 लाख रुपये का सोना (जेवरात गलाकर तैयार किया गया सोना) था। दोनों एक ही बैग में रुपये व सोना लेकर जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे गोरखपुर रोडवेज पहुंचकर दोनों ने बस बदली। वह यहां जनरथ में सवार होकर लखनऊ जा रहे थे।

### मुख्यालय से टेंपो रिजर्व करके नौसढ़ लेकर गए थे बदमाश

रोडवेज के पास में ही दो वर्दीधारी बदमाशों ने बस से रामू व दीपक को उतार लिया। वह उन्हें कार्मल स्कूल की तरफ ले गए। वहां दोनों उन्हें एक टेंपो में बैठाकर नौसढ़ ले गए। रामू व दीपक के मुताबिक वर्दीधारी बदमाश असलहा लगाए हुए थे। बदमाशों ने नौसढ़ पहुंचकर उन्हें मारना पीटना शुरू किया तो वह बचाओ-बचाओ की गुहार लगाकर एक जिम के भीतर घुस गए। उनके मुताबिक बाहर खड़े बदमाशों को पुलिस वाला समझकर जिम संचालक ने उन्हें भगा दिया। बाहर निकलते ही बदमाश उनका बैग छीनकर बोलेरो से भाग निकले। बाद में घटना की सूचना पाकर गीडा पुलिस व एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, एएसपी राहुल भाटी, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोतवाली वीपी सिंह भी मौके पर पहुंच गए। दोनों को पूछताछ के लिए वह एसएसपी आवास भी ले गए। पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी है।

### गोरखपुर पहुंचा व्यापारी

घटना की जानकारी मिलने के बाद व्यापारी गौतम वर्मा व तारकेश्वर वर्मा भी गोरखपुर पहुंच गए हैं। वह दोनों कर्मचारियों से घटना की जानकारी ले रहा है। पीड़ितों से राजघाट थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने बिठाकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक मनोज अवस्थी का कहना है कि उन्हें कैंट थाना क्षेत्र से अलग गाड़ी से ले जाया गया है। दोनों के बयान अलग-अलग आ रहे हैं। उनके मुताबिक नौसढ़ के पास उनसे लूट हुई है। जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। क्राइम ब्रांच, सर्विलांस टीम, थाने की टीम को भी लगाया गया है।

## गबन के दोषी ग्राम प्रधान व ग्रा.पं.अ. की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत उम्मरपुर में गबन के दोषी पाये गये निवर्तमान ग्राम प्रधान वंदना कुमारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी अतुल कुमार सिंह की अग्रिम जमानत याचिका जनपद न्यायाधीश बब्बू सारंग ने खारिज कर दी है। अग्रिम जमानत याचिका खारिज किये जाने के साथ ही अब दोनों की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है। आपको बताते चलें कि ग्रामवासी आत्माराम मौर्या की शिकायत पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग तथा उपजिलाधिकारी अकबरपुर एवं वित्त एवं लेखाधिकारी से विकास कार्यों का सत्यापन कराया था। जांच के दौरान ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी तीन लाख 99 हजार 58 रूपया के गबन के दोषी पाये गये थे जिसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी अकबरपुर देवेन्द्र प्रताप वर्मा ने बेवाना थाने में दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों ने न्यायालय की शरण ली थी लेकिन यहां से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी।

# तांडव वेब सीरीज पर अयोध्या के संत हुए नाराज

● केंद्र सरकार से धार्मिक कानून मंत्रालय बनाने की की मांग, जिसके द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने वाले पर हो कार्रवाई








**संवाददाता।** अयोध्या

**श्री राम** की जन्म स्थली अयोध्या से अली अब्बास जफर के निर्देशन में वेब सीरीज 'तांडव' को लेकर अयोध्या के साधु-संतों ने विरोध जताया। साधु.संतों का कहना है कि वेब सीरीज को बैन किया जाए और बनाने वाले को दंडित किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो साधु-संत 'तांडव' करेंगे। अयोध्या के संतो का कहना है की संत माला फेरते हैं भजन करते है और हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना भी जानते है। संतों ने कहा कि मुस्लिम धर्म गुरुओं को भी चाहिए कि वो ऐसी गाइडलाइन जारी करें जिससे इस्लाम धर्म से जुड़े लोग किसी भी धर्म का ना तो अपमान करें और ना ही उस पर टिप्पणी करें। संतों का कहना है की फ्रांस के एक पत्रकार ने मोहम्मद साहब का कार्टून बना दिया तो पूरे विश्व में मुस्लिम समुदाय ने तांडव किया। इन मुस्लिम कलाकारों को दूसरे धर्म की भी भावनाओं को समझना चाहिए। इनमें हिम्मत है तो इस्लाम में भी महिलाओं पर बहुत अत्याचार होता है उस पर भी वेब सीरीज बनाएं।

### हिंदू धर्म पर ही टिप्पणी क्यों: जगद्गुरु राघवाचार्य

जगतगुरु राघवाचार्य जी महाराज ने कहा की अब हिंदू धर्म पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं होगी धन कमाने के लिए नाचने गाने वाले कलाकार हिंदू धर्म पर ही बार बार क्यों टिप्पणी करते है। ऐसे लोगों पर कठोर से कठोर सजा हो। सनातन धर्म को मानने वाले किसी भी धर्म पर टिप्पणी नहीं करते ए सब का सम्मान करते है। लेकिन किसी भी कलाकार की हिम्मत नहीं होती है कि वह हिंदू धर्म को छोड़कर किसी अन्य पर टिप्पणी करें। अन्य धर्म वाले तुरंत फतवा जारी करेंगे। सनातन धर्म के लोग भी ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सजा देंगे।

### जगतगुरु राम दिनेशाचार्य ने कानून बनाने की मांग

जगतगुरु रामदिनेशाचार्य जी महाराज ने कहा यह हमारे सनातन धर्म पर कुठाराघात है। ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। हम सनातन धर्मी अपने देवी.देवताओं की अवहेलना करने का अधिकार किसी को नहीं देते है। यह अपराध अक्षम्य है। सरकार को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और हम लोग केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग करते है कि ऐसा कानून बनाया जाए जिससे कभी भी हिंदू सनातन धर्म ही नहीं किसी धर्म के देवी.देवताओं का अपमान ना हो।

### युवाओं को बरगलाने की हो रही है कोशिश: करुणानिधि शरण

सिद्ध पीठ सियाराम किला झुंकी घाट के महंत करुणानिधान शरण जी महाराज ने कहा कि वर्तमान में हिंदू देवी देवताओं को टारगेट करके हमारे युवाओं को बरगलाने की कोशिश हो रही है। जिससे कि हमारे युवा हिंदू धर्म छोड़ कर के अन्य धर्म धारण करें। ऐसे वेब सीरीजऔर फिल्म बनाने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो इनका मनोबल बढ़ेगा और एक खड़यंत्र के तहत यह लोग सनातन धर्म देवी देवताओं को बदनाम करेंगे और हमारे युवाओं को बरगलाने की कोशिश करेंगे।

### इस्लाम धर्म पर क्यों नहीं बनाते वेब सीरीज: कृपालु जी

दशरथ महल बड़ी जगह के महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य के शिष्य संत राम भूषण दास कृपालुजी महाराज ने कहा की मुस्लिम धर्म के मोहम्मद साहब पर एक कार्टून बन गया पूरे विश्व में हंगामा हुआ। मुस्लिम धर्म की महिलाओं पर अत्याचार होता है। हलाला खतना जैसी कुप्रथा आएं है। उस पर कोई भी कलाकार डायरेक्टर निर्माता.निर्देशक क्यों फिल्म नहीं बनाता वेब सीरीज नहीं बनाता हिंदू धर्म को ही क्यों टारगेट किया जाता है यह सबसे बड़ा प्रश्न है और ऐसा चलता रहा तो सनातन धर्म के मानने वालों में उबाल आएगा और समस्या बड़ी होगी। इसलिए इन पर कड़ी कार्रवाई हो जिससे भविष्य में कोई ऐसा ना करें।

### तांडव वेब सीरीज पर हो बैन: सुकदेव दास

श्री राम कथा के मर्मज्ञ फटिक सिला बगही आश्रम के श्री महंत सुकदेव जी महाराज ने कहा वेब सीरीज को तत्काल बैन किया जाए और तांडव वेब सीरीज को प्रसारित करने वाली अमेजॉन संस्था पर भी बैन लगाया जाए क्योंकि वर्तमान समय में सनातन धर्म को ही टारगेट करके फिल्में और वेब सीरीज बनाई जा रही है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार को संज्ञान में लेकर के ऐसे लोगों पर मुकदमा दर्ज हो जिससे भविष्य में और कोई सनातन धर्म का अपमान ना कर सके।

### आपराधिक धाराओं में हो कार्रवाई: राजीव लोचन शरण

सद्गुरु बधाई भवन के महंत राजीव लोचन शरण जी महाराज ने कहा कि हिंदू सनातन धर्म सबको लेकर के चलने वाला धर्म है हम हिंदू सनातन धर्म को मानने वाले किसी का अपमान नहीं करते फिर बार.बार हमारे आराध्य पर कला और अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर फिल्म और वेब सीरीज बनाने वाले नातन धर्म के देवी.देवताओं का ही अपमान क्यों करते है। अब हिंदू समाज जाग गया है। मैं सरकार से अपील करता हूं कि ऐसे कलाकारों और डायरेक्टरों पर कार्यवाही हो और आपराधिक मुकदमे में केस दर्ज किए जाएं। जिससे कि यह घटना दोबारा ना घटे और वेब सीरीज पर तत्काल बैन किया जाए।

## मेडिकल स्टोर संचालक की गोली मारकर हत्या

**गोरखपुर।** गोरखपुर के भैंसहा के बल्ली चौराहे पर मंगलवार की रात बाइक सवार बदमाशों ने मेडिकल स्टोर संचालक को गोलियों से भून दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मेडिकल स्टोर बंद कर वह घर लौट रहे थे। उनकी हत्या क्यों व किसने की है यह जानकारी नहीं हो पाई है। डीआइजी/एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। क्राइम ब्रांच के साथ ही खोराबार पुलिस हत्यारों की तलाश में लगी है। जानकारी के अनुसार खोराबार के रामपुर नथई टोला निवासी 48 वर्षीय रामआसरे मौर्या भैंसहा के बल्ली चौराहे पर मेडिकल स्टोर चलाते थे। मंगलवार की रात दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। मेडिकल स्टोर से 500 मीटर आगे बढ़ने पर पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें लक्ष्य कर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। सिर व सीने में पांच गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कोहरा होने की वजह से आसपास के लोग नहीं देख पाए। राहगीर के सूचना देने पर डीआइजी/एसएसपी जोगेंद्र कुमार, एसपी सिटी सोनम कुमार, क्राइम ब्रांच, खोराबार व झंगहा थानेदार के साथ मौके पर पहुंच गए। जमीन के विवाद व रुपये के लेन-देन में रामआसरे की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### विद्वेष फैलाने वाले नारे को लेकर मुकदमा दर्ज

**गोरखपुर।** गोरखपुर विश्वविद्यालय गेट पर रोहित बेमुला के श्रद्धांजलि सभा के दौरान सामाजिक विद्वेष फैलाने वाले नारे लगाए गए थे। एक राहगीर ने इन नारों को सुना था और कैंट पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मंजेश कुमार, सुरेंद्र बाल्मीकी, कन्हैया यादव, श्रीराम राव, आकाश पासवान, चंद प्रसाद यादव समेत 15 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बतातें चलें कि 16 जनवरी को गोविवि गेट पर रोहित बेमुला के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान छात्रों के अलावा कुछ संगठन के लोग भी मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान इन लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। जिससे सामाजिक शांति को खतरा पहुंच सकता था। इन नारों को वहां से गुजर रहे राहगीर सतीश ने सुना और इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने नारेबाजी का वीडियो भी उपलब्ध कराया। सतीश की तहरीर पर कैंट पुलिस ने नारेबाजी करने वाले छह लोगों के अलावा उनके 15 अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। डीआइजी/एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी। किसी को भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की छूट नहीं दी जाएगी।

### किसान आंदोलन से गाड़ियां निरस्त

**गोरखपुर।** पंजाब में चल रहे किसान आन्दोलन के कारण रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन निम्नवत् किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि दरभंगा से 21 जनवरी को चलने वाली 05211 दरभंगा-अमृतसर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। अमृतसर से 23 जनवरी को चलने वाली 05212 अमृतसर-दरभंगा विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। अमृतसर से 21 जनवरी को चलने वाली 04674 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला-व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलायी जायेगी। जयनगर से 21 जनवरी को चलने वाली 04673 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग व्यास-जन्डियाला-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग व्यास-तरनतारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। **तत्काल प्रभाव से निरस्त:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण 04060/04059 नई दिल्ली-वाराणसी-नई दिल्ली एवं 02573/02574 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर- आनन्द विहार टर्मिनस क्लोन विशेष गाड़ियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

### पीड़ित परिवार को मदद न मिली तो होगा व्यापक आन्दोलन

**अम्बेडकरनगर।** जिले में ब्राह्मण समुदाय के लोगों की लगातार हो रही हत्या तथा उत्पीड़न के विरोध में युवा नेत्री नीतू तिवारी की अगुआई तथा अखिलेश तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नीतू तिवारी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है तथा अधिकारी केवल अपनी -अपनी पीठ थपथपाने में लगे हुए हैं। ब्राह्मणों के उत्पीड़न तथा उनकी हत्याओं पर प्रशासन मौन रहता है। राजेसुल्तानपुर में हुई सगे भाईयों की हत्या के मामले में आरोपों की जद में आये उपजिलाधिकारी पर न तो आज तक कार्यवाही की गई और न ही पीड़ित परिवार को कोई मदद ही प्रदान की गई। सत्ता पक्ष व अन्य दलों के नेता घड़ियाली आंसू बहाकर वापस लौट गये हैं। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को सहायता नही प्रदान की गई तो ब्राह्मण समाज जोरदार आन्दोलन छेड़ेगा। धरने के उपरान्त उपजिलाधिकारी मोइनुल इस्लाम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पवन पंडित, हरिओम तिवारी, शिवम पाण्डेय, विवेक तिवारी बाबा व अन्य लोग मौजूद रहे।

### सीओ अचानक बसखारी पहुंचे, थाने का किया औचक निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर।** बुधवार को नगर क्षेत्राधिकारी कृष्ण चंद्र शुक्ला के द्वारा बसखारी थाने का औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान थाना अध्यक्ष सहित सभी उप निरीक्षकों के साथ बैठकर दर्ज मुकदमों की विवेचनाओं की प्रगति भी नगर क्षेत्र अधिकारी के द्वारा जानी गई। साथ ही विवेचना का शीघ्र निस्तारण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी बसखारी थाने पर तैनात सभी उप निरीक्षकों को निर्देशित किया गया। इसके बाद क्षेत्राधिकारी ने कार्यालय एवं अभिलेखों के रखरखाव ,शस्त्रागार ,हवालात,सीसीटीएनएस ,पुलिस बैरक सहित अर्दली कक्ष का भी निरीक्षण किया। थाना परिसर में हुई चाक-चौबंद स्वच्छता व्यवस्था के लिए थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे एवं हेड मुहर्रिर उमाशंकर मिश्र की तारीफकरते हुए सराहना भी की। इस दौरान बसखारी थाने पर तैनात उपनिरीक्षकध्चौकी प्रभारी लहटोरवा राजेंद्र कुमार शर्मा, चंद्रभान यादव,शत्रुघन यादव, अजय सिंह, हेड मुहर्रिर उमाशंकर मिश्र, मुंशी आशीष सिंह सहित थाने में मौजूद कई महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## विधायक बनकर अपने खाते में ट्रांसफर कराया 5.70 लाख रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**खुद को** विधायक बनकर एक जालसाज ने गत 31 दिसंबर को एसबीआइ की आइटीएम गीडा शाखा के मैनेजर को फोन कर खुद को अपने संस्थान के खाते से आइसीसीआइ बैंक के पाटलिपुत्र शाखा के एक खाते में 5 लाख सत्तर हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा। उस व्यक्ति ने एक ई-मेल भी बैंक को भेजा। बैंक मैनेजर ने बिना किसी जांच पड़ताल के इतनी बड़ी रकम जालसाज द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दी।

### ऐसे सामने आया मामला, हटाए गए बैंक मैनेजर

कुछ दिनों बाद जनप्रतिनिधि ने जब अपना बैंक स्टेटमेंट चेक किया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। इतनी बड़ी रकम के दूसरे खाते में ट्रांसफर किए जाने पर उन्होंने बैंक अफसरों से इसकी शिकायत दर्ज कराई। बैंक के साथ इस कदर धोखाधड़ी पर शाखा कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। इस प्रकरण के सार्वजनिक होते देख बैंक ने खाताधारक के खाता में शाखा के खाते से रकम वापस कराई। चूंकि प्रकरण गंभीर था इसलिए बैंक ने 20 दिनों तक मामले को दबाए रखा। अफसरों ने मैनेजर को शाखा से हटाकर मंडलीय कार्यालय में संबद्ध कर जांच जांच बैठा दी है। इस बीच बैंक मैनेजर के तबादले की भी खबर है। बैंक ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध गीडा थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी ने तहरीर को साइबर क्राइम ब्रांच को सौप दी है।

# कुमारगंज वन क्षेत्राधिकारी ने अमेठी जनपद के सीमावर्ती जंगलों का किया दौरा



**मिल्कीपुर अयोध्या।** कुमारगंज वन रेंज के नवागत वन क्षेत्राधिकारी ने जिले की सीमा वर्ती जंगलों का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए वह में अवैध कटान एवं तस्करी किए जाने वाले रास्तों पर वन कर्मियों की तैनाती के साथ साथ रेंज की सचल वन टीम को कड़े निर्देश दिए कि यदि अवैध कटान एवं तस्करी की सूचना मिली तो किसी भी करनी को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

कुमारगंज वन क्षेत्राधिकारी पद पर पीयूष मोहन श्रीवास्तव की नवीन तैनाती हुई है उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पहली बार पड़ोसी जनपद अमेठी की सीमा से सटे राजघाटए देवगांव एवं मुबारकपुर जंगल का गहन निरीक्षण किया। क्योंकि घने जंगलों से अवैध कटान होने के बाद लकड़ी तस्करों द्वारा इन्हीं रास्तों से सीमावर्ती जनपद को बेशकीमती लकड़ी की तस्करी का काम भी होता रहता है जिसकी भनक तक वन कर्मियों को नहीं लग पाती। घने जंगलों से लकड़ी तस्कर ठंड एवं कोहरे का फायदा उठाकर विभाग को लंबी चपत लगाने का काम करते रहते हैं। वन क्षेत्राधिकारी पीयूष मोहन श्रीवास्तव ने उपरोक्त घने जंगलों का दौरा कर जंगलों के बीच से गुजरी पगडंडियों का भी निरीक्षण किया साथ में मौजूद वन कर्मियों को पीयूष मोहन श्रीवास्तव ने कड़े निर्देश दिया कि पूरी तरह से निगरानी की जाए और विभाग के बेशकीमती पेड़ों सहित समूचे वन क्षेत्र से यदि कहीं भी अवैध कटान की सूचना मिले तो संबंधित वृक्ष स्वामी व अवैध कटान में संलिप्त लोगों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कराते हुए और रिपोर्ट भी कार्यवाही हेतु विभागीय पटल पर प्रस्तुत की जाए। वन क्षेत्राधिकारी पियूष मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि कुमारगंज वन रेंज के सभी जंगलों सहित प्लांटेशन का सघन निरीक्षण किया जा रहा है विभागीय बीट प्रभारियों सहित अन्य वन कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं कि अवैध कटान समूचे वन क्षेत्र में कतई किसी भी कीमत पर न होने दें। उन्होंने बताया कि यदि अवैध कटान की सूचना मिली तो संबंधित वन कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही तत्काल अमल में लाई जाएगी जिसमें संबद्धीकरण से लेकर निलंबन तक की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत

**संवाददाता।** बसखारी, अम्बेडकरनगर

**ट्रैक्टर** की चपेट में आए मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें से एक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जबकि दूसरा जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। यह सड़क हादसा मंगलवार की शाम 4:00 बजे के करीब बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर कौड़ाही के निकट उस समय हुआ जब दीपक पुत्र लौटू निवासी डडियवा भिदूण व अजय कुमार पुत्र राम चरन निवासी भिदूण बाइक से कौड़ाही के निकट स्थित नहर से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर आ रहे थे। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर पहुंचे ही थे कि पुलिस चौकी लहटोरवा की तरफ से जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से अजय कुमार को सौ सैया युक्त अस्पताल अतरौलिया व दीपक को सीएससी बसखारी भेजा गया। जहां पर दीपक की हालत चिंताजनक होने के चलते जिला अस्पताल अंबेडकर नगर व फिर वहां से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि लखनऊ पहुंचने से पहले ही दीपक की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि अजय कुमार को अतरौलिया से आजमगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। वही मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बाइक व ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। इस संदर्भ में प्रभारी थाना अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक युवक की पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए जरूरी कार्रवाई करने के साथ तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पुज्जू हत्याकांड में अभी नहीं सुलझ सकी गुत्थी

● लेन-देन के विवाद में घटना को अंजाम देने की संभावना

**अम्बेडकरनगर।** महरूआ थाना क्षेत्र के गोइथा गांव के निकट मंगलवार को शाम हुए सचिन तिवारी उर्फ पुज्जू हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में पुलिस अभी सफल नही हो सकी है लेकिन घटना के पीछे मृतक के ही सहयोगियों की भूमिका होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक पुज्जू ने अल्प काल में ही पूरे क्षेत्र में अपना दबदबा बना लिया था तथा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कई शातिर लोगों से उसके निकट सम्बन्ध बताये जा रहे हैं। मृतक के ऊपर केवल भीटी थाने में ही दर्ज आठ मुकदमों से उसकी गतिविधियों का आकलन किया जा सकता है। कुछ समय पूर्व भीटी थाना क्षेत्र के समन्था चौराहे पर एक बारात रूकवाने के लिए की गई फायरिंग में भी सचिन तिवारी का नाम प्रमुखता से सामने आया था लेकिन पुलिस ने इस प्रकरण में दोनों पक्षों में समझौता कराकर उसे दाखिल दफ्तर करा दिया था। सूत्रों की मानें तो सचिन तिवारी की हत्या आपसी लेन-देन के विवाद को लेकर की गई होगी। कारण कि एक मामले में लेन-देन को लेकर जमकर पंचायत हुई थी। मैच देखने के दौरान जिस प्रकार से उसे लाकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया उससे स्पष्ट है कि घटना में निकट के लोगों की ही भूमिका अहम रही होगी। वही मामले में महरूआ थानाध्यक्ष का कहना है कि छापेमारी की जा रही है जल्द ही अभियुक्त की गिरफ्तारी की जायेगी।

# एनटीपीसी ने एक दिन में बनाया एक बिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का रिकॉर्ड

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



● एक दिन में सर्वाधिक ऊर्जा उत्पादन करने वाली देश की पहली कंपनी

**भारत की** सबसे बड़ी ऊर्जा उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने 18 जनवरी 2021 को उस वक्त एक नया रिकार्ड स्थापित किया जब एक अकेले दिन एनटीपीसी की विभिन्न इकाइयों से एक बिलियन यानी एक अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया। एक दिन में इतनी ज्यादा बिजली के उत्पादन का यह एक रिकॉर्ड है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी की संस्थापित क्षमता 63635 मेगावाट, जिसमें देश भर में स्थित 24 कोयला आधारित और 7 गैस आधारित स्टेशन शामिल है। संयुक्त उद्यम के तहत 9 स्टेशन कोयला आधारित है तथा 12 अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं भी है। कंपनी ने वर्ष 2032 तक 128000 मेगावाट की स्थापित विद्युत क्षमता पैदा करने का लक्ष्य स्थापित किया है। 1975 में स्थापित भारत की यह महारत्न कंपनी ऊर्जा उत्पादन में लगातार नए कीर्मिमान स्थापित कर रही है। ताप ऊर्जा के साथ साथ एनटीपीसी ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र मे भी प्रभावशाली दखल रखा है और विगत कुछ दशकों में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं पनबिजली के उत्पादन की दिशा में भी कंपनी ने ऊंची छलांग है। एक दिन में एक बिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन अपने आप में बेहद महत्वाकांक्षी उपलब्धि है। इस संबंध में एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख श्री के श्रीनिवास रॉव का कहना है कि एह उपलब्धि बेहतर कार्य योजना, बेहतर मानव संसाधन तथा उत्कृष्ट प्रबंधन के कारण हासिल की जा सकी है। निकट भविष्य में एनटीपीसी अपनी इस उपलब्धि को उतरोत्तर और बढ़ाएगी। दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाली महामारी कोविड-19 के सुरक्षा मानकों को पूरा करतें हुए टांडा परियोजना ने विगत वर्ष 2020-21 में टाण्डा विद्युतगृह अनेक चुनौतियों के बावजूद 90.01 प्रतिशत पी.एएल.एफ पर 3954 मिलीयन यूनिट विद्युत उत्पादन करने में सफल रहा है। उन्होने 2021 के अंत तक एनटीपीसी इससे भी ज्यादा बड़े लक्ष्य को हासिल करेगी क्योकि एनटीपीसी की कई बडी परियोजनाएं पूर्ण होने के कगार पर है जिसमें से एक एनटीपीसी टांडा भी है। एनटीपीसी टांडा परियोजना की 660 मेगावाट की 6ठीं यूनिट से व्यावसायिक उत्पादन आगामी महिनों में चालू हो जानें से इसकी कुल संस्थापित क्षमता 1760 मेगावाट हो जाएगी।

## पार्टी नेताओं ने किया शिवपाल का जोरदार स्वागत



**अम्बेडकरनगर।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लो0)के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के पूर्वांचल के दो दिवसीय दौरे पर बलिया से लखनऊ वापसी के दौरान मंगलवार को कटेहरी विधानसभा के प्रभारी आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इल्तिफातगंज बाजार में जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कटेहरी विधानसभा प्रभारी आलोक त्रिपाठी को आशीर्वाद दिया व सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद कहा।आगामी विधानसभा चुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी(लो0) के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए मजबूती से कार्य करने को कहा। स्वागत कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह 'डब्लू',विधानसभा उपाध्यक्ष सन्तराम गुप्ता,इमरान बेग जी,महबूब बेग'हाफिज' जी,पप्पू भाई, राकेश श्रीवास्तव जी,राम भरोस गुप्ता,दीपक सिंह ,कुलदीप सिंह,ज्ञानेंद्र सिंह,रवि सिंह,देवेंद्र सिंह,महेन्द्र यादव,विमल पाण्डेय,सुभाष पाण्डेय आदि लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# शानदार उपलब्धि

## गाबा में विजय

**भारतीय** क्रिकेट टीम का 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा आजीवन भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की स्मृति में दर्ज रहेगा। एक महीने पहले अखबारों के संपादकीयों में भारतीय क्रिकेट की दशा पर शोक प्रकट किया गया था। एडीलैड में लगभग पूरी टीम केवल 36 रन बना सकी थी और बहुत से लोगों को अगले टेस्ट मैचों की चिन्ता थी। आखिरकार भारतीय करिश्माई बल्लेबाज और कप्तान विराट कोहली पहले बच्चे के जन्म पर पत्नी के साथ रहने के लिए भारत लौट आए थे। पहले मैच के बाद अनेक खिलाड़ियों को चोटें तथा आस्ट्रेलिया के कठोर दो सप्ताह क्वैरेंटीन नियम को देखते हुए नए खिलाड़ी भेजना असंभव था। भारत की हमेशा निन्दा करने वाले विदेशी टिप्पणीकारों ने टीम के सफाए की घोषणा कर दी थी। इसके बावजूद भारतीय टीम ने असाधारण दृढ़ता व नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए टीम ने मेलबोर्न का दूसरा टेस्ट मैच जीता। नया वर्ष शुरू होने पर यह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को पहला उपहार था क्योंकि 2020 सबके लिए कष्टदायक रहा था। अपने आप में यह क्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण था जब भारतीय क्रिकेट समकालीन इतिहास के सबसे बुरे समय से गुजरा था। अनेक लोगों ने इसकी तुलना दो दशक पहले इडेन गार्डन में वीवीएस लक्ष्मण व राहुल द्रविड़ के नायकत्व से की। लेकिन इस खेल में एक तीसरा आयाम भी है जिसकी शुरुआत सिडनी में नए वर्ष से हुई, जहां भारतीयों की दूसरी पाली के शानदार प्रदर्शन ने आतिथेयों को टेस्ट मैच नहीं जीतने दिया। लेकिन ब्रिसबेन में आस्ट्रेलिया के गढ़ गाबा में विजय से खेल की समाप्ति हुई जहां पिछले तीन दशक से उसकी टीम नहीं हारी थी। भारत ने पार्ट टाइमर वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया जिन्होंने पिछले तीन साल में प्रथम श्रेणी का



मैच नहीं खेला था। इस मैच में युवा बल्लेबाजों का सामना अनुभवी आस्ट्रेलियाई पेस गेंदबाजों व सौवां टेस्ट खेलने वाले एक स्पिन गेंदबाज से था। मेलबोर्न और सिडनी में भारत का प्रदर्शन प्रशंसनीय था, पर भारतीय प्रशंसक जिस गब्बा में ड्रा की उम्मीद कर रहे थे, वहां शानदार नतीजा मिला। क्रिकेट प्रेमियों के मन में बार्डर-गावस्कर ट्राफी सीरीज़ का अंतिम टेस्ट मैच बना रहेगा जिसने खिलाड़ियों की दृढ़ता, क्षमता और शारीरिक फिटनेस का पूरा इम्तहान लिया। भारतीय टीम के युवा व लगभग अनुभवहीन खिलाड़ियों ने टेस्ट सीरीज़ जीत कर स्वयं तथा सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। सुविधाओं का संकट, नस्ली गालियों का सामना, महत्वपूर्ण मोड़ पर प्रमुख खिलाड़ियों की कमी, एक के बाद दूसरी चोटें तथा कई महीनों का असामान्य जीवन उनके सामने चुनौतियों की तरह थे। भारत के पूर्व नायक राहुल द्रविड़ ने नई भारतीय टीम गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय टीम की दृढ़ता की प्रशंसा उसके विरोधियों ने भी की। न केवल वाशिंगटन सुंदर व शार्दूल ठाकुर ने सातवें विकेट की साझेदारी में बहुत शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि शुभम गिल व चेतेश्वर पुजारा कई बार चोट लगने के बावजूद बहुत अच्छा खेले। दिल्ली के ऋषभ पंत की क्षमताओं पर पहले खुलेआम सवाल उठाए गए थे और टीम में उनको बनाए रखने पर भारतीय प्रबंधन पर पक्षपात के आरोप भी लगे थे। लेकिन अब ये नौजवान नए क्रिकेट नायकों में शामिल हो गए हैं। यह केवल सामान्य विजय या पुन: उठ खड़े होने की कथा नहीं है, यह एक ऐतिहासिक कथा है जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम की दृढ़ता और प्रतिबद्धता, खासकर अनुभवहीन नौजवानों के समूह का शानदार प्रदर्शन सदियों तक याद रखा जाएगा। जब भारत ने वानखेड़े स्टेडियम में 2011 विश्व कप जीता था तब उनको खुली छत वाली एक बस से पूरे मुंबई में घुमाया गया था। भले ही कोविड-19 प्रोटोकाल के कारण इस टीम का वैसा स्वागत न हो सके, पर निश्चित रूप से वे इसके अधिकारी हैं।

# अमेरिका में अनैतिकता

हालांकि, केवल तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों पर दाग लगे, पर डोनाल्ड ट्रंप अकेले ऐसे राष्ट्रपति हैं जो दूसरी बार महाभियोग का सामना कर रहे हैं।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



महाभियोग मूलत: प्रतीकात्मक है, पर यह समय की कसौटी पर नैतिकता की पराजय का प्रतीक भी है। इतिहास की पुस्तकों में महाभियोग वाले नामों पर धब्बे लगे मिलते हैं। जो बाइडेन से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के 45 राष्ट्रपतियों में से केवल तीन पर यह धब्बा लगा है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को भविष्य में ऐसे एकमात्र राष्ट्रपति के रूप में जाना जाएगा जिन पर दो बार महाभियोग चला। अमेरिका का संविधान अभियोजन के योग्य अपराधों में 'देशद्रोह, रिश्वत या अन्य जघन्य अपराधों व गलत कृत्यों' को शामिल करता है। शास्त्रीय न्यायिक दृष्टिकोण से औपचारिक सजा की वैधता जो भी हो, महाभियोग का अर्थ सार्वजनिक व संवैधानिक विश्वास तोड़ना भी है और इस प्रकार यह विधिक आपराधिकता के संभावित दायरे में आता है। आमतौर पर अंतर्मुखी रहने वाले दलाईलामा ने ट्रंप को 'नैतिक सिद्धान्तों की कमी' वाला व्यक्ति बताया था और यह अपने आप में आश्चर्यजनक है।

रिचर्ड निक्सन ने लगभग महाभियोग सिद्ध होने की नौबत आने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। पीछे देखने पर महाभियोग का सामना कर चुके अन्य दो अमेरिकी राष्ट्रपति एंड्रयू जान्सन व बिल क्लिंटन डोनाल्ड ट्रंप के कृत्यों की तुलना में लोकतंत्र के लिए कम घातक व कम अपराधी लगते हैं। एंड्रयू जान्सन स्वयं नस्लवादी थे जो लोकतंत्र के शिखर पर पहुंचने में सफल हुए थे, जबकि अब्राहम लिंकन पर आफिस एक्ट का उल्लंघन करने की तकनीकी गलती के कारण महाभियोग चलाया गया था, जब उन्होंने सिनेट से विचार-विमर्श किए बिना संघीय नियुक्ति वाले एक व्यक्ति को हटा दिया था। इतिहास बताता है कि महाभियोग एक पक्षपाती कृत्य है जिसका प्रयोग अस्वीकार्य राष्ट्रपति कृत्य के खिलाफ होता है जो शायद महाभियोग का बोझ ढोने को तैयार न होता। बिल क्लिंटन पर जांचकर्ताओं से मोनिका लेविंस्की प्रकरण में झूठ बोलने का आरोप था और उन्होंने व्हाइट हाउस के कर्मचारियों को अपनी इच्छाओं पर चलने को मजबूर किया था। उनका असंदिग्ध दुर्व्यवहार व पतन शायद 'देशद्रोह, रिश्वत या अन्य जघन्य अपराधों व गलत कृत्यों' से कम था। प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन सिनेटर सुसान कोलिन्स ने कहा था कि क्लिंटन ने असंदिग्ध रूप से अपमानजनक व्यवहार किया था, पर वह अपराध नहीं था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने महाभियोग के खिलाफ वोट देते हुए था, 'राष्ट्रपति को रिहा करने के लिए मतदान करते समय में भारी गलती कर रही हूं क्योंकि मैं इस व्यक्ति को माफ नहीं करना चाहती हूं।' स्पष्ट रूप से बिल क्लिंटन इस संकट के कारण परेशान थे और पश्चाताप कर रहे थे।

दूसरी ओर पहली बार ट्रंप के खिलाफ महाभियोग सत्ता के दुरुपयोग और कांग्रेस के काम में बाधा डालने के लिए चलाया गया था। आरोप था कि उन्होंने यूक्रेन पर जो बाइडेन के वाणिज्यिक मामलों के खिलाफ जांच करने का दबाव डाला था और इस प्रकार एक विदेशी शक्ति को लोकतांत्रिक चुनाव में भ्रष्टाचार के लिए प्रेरित किया था। ट्रंप ने यूक्रेन पर दबाव डालने के लिए उसकी सैनिक सहायता रोकी थी। लेकिन बाद में भी ट्रंप के गलत कृत्य जारी रहे और उन्होंने कार्यकारी शाखा को दस्तावेजों व प्रमाणों के मामले में कांग्रेस से सहयोग न करने को कहा। लेकिन क्लिंटन या निक्सन के मामले में निष्पक्ष अभिव्यक्तियों की तुलना में ट्रंप देश का ध्रुवीकरण और विभाजन अतिवादी रास्तों पर करने में सफल हुए। एक रिपब्लिकन सिनेटर को छोड़ कर बाकी सबने आंखें बंद कर ट्रंप का समर्थन किया। ट्रंप का दूसरा महाभियोग अपनी गंभीरता के कारण असाधारण है। आरोप है कि उन्होंने 'देशद्रोह को उकसाया।' पहले महाभियोग के दौरान रिपब्लिकनों का अपना हित ट्रंप का बचाव करना था और इसके लिए पक्षपाती दिशा का पालन करना था। यही बात दूसरे महाभियोग के समय भी दिख रही है लेकिन अब 10 रिपब्लिकन सिनेटरों ने स्वयं को ट्रंप के समर्थन से अलग कर लिया है, जबकि इस पक्षपाती निर्णय के परिणाम और खराब होंगे। ज्वाइंट चीफआफस्टाफने एक आंतरिक मेमो जारी कर बावर्दी लोगों को याद दिलाया है कि उनकी एकमात्र प्रतिबद्धता संविधान के प्रति है। इससे बाइडेन प्रशासन के कामकाज शुरू करने के समय 'कानून के खिलाफ' संभावित बाधा की आशंका सामने आती है। इससे ट्रंप की उस गंभीर असंवैधानिक कृत्य का संकेत मिलता है जिसका आरोप उन पर लगाया गया है।

दस रिपब्लिकनों की नाराजी का बोझ ट्रंप पर भारी है और यह केवल गणितीय क्षमता से अधिक है। यह एक प्रकार से निष्पक्ष साहस, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा आम समझदारी का प्रदर्शन है। अनेक प्रकार से यह आंतरिक विरोध रिपब्लिकनों को स्थाई रूप से ट्रंपवाद से मुक्ति का अवसर देता है कि वे 20 जनवरी, 2021 के बाद स्वयं को इस पाप से मुक्त कर सकते हैं। हालांकि, महाभियोग की प्रक्रिया ट्रंप कार्यकाल के अंतिम समय में जल्दबाजी में शुरू की गई है, पर यह 'विद्रोह' की शर्मनाक सार्वजनिक सुनवाई के लिए सही संदर्भ है। इससे संभावना बनती है कि भविष्य में पक्षपाती राजनीति को स्थान नहीं मिलेगा। ट्रंप के पहले महाभियोग में अपनी व्यक्तिगत चेतना के आधार पर उनके खिलाफ वोट देने वाले एकमात्र रिपब्लिकन मिट रोमनी ने ट्रंप के दोबारा आने और उसके 'सार्थक परिणामों' की बात कही थी, जब एक राष्ट्रपति ने कांग्रेस के खिलाफ हमला उकसाया तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से लोकतंत्र के सभी ज्ञात सिद्धान्तों की धज्जियां उड़ा दीं।

अब नए राष्ट्रपति बाइडेन के बारे में अनेक लोगों की राय है कि उनको संघीय रूप से ट्रंप के खिलाफअभियोजन चलाने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे विभाजनकारी व आक्रामक भावनायें बनी रहेंगी तथा खतरनाक अफवाहें फैलाने का 'डोनाल्ड ट्रंप शो' जारी रहेगा। ट्रंप के बारे में अनेक अफवाहें जारी थीं कि वे चुनाव से पहले ईरान पर हमला कर सकते हैं, अर्ध मार्शल ला लगा सकते हैं या 'धोखाधड़ी वाले चुनाव' का आरोप लगा कर सामाजिक अशांति पैदा कर सकते हैं। उन्होंने 'इन लोगों के हाथों में न खेलने' व 'चुनावों की चोरी' जैसी बातें कही थीं। इन सबने अमेरिका को अराजकता व गृह युद्ध के ऐसे मोड़ पर पहुंचा दिया था जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। ट्रंप का अपनी पार्टी नेताओं से अलगाव व संभावित विश्वासपात्रों से दूरी ने निजी अफवाहों को सार्वजनिक आह्वान का रूप दे दिया है कि अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। इससे रास्ता ठीक करने की आवश्यकता भी सामने आती है जहां विधिकता के बजाय नैतिकता की कमी ट्रंप के चारों ओर छा गई थी। बदलते समय के साथ रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कोनेल ने रिपब्लिकन सिनेटरों को आजाद कर दिया है कि वे पार्टी लाइन के बजाय 'अपनी चेतना के आधार पर' वोट दे सकते हैं। इससे ट्रंप के लिए दीवाल की लिखावट साफहो गई है। उम्मीद है कि ट्रंप अपनी भडकाऊ बयानबाजी जारी रखेंगे तथा केन्द्रीय स्थिति में बने रहने के लिए अपुष्ट अफवाहें फैलाते रहेंगे, पर रिपब्लिकन पार्टी में उनका नैतिक आधार समाप्त हो गया है। वह ट्रंप को पार्टी से बाहर कर सकती है जिससे उनका राजनीतिक आधार समाप्त हो जाएगा। चुनावी विजय, चुनौती विहीन वर्चस्व या अदालत में वैधानिकता की तुलना में नैतिकता का पतन ज्यादा महत्वपूर्ण है और ट्रंप के महाभियोग से एक विनाशकारी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का अंत होगा।

# बजट सत्र में विपक्षी एकजुटता की परीक्षा

"अब समय आ गया है कि आगामी बजट सत्र में विपक्ष एकजुट होकर रणनीति बनाए जिससे सरकार को घुटनों पर ला खड़ा करना संभव हो सके।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



संसद का आगामी बजट सत्र जबर्दस्त होने की संभावना है जिसमें विपक्ष द्वारा बहुत से विवादास्पद मुद्दे उठाए जाने की उम्मीद है। यद्यपि संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार सभी मुद्दों का सामना करने के लिए तैयार है, विपक्ष अपनी धार पैनी कर रहा है। संसद का यह सत्र महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वर्ष का पहला सत्र होगा। यद्यपि कोविड-19 महामारी के बीच सदस्यों की सुरक्षा हेतु सभी प्रोटोकाल अपनाए जाएंगे। संसद के सत्र की शुरुआत 29 जनवरी को होगी और 8 अप्रैल तक चलेगा, साथ में 15 फरवरी से 8 मार्च तक का मध्यावकाश रहेगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 29 जनवरी को परम्परागत संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इसके बाद अगले दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और 1 फरवरी को, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। वो लगातार तीसरा बजट पेश करेंगी। बढ़ती महामारी के बीच बजट बनाना एक कठिन प्रक्रिया है और पुरानी परम्परा को तोड़ते हुए वित्त मंत्रालय 2021 के लिए केंद्रीय बजट को छपवाएगा नहीं और यह कागजविहीन होगा। सभी निगाहें सरकार पर लगी हैं क्योंकि बजट प्रकाश डालेगा कि केंद्र विभिन्न क्षेत्रों को कैसे धन आवंटित करता है। अर्थव्यवस्था के लगभग सभी स्तम्भ प्रभावित हुए हैं तथा राजस्व और खर्च के बीच संतुलन स्थापित करना एक चुनौती होगी। सीतारमण ने एक मजबूत अर्थव्यवस्था निर्मित करने का वादा किया है और कहा है कि बजट अनोखा होगा, जैसा कि स्मृतियों में पहले कभी नहीं रहा कि क्या सरकार के समक्ष कभी ऐसी स्थिति आई है जहां कर संग्रहण का काम बजटीय संख्या के अनुरूप बने रहने के लिए संघर्ष कर रहा हो और वस्तुओं व सेवाओं की मांग बहुत मंद हो।

विपक्ष के पास सरकार पर हमला बोलने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान, किसानों का विरोध प्रदर्शन, संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था, चीन का आक्रामक रवैया, बढ़ती कीमतें, नौकरियों का क्षरण, नागरिकता संशोधन कानून का विरोध जारी रहना, कथित रूप से 20 हजार करोड़ रुपए के खर्च से नए संसद भवन के निर्माण की योजना आदि। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता का दावा है कि यद्यपि राजनीतिक दल किसानों के विरोध प्रदर्शन से दूर रहे हैं लेकिन संसद में, वे किसानों के समर्थन को लेकर मुखर रहेंगे। विपक्ष की योजना रोजगार सृजन, उलट पलायन, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध, एवं भारत-पाक संबंधों, महामारी से निबटने के सरकार के तरीकों, तथा टीकाकरण अभियान जो 16 जनवरी को प्रारम्भ हुआ है, को लेकर सरकार पर सवाल उठाने की है। साथ ही, कमजोर राज्य महामारी से निबटने के लिए अधिक वित्तीय सहायता की मांग करेंगे तथा वित्त मंत्रालय एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को और ज्यादा धन आवंटन की आवश्यकता होगी। वित्त मंत्रालय ने कहा है : "इसे आगे ले जाने के लिए बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र से मिलने वाले सभी आगतों को ध्यान में रखा जाएगा।"

सरकार, निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक, डीएनए तकनीक (प्रयोग एवं प्रयुक्तीकरण) विनियमन विधेयक, रख रखाव एवं माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संशोधन विधेयक समेत पिछले वर्ष से लंबित विधेयकों, चिकित्सीय गर्भ समापन संशोधन विधेयक तथा बांध सुरक्षा विधेयक समेत कुछ अहम विधायनों को लेकर तैयार है। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या अत्यधिक विभाजित विपक्ष संसद में सरकार को दबाव में लाने में प्रभावी साबित होगा? उन्हें एकजुट करने में सक्षम कोई बड़ा नेता नहीं है, यद्यपि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रत्येक वर्ष संसद के सत्र से पहले बैठक बुलाने का प्रयास करती हैं। हालांकि, कांग्रेस संकट के दौर से गुजर रही है क्योंकि नेताओं का एक तबका गांधी परिवार पर सवाल उठाने लगा है। पार्टी ने 2021 के पूर्वार्ध में कांग्रेस का अखिल भारतीय सत्र बुलाने का वादा किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के अनुसार, समन्वय सथापित किया जाएगा। अटकलें लगाई जा रही हैं कि गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेस विपक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के अधीन एकजुट हो सकता है।

यद्यपि भाजपा राज्यसभा में बहुमत प्राप्त करने के निकट पहुंच गई है, विवादास्पद विधायन पारित कराने के लिए भी विपक्ष को विभाजित करने की रणनीति अपनाई जाती है। इसी तरह राजग सरकार ने तीन तलाक, सीएए, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 का उन्मूलन, आदि विधायन पारित करा लिए थे। विपक्ष को बहिर्गमन करने, सदन के वेल में जाने आदि रणनीतियां बदलनी होंगी और इसके बजाए चर्चाओं में भाग लेने तथा मुद्दे उठाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे कि सरकार को जवाब देने के लिए बाध्य किया जा सके। विधि निर्माताओं को बजट का परीक्षण करने एवं सरकार को घुटनों पर लसने के अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। एक जिम्मेदार विपक्ष के कार्य करने का तरीका है प्रश्न काल का उपयोग करना, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाना तथा सरकार को जवाबदेह बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति के संबोधन पर बहस करना। अपने स्तर पर, सरकार को भी विपक्ष को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए। देश के लिए, दुखद रूप से, दोनों ही टकराव में विश्वास रखते हैं। अब जबकि पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, सभी दल अपना काम करेंगे। यह चिंता का विषय है कि देश में एक मजबूत और सजग विपक्ष का अभाव है जिसकी जरूरत एक ऊर्जावान लोकतंत्र को होती है। विपक्षी दलों को संद में एकजुट होकर रहना चाहिए। 1984 में स्वर्गीय राजीव गांधी ने 403 सीटें जीती थीं, विपक्ष ने एक दर्जन मुखर नेताओं के बल पर, बोफोर्स घोटाले को सफलतापूर्व उठाया था, जिसके चलते उनकी सरकार सत्ताच्युत हो गई थी। अत: संख्या बल मायने नहीं रखता बल्कि सरकार से निबटने की रणनीति महत्वपूर्ण होती है।

## आप की बात

### सायकिल पर्यावरण एवं स्वास्थ्य

**सायकिल** पर्यावरण के हित में उपयोगी साबित होती आई है, किन्तु चलन कम होता दिखाई देने लगा है। 1990के दशक तक लगभग हर घर में सायकिल उपलब्ध रहती थी, विशेषकर दूधवाले ,पोस्टमैन आदि द्धारा आने जाने हेतु ज्यादातर सायकिल का उपयोग किया जाता था। बच्चे सायकिल चलाना सीखने में उत्सुकता दिखाते थे। एक जानकारी के मुताबिक सन 1763 में फ्रांस के पियरे लेलमेंट ने इसकी जाना था। बाद में सायकिल में तरह-तरह के आवश्यकतानुसार बदलाव किए जाते रहे और वर्तमान में भी जारी है। विदेशों में लोग सायकिल का ज्यादा उपयोग करते है। एक्सरसाइज के लिए भी घरों में सायकिल का उपयोग किया जाता है। अन्य वाहनों का उपयोग भी अपनी जगह ठीक है, किंतु सायकल चलाने से एक्सरसाइज होती है। जिससे कई बीमारिया कोसों दूर हो जाती है। कुछ दशकों पूर्व सायकिल का दौर काफी था। सायकिल चलाने के दृश्य भी फिल्मों में होते ही थे। वर्तमान में भी फिल्म की कहानी की मांग के अनुसार सायकिल के दृश्य को फिल्माया जाता है। आज भी कई लोग सायकिल के शौकीन सायकिल से ही रास्ता तय करते हैं और वे पूर्णत: तंदुरुस्त हैं। कई तो भारत भ्रमण भी कर चुके हैं।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### सड़क सुरक्षा अभियान

**अभी** हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत कर दी है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। यह एक बहुत अच्छी पहल है। सड़क सुरक्षा माह के अभियान के समय सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन मानुस को यातायात के नियमों से अवगत कराया जाएगा और उन्हें जागरूक भी करा जाएगा। बतातें चलें कि सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सड़कों पर होने वाले कुल 13 लाख मामलो में से 11 प्रतिशत मामले तो भारत में भी आए हैं। सड़क दुर्घटना के मामले में भारत पहले स्थान पर है ऐसे में यह जरूरी हो गया था कि इसके ऊपर कुछ कदम उठाए जाएं। इस सड़क सुरक्षा अभियान से सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी आने की उम्मीद है। सड़क हादसे होने से भारत की जीडीपी को लगभग 3 प्रतिशत तक का नुकसान होता है इसलिए इस राष्ट्रीय सुरक्षा माह का आना बहुत जरूरी है । साथ ही साथ इससे बहुत लोगों को रोजगार भी मिलेगा। और हमारे कौशल विकास में बहुत मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में हर सप्ताह अलग अलग थीम पर जांच अभियान चलाया जाएगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### सतर्कता बरतें

**वर्तमान** डिजिटल युग के दौर में साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण डोमेन बनकर उभरा है। अब इस युग मुं युद्ध साबयर स्पेस में होने लगे हैं। तकनीक की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उन्नतिशील भारत के लिए एक चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है । हाल ही में केंद्र सरकार की संस्था इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिपोर्ट टीम के मुताबिक वर्ष 2020 में कुल 11,58,208 साइबर हमले हुए, जबकि इसके पिछले साल 3 , 94 ,499 बार निशाना बनाया गया जो कि 2019 के मुकाबले 3 गुना ज्यादा है। इन सभी हमलों के तार चीन , पाकिस्तान , अमेरिका जैसे अन्य देशों से भी जुड़े पाए गए है । जैसा की , देश के वित्तीय बाजार और परिवहन नेटवर्क पूरी तरह आईटी नेटवर्क पर निर्भर करते है । साइबर हमलों की वजह से हमारे देश को व्यापक नुकसान हो सकता है। अभी भी ऐसे कानून नही , जो लोगो को बचा सके? हमें भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। जैसे कि , कोई भी बड़ी कंपनियां , बैंक या सरकार फ़ोन से संबंधित कोई जानकारी नही मांगती है।

– **खुशबू वेद,** अलोट, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**उत्तर** प्रदेश में चयन का आधार योग्यता है और पिछले तीन वर्ष और 10 महीनों में 3.75 लाख युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य पूर्ण हुआ है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

**हो** सकता है आप बहुत से चुनाव जीतें मगर नंदीग्राम की इस पवित्र भूमि से मैं संकल्प लेती हूं कि मैं भाजपा को बंगाल में प्रवेश नहीं करने दूंगी।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की सीएम





**मैं** आज संकल्प लेता हूं कि यदि मैंने नंदीग्राम की धरती पर उन्हें कम से कम 50 हजार वोटों के अंतर से नहीं हराया तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

– **सुवेंदु अधिकारी**
भाजपा नेता

# प्रबुद्ध वर्ग ने दी है समाज को दिशाः डा. सतीश चंद्र द्विवेदी

● बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. सतीश चंद्र द्विवेदी ने किया गजल संग्रह का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**भारतीय** सांस्कृतिक प्रबुद्ध संस्थान प्रयागराज की ओर से राजर्षि टंडन सेवा केंद्र प्रयागराज में वार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा सतीश चन्द्र द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने राज्य मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस मौके पर बेसिक शिक्षा मंत्री डा सतीश चंद्र द्विवेदी ने प्रबुद्ध प्रतिमान पत्रिका एवं अनामिका पाण्डेय अना इलाहाबादी की ग़ज़ल संग्रह दीवान ए अना का विमोचन किया। लोगों को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री डा सतीश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि जब जब समाज को आवश्यकता पड़ी है। प्रबुद्ध वर्ग ने समाज को दिशा दी है। उन्होंने चौरी चौरा घटना पर अना इलाहाबादी की पंक्ति रोक ले राह पत्थर की कुव्वत नहीं। आब से हमने सीखा है होना रवां को पढ़ा। उन्होंने शताब्दी वर्ष मनाने की भी चर्चा की।

मंत्री डा द्विवेदी ने इस अवसर पर डा पार्थ सारथी पाण्डेय श्रीराम मिश्र तलब जौनपुरी सत्येन्द्र नारायण तिवारी उदय नारायण द्विवेदी डा कुहू मालवीय ओम प्रकाश शुक्ल संजय मिश्र बनकटा आदि को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मेजा नीलम करवरिया विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेयी भाजपा जिलाध्यक्ष अश्विन कुमार दुबे आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन डा ब्रहम प्रकाश तिवारी एवं अनामिका पाण्डेय ने किया। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

# पीएम ने सपनों के घर के लिए सबको बधाई दी, अपने घर से बढ़ता है आत्म विश्वास

● पीएम से बात करने वाली रामनगर निवासी कमला देवी स्वयं सहायता समूह से बकरी पालन करती हैं, इसके लिए पीएम ने उनको बधाई दी

**पयनियर समाचार सेवा।** वाराणसी





**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी बुधवार को पीएम आवास प्लस योजना के लाभार्थियों को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में 2700 करोड़ रूपये लाभार्थियों के खाते में सीधे-सीधे टांसफर किए गये हैं।आवास योजना से गांव की तस्वीर बदली है। प्रदेश में गरीब से गरीब लोगों को अपना भी घर हो सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2016 में आगरा जिले से गरीबों की आवास की योजना शुभारंभ की थी। इस योजना के साथ करोड़ों लोगों की उम्मीद जुड़ी थी जो अब साकार हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि जब सूर्य उत्तरायण में आता है तो शुभ समय होता है। इसलिए छह लाख 10 हजार गरीब लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में पूरा देश संकट में था लेकिन सरकार ने कोविड-19 इंजेक्शन के आने से करोड़ों लोगों को लाभ मिलेगा इसी तरह 5 लाख 30 हजार की पहली किस्त आज जारी की गई है। पीएम ने सपनों के घर के लिए सबको बधाई दी।उन्होंने कहा कि पांच लाख से ज्यादा लोगों को पहली किस्त दी है। इससे गरीब में विश्वास का भाव आया है। यूपी के गांव में तेजी से कार्य हो रहे हैं। इससे गरीब में विश्वास का भाव आया है।अपना घर होने से आत्म विश्वास बढ़ता है।

पीएम के संबोधन से पूर्व जिला वाराणसी के पिंडरा ब्लाक के रामनगर गांव की निवासी कमला देवी पीएम ने बात करते हुए कहा कि नमस्ते, बहुत दिन हो गए काशी नहीं आ पाया हूँ, आप लोग याद करते हैं कि नहीं। बताइये कि आपको घर मिल रहा है अब खुश हैं ना। इस पर कमला ने घर मिलने से खुद का घर मिलने से खुशी जाहिर की। पीएम ने कमला से पूछा कि आप क्या काम करती हैं तो बताया कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वह बकरी पालन करती हैं और दर्जन भर बकरियां वह समूह के माध्यम से काफी समय से पाल रही हैं और जीविकोपार्जन कर रही हैं। समूह से जुड़कर काम करने के फायदे भी उन्होंने पीएम को बताया। कहा कि क्षेत्र कि महिलाएं समूह बनाकर आपस में मिल जुलकर कार्य कर रही हैं। इस पर पीएम ने उनको शुभकामनाएं देने के साथ उनको घर मिलने और कार्य में प्रगति के लिए बधाई दी। पीएम ने कमला से पूछा जब मैं बनारस आऊंगा तो अपने घर खाना खिलायेगी इस पर कमला हंसने लगी। पीएम भी हंसकर बधाई दी। और सभी लोगों सिक्ख के दसवें गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर बधाई दी।

## प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत जनपद के 16 लाभार्थियों के खाते में वन क्लिक के माध्यम से हस्तानान्तरित की गयी धनराशि

● प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को प्रथम व द्वितीय किश्त की धनराशि हुई हस्तानान्तरित

**उन्नाव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र परिवारों के खाते में आवास हेतु ऑनलाइन प्रथम व द्वितीय किश्त की धनराशि हस्तानान्तरित की गयी। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में इस योजना के लाभार्थी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े व उनके सम्बोधन को सुना। एनआईसी में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक पूरवा अनिल सिंह, विधायक सफीपुर बाम्बा लाल दिवाकर, विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार, जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ राजेश प्रजापति एवं परियोजना निदेशक जनार्दन सिंह व लाभार्थी कार्यक्रम से रुबरु हुए। आवास की धनराशि आवास निर्माण हेतु प्रधानमंत्री जी द्वारा वन क्लिक के माध्यम से अवमुक्त की गयी। प्रधानमंत्री जी ने आवास योजना के सम्बन्ध में सभी को आवास मुहैया कराने की जानकारी दी साथ ही फीड बैक भी लिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पात्रता के आधार पर हर अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी, जिससे पात्र व्यक्ति संबंधित योजना से लाभान्वित हो सकें। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी को इस आवास में 2 कमरे, एक शौचालय व किचन सम्मिलित होगा।

# इंडियन ऑयल ने किया संरक्षण क्षमता महोत्सव 'सक्षम-2021' का शुभारम्भ

● कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख ने वाराणसी में की अनूठी पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**देश में** पेट्रोलियम ईंधन के सबसे बड़े खुदरा विक्रेता इंडियन ऑयल ने आज अपने वाराणसी स्थित डी केशव औटोमोबील पम्प से जन.केन्द्रित ईंधन संरक्षण मेगा अभियान 'सक्षम-2021' का शुभारम्भ किया। इस वर्ष की थीमदृ 'हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा' है जिसके अंतर्गत ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों को पैट्रोलियम मंत्रालय एवं पीसीआरए के सानिध्य मेंए संरक्षण क्षमता महोत्सव दृ सक्षम दृ के मूल में देश की जनता को हरित और वैकल्पिक ऊर्जा को अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख, तेल उद्योग, डा. उत्तीय भट्टाचार्य ने अरुन प्रसाद, महाप्रबंधक (एलपीजी) डी. के.सिन्हा, (सीडीआरएसएम), वाराणसी डीओ, सुबोध कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आरएस) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समारोह का उद्घाटन मंगलवार को किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. उत्तीय भट्टाचार्य ने बताया कि 'सक्षम-2021' अभियान 16 जनवरी से 15 फरवरी, 2021 अर्थात पूरे एक माह तक अनवरत पूरे प्रदेश में सभी तेल कम्पनियों के द्वारा चलाया जाएगा जिसमें 20ए 000 से अधिक गतिविधियां आयोजित की जाएँगी।

## युवती ने मारपीट व अभद्रता की दर्ज कराई रिपोर्ट

**संवाददाता।** चकलवंशी उन्नाव

**माखी थाना** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अन्य गांव के आधा दर्जन लोगों पर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उन्नाव - हरदोई मार्ग पर चार पहिया वाहन पर सवार आधा दर्जन लोगों ने उससे अभद्रता की विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी युवती ने पुलिस को दी है। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि अजय, अनिल, अशोक, अनुज, मोनू, धीरेन्द्र व एक अज्ञात के विरुद्ध रास्ते में रोककर अभद्रता व बलवा करते हुए मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## युवक जहरखुरानी गिरोह का शिकार

**बांगरमऊ उन्नाव।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की दिल्ली रूट की बस में एक 30 वर्षीय युवक जहर खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। रास्ते में गिरोह ने युवक को किसी खाद्य अथवा पेय पदार्थ में जहर मिलाकर उसे दे दिया और बेहोश होने पर उसकी तलाशी लेकर माल लूट लिया। आज प्रातः बस के चालक और परिचालक उसे बेहोशी की हालत में नगर के नानामऊ मार्ग तिराहे पर उतार कर चलते बने। नागरिकों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने युवक को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार वह नगर कन्नौज के मोहल्ला सराय बादशाह निवासी अनजान सिंह पुत्र राजाराम है। युवक के होश आने पर जहरखुरानी गिरोह द्वारा उसके पास से लूटे गए माल का पता चल सकेगा।

## मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने नर्सिंग होम किया सील

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निरीक्षण में अवैध पाए गए नर्सिंग होम के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कराने के बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नर्सिंग होम सील कर दिया है। बीते रविवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तन्मय कक्कड़ ने क्षेत्र के क्लीनिक एवं नर्सिंग होमों का निरीक्षण किया था। जिसमें अवैध मिले तकिया चौराहे पर स्थित यूनिक पाली क्लीनिक तथा कस्बा फतेहपुर चौरासी के दीपका नर्सिंग होम के संचालकों के खिलाफअवैध रूप से नर्सिंग होम चलाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना पुलिस ने मंगलवार को कार्यवाही करते हुए दीपका नर्सिंग होम को सील कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राघवन कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को एसीएमओ के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें कार्यवाही करते हुए आज नर्सिंग होम को सील कर दिया गया।

## ट्रक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चार भट्ठा मजदूर घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर स्थित ग्राम नसिरापुर के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चकनाचूर हो गया और उसमें बैठे चार भट्ठा मजदूर घायल हो गए। इनमें एक मजदूर की हालत गंभीर है। हरदोई मार्ग पर स्थित मालिक ब्रिक फील्ड पर काम करने वाले भट्ठा मजदूर गुलाब 35 वर्ष पुत्र जगरूप, फूल चंद्र 40 वर्ष पुत्र कमलेश्वर, प्रेम चंद्र 30 वर्ष पुत्र सिमऊ व चंद्रेश कुमार 25 वर्ष राजकुमार आज दोपहर के समय भोजन सामग्री तथा कपड़ा आदि खरीदने ई-रिक्शा से नगर की बाजार आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। जबकि ई रिक्शा पर बैठे चारों भट्ठा मजदूर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने भट्ठा मजदूर गुलाब को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर पांच लाख का माल किया पार

**बांगरमऊ, उन्नाव।** पड़ोसी थाना बेहटा मुजावर के ग्राम शेरपुर कला में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने मकान की दीवार में नकब लगाकर पूर्व प्रधान के भतीजे के घर से नगदी और जेवर सहित करीब पांच लाख का माल पार कर दिया। आज प्रातः नींद खुलने पर गृह स्वामी को घटना की जानकारी हो सकी। ग्राम शेरपुर कला के पूर्व प्रधान जुबैर अहमद के भतीजे नदीम अहमद मंगलवार की रात पारिवारिक सदस्यों के साथ अपने घर के एक कमरे में गहरी नींद में सो रहे थे। तभी अज्ञात चोरों ने मकान की दीवार में सेंध लगा दी और घर के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कैंची से कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोर अलमारी में रखी नगदी और सोने चांदी के जेवर सहित करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर रफूचक्कर हो गए। चोरों ने गांव के ही रामसेवक रावत की दीवार में भी नकब लगाकर चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन गृह स्वामी की नींद खुल जाने से चोर अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। आज प्रातः नींद खुलने पर गृह स्वामी को घटना की जानकारी हो सकी। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना बेहटा मुजावर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी हुई है।

## कृषि उत्पाद और किसानों को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित

**वाराणसी।** किसानों और कृषि उत्पादों और छोटे छोटे व्यापारी को बढ़ावा देने के लिए यूपीएल लिमिटेड को अवार्ड्स से सम्मानित किया गया ये अवार्ड्सए अपने व्यवसाय एवं आर्थिक विकास को बढ़ाने हेतु आईपी जेनरेशन एवं सुरक्षा का उपयोग करने वाले उद्यमों को दिये जाते हैं। यूपीआई लिमिटेड ने हमेशा से किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और उनकी आवश्यकताएं पूरी करने हेतु उत्पाद व सेवाएं तैयार किये हैं। आईपी अवार्ड्सश् के सम्मान समारोह के दौरानए डॉ. विशाल सोढा ने यूपीएल की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

## बेहतर फोटोग्राफी क्षमता प्रदान करना होगा उद्देश्य

**प्रयागराज।** मेक इन इंडिया मिशन के प्रति वीवो की प्रतिबद्धता का पालन करते हुए सभी वीवो डिवाइस की तरह वीवो वाई बीस जी भी वीवो के ग्रेटर नोएडा स्थित प्लांट में निर्मित है। वीवो ने वाई सीरीज का विस्तार करते हुए वाई बीस जी को लांच किया। 14 हजार नौ सौ नब्बे रुपये की कीमत पर इसे वीवो इंडिया ई स्टोर और रिटेल स्टोर्स से ख़रीदा जा सकता है। ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पहले की तुलना में 98 फीसद ज्यादा पावर हायर इमेज क्वालिटी और स्ट्रांगर परफॉरमेंस देता है। प्रोसेसर में हाइपर इंजन गेम टेक्नोलॉजी भी दी गई है। जो ज्यादा तेज़ी से गेम लोड करने और सीमलेस गेमिंग एक्सपीरियंस देने में मदद करती है। जो बेहतर फोटोग्राफी क्षमता प्रदान करता है। पावर पैक गेमिंग परफॉर्मेंस के साथ इसमें कलरफुल डिस्प्ले दिया गया है। ज्यादा डेप्थ देने का दावा करता है जो आश्चर्यजनक परिणाम देता है और सुपर मैक्रो कैमरा चार सेंटीमीटर तक करीब से फोकस कर सकता है।

## रही है विश्वसनीयता की गौरवशाली परम्परा

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी के हर मौके और हर मौसम के लिए सोना हैं। महिलाओं के बीच डायमंड ज्वेलरी रखने और पहनने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह उन प्राथमिक कारणों में से एक है कि रिलायंस ज्वेल्स ने आधुनिक उपभोक्ताओं की प्रगतिशील पसंद को ध्यान में रख कर अपने संरक्षकों के लिए यह नया डायमंड रेंज तैयार किया है। हर महिला इस जगमगाहट की पात्र है और ये शानदार जेवर रंग सफाई कैरट और कारीगरी के सभी मानदंडों पर खरे हैं। भारत के प्रमुख और विश्वसनीय की गौरवशाली परम्परा रही है। खुदरा बाज़ार में अपनी हैसियत और उत्पाद नवाचार के साथ सबसे आगे है। नया साल अपनी रफ़्तार पकड़ रहा है। इस अवसर पर पार्टियों तथा विविध अवसरों पर पहनने के लिए डायमंड ज्वेलरी की एक और नई एवं आधुनिक फैशन की रेंज पेश कर रहा है। लड़कियों को डायमंड से सबसे अधिक लगाव होता है और अपने साज सामान में डायमंड का एक जेवर रखना हर महिला की चाहत होती है। महीन कारीगरी से तैयार मनमोहक जेवरों के कलेक्शन की पेशकश के साथ हर स्त्री की अलग अलग ज़रूरतों को पूरा करता है। इस कलेक्शन के सारे गहने आधुनिक हैं और पलक झपकते ही आपके परिधान में चार चाँद लगा देंगे।

# मोदी के संसदीय क्षेत्र में कोरोना वैक्सीन की दूसरी खेप पहुंची

● 15 पैकेट में कुल मिलाकर एक लाख 80 हजार वैक्सीन के डोज हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**कोविड-19** वैक्सीन की दूसरी खेप बुधवार को वाराणसी पहुंच गई। विस्तारा एयरलाइंस के विमान से 11:30 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर आई वैक्सीन को एयरपोर्ट से लेकर अधिकारी शहर की ओर रवाना हो गए। विमान से आए 15 पैकेट में कुल एक लाख 80 हजार वैक्सीन के डोज शामिल हैं। कोविड-19 वैक्सीन की दूसरी खेप बुधवार को दोपहर में वाराणसी पहुंच गई। एयरपोर्ट पर वैक्सीन आने से पूर्व ही संयुक्त निदेशक अंशु सिंह, एसपी प्रोटोकाल अनुराग, एयरपोर्ट निदेशक आकाशदीप माथुर, नोडल अधिकारी डॉक्टर शेर मोहम्मद, कार्गो उप महाप्रबंधक काशीनाथ यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे। वाराणसी से वैक्सीन की यह डोज पूर्वांचल के अन्य जिलों में भी भेजी जाएगी। मुंबई से वैक्सीन लेकर विस्तारा एयरलाइंस का विमान यूके 621 दोपहर 11.30 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर आया। विमान एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीआईएसफ और एयरपोर्ट के अधिकारियों की देखरेख में वैक्सीन के पैकेट को कार्गो टर्मिनल में लाया गया। टर्मिनल में जांच पड़ताल करने के बाद वाहन में लोड कर अधिकारियों की देखरेख में शहर भेजा गया। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि पहली खेप में 15 पैकेट वैक्सीन आयी हैं, जिसमें करीब 1 लाख 80 हजार डोज शामिल हैं।

# बेदखली पर नरमी दे रही भूमाफियाओं को बढ़ावा

**उन्नाव।** शासन की मंशा के विपरीत बीघापुर तहसील भूमाफियाओं के लिए सुरक्षित ठिकाना बनी हुई है। यहाँ सरकारी जमीनों पर कब्जा कर इमारतें बनाने का कार्य धड़ल्ले से जारी है। गांवों में बनी समितियां जहाँ अपने अधिकारों से अनजान है वहीं राजस्व कर्मी धारा 67 की कार्रवाई का कोरम पूरा करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे हैं। स्थिति यह है कि तहसीलदार न्यायालय से बेदखली के आदेश के बजाय जुर्माने की ही मात्र प्रक्रिया पूरी की जा रही है। बेदखली की कार्रवाई न होने से कब्जाधारकों के हौसले बुलंद है।

### न्यायालय में विचाराधीन धारा 67 के वाद

**उन्नाव।** बीघापुर तहसील मुख्यालय पाटन स्थित तहसीलदार न्यायालय में इस समय सरकारी जमीनों पर कब्जे संबंधी राजस्व संहिता की धारा 67 संबंधी 189 वाद अनिर्णीत स्थिति में है। जबकि निर्णीत वादों पर गौर किया जाए तो जुर्माने की धनराशि वसूल किये जाने के बाद बेदखली के गिने चुने ही मामले हैं। जबकि अधिकांश वाद राजस्व कर्मियों या भूमि प्रबंधन समिति द्वारा मजबूती से अपना पक्ष न रखे जाने के कारण मामूली दंड के साथ निर्णीत हो जाते हैं। ऐसे में सरकारी जमीनों पर कब्जा कर छत डलवाने की प्रवृत्ति व मामले बढ़ते जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं तहसीलदार

तहसीलदार दिलीप कुमार कहते है कि बीघापुर पोस्टिंग के बाद गत माह दिसंबर में उनके न्यायालय से राजस्व संहिता की धारा 67 के 13 वाद निर्णीत हुए है। इन सभी वादों में उचित मुआवजे की वसूली के अलावा बेदखली के आदेश निर्गत किये गए है। उन्होंने बताया कि न्यायालयी व्यवस्था के अनुसार पक्षकारों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने अनिर्णीत वादों के भी समय अवधि में निर्णीत होने की बात कही।

### क्या है राजस्व संहिता की धारा 67

हाईकोर्ट के अनुसार तहसीलदार (सहायक कलेक्टर) को राजस्व संहिता के तहत सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा अतिक्रमण से हुए नुकसान का मुआवजा वसूल करने का अधिकार है। संहिता की धारा 67 के तहत वह इन अधिकारों का प्रयोग कर सकता है तथा नुकसान की वसूली भू राजस्व की तरह कर सकता है। तहसीलदार को राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत भूमि का अवैध कब्जे से मुक्त कराने का अधिकार है।

### कैसे प्रारंभ होती है राजस्व संहिता की धारा 67 की कार्यवाही

किसी भी ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना स्थानीय भूमि प्रबंधन समिति या हल्का लेखपाल द्वारा तहसीलदार को दी जाती है। जिस पर वह पक्षकारों को सुनकर निर्णय देता है। कोर्ट अवैध कब्जे से भूमि खाली कराने और इससे हुए नुकसान की वसूली का निर्णय देती है। ऐसे मामलों में सिविल वाद नहीं किया जा सकता है।

## गुरु गोविन्द सिंह जी महराज का 354वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**गुरूद्वारा** प्रबंधक कमेटी, वाराणसी के तत्वावधान में बुधवार को सिक्ख के दसवें गुरू गोविन्द सिंह जी महराज का 354वॉ प्रकाशोत्सव गुरूद्वारा गुरूबाग एवं गुरूद्वारा बड़ी संगत नीचीबाग में बड़े श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर दोनों गुरूद्वारों में दरबार साहिब को फूल-मालाओं एवं आकर्षक झालरों से सजाया गया था। सभी साध संगत ने पवित्र श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी को मत्था टेका। इससे पूर्व प्रातः 4:15 बजे से 5:00 बजे तक नाम सिमरन व 8:00 बजे तक शबद कीर्तन हुआ। 40 दिन स`चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब जी का लड़ीवार पाठ का समापन, अरदास एवं प्रसाद वितरण किया गया। गुरूद्वारा गुरूबाग में पूर्वाह्न दस से 12:30 बजे तक कीर्तन दीवान सजा, जिसमें हजूरी रागी जथा भाई नरेन्द्र सिंह, भाई रकम सिंह तथा नीचीबाग गुरूद्वारा में रागी जत्थों ने शबद कीर्तन तथा मुख्य ग्रंथी भाई रंजीत सिंह ने कथा द्वारा संगत को निहाल किया।

# राधारमण मिश्र के सिर बंधा अध्यक्ष पद का ताज

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

● कोषाध्यक्ष पद पर अनिरुद्ध मिश्रा और ऑडिटर पद पर अम्बरीष त्रिपाठी हुए विजयी



**जिला अधिवक्ता** संघ के हुए चुनाव में बुधवार को अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और ऑडिटर पदों पर वोटों की गिनती पूरी हो गयी। अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता राधा रमण मिश्र ने जीत दर्ज की है। उन्होंने गिरीश कुमार तिवारी को हराया है। राधा रमण को कुल 1304 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकतंतम प्रतिद्वंदी गिरीश कुमार तिवारी को मात्र 568 मत मिले और वह दूसरे नंबर पर रहे। वहीं तीसरे नंबर पर रहे संतोष कुमार यादव को 243 मत मिले। इसी प्रकार चौथे नंबर पर राकेश कुमार तिवारी को 201 मत प्राप्त हुए।

वहीं मंत्री पद पर विद्याभूषण और प्रमोद सिंह नीरज के बीच जोरदार टक्कर चल रही है। मंत्री पद की गिनती देररात तक चलती रही। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पर अनिरुद्ध प्रसाद मिश्रा ने जीत हासिल की है। अनिरुद्ध को कुल 488 वोट मिले जबकि दूसरे नंबर पर रहे उनके निकटतम उम्मीदवार अरविंद प्रताप सिंह को 472 मत मिले। तीसरे नंबर पर रहे अवधेश कुमार यादव को 464 वोट मिले। इसी प्रकार ऑडिटर पद पर विजयी हुए अम्बरीष त्रिपाठी को 982 मत मिले। जबकि निकटतम उम्मीदवार प्रिया तिवारी को 855 मत मिले। वहीं तीसरे नंबर पर रहे मनोज कुमार यादव को 711 मत मिले। प्रयागराज में जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के परिणाम पर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की सुबह से ही टक टकी लगाए हुए थे। दोपहर बाद परिणाम आने का सिलसिला शुरू हुआ। अध्यक्ष पद पर राधा रमण मिश्र की जीत पर उत्साहित समर्थकों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया और अबीर गुलाल लगाकर उन्हें बधाई दी। मतगणना कलेक्ट्रेट के कर्मचारी कर रहे हैं। पहले चुनाव अधिकारियों ने तय किया कि वोटों की गिनती वरिष्ठ अधिवक्ताओं से कराई जाएगी। हालांकि मंगलवार सुबह जब मतगणना का समय आया तो अध्यक्ष और मंत्री पद के उम्मीदवारों ने नाराजगी जताई। साथ ही गड़बड़ी की आशंका जाहिर करते हुए अधिवक्ताओं से वोटों की गिनती न कराने की बात कही। तब चुनाव अधिकारी और एल्डर कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से संपर्क किया और सहमति मिलने के बाद बुधवार सुबह नौ बजे से मतगणना कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पूरे दिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी संगम सभागार के पास डटे रहे। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव मैदान में अलग अलग पदों पर कुल 114 प्रत्याशी थे। सोमवार को कचहरी में चुनाव हुआ और 71 फीसद मतदाता अधिवक्ताओं ने वोट डाले। पूर्व में घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतगणना मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में होनी थी। मतपेटियां भी स्ट्रांग रूम में रखवाकर मतगणना की सभी तैयारी कर ली गई थी। सुबह जब चुनाव अधिकारी वेणी माधव पांडेय एल्डर कमेटी के चेयरमैन कृष्ण बिहारी तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी व उम्मीदवार संगम सभागार पहुंच गए। एसपी सिटी सीओ समेत कई थाने की फोर्स भी पहुंच गई। इसी बीच अध्यक्ष पद के नौ और मंत्री पद के 13 उम्मीदवारों ने यह कहते हुए विरोध किया कि मतगणना अधिवक्ताओं से न कराई जाए। गड़बड़ी की आशंका जताए जाने पर चुनाव अधिकारी और एल्डर कमेटी ने सरकारी कर्मचारियों से वोटों की गिनती कराने पर विचार करते हुए जिलाधिकारी से संपर्क किया।

# मप्र में वेब सीरीज तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भोपाला जबलपुर।** समाज के विभिन्न वर्गों के बीच कथित रूप से आपसी वैमनस्य को बढ़ावा देने और लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मध्यप्रदेश पुलिस ने अमेजन प्राइम वेब सीरीज तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जबलपुर के एएसपी अमित कुमार ने बुधवार को बताया कि वेब सीरीज तांडव के निर्देशक और अन्य के खिलाफ समाज के विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने और धार्मिक भावनाओं को नाराज़ करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी में दर्ज शिकायत की पुलिस जांच कर रही है।

मध्यप्रदेश विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर मुंबई में भाजपा के विधायक राम कदम की शिकायत पर तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। एएसपी ने कहा कि मंगलवार रात को जबलपुर के ओमती पुलिस स्टेशन में धीरज ज्ञानचंदानी ने तांडव के निर्देशक अली अब्बास, लेखक गौरव सोलंकी और अन्य कलाकारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वेब सीरीज के निदेशकों और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए (दुश्मनी को बढ़ावा देना), 295-ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, धार्मिक भावनाओं को नाराज करने के उद्देश्य से) और 505 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शिकायतकर्ता से इस बारे में तथ्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था कि कैसे किसी समाज की धार्मिक भावनाओं को कथित तौर पर वेब श्रृंखला तांडव के माध्यम से चोट पहुँचाई गई। दूसरी ओर रामेश्वर शर्मा ने भोपाल में कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर तांडव के निर्माताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को शिवसेना और बाला साहेब ठाकरे की विरासत को आगे ले जाना चाहिए, चाहे उन्होंने किस भी तरह से वहां सरकार बनाई हो। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है महाराष्ट्र सरकार को भी भाजपा विधायक राम कदम की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। इससे पहले, सोमवार को मध्यप्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग और राज्य विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से हिंदू देवी-देवताओं का कथित तौर पर उपहास उड़ाने के आरोप में अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज तांडव पर प्रतिबंध लगाने की अपील की थी।

## प्रमोद सावंत ने गोवा में मध्यावधि चुनाव की आशंका को खारिज किया

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने विधानसभा के मध्यावधि चुनावों की आशंकाओं को बुधवार को खारिज करते हुए दावा किया कि राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। गोवा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2022 में खत्म हो रहा है। गोवा में मध्यावधि चुनावों की आशंका से जुड़े एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समय पूर्व चुनाव कराने की कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा, राज्य और केंद्र की भाजपा सरकारें गोवा में कई विकास परक कामों का क्रियान्वयन कर रही हैं। कुछ परियोजनाएं अगले कुछ दिनों में पूरी हो जाएंगी। सावंत ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार अच्छा काम कर रही हैं और स्थिर है। राज्य में अगली सरकार भी भाजपा की ही बनने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमें समय पूर्व चुनाव में जाने की जरूरत नहीं है। हम अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और सही समय पर चुनाव के लिए जाएंगे।



कोलकाता में आदिवासी समुदाय के लोग किसान बिल का विरोध करते हुए।

## रक्षा मंत्रालय द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस को लेकर तैयार की गई किताब का हो विमोचनः तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती से कुछ दिन पहले बुधवार को मांग की है कि रक्षा मंत्रालय के इतिहास प्रभाग द्वारा दशकों पहले आजाद हिंद फौज (आईएनए) को लेकर तैयार की गई किताब को सार्वजनिक किया जाए। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यहां कहा कि इस किताब का संपादन इतिहासकार पी सी गुप्ता ने किया था और अब तक इस किताब का विमोचन नहीं हुआ क्योंकि पूर्व की संप्रग सरकार और मौजूदा राजग सरकार ने इसे प्रकाशित करने की कोई पहल नहीं की।

नेताजी से संबंधित कई फाइलें प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय के पास ही पड़ी हुई हैं। मैंने इस मुद्दे को कई बार राज्य सभा में भी उठाया है। रॉय ने यह भी कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य सरकार के पास उपलब्ध नेताजी से संबंधित सभी दस्तावेज जारी कर चुकी हैं। आजाद हिंद फौज को लेकर रक्षा मंत्रालय की पांडुलिपि के बारे में उन्होंने कहा कि हरियाणा के चंद्रचूड़ घोष नाम के एक व्यक्ति ने इस संबंध में 2009 आरटीआई दाखिल की थीं, जिस पर भारत के मुख्य सूचना आयुक्त ने इसका विमोचन करने का आदेश दिया था।

लेकिन इसके बाद तत्कालीन संप्रग सरकार का कहना था कि विमोचन से पहले किताब में और जानकारियों जोड़ी जाएंगी। लेकिन इस प्रस्ताव को उच्च न्यायालय की एक पीठ ने खारिज कर दिया और आदेश दिया कि किताब का विमोचन मूल रूप में किया जाए। राज्य सभा सांसद ने कहा, इसके बाद सरकार खंड पीठ के पास गई और मामला अभी लंबित है। उन्होंने कहा कि इस किताब में 186 से 191 पृष्ठों के बीच यह कहा गया है कि नेताजी की मौत विमान दुर्घटना में नहीं हुई थी।

## राहुल 23 से तमिलनाडु में करेंगे चुनाव प्रचार का आगाज

**इरोड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार से तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का आगाज करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केएस अलागिरी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस चुनाव में द्रमुक और कांग्रेस का गठबंधन जारी रहेगा और अगर कमल हासन की पार्टी भी इस गठबंधन का हिस्सा बनती है तो यह स्वागत योग्य कदम होगा। हासन ने कहा है कि वह अन्नाद्रमुक और द्रमुक दोनों में से किसी के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे। अलागिरी ने यहां संवाददताओं से कहा, राहुल गांधी 23 जनवरी को कोयम्बटूर और तिरुपुर में चुनावी सभाओं में शामिल होंगे। उन्होंने इरोड में भी कांग्रेस की जनसभा में शामिल होने पर सहमति दी है। इस महीने राहुल गांधी का यह दूसरा तमिलनाडु दौरा होगा। इससे पहले वह 14 जनवरी को पोंगल के मौके पर जल्लीकट्टू कार्यक्रम में शामिल होने मदुरै पहुंचे थे। कांग्रेस नेता चुनाव प्रचार का आगाज पश्चिमी तमिलनाडु से करेंगे जो मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी का गृह क्षेत्र है।

# बंगाल के गद्दारों को गोली मारो इइ को नारे से तृणमूल ने खुद को अलग किया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के एक रैली में बंगाल के गद्दारों को गोली मारो इइ को का नारा लगाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी ने बुधवार को खुद को इससे अलग कर लिया और यह नारा लगाने वाले कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई। तृर्णमूल के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी इसका समर्थन नहीं करती। उन्होंने कहा कि कुछ युवकों ने जोश में आकर ऐसी नारेबाजी कर दी थी।

रैली में ऐसा नारा नहीं लगना चाहिए था। ऐसी नारेबाजी करने वालों ने ठीक नहीं किया। गोली मारो शब्दों को शब्दशः नहीं लेना चाहिए। तृणमूल के कई समर्थकों ने मंगलवार को दक्षिण कोलकाता में एक शांति रैली के दौरान विवादास्पद नारेबाजी की थी, जिसमें राज्य के दो मंत्री शामिल हुए थे। भाजपा के एक नेता ने जनवरी 2020 में दिल्ली में देश के गद्दारों को गोली मारो इइ को नारा लगाया था, जिसकी तृणमूल सहित कई विपक्षी पार्टियों ने निंदा की थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने तृणमूल पर इसको लेकर निशाना साधते हुए कहा कि तब पार्टी आग बबूला हो रही थी और अब खुद ही ऐसा नारा लगा रही है। घोष ने कहा, तृणमूल ही राज्य की राजनीति में बंदूकों और बम की संस्कृति लाई। अब, वे खुलेआम रैलियों में इसे स्वीकार भी कर रहे हैं।

## तृणमूल कांग्रेस के विधायक अरिंदम भट्टाचार्य ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के विधायक अरिंदम भट्टाचार्य ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा महासचिवों कैलाश विजयवर्गीय, भूपेन्द्र यादव, अरूण सिंह और डी पुरंदेश्वरी तथा पार्टी प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन की मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर विजयवर्गीय ने कहा कि भट्टाचार्य बंगाल के ओजस्वी वक्ता और तेजस्वी नेता हैं जो तृणमूल कांग्रेस की अराजकता से तंग आकर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे बहुत प्रसन्नता है कि एक युवा नेता जो बंगाल की राजनीति में महत्वपूर्ण दखल रखते हैं, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए आज भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। भट्टाचार्य युवक कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने विधानसभा का पहला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर जीता था। इसके बाद वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस ने 22 जनवरी को बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक, अध्यक्ष के चुनाव पर चर्चा की संभावना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 22 जनवरी को अपनी शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीब्डल्यूसी) की बैठक बुलाने का फैसला किया है जिसमें पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव की पक्रिया को लेकर चर्चा हो सकती है। सीडब्ल्यूसी की यह डिजिटल बैठक शुक्रवार को सुबह होगी। इस बैठक में नए अध्यक्ष के चुनाव के साथ किसान आंदोलन और कुछ अन्य मुद्दो पर भी चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि इस बैठक में अध्यक्ष के चुनाव को हरी झंडी दी जा सकती है और चुनाव तिथि का ऐलान भी हो सकता है। गौरतनब है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सोनिया गांधी को अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यो के उप चुनावों मे कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल जैसे कुछ वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का सक्रिय अध्यक्ष बनाए जाने की मांग से फिर उठाई। वैसे, कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा धड़ा लंबे समय से इस बात की पैरवी कर रहा है कि राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस की कमान संभालनी चाहिए।

### लोकायुक्त पुलिस ने मप्र में तहसीलदार को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**पन्ना (मप्र)।** मप्र लोकायुक्त पुलिस के दस्ते ने बुधवार को पन्ना जिले के एक तहसीलदार को कथित तौर पर जमीन का मालिकाना हक बदलने और मकान बनाने की अनुमति देने के एवज में एक व्यक्ति से एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। लोकायुक्त के पुलिस उपाधीक्षक राजेश खेड़े ने बताया कि पन्ना जिले के अजयगढ़ के तहसीलदार उमेश तिवारी को जमीन का मालिकाना हक बदलने और भवन निर्माण की अनुमति देने के एवज मे शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। शिकायत मिलने के बाद योजना बनाकर तिवारी को शासकीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर रिश्वत लेते पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, आठ मॉडल मुक्त कराई, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के एक होटल मे हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने वहां से आठ मॉडलो को मुक्त कराया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की अपराध शाखा इकाई ने होटल मे मंगलवार को छापेमारी की। यह होटल पश्चिमी उपनगर मे जुहू बीच के निकट है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आठ मॉडलों को वहां से मुक्त कराया जिन्हें वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया जा रहा था। पुलिस ने मॉडलों को इस काले धंधे मे धकेलने के लिए मजबूर करने के आरोप मे तीन लोगो को गिरफ्तार किया।

### बिहार में अदालत में मुंशी की गोली मारकर हत्या

**पटना।** पटना जिले के नौबतपुर थाने के नगवा मोड़ के पास अपराधियो ने दानापुर के अदालत मे जा रहे एक मुंशी की बुधवार की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक मनीष कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि की और कहा कि इस बात की आशंका है कि जमीनी विवाद को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। सिन्हा ने बताया कि मृतक के परिजनों ने तीन ज्ञात और चार-पांच अज्ञात लोगो के बारे मे बताया है। इस मामले मे कुछ लोगो को हिरासत मे भी लिया गया है। तहकीकात कर पुलिस द्वारा जल्द ही अपराधियो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक मुंशी की पहचान नौबतपुर के नारायणपुर निवासी बालेश्वर पाठक के रूप मे हुई है। अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए।

### कांग्रेस कर्नाटक इकाई के लिए दो व कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपनी कर्नाटक प्रदेश इकाई के लिए बुधवार को दो और कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ने रमालिंगा रेड्डी और ध्रुव नारायण को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। ईश्वर खांडरे और सलीम अहमद पहले से ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका मे है। डीके शिवकुमार कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष है।

### सीमा शुल्क अधिकारियों के खिलाफ केंद्र को लिखा पत्र

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ एक और शिकायत मे केरल के मुख्य सचिव विश्वास मेहता ने सीमा शुल्क विभाग पर हाल मे राज्य सरकार के अधिकारी का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है और निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। मेहता ने इस संबंध मे नौ जनवरी को पत्र भेजा था।



आगरा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ताज महल की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई

# गुजरात सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम बदलकर कमलम करने का फैसला किया : मुख्यमंत्री

**भाषा।** गांधीनगर

**गुजरात** के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा है कि राज्य सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम बदलकर कमलम करने का फैसला किया है। रूपाणी ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि राज्य सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम कमलम करने के पेटेंट के लिए आवेदन किया है। कच्छ, नवसारी और सौराष्ट्र के विभिन्न भागों में इसकी पैदावार होती है।

उन्होंने कहा, ड्रैगन फ्रूट नाम ठीक नहीं है और इसके नाम के कारण लगता है कि यह चीन का फल है। इसलिए हमने इसका नाम कमलम करने का फैसला किया है। फल का नाम कमलम क्यों रखा गया है, यह पूछे जाने पर रूपाणी ने कहा, किसानों का कहना है कि यह कमल के फूल की तरह दिखता है और इसी वजह से हमने इसे कमलम नाम देने का फैसला किया है।

उल्लेखनीय है कि कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है और पार्टी की गुजरात इकाई के मुख्यालय का नाम श्री कमलम है। रूपाणी ने कहा कि फल का नाम बदलने के पीछे कोई राजनीतिक सोच नहीं है।

नाम बदलने की जरूरत के बारे में पूछे गए सवाल पर रूपाणी ने कहा कि राज्य के बंजर क्षेत्रों में इस फल की पैदावार होती है और यह फल शरीर में खून बढ़ाने में सहायक होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय बाजार में उपलब्ध यह सबसे महंगा फल है। कैक्टस प्रजाति के पौधों में यह फल उगता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने के लिए लोग इसे खाते हैं।

## केरल में विपक्षी केआईआईएफबी के रकम जुटाने के खिलाफ कैग रिपोर्ट का समर्थन किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में विपक्षी यूडीएफ ने बुधवार को विधानसभा में कैग की उस रिपोर्ट का समर्थन किया है जिसमें मसाला बॉन्ड के जरिए सरकार संचालित केआईआईएफबी द्वारा रकम जुटाने की आलोचना की गई है। यूडीएफ ने आरोप लगाया कि राज्य के वित्त मंत्री टी एम थॉमस इसाक ने इस मुद्दे पर सदन को गुमराह किया। हालांकि सत्तारूढ़ एलडीएफ के सदस्यों ने वित्त मंत्री और केरल आधारभूत संरचना निवेश कोष बोर्ड (केआईआईएफबी) का बचाव करते हुए कहा कि कैग की रिपोर्ट राज्य में वाम सरकार के खिलाफ एक षड्यंत्र है। विपक्ष द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर दो घंटे की चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच इस मुद्दे पर तीखी बहस हुई। कांग्रेस के वीडी सतीशन ने सोमवार को सदन में पेश कैग रिपोर्ट पर स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया था तब विधानसभा अध्यक्ष पी श्रीरामकृष्णन ने इसाक के अनुरोध पर चर्चा की अनुमति प्रदान की थी। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि केआईआईएफबी ने संविधान के अनुच्छेद 293 का उल्लंघन किया। सतीशन ने कहा, अनुच्छेद 293 के तहत केआईआईएफबी विदेश से रकम नहीं जुटा सकता है। बोर्ड ने संवैधानिक नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेश से रकम हासिल की। हालांकि माकपा के जेम्स मैथ्यू ने कहा कि अगर केआईआईएफबी का इस तरीके से धन जुटाना असंवैधानिक था तो केंद्र सरकार, राज्य सरकार के खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं कर रही है।

## कोर्ट पांच फरवरी को याचिकाओं की सुनवाई की तारीख पर फैसला करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह शिक्षा और नौकरियों में मराठा आरक्षण प्रदान करने के महाराष्ट्र के 2018 के कानून से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई की तारीख पर पांच फरवरी को फैसला करेगा। राज्य सरकार ने अनुरोध किया था कि न्यायालय कक्षों में प्रत्यक्ष सुनवाई की व्यवस्था बहाल होने पर इस तरह के मामले को सुना जाए जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला किया।

उच्चतम न्यायालय कोविड महामारी के कारण मार्च से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मामलों की सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ को महाराष्ट्र की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि राज्य ने सुनवाई स्थगित करने और मार्च में इस पर सुनवाई का अनुरोध किया है। रोहतगी ने पीठ से कहा, आज के समय में प्रत्यक्ष सुनवाई खतरनाक है।

पीठ में न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट भी शामिल हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई के दौरान रोहतगी ने कहा कि राज्य के विरूद्ध अंतरिम आदेश लागू है और उपयुक्त होगा कि न्यायालय कक्षों में प्रत्यक्ष तरीके से सुनवाई बहाल होने पर इस तरह के मामलों की सुनवाई की जाए। देश में कोविड-19 का टीकाकरण शुरू हो गया है और 60 साल या ज्यादा उम्र के न्यायाधीशों और वकीलों के टीकाकरण में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है। इसलिए, सुनवाई मार्च में की जाए। पीठ ने कहा, हम दो हफ्ते बाद फैसला करेंगे कि क्या किया जा सकता है। साथ ही कहा, दो हफ्ते बाद हम निर्देशों के लिए तारीख तय करेंगे। तब हम सुनवाई की तारीख का भी फैसला करेंगे। पीठ ने मामले को पांच फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि वह सुनवाई की तारीखों पर फैसला करेगी।

## तांडव के खिलाफ शिकायत पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगीः देशमुख

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस को विवादास्पद वेब श्रृंखला तांडव के बारे में एक शिकायत मिली है। राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बुधवार को यह जानकारी दी। देशमुख ने यहां पत्रकारों से बातचीत में मांग की कि केन्द्र सरकार को ओवर द टॉप (ओटीटी) मंचों पर सामग्री को विनियमित करने के लिए एक कानून लाना चाहिए। अमेजन प्राइम वीडियो की श्रृंखला तांडव पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोप लगाए गए है और इसके खिलाफ कुछ राज्यों में कई प्राथमिकी दर्ज हुई है। इसके निर्माताओं ने मंगलवार को विवादास्पद वेब श्रृंखला में बदलावों को लागू करने पर सहमति जताई थी। देशमुख ने कहा, हमें शिकायत मिली है। हम प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करेंगे और औपचारिक रूप से कार्वाई करेंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि शिकायत किसने दर्ज कराई है। देशमुख ने कहा कि केन्द्र को ओटीटी मंचों पर सामग्री को विनियमित करने के लिए एक कानून लाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां उपलब्ध किसी सामग्री के कारण जाति आधारित भेदभाव या सांप्रदायिक विभाजन नहीं हो सके। महाराष्ट्र पुलिस के जवान जांच के लिए राज्यों के बाहर भी जाएंगे। उन्होंने कहा, उन्होंने (उप्र पुलिस) हमें सूचित किया था कि वहां एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और वे यहां जांच के लिए आएंगे। उप्र में तांडव के निर्माताओं और कलाकारों के खिलाफ लखनऊ ग्रेटर नोएडा और शाहजहांपुर में तीन प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।



कराद में नगर पालिका कर्मियों ने खराब सामानों से बनाई प्रकल्पित मछली।

# सुप्रीम कोर्ट ने 2018 के आधार फैसले की समीक्षा के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 2018 में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी आधार योजना को लेकर दिए अपने फैसले की समीक्षा के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 2018 में आधार योजना को संतुलित बताते हुए इसकी संवैधानिक वैधता बरकरार रखी थी लेकिन न्यायालय ने बैंक खातों, मोबाइल कनेक्शन और स्कूल में बच्चों के प्रवेश आदि के लिए इसकी अनिवार्यता संबंधी प्रावधान निरस्त कर दिए थे।

न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पांच सदर्स्ईय एक संविधान पीठ ने 26 सितम्बर, 2018 के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिकाओं को 4:। के बहुमत के साथ खारिज कर दिया। पीठ के पांच न्यायाधीशों में से एक न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने बहुमत वाले इस फैसले से असहमति जताई और कहा कि समीक्षा याचिकाओं को तब तक लंबित रखा जाना चाहिए जब तक कि एक वृहद पीठ विधेयक को एक धन विधेयक के रूप प्रमाणित करने पर फैसला नहीं कर लेती। आधार विधेयक को धन विधेयक के रूप में प्रमाणित किया गया था जिससे सरकार राज्यसभा में बहुमत की स्वीकृति प्राप्त किए बिना इस पारित कराने में समक्ष हो गई थी। गत 11 जनवरी के बहुमत वाले आदेश में कहा गया है, वर्तमान समीक्षा याचिकाओं को 26 सितम्बर, 2018 के अंतिम फैसले और आदेश के खिलाफ दाखिल किया गया था। हमने समीक्षा याचिकाओं का अवलोकन किया है। हमारी राय में 26 सितम्बर, 2018 की तिथि में दिए गए फैसले और आदेश की समीक्षा का कोई मतलब नहीं है।

पीठ में न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति ए अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति बी आर गवई शामिल थे। वर्ष 2018 में अपने फैसले में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने कहा था कि आय कर रिटर्न दाखिल करने और स्थाई खाता संख्या (पैन) के आवंटन के लिए आधार की अनिवार्यता बरकरार रहेगी लेकिन बैंक खातों से आधार संख्या को जोड़ना अनिवार्य नहीं होगा। न्यायालय ने कहा था कि मोबाइल कनेक्शन के लिए आधार संख्या को टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के साथ जोड़ना अनिवार्य नहीं है। पीठ ने 4:। के बहुमत के फैसले में आधार अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों को भी खारिज कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि कहा था कि कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सब्सिडी की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आधार की आवश्यकता होगी।

न्यायालय ने कहा था कि बैंक खातों को खोलने, मोबाइल सेवाएं लेने के लिए आधार की आवश्यकता नहीं होगी। न्यायालय ने कहा था कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) और विश्विवद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं तथा स्कूलों में प्रवेश के लिए भी आधार अनिवार्य नहीं होगा। न्यायालय ने आधार अधिनियम 2016 की धारा 57 को रद्द कर दिया था जो टेलीकॉम कंपनियों या कॉरपोरेट कंपनियों जैसी निजी संस्थाओं को आधार का बायोमीट्रिक आंकड़ा इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। वर्ष 2018 में यह फैसला सुनाने वाली पांच न्यायाधीशों वाली पीठ में शामिल रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने बहुमत से इतर अपने फैसले में कहा था कि आधार विधेयक को धन विधेयक के रूप में पारित नहीं होना चाहिए था क्योंकि यह संविधान के साथ धोखे के समान है और निरस्त किए जाने के लायक है।

# लेफ्टिनेंट जनरल मोहंती ने सेना के आधुनिकीकरण पर जोर दिया

**भाषा।** भुवनेश्वर



**भारतीय** सेना में अगले उप प्रमुख का पदभार संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल चंडी प्रसाद मोहंती ने बुधवार को कहा कि बल का आधुनिकीकरण करने तथा चीन एवं पाकिस्तान की ओर से उत्पन्न होने वाले खतरों से एक साथ निबटने की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

लेफ्टिनेंट जनरल मोहंती वर्तमान में दक्षिणी कमान के प्रमुख हैं और वह लेफ्टिनेंट जनरल एस के सैनी के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद पदभार संभालेंगे। यहां सैनिक स्कूल में कार्यक्रम में शामिल होने आए मोहंती ने कहा, वर्तमान में भारत की सेना के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान से एक ही वक्त निबटना। उन्होंने कहा कि इसलिए हमें आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तेजी करनी होगी, आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा तथा दोनों ही मोर्चों पर एक साथ नजर बनाए रखनी होगी। अत: हमें क्षमता निर्माण, बुनियादी संरचना विकास, बेहतर शस्त्र प्रणाली खरीदने और बेहतर संचार की जरूरत होगी। मोहंती ने कहा कि दुनियाभर में युद्धक्षेत्र तेजी से बदल रहे हैं और आधुनिकीकरण सतत रूप से आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि इन दिनों हम भारतीय सेना, भारतीय नौसेना या भारतीय वायु सेना में संख्या के मामले में विस्तार पर जोर नहीं दे रहे, बल्कि बुनियादी संरचना विकास और आधुनिकीकरण में विस्तार पर जोर दे रहे हैं। भारतीय सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल मोहंती की प्रमुख जिम्मेदारी बल के आधुनिकीकरण और क्षमता निर्माण को बढ़ाने की होगी। उन्होंने कहा कि चीन बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण कर रहा है और बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण में पाकिस्तान की भी मदद कर रहा है। हम भी आधुनिकीकरण और क्षमता विस्तार बड़े स्तर पर कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें हमारे प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से बहुत समर्थन मिल रहा है। देश में रक्षा उत्पादन पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मोहंती ने कहा, आपको जानकर खुशी होगी कि हम पूरी तरह आत्म निर्भर भारत की ओर देख रहे हैं।

आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत कई स्थानीय उद्योग आ रहे हैं। भारतीय सेना भारतीय उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है। हम स्वदेश निर्मित शस्त्रों का उपयोग करने पर गौरवान्वित होंगे। भारतीय उद्योग अच्छा काम कर रहे हैं और भविष्य में हथियारों का निर्यात भी करेंगे। उन्होंने ओडिशा के युवकों से सेना में शामिल होने और राज्य को गौरवान्वित कराने को कहा। मोहंती ने कहा कि सेना में ओडिया महिलाओं को भी शामिल होना चाहिए।

# एनसीबी ने मादक पदार्थ मामले में दाऊद इब्राहिम के सहयोगी को किया गिरफ्तार

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के एक साथी गैंगस्टर परवेज खान उर्फ चिंकू पठान को मादक पदार्थ तस्करी मामले में पड़ोसी नवी मुंबई से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उसके पास से कुछ मादक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं। खान उस माफिया डॉन करीम लाला का रिश्तेदार है जो साठ से अस्सी की शुरूआत तक दो दशक से भी अधिक समय तक सक्रिय रहा था। उन्होंने बताया कि एक गोपनीय सूचना पर एनसीबी के कर्मियों ने परवेज खान को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले खान के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुछ मामले लंबित है।

# नाक के जरिए दिया जाने वाला कोविड-19 टीका बच्चों के लिए आसान होगा: एम्स निदेशक

**भाषा।** नई दिल्ली



**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने बुधवार को कहा कि नाक के जरिए दिए जाने वाले कोविड-19 टीके स्कूली बच्चों को देना आसान होगा जिनमें कोरोना वायरस संक्रमण बहुत हल्का होता है।

प्रख्यात पल्मोनोलॉजिस्ट गुलेरिया ने यहां राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 16वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान उनके कर्मियों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं, उन्हें भी ठीक होने के लगभग चार से छह हफ्ते बाद टीके लगाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, यह (कोरोना वायरस संक्रमण) बच्चों में बहुत हल्का होता है लेकिन वह संक्रामक होता है। उनसे बीमारी फैल सकती है। उन्होंने कहा, जो टीके आए हैं उन्हें बच्चों के लिए मंजूर नहीं की गई हैं क्योंकि बच्चों पर इसका कोई अध्ययन नहीं किया गया है लेकिन यह (टीकाकरण) एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है और परीक्षण पूरा किया जा रहा है।

दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक ने कहा कि जब बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाना शुरू कर देंगे और वे कोविड-19 से संक्रमित हो जाते हैं, तो उन्हें ज्यादा समस्या नहीं होगी, लेकिन अगर उनके साथ यह बीमारी घर पर आ जाती हैं, तो उनसे यह बीमारी उनके माता-पिता या दादा-दादी को फैल सकती है। उन्होंने कहा, बच्चों के लिए टीके बाद में आ सकते हैं... भारत बायोटेक नाक वाले टीके की मंजूरी लेने की कोशिश का रहा है। इस तरह का टीका बच्चों को देना बहुत आसान होगा क्योंकि यह एक स्प्रे है और सुई नहीं है और इसलिए यह अधिक आसान होगा। गुलेरिया ने एक सवाल के जवाब में कहा, आधे घंटे में आप एक पूरी कक्षा का टीकाकरण कर सकते हैं। इसलिए, अगर (नाक का टीका) स्वीकृत हो जाता है तो टीका लगाना और भी आसान हो जाएगा।

एनडीआरएफ कर्मियों द्वारा उनसे यह भी पूछा गया कि क्या जो व्यक्ति कोविड-19 से उबर चुका है, उसे भी टीका लगाया जाना चाहिए, तो इसपर गुलेरिया ने कहा कि हां उनके लिए भी टीके जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह टीका ऐसे व्यक्ति के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि यह क्षमता वर्धक के रूप में कार्य करेगा और यदि उनमें एंटी-बॉडी कम हो रही है, तो यह टीका उनमें उच्च स्तर का एंटी-बॉडी विकसित करेगा।

# धार्मिक आधार पर विभाजित नंदीग्राम में ममता-शुभेंदु का आमना-सामना



**भाषा।** नंदीग्राम (प.बंगाल)

**रक्तरंजित** नंदीग्राम के संघर्ष ने ममता बनर्जी को एक जुझारू जन नेता की पहचान दी और अब इसी जमीन पर उन्हें कभी उन्हीं के सिपहसालार रहे शुभेंदु अधिकारी से मिल रही है कड़ी चुनौती। आम तौर पर ग्रामीण और शहरी पश्चिम बंगाल की विशेषताओं को अपने में समेटे सामान्य कृषि क्षेत्र नजर आने वाले इस इलाके को भू-अधिग्रहण विरोधी संघर्ष ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों ने ला दिया था।

विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं एक बार फिर यहां संघर्ष का खतरा मंडराने लगा है जिससे नंदीग्राम की शांति भंग होने का अंदेशा है। औद्योगीकरण के लिए सरकारी भूमि अधिग्रहण के खिलाफ कभी काफी हद तक एक जुट होकर सबसे खूनी संघर्ष का गवाह बना नंदीग्राम आज सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकृत नजर आता है। प्रदेश में तत्कालीन वामपंथी सरकार द्वारा यहां विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ 2007 में हर तरफ सुनाई देने वाले नारे तोमर नाम, अमार नाम नंदीग्राम, नंदीग्राम (तुम्हारा नाम, मेरा नाम नंदीग्राम, नंदीग्राम) से यह इलाका अब काफी आगे निकल आया है। आज नंदीग्राम की दीवारों पर धुंधले दिखाई देते तोमार नाम अमार नाम, नंदीग्राम, नंदीग्राम की जगह जय श्री राम का नारा प्रमुखता से दिखता है। इस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की सबसे बड़ी वजह क्षेत्र के कद्दावर नेता और तृणमूल कांग्रेस में अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके शुभेंदु अधिकारी का भाजपा में शामिल होना और फिर ममता बनर्जी का यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा करना है।

बनर्जी द्वारा सोमवार को की गई घोषणा का पूरे पूर्वी मिदनापूर्व जिले में असर होगा। बनर्जी और अधिकारी दोनों ही नंदीग्राम आंदोलन के नायक रहे हैं। टीएमसी सुप्रीमों पथ प्रदर्शक के तौर पर रहीं तो अधिकारी जमीनी स्तर पर उनके सिपहसालार रहे जो एसईजेड के खिलाफ जन रैलियों का आयोजन करते थे।

# मंत्रिमंडल ने रातले पनबिजली परियोजना के लिए 5,281.94 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के किश्तवार जिले में चेनाब नदी पर 850 मेगावाट की रातले पनबिजली परियोजना के लिए 5281.94 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार के एक बयान के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) और जम्मू कश्मीर स्टेट पावर डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेकेएसपीडीसी) के बीच एक नई संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) बनाया जाएगा, जिनकी क्रमश: 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत की अंशधारिता होगी।

इसमें कहा गया है कि भारत सरकार इस नए संयुक्त उद्यम में जेकेएसपीडीसी की अंशधारिता के योगदान के वास्ते केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर को 776.44 करोड़ रूपए के अनुदान के जरिए सहयोग कर रही है। एनएचपीसी अपने आंतरिक संसाधनों के जरिए 808.14 करोड़ रूपए की इक्विटी निवेश करेगी। बयान के अनुसार, रातले पनबिजली परियोजना 60 महीने में सेवा प्रदान करना शुरू कर देगी।

# सीबीआई ने घूसखोरी के मामले में अपने डीएसपी, निरीक्षक को किया गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 4300 करोड़ रुपए की बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की आरोपी कंपनियों की मदद के लिए कथित तौर पर एजेंसी के अंदर ही घूसखोरी रैकेट के आरोप में अपने एक पुलिस उपाधीक्षक आर के ऋषि और निरीक्षक कपिल धनखड़ के साथ एक वकील को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को एक विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें पांच दिन के लिए एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में ऋषि के मकान और रूड़की में उनकी पत्नी के मकान पर भी छापेमारी की है।

सीबीआई ने ऋषि, धनखड़ और अधिवक्ता मनोहर मलिक के साथ पुलिस उपाधीक्षक आर के सांगवान और एक अन्य वकील अरविंद कुमार गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इन लोगों पर कथित रूप से आर्थिक फायदे के लिए कुछ मामलों में जांच की सत्यनिष्ठा से समझौता करने का मामला दर्ज किया गया था। घूसखोरी के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी में श्री श्याम पल्प और बोर्ड मिल्स की अतिरिक्त निदेशक मनदीप कौर ढिल्लों और फ्रॉस्ट इंटरनेशनल के निदेशक सुजय देसाई व उदय देसाई का भी नाम है। भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक धनखड़ प्रतिनियुक्ति पर जांच एजेंसी में निरीक्षक के तौर पर आया था। आरोप है कि धनखड़ ने ऋषि और सांगवान के साथ साठगांठ में काम किया और 700 करोड़ रूपए की बैंक ऋण धोखाधड़ी में जांच का सामना कर रही श्री श्याम पल्प और 3600 करोड़ रुपए की कर्ज धोखाधड़ी में जांच का सामना कर रही फ्रॉस्ट इंटरनेशनल को मामले से संबंधित अहम जानकारियां देने के बदले नियमित तौर पर रकम प्राप्त कीं।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एक अधिकारी ने कहा, भ्रष्टाचार को लेकर सीबीआई की कतई बर्दाश्त न करने की नीति रही है फिर चाहे वह अन्य विभागों में हो या एजेंसी के अंदर। यह मामला सख्त निगरानी और हमारे अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण में शामिल होने का संकेत देने वाली किसी भी जानकारी पर कार्रवाई को दर्शाता है। एजेंसी के बैंकिंग प्रतिभूति एवं धोखाधड़ी प्रकोष्ठ में तैनात धनखड़ को कथित तौर पर अपने वरिष्ठों सांगवान व ऋषि से कम से कम 10-10 लाख रुपए प्राप्त हुए।

दोनों वरिष्ठ अधिकारी क्रमश: श्री श्याम पल्प और बोर्ड मिल्स तथा फ्रॉस्ट इंटरनेशनल का पक्ष ले रहे थे। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि उपाधीक्षक ऋषि को चंडीगढ़ स्थित कंपनी को फायदा पहुंचाने के बदले अधिवक्ता मलिक और गुप्ता के जरिए दो बार 15 लाख रुपए की रकम मिली।

# उप्र सरकार हरित क्षेत्र के अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखे : एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह हरित क्षेत्रों के अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखे और यह सुनिश्चित करे कि बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के भू-उपयोग में बदलाव न किया जाए। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने उत्तर प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राज्य में संवंधित विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान का पालन करें और इस संबंध में समय-समय पर रिपोर्ट दाखिल करते रहें। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एसवीएस राठौर की अध्यक्षता वाली पर्यवेक्षण समिति को 30 जून 2021 तक की कार्वाई रिपोर्ट उपलब्ध करा सकते हैं जो अपने सुझाव प्राधिकरणों को दे सकते हैं या जरूरत समझने पर अधिकरण को भी रिपोर्ट भेज सकते हैं। अधिकरण मेरठ मास्टर प्लान 2021 का उल्लंघन कर पार्क और खुले स्थान के तौर पर चिन्हित जमीन को अवैध रूप से बेचे जाने और निर्माण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उत्तर प्रदेश सरकार ने एनजीटी को बताया कि कुछ अवैध निर्माण गिराए गए हैं और प्राथमकी भी दर्ज की गई है।

# पेज 1 का शेष

## डेढ़ साल...

पूरे भारत के संगठनों के समक्ष पेश किया जाएगा।' बहरहाल तोमर ने कहा कि सरकार गुरुपर्व के पवित्र मौके पर होने वाली आज की बातचीत में अंतिम फैसले पर पहुंचना चाहती थी। लिहाजा इस मौके पर अभिवादन के साथ शुरुआत हुई। यह पूछने पर कि प्रस्तावित कमेटी सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी के साथ काम करेगी। तोमर ने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के प्रति प्रतिबद्ध है और रहेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी अपना काम कर रही लेकिन सरकार की किसानों के तथा प्रदर्शन से उभरे हालात के प्रति सीधी जवाबदेही है। लिहाजा हम अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ इस बातचीत को आगे बढ़ा रहे हैं।' इस सवाल पर कि क्या यह किसानों या सरकार की जीत होगी, उन्होंने कहा कि जिस दिन किसान आंदोलन खत्म होगा और वे अपने घरों को लौटेंगे, वह भारतीय लोकतंत्र की जीत होगी।' पहली बार सरकार ने कृषि कानूनों को डेढ़ से दो साल तक निलंबित रखने का प्रस्ताव दिया है।

## पिछले चार...

लाखों लाभार्थियों के लिए वित्तीय सहायता जारी की इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया और उन्हें नए मकान की शुभकामनाएं भी दी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2016 में शुरु हुई इस योजना ने देश के गांव की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है और उनकी सरकार की कोशिश है कि मूलभूत सुविधाओं में गांव और शहर के बीच का अंतर कम किया जा सके। उन्होंने कहा, गांव में सामान्य व्यक्ति के लिए भी जीवन उतना ही आसान हो जितना बड़े शहरों में है। प्रधानमंत्री आवास योजना को शौचालय, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में उत्तर प्रदेश की सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जिस तेजी से आगे बढ़ाया है, उससे राज्य को एक नई पहचान भी मिली है और नई उड़ान भी मिली है। उन्होंने कहा, एक तरफ अपराधियों और दंगाइयों पर सख्ती और दूसरी तरफ कानून व्यवस्था पर नियंत्रण। एक तरफ अनेक एक्सप्रेस वे का तेजी से चल रहा काम, तो दूसरी तरफ एम्स जैसे बड़े संस्थान। मेरठ एक्सप्रेस वे से लेकर बुंदेलखंड गंगा एक्सप्रेस वे तक उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यही वजह है कि आज उत्तर प्रदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियां भी आ रही हैं और छोटे छोटे उद्योगों के लिए भी रास्ते खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के क्रियान्वयन में हीला-हवाली के लिए उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए मोदी ने कहा कि पहले गरीबों को यह विश्वास ही नहीं था कि सरकार भी घर बनाने में उसकी मदद कर सकती है। उन्होंने कहा, जो पहले की आवास योजनाएं थीं और उसके तहत जिस स्तर के घर बनाए जाते थे, वह भी किसी से छिपा नहीं है। गलती गलत नीतियों की थी लेकिन नियति के नाम पर गरीबों को भुगतना पड़ता था। उन्होंने कहा, मुझे याद है 2016 में हमने जब इस योजना की शुरूआत की थी तो कितनी परेशानी आई थी। पहले जो सरकार थी उसे कितनी ही बार भारत सरकार की तरफ से चिट्ठियां लिखी गई थी। लेकिन वह इसे नजरअंदाज करती रही। उस सरकार को आज भी उत्तर प्रदेश का गरीब भुला नहीं है। उन्होंने कहा कि आज योगी आदित्यनाथ की सरकार की वजह से यहां आवास योजना के काम की गति भी बदल गई और तरीका भी बदल गया है। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश में करीब 22 लाख ग्रामीण आवास बनाए जाने हैं। इनमें से 21.5 लाख घरों को बनाए जाने की स्वीकृति भी दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री द्वारा बुधवार को जारी वित्तीय सहायता में 5.30 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त और 80 हजार लाभार्थियों को जारी दूसरी किस्त शामिल है। ये 80 हजार लाभार्थी पहली किस्त का लाभ ले चुके हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 तक सभी के लिए पक्के मकान का आह्वान किया था। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की शुरुआत वर्ष 2016 में की गई थी। अब तक इस योजना के तहत देश भर में 1.26 करोड मकान बनाए जा चुके हैं।इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लोगों को खुद का पक्का घर बनाने के लिए तथा पुराने घर की मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। समतल भूमि पर पक्का घर बनाने के लिए केंद्र सरकार 1,20, 000 रुपए की आर्थिक सहायता जबकि पहाड़ी इलाकों में पक्के घर के निर्माण के लिए 1,30,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

## प्रधानमंत्री आवास...

ने धनराशि हस्तांतरित की। इस कार्यक्रम में लखनऊ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए सीएम योगी आदित्यनाथ जुड़े और उन्होंने कहा कि इस योजना में अब तक 14 लाख 61 हजार गरीब परिवारों को आवास दिये गये हैं। इनमें से 14 लाख 33 हजार आवास पूर्ण हो गये हैं। वर्ष 2020-21 के लिए स्वीकृत आवासों में से 1 लाख 76 हजार आवासों के लाभार्थियों को पहली किस्त दी जा चुकी है। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा 5.30 लाख आवासों के लाभार्थियों को पहली किस्त तथा 80 हजार लाभार्थियों को दूसरी किस्त प्रदान की जा रही है। इस प्रकार 6.10 लाख लाभार्थियों को 2690 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि उनके खातों में दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उक्त योजना में लाभार्थी को आवास के लिए 1.20 लाख रुपए, शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये तथा 90 दिन की मनरेगा की मजदूरी की सुविधा प्रदान की जाती है। नक्सल प्रभावित मिर्जापुर, सोनभद्र, चन्दौली जनपदों में लाभार्थी को आवास के लिए 1.30 लाख रुपए, शौचालय के लिए 12 हजार रुपए, मनरेगा की 90 दिन की मजदूरी प्रदान की जाती है। राज्य सरकार द्वारा अभियान चलाकर केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

## अमेरिका में...

बाइबिल पर हाथ रखकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसी बाइबिल पर हाथ रखकर उन्होंने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। बाइडन के शपथ लेने से पहले भारतीय मूल की कमला हैरिस ने ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। हैरिस अमेरिका की 49वीं उपराष्ट्रपति हैं। भारत के चेन्नई निवासी प्रवासी भारतीय की बेटी हैरिस (56) ने अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया है। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत एवं पहली एशियाई अमेरिकी भी हैं। उनके पति 56 वर्षीय डगलस एमहोफ इसके साथ ही अमेरिका के पहले सेकेंड जेंटलमैन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति के पहले पुरुष जीवनसाथी बन गए हैं।

## आशा के...

को राजीव गांधी अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है, जबकि तीन को छुट्टी दे दी गई है। कर्नाटक में एक को घर भेज दिया गया है जबकि एक को अस्पताल में रखा गया है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव के चलते एक व्यक्ति को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के बाद से अब तक गंभीर या अति गंभीर प्रतिकूल घटना का कोई मामला सामने नहीं आया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि टीकाकरण के बाद हुई मौतों के मामले में यह साबित नहीं हुआ कि इन मौतों का कोई संबंध वैक्सीन से है। मुरादाबाद में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम से पता चला है कि यह मौत कार्डियो-पल्मोनरी बीमारी के कारण हुई, जबकि बेल्लारी केस में मौत की वजह ऑटोप्सी मायोकार्डियल इंफ्रंरक्षन रही। शिवमोगा केस भी मायोकार्डिअल इन्फेक्शन का मामला ही प्रतीत हो रहा है। तेलंगाना मामले की जांच रिपोर्ट अभी आई नहीं है। वैक्सीनेषन की धीमी गति का कारण टीका लगवाने में झिझक और तकनीकी गड़बड़ी आदि भी रही है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेषों को मंगलवार को भेजे गए पत्र में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि सरकार ने ऐप को अपडेट कर दिया है और इसमें कई फीचर जोड़े हैं। अब ऐप में ऐसी सुविधा जोड़ी गई है जिससे ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी काम कर सकेंगे और टीकाकरण तेजी से आगे बढ़ेगा।

## नए स्ट्रेन...

कैंसर रिसर्च सेंटर के कैथरीन किस्टलर ने कहा कि कोरोना के कुछ वायरस मानव में संक्रमण फैलाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये हमारे इम्यून मेमोरी फेडिंग या एंटीजेनिक बहाव के कारण किस हद तक आगे बढ़ते हैं। वर्तमान में भारत सहित कम से कम आठ देशों ने कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण को मंजूरी दे दी है। किस्टलर ने कहा कि शोध के जरिए हम यह जांचना चाहते थे कि क्या कोरोना वायरस से संबंधित एसएआरएस-सीओवी-2 में हमारे इम्यून सिस्टम को चकमा देने वाली ताकत विकसित करने का कोई सबूत है या नहीं। जब कोई व्यक्ति वायरस से संक्रमित होता है या उसे वायरस से बचाने के लिए टीका लगाया जाता है, तो उनके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा एंटीबॉडी विकसित करत है जो एंटीजन कहलाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली के एक विशिष्ट वायरस से संबंधित एंटीजन को पहचानने में सक्षम होने पर निर्भर करती है। हालांकि, मौसमी फ्लू जैसे कुछ मौसमी वायरस के मामले में एंटीजन बदल सकते हैं और एंटीजेनिक बहाव नामक एक प्रक्रिया से विकसित हो सकते हैं। इस कारण प्रतिरक्षा प्रणाली इससे लड़ने में कारगर नहीं हो सकती।

## तांडव से...

(कॉलेज) परिसर में एक छात्र को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को घुसते हुए दिखाया जा रहा है। साथ ही, सीरीज में प्रधानमंत्री देवकी नंदन सिंह के संवाद में दलित नेता कैलाश कुमार का अपमान करने वाले दृश्य को भी हटा दिया गया है। इसमें सिंह का किरदार तिगमांशु धूलिया, जबकि कुमार का किरदार अनूप सोनी निभा रहे हैं। इसके अलावा, और भी कुछ बदलाव किए गए हैं। जाति पर एक संवाद को भी काट कर छोटा कर दिया गया है, जो सोनी के किरदार और संध्या की भूमिका निभा रही संध्या मृदुल के बीच है। हालांकि, इसके बावजूद भी सीरीज पर संकट गहराता जा रहा है। इस सीरीज का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। इसमें बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया और मोहम्मद जीशान अयूब ने अभिनय किया है। मुंबई पुलिस ने शहर में भाजपा के एक विधायक द्वारा दर्ज कराई शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घाटकोपर पुलिस ने अमेजन प्राइम वीडियो की तांडव में काम करने वाले सैफ अली खान, मोहम्मद जीशान अयूब समेत कलाकारों, उसके निर्देशक अली अब्बास जफर, निर्माता हिमांशु मेहरा, लेखक गौरव सोलंकी, अमेजन इंडिया के प्रमुख अमित अग्रवाल और अपर्णा पुरोहित के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# शास्त्री ने खिलाड़ियों के जज्बे को सराहा

## अब भारत ही नहीं पूरी दुनिया आपको सैल्यूट करेगी: कोच



भाषा। ब्रिसबेन

भारतीय कोच रवि शास्त्री गाबा में आस्ट्रेलिया का गुरूर तोड़ने के बाद ड्रेसिंग रूम में जब अपने घायल योद्धाओं को उनके साहस, संकल्प और जज्बे के लिए शाबासी दे रहे थे तो सभी चेहरों पर मुस्कान बिखरी थी तथा सीटियां और तालियां बज रही थी। चोटिल खिलाड़ियों के कारण परेशान रही भारतीय टीम ने चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में मंगलवार को 328 रन के मुश्किल लक्ष्य को हासिल करके आस्ट्रेलिया को उसके अजेय किले गाबा में 32 साल बाद पहली हार का स्वाद चखाया जिसके बाद शास्त्री ने तीन मिनट से थोड़ा अधिक समय तक ड्रेसिंग रूम में यह भाषण दिया। इस जीत से भावुक शास्त्री ने कहा कि जो साहस, संकल्प और जज्बा आपने दिखाया वह कल्पनातीत है। एक बार भी आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा, चोटों से जूझने और 36 रन पर आउट (पहले टेस्ट में) होने के बावजूद आपने खुद पर भरोसा बनाए रखा। शास्त्री जब अपनी बात कह रहे थे तब कप्तान अजिंक्य रहाणे चुपचाप उनके बगल में खड़े रहे।

उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास रातों रात नहीं आया लेकिन अब इस आत्मविश्वास के दम पर आप देख सकते हैं कि एक टीम के तौर पर आप खेल को कहां से कहां तक ले गए। आज भारत ही नहीं पूरा विश्व तुम्हें सैल्यूट करेगा। शास्त्री ने कहा कि इसलिए आज तुमने जो किया उसको याद रखें। आपको इस पल का भरपूर आनंद लेना चाहिए। इसे अपने से दूर न जानें दे। इसका जितना लुत्फ उठा सकते हो उठाओ।

शीर्ष बल्लेबाज और आस्ट्रेलिया की शार्ट पिच गेंदों को अपने शरीर पर झेलने वाले चेतेश्वर पुजारा, मैच विजेता ऋषभ पंत के बेजोड़ स्ट्रोक प्ले और युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के शांतचित जवाबी हमले का शास्त्री ने विशेष जिक्र किया। शास्त्री ने कहा कि इसकी शुरुआत मेलबर्न से हुई, सिडनी में प्रदर्शन शानदार रहा। इससे हम बराबरी के साथ यहां पहुंचे तथा आज जिस तरह से जीत दर्ज की वह असाधारण थी। शुभमन ने बेजोड़ खेल दिखाया। पुजारा आपको परम योद्धा के रूप में जाना जाएगा। शास्त्री जब यह कह रहे थे तो युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज खुद को सीटी बजाने से नहीं रोक सके जबकि अन्य खिलाड़ियों ने तालियां बजाई। कोच ने कहा और ऋषभ का तो जवाब नहीं। आपने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे आपने कुछ को हर क्षण दिल का दौरा दिया लेकिन आपने बेहतरीन तरीके से अपनी भूमिका निभाई। इस उत्साही माहौल के बीच जो व्यक्ति शांतचित खड़ा था वह रहाणे था और शास्त्री ने उनकी नेतृत्वक्षमता की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हम जिस स्थिति में थे वहां जिंक्स (रहाणे) ने नेतृत्व संभाला और वहां से जिस तरह से वापसी दिलाई और मैदान पर चीजों को नियंत्रण में रखा वह वास्तव में शानदार था।

शास्त्री ने टी नटराजन, वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की भी प्रशंसा की। नटराजन और वाशिंगटन का यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने कहा कि तथा इस मैच में मैं तीन नए खिलाड़ियों और पहली पारी में उनके प्रदर्शन को नहीं भूलना चाहता हूं। नट्टू, वाशी और शार्दुल क्योंकि उसने जो अपना पहला टेस्ट (2018) खेला था उसमें वह चोटिल हो गया था। शास्त्री ने कहा कि आपने जज्बा दिखाया जिससे आस्ट्रेलिया पस्त हो गया कि हम छह विकेट पर 180 के स्कोर से वापसी करके 330 या 340 रन बना सकते हैं। भारत को अब पांच फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलनी है।

### हमें पराजय का डर था: माइकल क्लार्क

मेलबर्न। पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारत की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार के लिए आस्ट्रेलिया के नकारात्मक रवैए की आलोचना करते हुए कहा कि मेजबान टीम को जीत के लिए आक्रामकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए था लेकिन इसके बजाय लग रहा था कि उसे हार का डर सता रहा है। क्लार्क हालांकि इस घरेलू श्रृंखला में आस्ट्रेलिया की हार का दोष कप्तान टिम पेन को नहीं देते। क्लार्क ने एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि हमारा रवैया कुछ अवसरों पर नकारात्मक रहा, क्योंकि हमारे अंदर पराजय का भय था। इसके बजाय हमें सख्त रवैया अपनाकर मैच जीतने की कोशिश करनी चाहिए थी। पेन की अगुवाई में आस्ट्रेलिया ने 23 टेस्ट मैच खेले जिनमें से उसे केवल 11 में ही जीत मिली। भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो हार से उनका रिकार्ड और खराब हो गया है। पेन को 2018 में दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के मामले के बाद स्टीव स्मिथ की जगह कप्तान बनाया गया था। उनकी न सिर्फ अपनी कप्तानी बल्कि खराब विकेटकीपिंग के कारण भी आलोचना हो रही है, लेकिन क्लार्क का मानना है कि नकारात्मक मानसिकता के कारण आस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आखिर में मैच में 20 ओवर रहते हुए हारना या अंतिम गेंद पर हारना मायने नहीं रखता। हमें ट्राफी हासिल करने के लिए यह मैच जीतना चाहिए था। मुझे लगता है कि हमें मैच की पहली गेंद से लेकर आखिरी गेंद तक इस तरह का रवैया दिखाना चाहिए था। क्लार्क ने कहा कि एक समय था जबकि कप्तान के सिर पर हार का ठीकरा फोड़ा जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मैं क्रिकेट खेलता था, जब मैं अपने पिता को देखकर बड़ा हुआ तो मैं जिन टीमों में खेलता था उनमें कप्तान जवाबदेह होता था लेकिन समय के साथ यह बदल गया। क्लार्क ने कहा, अब चयनसमिति का अध्यक्ष है, हाई परफोरमेन्स मैनेजर है, मुख्य कोच है जिनके पास अधिक जिम्मेदारियां हैं। इनमें से अब टीम का संचालन कौन कर रहा है? यह मेरे कहने का मतलब है।

### भारत ने हमें धराशाई कर दिया: वार्नर



ब्रिसबेन। स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने बुधवार को स्वीकार किया कि भारत ने टेस्ट श्रृंखला के दौरान आस्ट्रेलिया को धराशाई कर दिया और इस शानदार उपलब्धि का श्रेय मेहमान टीम को दिया। चोटिल खिलाड़ियों की समस्याओं से जूझ रही भारत ने मंगलवार को गाबा में निर्णायक चौथे टेस्ट में तीन विकेट की जीत से टेस्ट श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की, जबकि एक महीने पहले एडीलेड में टीम पारी में अपने न्यूनतम 36 रन के स्कोर पर सिमटने से शर्मसार थी। वार्नर ग्रोइन चोट के कारण पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाए थे, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा कि हम यह नतीजा पसंद नहीं करते लेकिन इस जीत का श्रेय उन्हें जाता है। श्रृंखला जीतने के लिए वेल डन भारत। उन्होंने लिखा कि जहां तक हमारी बात है तो हमने डटकर मुकाबला किया और अपना सर्वश्रेष्ठ किया लेकिन हम चित्त हो गए। पैट कमिंस ने बहुत बढ़िया किया, जिसे मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। कमिंस के चार विकेट झटकने के बावजूद भारत ने गाबा की पिच पर पांचवें दिन 328 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। वार्नर ने कहा कि आस्ट्रेलिया को अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए ध्यान दक्षिण अफ्रीका दौरे पर लगाना होगा। उन्होंने लिखा कि इसलिए हम टेस्ट क्रिकेट को पसंद करते हैं, यह बहुत मुश्किल होता है जिससे मानसिक मजबूती पता चलती है। अब दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा और हमें टेस्ट चैम्पियनशिप की दौड़ में बने रहने के लिए इसमें जीत हासिल करनी होगी। आस्ट्रेलिया को फरवरी और मार्च में तीन टेस्ट मैच खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करना है।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम की प्रशंसा की

मेलबर्न। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को मेजबान टीम पर टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के दौरान दिखाए गए साहस, दृढ़ता और कौशल के लिए भारतीय टीम की प्रशंसा की और इस मुकाबले का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का आभार व्यक्त किया। अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गाबा में आस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को तीन विकेट से हराकर चार मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती और बोर्डर-गावस्कर ट्राफी अपने पास बरकरार रखी।

सीए ने बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए पत्र में लिखा कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया में सभी की तरफ से हम बोर्डर-गावस्कर ट्राफी बरकरार रखने के लिए इस श्रृंखला में दिखाए गए साहस, दृढ़ता और कौशल के लिए भारतीय टीम को बधाई देते हैं। इस श्रृंखला की आने वाली पीढ़ियों में भी चर्चा होती रहेगी।

यह पत्र सीए के अंतरिम सीईओ निक हॉकले और अध्यक्ष अर्ल इडिंग्स ने भारतीय क्रिकेट के मित्रो के संबोधन के साथ शुरू किया है, जिसमें सौरव गांगुली की अगुवाई वाले बोर्ड का कोविड-19 महामारी के बावजूद सफलतापूर्वक दौरा करने के लिए आभार व्यक्त किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि आस्ट्रेलियाई क्रिकेट अपनी दोस्ती, विश्वास और प्रतिबद्धता के लिए हमेशा बीसीसीआई का आभारी रहेगा जिसने एक श्रृंखला के आयोजन में मदद करके दुनिया के लाखों लोगों को मुश्किल समय में खुशी मनाने का मौका दिया।

# सैमसन बने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान

## स्मिथ का अनुबंध नहीं बढ़ाया गया

आईपीएल

भाषा। नई दिल्ली





संजू सैमसन इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे जबकि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ समेत कई खिलाड़ियों के अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं किया गया है हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स ने अनुभवी सुरेश रैना को टीम में बरकरार रखा है। आठों टीमों के लिए उन खिलाड़ियों की सूची देने की समय सीमा बुधवार तक की थी, जिन्हें उन्होंने आईपीएल 14 में बरकरार रखा है या रवाना कर दिया है।

सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया जबकि स्मिथ का अनुबंध बढ़ाया नहीं गया है। रॉयल्स के मालिक मनोज बदाले ने एक बयान में कहा कि आईपीएल के विस्तार के साथ कप्तानी पूरे साल का जिम्मा हो गया है और ऐसे में सक्षम भारतीय कप्तान होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संजू ने रॉयल्स के लिए ही पदार्पण किया था और पिछले आठ साल में उसकी प्रगति देखना सुखद रहा है। वह 2021 में टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। स्मिथ का करार अक्टूबर 2020 में खत्म हो गया था।

आक्रामक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का किंग्स इलेवन पंजाब और आरोन फिंच का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के साथ करार भी खत्म हो गया है। पंजाब ने वेस्टइंडीज के हरफनमौला शेल्डन कोटरेल, अफगानिस्तान के मुजीबुर रहमान और न्यूजीलैंड के जिम्मी नीशाम के साथ करार भी नहीं बढ़ाया है। चेन्नई सुपर किंग्स से हरभजन सिंह और मुंबई इंडियंस से लसिथ मलिंगा की भी रवानगी हो गई है। हरभजन के अलावा केदार जाधव, पीयूष चावला और मुरली विजय के साथ करार भी नहीं बढाया गया है।

मुंबई ने शेरफान रदरफोर्ड के साथ करार का विस्तार नहीं किया जबकि दिल्ली टीम से इंग्लैंड के जैसन रॉय, विकेटकीपर एलेक्स कारे, लेग स्पिनर संदीप लामिछाने और तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की रवानगी हो गई। स्मिथ की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स यूएई में खेले गए पिछले आईपीएल में आखिरी स्थान पर रही थी।

स्मिथ ने सभी 14 लीग मैच खेले और 311 रन बनाए। टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई। आईपीएल 2018 से पहले रॉयल्स ने सिर्फ स्मिथ को टीम में बरकरार रखा था और 12.5 करोड़ रुपये का करार किया था। उन्हें कप्तान भी बनाया गया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़खानी विवाद के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। भारत के खिलाफ आस्ट्रेलिया में हाल ही में हुई श्रृंखला में स्मिथ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।

नए कप्तान सैमसन ने कहा कि मैं इस चुनौती को लेकर काफी रोमांचित हूं।कई बेहतरीन खिलाड़ियों ने रॉयल्स की कप्तानी की है और मैने राहुल द्रविड़, शेन वाटसन, अजिंक्य रहाणे और स्टीव स्मिथ से काफी कुछ सीखा है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई टीम में रैना को बरकरार रखा गया है जो पिछले सत्र में निजी कारणों से नहीं खेले थे। चेन्नई टीम 2008 के बाद पहली बार नॉकआउट चरण में जगह नहीं बना सकी। रैना चेन्नई के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

चेन्नई के पास पिछली नीलामी के बाद 15 लाख रूपए का बजट ही बचा था लेकिन अब अगले महीने होने वाली नीलामी से पहले उसके पास काफी पैसा हो गया है। पंजाब के पास 16.5 करोड़ रुपये हैं। रॉयल्स के पास 14.75 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद के पास 10.1 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स के पास नौ करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 8.5 करोड़, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के पास 6.4 करोड़ और मुंबई इंडियंस के पास 1.95 करोड़ रुपये हैं।

### मलिंगा ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट को अलविदा कहा

मुंबई। श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए मुंबई इंडियंस के साथ करार का नवीनीकरण नहीं होने के बाद फ्रेंचाइजी क्रिकेट को अलविदा कह दिया। आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक 170 विकेट ले चुके मलिंगा ने अपनी टीम को इस महीने की शुरूआत में ही अपने फैसले से अवगत करा दिया था जिससे वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। मलिंगा टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन टी-20 खेलते हैं। पिछले साल उन्होंने श्रीलंका के लिए टी-20 विश्व कप खेलने की इच्छा जताई थी जो अक्टूबर नवंबर 2020 में होना था। मलिंगा ने कहा कि मुझे लगा कि सभी प्रकार के फ्रेंचाइजी क्रिकेट को अलविदा कहने का यह सही समय है।

## रोमा को हराकर स्पेजिया अंतिम आठ में

रोम। स्पेजिया ने अतिरिक्त समय में नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रोमा को 4-2 गोलों से हराकर इटालियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोमा के पूर्व विंगर डेनियल वर्डे और रिकार्डो सैपोनारा ने स्पेजिया की तरफ से अतिरिक्त समय में गोल किए। स्पेजिया क्वार्टर फाइनल में नैपोली से भिड़ेगा। अतिरिक्त समय के पहले दो मिनट में ही खेल का परिदृश्य बदल गया था। रोमा के डिफेंडर जियानलुका मनचिनी और गोलकीपर पॉउ लोपेज को अलग अलग घटनाओं के कारण 30 सेकेंड के अंदर बाहर भेज दिया गया था। इससे पहले स्पेजिया ने आंद्रे गलाबिनोव और सैपोनारा के गोल से 15 मिनट के अंदर 2-0 की बढ़त बना ली थी। रोमा की तरफ से लोरेंजो पालेग्रिनी और हेनरिक माखतिरियान ने गोल दागे।

## चेल्सी को हराकर शीर्ष पर पहुंचा लीस्टर

लीस्टर। लीस्टर सिटी ने चेल्सी के खिलाफ 2-0 गोल से जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। विल्फ्रेड एनडीडी (छठे मिनट) और जेम्स मैडिसन (41वें मिनट) ने पहले हॉफ में गोल किए जिससे लीस्टर सिटी अंकतालिका में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहा। लीस्टर सिटी की यह 12वीं जीत है और उसके 19 मैचों में 38 अंक हो गए हैं। मैनचेस्टर यूनाईटेड के 18 मैचों में 37 और मैनचेस्टर सिटी के 17 मैचों में 35 अंक हैं। इस सत्र में नए खिलाड़ियों पर 30 करोड़ डॉलर खर्च करने वाली चेल्सी की टीम आठवें स्थान पर खिसक गई है। उसके 19 मैचों में 29 अंक हैं।

## रानी के गोल से भारत ने मैच ड्रा कराया

ब्यूनस आयर्स। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पेनल्टी कार्नर पर कई मौके गंवाने के बाद कप्तान रानी रामपाल के चौथे क्वार्टर के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से आखिर में अर्जेंटीना की जूनियर टीम के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रा खेला। भारतीय टीम यह लगातार दूसरा ड्रा मैच है। उसने दौरे का पहला मैच 2-2 गोल से ड्रा खेला था। इसके तुरंत बाद अर्जेंटीनी टीम को तीन पेनल्टी कार्नर मिले जिसमें से वह अंतिम वाले को गोल में बदलने में सफल रही। इस तरह से अर्जेंटीना ने 13वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली थी भारतीय टीम को 37वें, 43वें, 48वें और 58वें मिनट में पेनल्टी कार्नर भी मिले लेकिन आखिर में उसे 58वें मिनट में बराबरी का गोल करने में सफलता मिली। रानी ने यह गोल नवनीत कौर के पास पर किया।

## राज्य मीडिया कप क्रिकेट आज से

लखनऊ। राज्य के पत्रकारों की छह टीमें 21 जनवरी से शुरू हो रहे राज्य मीडिया कप टूर्नामेंट में दमखम दिखाने उतरेंगी। टूर्नामेंट के मैच गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मैदान पर खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच काशी पत्रकार संघ और इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया एकादश के बीच खेला जायेगा। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश मुख्य अतिथि होंगे। दिन का दूसरा मैच इलाहाबाद और डीडीएआईआर इलेवन की टीम के मध्य दोपहर 12 बजे से होगा। टूर्नामेंट में कानपुर इलाहाबाद और मेजबान लखनऊ सहित छह टीमें खेलेंगी। लीग आधार पर होने वाले इस टूर्नामेंट में दो अलग-अलग ग्रुप की दो शीर्ष टीम फाइनल में पहुंचेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। वहीं फाइनल के बाद आईएएस इलेवन और मीडिया इलेवन के बीच एक प्रदर्शनी मैच दोपहर एक बजे से खेला जाएगा। टी-20 फार्मेट में होने वाले इस टूर्नामेंट में सभी टीमें रंगीन ड्रेस पहनेंगी और सफेद गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। ये जानकारी टूर्नामेंट के तकनीकी निदेशक और बीसीसीआई पैनल के स्कोरर एसपी सिंह ने दी।

## ऋषभ पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंचे



दुबई। भारत के ऋषभ पंत आस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट मैच में नाबाद 89 रन की मैच विजेता पारी खेलने से विश्व में सर्वाधिक रैंकिंग के विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा विश्व रैंकिंग में पंत बल्लेबाजों की सूची में 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण विशेष पहचान बना रहे पंत के 691 अंक हैं। विकेटकीपर बल्लेबाजों में उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक का नंबर आता है जो 677 अंकों के साथ 15वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ब्रिसबेन में पहली पारी के शतक के दम पर भारतीय कप्तान विराट कोहली (862 अंक) से आगे निकलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। लाबुशेन के 878 अंक हैं। कोहली पितृत्व अवकाश के कारण आस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी तीन मैचों में नहीं खेले थे। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन (919) और आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (891) पहले दो स्थानों पर हैं। युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आगे बढ़ना जारी रखा। वह दूसरी पारी में 91 रन की शानदार पारी के दम पर 68वें से 47वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 50 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति दे सकता है बोर्ड

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष अधिकारी इंग्लैंड के खिलाफ चेपॉक और मोटेरा स्टेडियम में होने वाले टेस्ट मैचों में स्टेडियम की कुल क्षमता का 50 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश की अनुमति देने पर सोच रहे है। पहले दो टेस्ट चेन्नई में होंगे जबकि बाकी दो टेस्ट अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम पर खेले जाएंगे।

इससे पहले क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ मंगलवार को खत्म हुई श्रृंखला के दौरान दर्शकों को मैदान में प्रवेश की अनुमति दी थी।

बोर्ड के एक सीनियर सूत्र ने कहा कि फिलहाल हम टेस्ट मैचों के लिए 50 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति दे सकते हैं। बीसीसीआई दोनों प्रदेश संघों और स्वास्थ्य अधिकारियों से बात कर रहा है।

## प्रणय ने दर्द के बावजूद क्रिस्टी को हराकर उलटफेर किया

संवाददाता। बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने पसलियों में दर्द और कंधे की चोट के बावजूद बुधवार को यहां विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में शिकस्त देकर थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के इस मैच में गजब की दृढ़ता दिखाई और शारीरिक तौर पर असहज महसूस करने के बावजूद अपनी एकाग्रता बनाए रखी। उन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करके एक घंटे 15 मिनट तक चले मैच में क्रिस्टी पर 18-21, 21-16, 23-21 से जीत दर्ज की। यह पिछले चार प्रयासों में इंडोनिशया के खिलाड़ी पर प्रणय की पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला मलेशिया के डेरेन लियु से होगा। प्रणय ने मैच के बाद कहा, मुझे आज की अपनी जीत पर गर्व है। मैं पसली में दर्द के कारण पिछले कुछ दिनों से अभ्यास नहीं कर पाया था। बी साई प्रणीत और किदाम्बी श्रीकांत के हटने के बाद एकल में अब प्रणय और समीर वर्मा पर ही भारतीय दारोमदार टिका है। प्रणीत कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाए गए हैं जिससे उनके साथ एक कमरे में रहने वाले श्रीकांत को भी टूर्नामेंट से हटना पड़ा। अन्य भारतीयों में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने न्यूजीलैंड के ओलिवर लेडन डेविस और अभिनव मनोता को 23-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया

ढाका। शाकिब अल हसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए आठ रन देकर चार विकेट झटके जिससे बांग्लादेश ने बुधवार को तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हरा दिया। सट्टेबाज की पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अक्टूबर 2019 में लगाए दो साल के प्रतिबंध (जिसमें एक साल का निलंबन) के बाद हरफनमौला शाकिब ने वापसी की है। बांग्लादेश ने शाकिब की मदद से वेस्टइंडीज को 32.2 ओवर में महज 122 रन पर समेट दिया और फिर 97 गेंद रहते चार विकेट पर 125 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज के छह खिलाड़ियों ने इस मैच में पदार्पण किया।

# वैश्विक तेजी के बीच रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा सेंसेक्स, निफ्टी

भाषा। मुंबई

अमेरिका में नई सरकार से नए राहत उपायों की उम्मीद में वैश्विक बाजारों में तेजी रही। इसके बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऊर्जा और वाहन कंपनियों के शेयरों में मजबूती आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 393.83 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49,792.12 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 123.55 अंक यानी 0.85 प्रतिशत उछलकर 14,644.70 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका की नामित वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए भारी प्रोत्साहन का आह्वान किया। इसके बाद बुधवार को दुनिया के शेयरों में तेजी आई। निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को पद की शपथ लेंगे। उन्होंने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए 1.9 हजार अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज का प्रस्ताव रखा है।

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी सबसे ज्यादा 2.75 प्रतिशत की तेजी में रही। इसके बाद टेक महिंद्रा (2.67 प्रतिशत), महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.98 प्रतिशत) और एशियन पेंट्स (1.98 प्रतिशत) का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी तेजी रही। इससे बाजार लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ। इनके विपरीत पावरग्रिड कॉरपोरेशन में 1.75 फीसदी, एनटीपीसी में 1.35 फीसदी, एचडीएफसी बैंक में 0.83 फीसदी और आईटीसी में 0.59 फीसदी की गिरावट रही। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वाहन, आईटी और सरकारी बैंकों में खरीदारी आने तथा वैश्विक बाजारों के आशावादी होने से भारतीय बाजार को नई ऊंचाइयां छूने का बल मिला। अभी तक तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से बेहतर रहे हैं। इससे विभिन्न क्षेत्रों में लिवाली को समर्थन मिला। जो बाइडन के शपथ लेने से पहले अमेरिकी बाजार सकारात्मक धारणा में हैं और नए राहत उपायों की उम्मीद लगाई जा रही है। बीएसई के समूहों में वाहन, ऊर्जा, आईटी और प्रौद्योगिकी 2.18 प्रतिशत तक चढ़ गए। हालांकि यूटिलिटीज, एफएमसीजी और दूरसंचार गिरावट में रहे। बीएसई का मिडकैप और स्मॉलकैप 1.08 प्रतिशत तक की बढ़त में रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन के शपथ लेने से पहले अधिकांश एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही।

## नवाचार सूचकांक में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु शीर्ष तीन में

नई दिल्ली। नीति आयोग द्वारा जारी दूसरे नवाचार सूचकांक में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और केरल को शीर्ष पांच राज्यों में स्थान मिला। सूचकांक को ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर विकसित किया गया है। सूचकांक में झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार का स्थान सबसे नीचे रहा।

भारत नवाचार सूचकांक 2020 नवाचार को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा उनके सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्थान देता है। इस सूचकांक का मकसद नवचार के क्षेत्र में राज्यों की ताकत और कमजोरियों का पता लगाकर उन्हें इस दिशा में मजबूती लाने के लिए प्रेरित करना है। इस सूचकांक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुलना के लिहाज से 17 प्रमुख राज्यों, 10 पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों तथा नौ शहरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया है।


# ज्ञान डेयरी ने लखनऊ प्लांट की उत्पादन क्षमता को पांच गुना बढ़ाया




लखनऊ। कोविड-19 के चलते सेहतमंद एवं पोषक खाद्य उत्पादों के प्रति जागरुकता बढ़ रही है और आज के उपभोक्ता खुले डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे खुले दूध और खुले पनीर के बजाए पैक्ड प्रोडक्ट्स को पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि भरोसेमंद डेयरी ब्राण्ड्स के लिए पैक्ड डेयरी प्रोडक्ट्स खास तौर पर पैक्ड पनीर की मांग तेज़ी से बढ़ी है। इसी मांग को पूरा करने के लिए ज्ञान डेयरी ने अपने लखनऊ प्लांट की उत्पादन क्षमता को पांच गुना बढ़ा लिया है। पहले प्लांट में रोजाना एक टन पनीर का उत्पादन होता था किंतु अब आधुनिक तकनीक और मशीनरी के चलते ब्राण्ड पांच टन पनीर का उत्पादन कर सकेगा। इससे उपभोक्ताओं को हाइजीनिक तरीके से पैक किया गया पनीर उपलब्ध कराया जा सकेगा। गौरतलब है कि हाइजीन के सर्वोच्च मानकों को ध्यान में रखते हुए पैक किए गए इस पनीर को हाथों से छुआ नहीं जाता और इसकी शेल्फलाईफभी अधिक होती है। वेंकटरमानी संथानम वाइस प्रेसीडेन्ट सेल्स एण्ड मार्केटिंग ज्ञान डेयरी के अनुसार कोविड के चलते अब उपभोक्ता सुरक्षाए इम्युनिटी को पहले से कहीं अधिक महत्व दे रहे हैं तथा पैक्ड भरोसेमंद एवं किफायती ब्राण्ड्स की ओर रूख कर रहे हैं।

# बाइडन के शपथग्रहण समारोह से पहले वाशिंगटन में लॉकडाउन

● राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन जैसी स्थिति है और 25 हजार से अधिक सैनिक और पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में लगाया गया है सुरक्षा तैयारियों के तहत सड़कों पर टैंक और कंक्रीट के अवरोधक लगाए गए हैं



**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** कैपिटल (संसद भवन) में हुए हिंसक दंगे और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर जो बाइडन बुधवार को वाशिंगटन में कड़ी सुरक्षा के बीच अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे।

कानून प्रवर्तन अधिकारियों को न केवल संभावित बाहरी खतरे का मुकाबला करना पड़ रहा है बल्कि उनकी चिंता है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा कोई कर्मी भी ड्यूटी के दौरान हमला कर सकता है।

हालांकि, बाइडन को किसी विशेष खतरे का उल्लेख नहीं किया गया है। इसके बावजूद सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन जैसी स्थिति है और 25 हजार से अधिक सैनिक और पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में लगाया गया है। सुरक्षा तैयारियों के तहत सड़कों पर टैंक और कंक्रीट के अवरोधक लगाए गए हैं। राष्ट्रीय स्मारक को बंद कर दिया गया है। अमेरिकी संसद परिसर की घेराबंदी की गई और प्रत्एक मार्ग पर जांच चौकी बनाई गई है। पूरे कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने कहा कि वे किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। कानून प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि अधिकारी घोर दक्षिणपंथी और मिलिशिया समूह के सदस्यों की निगरानी कर रहे हैं। उनकी चिंता ऐसे सभावित समूहों के सदस्यों द्वारा वाशिंगटन में आकर हिंसक संघर्ष भड़काने को लेकर है।अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह से घंटों पहले संघीय एजेंट निर्वाचित नेताओं की धमकी और कार्यक्रम में घुसपैठ कर गड़बड़ी के इरादे संबंधी चर्चा सहित चिंताजनक ऑनलाइन चैटिंग करने वालों की निगरानी कर रहे हैं।एफबीआई की जांच के बाद के नेशनल गार्ड के 12 कर्मियों को सुरक्षा ड्यूटी से हटा दिया गया है जिनमें से दो ने बुधवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर उग्र बयान दिया था। हालांकि, पेंटागन के अधिकारियों ने उनकी विस्तृत जानकारी नहीं दी।

दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने एसोसिएटड प्रेस को बताया कि हटाए गए सभी 12 कर्मियों के दक्षिण पंथी मिलिशिया समूह से संबंध थे या उन्होंने कट्टरपंथी विचार सोशल मीडिया पर साझा किए थे।

नेशनल गार्ड ब्यूरो के प्रमुख जनरल डेनियल होकेंसन ने पुष्टि की है कि सदस्यों को कार्य से हटाकर घर भेजा गया है।



वाशिंगटनः उपराष्ट्रपति माइक पेंस एक पुस्तक पर हस्ताक्षर करने के दौरान अपने स्टाफ के अधिकारियों से वार्ता करते हुए

# ट्रंप ने अपने विदाई भाषण में नए प्रशासन को दीं शुभकामनाएं

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने के अभियान में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के सफल रहने की कामना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी लोगों को अपने साझा मूल्यों के प्रति एकजुट होना चाहिए और पक्षपातपूर्ण नफरत की भावना से ऊपर उठना चाहिए। ट्रंप का यह विदाई भाषण व्हाइट हाउस ने मंगलवार को जारी किया। बाइडन आज यानी बुधवार को राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। अपने संदेश में ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति पद पर सेवाएं देना एक ऐसा सम्मान है जिसकी व्याख्या नहीं की जा सकती। ट्रंप ने कहा, इस अभूतपूर्व विशेषाधिकार के लिए आपका शुक्रिया। यह वास्तव में एक बड़ा सम्मान था। उन्होंने कहा, इस सप्ताह हमने एक नए प्रशासन का आरंभ किया। अमेरिका को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने के लिए उनकी (बाइडन की) सफलता की कामना करता हूं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और चाहते हैं कि वे सौभाग्यशाली रहें। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के वीडियो में अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन) पर अपने समर्थकों के छह जनवरी के हमले पर भी बात की।उन्होंने कहा, हमारे कैपिटल (संसद भवन) पर हमले से सभी अमेरिकी आतंकित हो गए थे। यह उन सभी चीजों पर हमला है जिन पर एक अमेरिकी होने के नाते हम गौरव महसूस करते हैं। इसे कभी भी बर्दाशत नहीं किया जा सकता। अब पहले से कहीं ज्यादा हमें अपने साझा मूल्यों के वास्ते एकजुट होना चाहिए और पक्षपातपूर्ण नफरत की भावना से ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान उन्होंने 20 जनवरी, 2017 से 20 जनवरी 2021 तक की अमेरिकी सरकार की अहम उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि उनके प्रशासन ने किसी की सोच से भी कहीं ज्यादा हासिल किया।ट्रंप ने कहा, हमने स्वदेश में अमेरिकी ताकतों और विदेशों में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत किया। दुनिया फिर हमारा आदर कर रही है। कृपया करके उस आदर को खोइएगा नहीं। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने अमेरिकी गठबंधन को पुनर्जीवित किया और दुनिया के देशों को चीन के विरोध में खड़ा करने का काम किया और ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।

## उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, दो सुरक्षा कर्मियों की मौत, एक घायल

**भाषा।** पेशावर

**उत्तर-पश्चिमी** पाकिस्तान में मंगलवार देर रात मोटरसाइकिल सवार कुछ आतंकवादियों ने सिक्योरिटी फोर्स रोड प्रोटेक्शन दल पर गोलियां चला दी, जिसमें कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में गोमल थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक सिपाहियों की पहचान खालिद और अयाज के तौर पर हुई है। वहीं सिपाही मोहम्मद रमजान घायल हो गया है।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर पहुंच, पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है और आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी है। अभी तक किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# बाइडन प्रशासन भारत के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा : लॉयड ऑस्टीन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** रक्षा मंत्री के तौर पर नामित लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि बाइडन प्रशासन का लक्ष्य भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ाना है।सेवानिवृत्त जनरल लॉयड ऑस्टीन मंगलवार को रक्षा मंत्री के तौर पर अपने नाम की पुष्टि के लिए सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के सामने पेश हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, अगर मैं रक्षा मंत्री के तौर पर चुना जाता हूं तो मेरा लक्ष्य भारत के साथ हमारे रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाना होगा। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने रक्षा मंत्री के तौर पर ऑस्टीन को नामित किया है। ऑस्टीन ने कहा, मैं, भारत का प्रमुख रक्षा सहयोगी का दर्जा जारी रखूंगा और साझा हितों पर अमेरिकी एवं भारतीय सेना की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि वह क्वाड रक्षा वार्ता और अन्य क्षेत्रीय बहुपक्षीय भागीदारी से भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग को और प्रगाढ़ करने एवं व्यापकता देने का प्रयास करेंगे।ऑस्टीन ने कहा कि वह समझते हैं कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में अमेरिका के अनुरोध पर काफी ठोस कदम उठाए हैं। पाकिस्तान ने भारत विरोधी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ भी कदम उठाए हैं, हालांकि यह प्रगति काफी नहीं है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में असहयोग का आरोप लगाते हुए 2018 में उसे सभी आर्थिक एवं सैन्य मदद पर रोक लगा दी थी।ऑस्टीन ने कहा कि अगर वह रक्षा मंत्री चुने जाते हैं तो वह पाकिस्तान को अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद और हिंसक अतिवादी संगठनों को नहीं करने देने का दबाव बनाएंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की सेना के साथ संबंध निर्माण जारी रखने से अहम मुद्दों पर अमेरिका और पाकिस्तान के सहयोग का मार्ग खुलेगा। ऑस्टीन ने कहा कि वह पाकिस्तान सेना से जुड़े अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय सैन्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण कोष के माध्यम से भविष्य में प्रशिक्षण देने और साझा हितों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।उन्होंने कहा, अलकायदा और इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रॉविंस (आईएसआईएस-के) को हराने और क्षेत्र में स्थिरता लाने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करना जरूरी है।

## चीन का लक्ष्य नियंत्रणकारी विश्व शक्ति बनने का: अमेरिका के भावी रक्षामंत्री

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** भावी रक्षा मंत्री जनरल (अवकाश प्राप्त) लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि चीन का पहले ही क्षेत्रीय प्रभुत्वकारी शक्ति बन चुका है और अब उसका लक्ष्य नियंत्रणकारी विश्वशक्ति बनने का है। उन्होंने क्षेत्र और दुनिया भर में चीन के डराने-धमकाने वाले व्यवहार का उल्लेख करते हुए अमेरिकी सांसदों से यह बात कही। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, कोरोना वायरस के उद्गम, विवादित दक्षिण चीन सागर में कम्युनिस्ट देश की सैन्य आक्रामकता और मानवाधिकार सहित कई मुद्दों पर कटु टकराव चल रहा है।ऑस्टिन ने सीनेट की सैन्य सेवा मामलों की समिति को रक्षामंत्री के तौर पर अपनी नियुक्ति की पुष्टि के लिए हुई सुनवाई के दौरान कहा, वे (चीन) पहले ही क्षेत्रीय प्रभुत्वकारी ताकत है और मेरा मानना है कि उनका अब लक्ष्य नियंत्रणकारी विश्व शक्ति बनने का है। वह हमसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए काम कर रहे हैं और उनके प्रयास नाकाम करने के लिए पूरी सरकार को एक साथ मिल कर विश्वसनीय तरीके से काम करने की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने सेना के सेवानिवृत्त 67 वर्षीय ऑस्टिन को रक्षा मंत्री के लिए नामित किया है। अगर सीनेट उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर देती है तो वह पहले अमेरिकी-अफ्रीकी होंगे जो पेंटागन का नेतृत्व करेंगे। ऑस्टिन ने कहा, हम चीन या किसी भी आक्रामक के समक्ष पुख्ता प्रतिरोधी क्षमता पेश करना जारी रखेंगे। और उन्हें बताएंगे कि यह (आक्रामकता) सचमुच एक बुरा विचार है। चीन के बारे में ऑस्टिन ने कहा कि चीन मौजूदा समय में प्रभावी खतरा है क्योंकि वह उभार पर है जबकि रूस खतरा है लेकिन वह उतार पर है।



मेक्सिको सिटी में लोग सिट्यूड नदी को पार करते हुए। ग्वाटेमाला और मेक्सिको के बीच की सीमा में होंडुरन प्रवासियों के एक बड़े कारवां ने पिछले हफ्ते ग्वाटेमाला में अपना रास्ता बनाया

## क्विक न्यूज

### ट्रंप ने पूर्व रणनीतिकार बैनन को क्षमादान दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना कार्यकाल खत्म होने से चंद घंटे पहले अपने पूर्व मुख्य रणनीतिकार स्टीव बैनन को क्षमादान दिया है।नाम उजागर ना करने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि बैनन ट्रंप कार्यकाल के अंतिम घंटों में क्षमादान पाने वाले 143 लोगों में शामिल है।बैनन पर उन हजारों निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप था, जिनका मानना था कि उनके पैसों का इस्तेमाल दक्षिणी सीमा पर एक दीवार बनाने के लिए किया जाएगा, जो ट्रंप के प्रमुख चुनावी वादों में से एक था। लेकिन बैनन ने इन पैसों का इस्तेमाल कथित तौर पर चुनाव अभियान में शामिल एक अधिकारी का वेतन देने और निजी कार्यों के लिए किया।

### इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेप ने बेहद कम मतों से सीनेट में विश्वासमत जीता

**रोम।** इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेप कोंते सीनेट में विश्वासमत जीतकर अपनी सरकार को बचाने में कामयाब रहे। विश्वासमत जीतने में उन्हें गठबंधन का भरपूर सहयोग मिला।कोंते के पक्ष में 140 वोट पड़े और 16 सांसद गैर हाजिर रहे। कोंते के पक्ष में वोट डालने वालों में पूर्व प्रधानमंत्री सिलवियो बर्लुस्कोनी के नेतृत्व वाली मध्य-दक्षिणपंथी विचारधारा की पार्टी के दो बागी सांसद भी थे। सीनेट में पूर्ण बहुमत का आंकड़ा 161 है। इसलिए देश की बदहाल अर्थव्यवस्था में मदद के लिए किसी भी अहम कानून को संसद में पारित कराने के लिए कोंते को गठबंधन से बाहर सहयोग लेना होगा। सीनेट में अपनी जीत पर कोंते ने कहा, अब इस बहुमत को और मजबूत बनाना होगा। हमें एक मिनट भी नही गंवाना होगा। स्वास्थ्य आपात स्थिति और अर्थव्यवस्था के संकट से उबरने के लिए काम शुरू करना होगा। कोंते अगर ऊपरी सदन में विश्वासमत हार जाते तो उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ता।

### भारत को लेकर अमेरिका का हमेशा से सहयोगात्मक रुख रहा है : ब्लिंकेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को लेकर अपनाई गई नीति का एक तरह से समर्थन करते हुए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन में विदेश मंत्री के तौर पर नामित टोनी ब्लिंकेन ने कहा कि अमेरिका की द्विदलीय प्रणाली व्यवस्था में भारत के प्रति पूर्ववर्ती सरकारों का हमेशा से सहयोगात्मक रुख रहा है।विदेश मंत्री के पद के लिए अपने नाम पर पुष्टि को लेकर ब्लिंकेन मंगलवार को सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सामने पेश हुए। इस दौरान उन्होने कहा कि भारत को लेकर अमेरिकी प्रशासन की नीतियां सफल रही है।करीब चार घंटे से ज्यादा समय तक चली इस सुनवाई मे एक सीनेटर के सवालो का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, यह संबंध (भारत के साथ) पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के कार्यकाल की समाप्ति के साथ शुरू हुआ था और ओबामा प्रशासन के दौरान रक्षा खरीद और सूचनाओ के साझा करने के साथ और प्रगाढ़ हुआ। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत की अवधारणा को ट्रंप प्रशासन ने आगे बढ़ाया और भारत के साथ काम करना सुनिश्चित किया ताकि संबंधित क्षेत्र में चीन समेत कोई भी देश उसकी संप्रभुता को चुनौती नही दे सके। अमेरिका भारत के साथ आतंकवाद की चिंताओ पर भी काम कर रहा है। ब्लिंकेन ने कहा कि कई ऐसे क्षेत्र है जिसमे दोनों देश साथ काम कर संबंधो को और प्रगाढ़ बना सकते हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवीकरणीय ऊर्जा और विभिन्न तकनीकों का मजबूती से वकालत करते है। मेरा मानना है कि दोनो देशों के साथ काम करने की मजबूत संभावनाएं है। ब्लिंकेन पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल के दौरान उप विदेश मंत्री के रूप में सेवा दे चुके है। वही बाइडन जब उप राष्ट्रपति थे तो ब्लिंकेन उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे और वह बाइडन के विश्वासपात्र है।

### ट्विटर अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट पोट्स को करेगा रीसेट, हट जाएंगे सारे फॉलोअर्स

**वाशिंगटन।** ट्विटर इस्तेमाल करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह सबसे बुरे सपनों में से एक हो सकता है कि वह सुबह उठे और उसका एक भी फॉलोअर ना हो, लेकिन बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट के साथ यह असल में होने वाला है।ट्विटर ने देश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट को रीसेट करने की योजना बनाई है, जिससे इस अकाउंट के सारे फॉलोअर्स हट जाएंगे।ट्विटर अकाउंट पोट्स यानी प्रेसिडेंट ऑफ द यूनाइटेड स्टेट को पोट्स45 यानी अमेरिका के 45वे राष्ट्रपति के नाम से संग्रहित (अर्काइव्ह) कर दिया जाएगा। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यक्ल के अकाउंट को भी पोट्स44 के नाम से संग्रहित किया गया था।ओबामा के सारे फॉलोअर्स सत्ता हस्तांतरण के बाद ट्रंप को मिले पोट्स अकाउंट पर बरकरार थे। ट्रंप कार्यकाल के इस अकाउंट के वे फॉलोअर्स जो नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस जैसे प्रासंगिक अकाउंट्स को फॉलो करते है, उन्हें नए अकाउंट को फॉलो करने का सुझाव (नोटिफिकेशन) दिया जाएगा।बाइडन का दल इससे खुश नही है।

# कोविड-19 के व्यापक टीकाकरण अभियान के मद्देनजर भारत के साथ निकटता से काम कर रही हैं संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** प्रमुख के प्रवक्ता ने कहा कि भारत के कोविड-19 का दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू करने के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र की कई एजेंसियां व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए उसके साथ निकटता से काम कर रही हैं।संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को बताया कि भारत में रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर रेनाटा डेसालियन के नेतृत्व मे संयुक्त राष्ट्र की एक टीम कोविड-19 के व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम के लिए सरकार और संयुक्त राष्ट्र सहयोगियों का पूरा सहयोग कर रही हैं।उन्होंने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां दुनिया के अभी सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में अधिकारियों के साथ मिल कर काम कर रही हैं। भारत ने कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ 16 जनवरी को विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत भारत में अभी अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 के कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके लगाए जा रहे हैं।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और ब्रिटिश-स्वीडिश कम्पनी एस्ट्राजेनेका ने कोविशील्ड टीका विकसित किया है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) इसका निर्माण कर रहा है। वहीं कोवैक्सीन का निर्माण भारत बायोटेक कर रहा है।भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार अभी तक कुल 4,54,049 लोगों का टीकाकरण हो चुका है। टीका लगाने के बाद प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) के 580 मामले सामने आए हैं और दो लोगों की मौत भी हुई है।सरकार का कहना है कि इन दो लोगों की मौत का रिश्ता टीका से नहीं है। दुजारिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की टीमें अभी तक चार हजार से अधिक टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कर चुकी हैं और तीन लाख से अधिक टीका लगाने वालों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दे चुकी है।उन्होंने कहा, हम टीकों के लिए कोल्ड चैन के उपकरण मुहैया कराने सहित तकनीकी सहायता भी कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने साथ ही कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम जारी हैं, लेकिन उसके साथ ही कोविड-19 को लेकर सतर्क रहना और उसे फैलने से रोकना भी उतना ही आवश्यक है।



# अमेरिकाः गोलीबारी में कैलिफोर्निया के एक शेरिफ के डिप्टी की मौत, एक घायल

**एपी।** सैकरामेंटो (कैलिफोर्निया)

**अमेरिका के** सैकरामेंटो में गोलीबारी में कैलिफोर्निया के एक शेरिफ के एक सहयोगी की मौत हो गई और एक अन्य सहयोगी घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बल ने संदिग्ध हमलावर को भी मार गिराया है। सैकरामेंटो काउंटी के शेरिफ स्कॉट जोन्स ने बताया कि घटना सोमवार देर रात सैकरामेंटो में कैल एक्सपो इवेंट समारोह स्थल में एक रेसट्रैक के पास हुई।जोन्स ने बताया कि मारे गए एक सहयोगी की पहचान एडम गिब्सन के तौर पर हुई है। शेरिफ ने कहा, उनके परिवार में पत्नी और एक नवजात बच्चा है। उन्होंने बताया कि हमले में घायल हुआ एक अन्य सहयोगी खतरे से बाहर है।जोन्स ने बताया कि हमलावर की उम्र लगभग 40 साल होगी, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं बताया। जोन्स ने बताया कि गोलीबारी यातायात रोकने की वजह से हुई। यातायात रोकने के बाद चालक कैल एक्सपो मैदान में गाड़ी लेकर पहुंच गया था।उन्होंने कहा, के-9 के अधिकारियों में से एक ने के-9 इकाई के एक श्वान को वाहन के पास तैनात किया और उसके जरिए चालक को वाहन से बाहर निकालने की कोशिश की। उन्होंने कहा, संदिग्ध ने तुरंत ही के-9 श्वान की गोली मार हत्या कर दी और फिर अधिकारियों पर गोली चलाने लगा। जोन्स ने बताया कि सैकरामेंटो पुलिस विभाग मामले की जांच करेगा।कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सैकरामेंटा बी से बातचीत में संदिग्ध की मां जेनी कैलड्रोन ने हमलावर को अपना बेटा बताया। कैलड्रोन ने बताया कि उसका नाम रॉबर्ट स्टीफन है।परिवार और अदालती रिकॉर्ड के अनुसार, वह पहले भी कई अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है, वह मादक पदार्थ लेता था और मानसिक रोगी भी था। कैलड्रोन ने कहा, मैं संतुष्ट हूं कि वह अब नहीं रहा क्योंकि अगर उसे पता चलता कि उसने डिप्टी के परिवार के साथ क्या किया है, तो वह वैसे भी जिंदा नहीं रह पाता।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने विदेशी लड़ाकों को शनिवार तक लीबिया से चले जाने की अपील की

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी विदेशी लड़ाकों से अपील की है कि वे पिछले साल 23 अक्टूबर को हुए संघर्षविराम समझौते के अनुसार लीबिया छोड़कर चले जाएं। तेल समृद्ध इस उत्तरी अफ्रीकी देश में वर्षों के संघर्ष के बाद प्रतिद्वंद्वी पक्षों ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त सरकार और सैन्य बलों के कमांडर खलीफा हफ्तार से अपील की है कि वे इस संघर्ष के राजनीतिक समाधान का अपना संकल्प बरकरार रखें ताकि यहां के आर्थिक मुद्दों और मानवीय संकट को दूर किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त सरकार राजधानी त्रिपोली में सत्ता संभालती है जबकि हफ्तार के पास देश का पूर्व और दक्षिण इलाका है।

## रितुपर्णा को पसंद है बांग्ला सिनेमा



**अभिनेत्री** रितुपर्णा सेनगुप्ता का कहना है कि 'ऐसा नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर पर मुझे काम के कोई ऑफर नहीं मिलते। मैंने कुछ फिल्में की भी थीं लेकिन मैं अपने क्षेत्रीय सिनेमा की उपेक्षा नहीं कर सकती। मैं हमेशा से मानती रही हूं कि हमारी भाषा एक सुंदर भाषा है और हम महान फिल्में बनाते हैं। ये भी कि मैं सत्यजीत रे, मृणाल सेन, बिमल रॉय तथा अपर्णासेन की भूमि से जुड़ी हूं जिन्हें पूरी दुनिया जानती है। मैंने अपना स्थान वहीं के सिनेमा में बना रखा है।'

## 'जीत की ज़िद' में अमित साद प्रमुख भूमिका में



**अभिनेता अमित** साद आने वाली वेब सीरीज़ 'जीत की जिद' में मुख्य भूमिका कर रहे हैं। इस अभिनेता का कहना है कि इसकी कहानी भारतीय सेना की स्पेषल टास्क फोर्स की पृष्ठभूमि पर आधारित और एक सच्ची कहानी है। इसकी कहानी में शौर्य से कहीं अधिक आशा और लगन प्रमुख तत्व हैं। अमित ने बताया, 'ये कहानी कारगिल युद्ध के एक शूरवीर मेजर दीपेन्द्र सिंह सेंगर के पराक्रम पर आधारित है। वो किस प्रकार से वो स्पेषल टास्क फोर्स का हिस्सा बनने के बचपन के अपने सपने को सच करने के लिए निर्णय करते हैं। उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आता है जब उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है जब उनके शरीर में एक बार बिलकुल शक्ति नहीं रह गई थी– लेकिन उन्होंने हार नहीं मानीं।'

# रोचक और मनोरंजक सीरीज़ है 'ऑल क्रियेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल'

अतीत की एक टीवी सीरीज़ 'ऑल क्रियेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल, अब दुबारा हमारे सामने रखी जा रही है। इसकी कहानी आज के राजनीतिक रुप से विभाजनकारी युग में ग्रामीण परिवेष में पशुचिकित्सा को लेकर मजेदार क्रियाकलापों पर आधारित है जो हमारे लिए टॉनिक जैसा असर रखती है।

**'ऑल क्रियेचर्स** ग्रेट एंड स्मॉल, विगत समय की एक हिट टीवी सीरीज़ है। अब इसे दुबारा प्रस्तुत किया जा रहा है क्योंकि इसके निर्देशक कॉलिन कालेंडर का मानना है कि आज के राजनीतिक रूप से विभाजनकारी युग में ग्रामीण परिवेष में पशुचिकित्सा को लेकर मजेदार क्रियाकलापों पर आधारित ये सीरीज़ हमारे लिए टॉनिक जैसा असर रखती है। महामारी के इस कालखंड में ये एक ऐसी सीरीज़ है जिसमें प्रभावोत्पादक चरित्र, रोचक कहानियां और ब्रिटेन के ग्रामीण परिवेष का समृद्ध चित्रण है। इसमें कई पशु, खेत तथा अन्य प्राकृतिक तत्व भी हैं और लेखक जेम्स हैरियट की कहानियों में वर्णित दुनिया को आज धरातल पर भी उतारा जा सकता है।

हैरियट जेम्स एल्फ्रेड वाइट का उपनाम था। उन्होंने 1940 के दषक में उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कषायर क्षेत्र में एक नौसिखिया पशुचिकित्सक के रूप में काम प्रारंभ किया था। पांच दशक तक वो इसमें रहे 1970 और 80 के दशक में अपनी आत्मकथा के लिए अनुभव उन्हें यहीं से मिले। कालेंडर का कहना है, 'मैंने पहले सोचा कि 2016 में ब्रेक्सिट वोट और ट्रंप के चुनाव के बाद मैं इसे दुबारा देखूं कि इसमें क्या किया जा सकता है इसके विवरण में इंग्लैंड और अमेरिका के ग्रामीण परिवेष में काफी समानता है। दर्शकों को भी ऐसा शो अच्छा लगेगा जिसमें सहयोग और सहकारिता की भावनाको मजबूती मिले फिर चाहे किसी की राजनीतिक विचारधारा कैसी भी क्यों न हो।' ऑल क्रियेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल, में जो हेरियट की अमेरिका में पहली सबसे अधिक बिक्री वाली पुस्तक है और इसी नाम से 90 एपिसोड वाली सीरीज़ का भी यही नाम था जो 1970 से 1990 के बीच प्रसारित हुई।

इस सात भाग वाली सीरीज़ का प्रारंभ रविवार को जीबीएच बॉस्टन के मास्टरपीस के रूप में किया गया था जो इसके 50वें सीज़न के प्रारंभ का प्रतीक है। इसकी कहानी 1930 के दषक की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसके कलाकारो में नवागंतुक निकोलस राल्फ हेरियट बने थे इसके अलावा सैमुएल वेस्ट, इसमें हेरियट के गुरू बने थे तथा एना मेडले उनकी हाउसकीपर की भूमिका कर रही थीं।

डायना रिग इसमें मिसेज़ पंफ्रे बनी हैं जो ट्रिकी वू की स्वामिनी की भूमिका में थीं जिसे डेरेक ने निभाया था। सितंबर 2020 में 82 वर्ष में मृत रिग के स्थान पर किसे रखा जाएगा अभी इस संबंध में निर्णय किया जाना शेष है। इसकी शूटिंग फरवरी 2019 में पूरी हो चुकी थी और निर्माण पिछले साल



कोविड के कारण लगे लॉकडाउन में पूरा कर लिया गया था। ये सीरीज़ पहले ब्रिटेन में प्रसारित की गई जहां ये हिट रही। समीक्षकों ने इसे अच्छा रीमेक बताया और तब इसके दूसरे सीज़न के लिए तैयार किया गया। रैल्फ के लिए, जो स्टेज प्रषिक्षित अभिनेता हैं, और जो स्कॉटलैंड में जन्में और पले-बड़े हुए हैं, उनके लिए तो ये एक सपने जैसा कॅरियर है। उनका कहना है, ''मैं ड्रामा स्कूल इसलिये गया था क्योंकि मैं चाहता था कि मैं अच्छे लोगों से घिरा रहूं और मैं ऐसे ही प्रषिक्षण प्राप्त करना चाहता था।' आप इससे प्रेरित हुए बिना रह ही नहीं सकते। इसके बाद जब आप सैमुएल वेस्ट, डेम डायना रिग जैसे लोगों से मिलते हैं जो आपको प्यार करते हैं और आपकी सहायता के लिए हरदम तैयार रहते हैं, तो आपको और भी अच्छा लगता है।' राल्फ ने अपनी भूमिका के लिए हेरियट की पुस्तकों का अध्ययन किया और इसके बाद तो वो लेखक और उनके कृतित्व से बहुत ही प्रभावित हुए।

उन्होंने बताया, 'मुझे पशुओं के प्रति उनकी बुद्धि, सहअनुभूति तथा अपने पशुचिकित्सक के पेशे के प्रति समर्पण ने सर्वाधिक प्रभावित किया। लोगों की भावनाओं के प्रति समान भाव रखने की उनकी भावना ने भी मुझे प्रभावित किया जिसमें किसान और सिगफ्रीड नाम के उनके सनकी बॉस भी शामिल थे।' उन्होंने आगे बताया, 'जेम्स के लिए ये एक सांस्कृतिक धक्के जैसा भी था। उन्हें बाद में इस गांव की राजनीति में भी घसीट लिया जाता है।' कॉलेंडर द्वारा हेरियट के कृतित्व को जानने से इस सीरीज़ के लिए काफी सहायता मिली। इससे वो नई सीरीज़ को अपनी मूल सीरीज़ से अलग भी रख सके और दर्षकों को प्रभावित करने में भी सफल रहे। उनके अनुसार, 'ये पुस्तकें काफी हंसीदार थीं और मुझे याद है कि जब मैंने उन्हें कई साल पहले पढ़ा था तो मुझे काफी आनंद आया था। मछली के पानी से बाहर रहने वाली किवदंती भी वास्तव में रोचक थी क्योंकि वो स्कॉटलैंड के थे और यॉर्कषायर जा रहे थे।' इसमें महिलाओं का भी तकनीक तथा बेहतर दृष्यावली के चलते उचित ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया, 'हम महिला चरित्रों को पूरे मनोयोग से सामने रखना चाहते थे जबकि पुस्तक में ऐसा नहीं था। अत: मिसेज़ हॉल जैसे चरित्रों को इस बार कुछ दूसरी कहानियों में रखा गया है।' टेपिंग के लिए डिजिटल कैमरों तथा ड्रोन के आगमन के कारण यॉर्कषायर की हरियाली काफी जीवंत ढंग से परदे पर लाई गई है जो दर्षकों को पसंद आएगा।



## काजोल को आई मां की याद



**अभिनेत्री** काजोल को अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री तनूजा के साथ अपने संबंधों पर गर्व है उनका कहना है कि उन्होंने मां को सही अर्थों में तभी समझा जब वो स्वयं एक बेटी की मां बनीं। काजोल ने बताया, 'मैं मां को तभी पूरी तरह से समझ सकी जब मैं स्वयं एक बेटी की मां बनीं। मैं अपनी मां से सदैव प्यार करती रही हूं क्योंकि वो एक अद्भुत अभिनेत्री हैं मुझे स्मरण है कि मैं मां को फोन घुमाकर उनसे ढेरों बातें किया करती थी और बताती थी कि मुझे पता है कि आप मुझे कितना प्यार करती हैं।' उन बातों का स्मरण करते हुए काजोल ने बताया, 'मैंने उन्हें बताया, आज मैं समझ पा रही हूं कि आपने मेरे लिए क्या क्या छोड़ा, जीवन के बारे मे तब आप क्या सोचती थीं क्योंकि तब मैं भी आपके साथ थी और किस प्रकार से आपके जीवन में सबकुछ बदल गया होगा।'

## तमिलनाडु में कमला हैरिस के पुश्तैनी गांव में जश्न का माहौल



भाषा। नागपट्टिनम

**भारतीय मूल** की कमला देवी हैरिस बुधवार को अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाली हैं और इसके लिए तमिलनाडु स्थित दो गांवों में उनके ननिहाल से जुड़े लोग पटाखे, मिठाइयां और कमला की तस्वीर वाले कैलेंडर बांटकर खुशियां मना रहे हैं। तिरुवरुर जिले में मन्नारगुडी और तुलसेंतिरापुरम-पैंगानाडु गांवों के बीच 10 किलोमीटर के क्षेत्र में कमला हैरिस के बड़े-बड़े डिजिटल बैनर लगाए गए हैं। हैरिस के उपराष्ट्रपति बनने की खुशी में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने उनकी तस्वीर वाले कैलेंडर लोगों को बांटे और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नेताओं ने लोगों को मिठाईयां वितरित की। लगभग सभी घरों की महिलाओं ने शुभकामना संदेश वाली रंगोली बनाई और कई स्थानों पर पटाखे फोड़े गए। इसके साथ ही स्थानीय मंदिरों में उपराष्ट्रपति के तौर पर हैरिस के कार्यकाल की सफलता के लिए पूजा अर्चना की गई। कुछ गांव वाले हैरिस को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेते देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। हैरिस के नाना पी वी गोपालन, युवावस्था के दिनों में तुलसेंतिरापुरम गांव छोड़कर ब्रिटिश सरकारी सेवा में शामिल हो गए थे। हैरिस की नानी राजम, पैंगानाडु गांव की रहने वाली थीं। जमैकन पिता और भारतीय मां की संतान 56 वर्षीय हैरिस ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होकर इतिहास रचा है। गोपालन परिवार ने कई मौकों पर गांव के मंदिर के पुनरुद्धार के लिए दान भी दिया है।

## ड्रू बैरीमोर को राजनीति से है अरुचि



हॉलिवुड अभिनेत्री ड्रू बैरीमोर को लगता है कि अब उन्हें इंस्टाग्राम पर लोग सुनने लगे हैं। लेकिन वे राजनीति को छोड़कर दूसरे विषयों पर ही बात करना पसंद करती हैं। बैरीमोर ने बताया, 'मेरा मानना है कि मैं सबकुछ हो सकती हूं लेकिन राजनीतिक नहीं और इसके बाद वर्ष 2020 आया और पूरी दुनिया परिवर्तित हो गई और एक महामारी, जो राजनीतिक नहीं थी लेकिन बाद में उसमें भी राजनीति आ गई, ने पूरी दुनिया को एक कर दिया।' उन्होंने आगे बताया, 'सालों से मैं इंस्टाग्राम पर अपनी बात रखती हूं लेकिन छोटी-छोटी बातों पर जिनमें सुंदरता, प्यार और मस्ती, सकारात्मकता अैर आनंद, लेकिन सच तो यही है कि आजकल सोशल मीडिया सबसे शक्तिशाली चीज है।'

### हॉटस्टार स्पेशल्स की अद्भुत प्रस्तुतिः द लीजेंड ऑफ हनुमान

## एक महान योद्धा से भगवान बनने तक की यात्रा

**108 नाम** लेकिन एक भावना: महाबली हनुमान। लंका दहन करने से लेकर दानवों का वध करने तक हनुमान के साहसिक कार्यों एवं भगवान राम की असीम भक्ति के लिए उनकी पूजा पूरी दुनिया में उनके लाखों भक्त करते हैं। लेकिन खुद की खोज करने के उनके अद्भुत सफर के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। एक सामान्य सा वानर, जो अपनी दैवीय शक्ति भुला बैठा था और कैसे उसके आस पास के लोगों ने उसे अपने अंदर के ईश्वर को तलाशने में मदद की, इसकी कहानी बहुत दिलचस्प है। शरद केलकर द्वारा सुनाई गई यह कहानी महान योद्धा भगवान हनुमान का सफर द लीजेंड ऑफ हनुमान में दिखा रही है। हॉटस्टार स्पेशल्स पर यह एक महाकाव्य का बहुत आकर्षक चित्रण है। ग्राफिक इंडिया द्वारा निर्मित एवं शरद देवराजन, जीवन जेण कांग और चारुवि पी सिंघल द्वारा बनाई गई यह पौराणिक एनिमेशन सीरीज़ उत्तम क्वालिटी के विज़्युअल्स के साथ डिज़ाइन एवं ग्लोबल स्केल पर प्रस्तुत की गई है, इससे पहले भारत में कभी नहीं हुआ। इस सीरीज़ का निर्देशन जीवन जे कांग और नवीन जॉन ने किया है। इसके मुख्य लेखक शरद देवराजन, सरवत चड्ढा, अश्विन पांडे और अर्शद सैयद हैं। इसमें अच्छाई और बुराई के बीच निरंतर संग्राम दिखाया गया है और बताया गया है कि हनुमान किस प्रकार बढ़ते अंधेरे के बीच रोशनी और आशा की अमर मशाल बनकर उभरे। लीजेंड ऑफ हनुमान में पौराणिक कथा के साथ बेहतरीन स्टोरीटेलिंग का समावेश किया गया है और आसान शब्दों एवं वाक्यांशों के माध्यम से हनुमान की कहानी दिखाई गई है। यह सीरीज़ पूरे देश के वयस्कों, बच्चों और परिवारों के देखने योग्य है। सभी 13 एपिसोड 7 भाषाओं . हिंदी, तमिल, तेलुगू, मराठी, बंगाली, मलयालम और कन्नड़ में दिखाए जाएंगे। यह सीरीज़ 29 जनवरी, 2021 को केवल डिज़्नी हॉटस्टार वीआईपी पर रिलीज़ होगी। सूत्रधार के रूप में अपनी आवाज देने वाले शरद केलकर ने कहा, हममें से अधिकांश लोग या तो हनुमान की कहानियां सुनते हुए बड़े हुए हैं या फिर उन्हें टेलीविज़न पर देखा है। दिलचस्प बात यह है कि हम उनके शुरुआती सालों के बारे में बहुत कम जानते हैं। लीजेंड ऑफ हनुमान उनकी एक बेहतरीन कहानी है। हनुमान भूल चुके थे कि वो क्या हैं और यही मानते रहे कि वो एक आम वानर हैं। सूत्रधार के रूप में मेरा सौभाग्य है कि मैं इस कहानी को एक सूत्र में पिरोने के लिए अपनी आवाज दे रहा हूँ। यह एक अद्वितीय अनुभव है। मेरा मानना है कि यह कहानी लोगों को इस विश्वास की ओर प्रेरित करेगी कि अस्तित्व का महत्व शक्ति में नहीं, अपितु विश्वासए साहस एवं उदारता में है। शरद देवराजन, को-फाउंडर, ग्राफिक्र इंडिया ने कहा कि पहली बार हनुमान की पौराणिक दुनिया की भव्यता एवं पौराणिक भगवान, दानवए, वन्यजीव, यक्षों एवं मानवतुल्य प्रजातियां उच्च गुणवत्ता के एनिमेशन द्वारा देखने को मिलेंगी और ऐसी एनिमेटेड ईवेंट का निर्माण करेंगी, जो हमें उम्मीद है कि सदियों के अंतर को समाप्त कर सभी पीढ़ियों को अपनी ओर आकर्षित करेंगी, जिनके दिलों में हनुमान समाए हुए हैं। हमें डिज़्नी हॉटस्टार की अद्भुत टीम के साथ इस ड्रीम प्रोजेक्ट में काम करने का अवसर मिला, जो हमारा सौभाग्य है।

**13 एपिसोड की यह एनिमेटेड फिल्म, सात भाषाओं में होगी उपलब्ध**

**29 जनवरी, 2021 को डिज्नी हॉटस्टार वीआईपी पर रिलीज़ होगी**



प्राक्कलन समिति की बैठक में गरम-नरम

# कोरे पेजों से खुली कलई

**संवाददाता।** सीतापुर

**योगी सरकार** में उनके ही जनप्रतिनिधि अधिकारियों की मनमानी का आरोप सड़कों पर खुले आम लगाते हैं। ऐसे ही हालात बुधवार को सीतापुर आई उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति की द्वितीय उप समिति की बैठक में भी देखने को मिला। तमाम कागजी तैय्यारियों के साथ नौ विभागों में समाज कल्याण विभाग, नगर विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग तथा पर्यटन विभाग के अधिकारी जब पहुंचे तो प्राक्कलन समिति ने उनके कोरे पन्ने को खोल कर रख दिया। सभापति ज्ञानेंद्र जितने नरम रहे, उतने ही सदस्य खासकर

## अफसरों की ली क्लास कई विभागों के नहीं पहुंचे अधिकारी

सुरेश्वर सिंह और राकेश प्रताप सिंह गरम दिखे, फिर क्या था कि क्या राजस्व विभाग, क्या पुलिस, क्या विद्युत, क्या अन्य विभाग को लेकर उपस्थित अधिकारियों की जमकर क्लास ली। हैरत की बात देखिए, नौ विभागों की समीक्षा बैठक की जो तैयारी की गई, उससे संबंधित कई अधिकारी बैठक में ही नहीं पहुंचे। इस बार सम्मिति ने नाराजगी जताई। सबसे बड़ी बात, समिति को जो समीक्षा बैठक की विभागवार बुकलेट दी गई, उससे समिति संतुष्ट नजर नहीं आई। वह जानना कुछ चाहते थे, अधिकारी बता कुछ रहे थे, लिहाजा, समिति समीक्षा बैठक से संतुष्ट होकर नहीं लौटी, शायद यही कारण रहा, कि मीडिया से भी बिना कुछ बोले समिति लौट गई। अब अधिकारी क्या बोलते, उन्होंने भी कुछ भी बोलना मुनासिब नहीं समझा। इस समिति में सभापति ज्ञानेंद्र, सदस्यों में सुरेश्वर सिंह, साकेंद्र प्रताप वर्मा, रोशन लाल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह शाक्य पप्पू भइया, दुर्गा प्रसाद यादव, राकेश प्रताप सिंह, डॉ. हरगोविंद भार्गव, कुंवर माधवेंद्र प्रताप सिंह और आशीष सिंह पटेल आशू शामिल थे। समिति के पहुंचने पर जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने समिति के सभापति समेत सदस्यों को शाल ओढाकर व सीडीओ संदीप कुमार ने बुकें देकर स्वागत किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सरकारी छत पाकर खिल उठे चेहरे



**संवाददाता।** सीतापुर

## आवास प्लस योजना में 43058 लाभार्थियों के खाते में भेजी रकम पीएम ने वर्चुअल के जरिए खातों में भेजी धनराशि

**देश में** सर्वाधिक प्रधानमंत्री आवास पाने वाले सीतापुर जिले में इस बार आवास प्लस योजना में सर्वाधिक धनराशि का तोहफा बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाभार्थियों को दिया। साक्षी बने सांसद विधायक और अधिकारी, पीएम ने वर्चुअल के जरिए एनआईसी में 43058 लाभार्थियों के खातों में पहली किश्त के रूप में प्रति लाभार्थी चालीस हजार के हिसाब करीब 1.17 करोड़ की धनराशि भेजी। पीएम को लाइव और खातों में धनराशि पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल गए। आपको बता दें सीतापुर जिले में 1 लाख 65 हजार लाभार्थी आवास प्लस योजना में पात्र पाए गए हैं, इन सभी को वर्ष 2022 तक आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम से बाहर आने के बाद सीतापुर सांसद राजेश वर्मा आई इंडिया से बोले, कि सभी को पक्की छत देने की मोदी सरकार की योजना वर्ष 2016 से चल रही है। कार्यक्रम में विधायक मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव, लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, विधायक बिसवां महेंद्र सिंह यादव, जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज, सीडीओ संदीप कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### नवागत एसडीएम ने संभाला कार्यभार

**महमूदाबाद सीतापुर।** महमूबादाबाद से स्थानांतरित होकर लहरपुर आए नवागत एसडीएम पीएल मौर्य ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा और जिलाधिकारी के निर्देशों का अनुपालन कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। श्री मौर्या 2017 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वो एटा और नोएडा में भी सेवाएं दे चुके हैं।

### कांग्रेस ने चलाया संगठन सृजन अभियान

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर की न्याय पंचायत बसंतीपुर में कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाया। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. विनोद दीक्षित ने संगठन विस्तार पर मंथन किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य घनश्याम लाल शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव कन्हैयाजी मेहरोत्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी दिलीप शुक्ल, जिला सचिव विजेंद्र शुक्ल, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, उमेश कुमार, राजकिशोर वर्मा, कमल किशोर मिश्र, श्यामू मिश्रा, रामू भार्गव, शिवपाल, गजराज, अजय कुमार श्रीवस्तव, लवकुश आदि मौजूद थे।

### राज क्लब ने स्टार क्रिकेट क्लब मडारी को 45 रन से हराया

**सीतापुर।** नैमिश युवा संस्कार समिति ने देश के वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित तृतीय नमामि नैमिष अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे क्वॉटर फाइनल मुकाबले में राज क्रिकेट क्लब नैमिषारण्य ने दमदार प्रदर्शन किया। स्टार क्रिकेट क्लब मडारी को 45 रन से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। ठाकुरनगर के प्रधान प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता, व्यास आश्रम के धर्मेंद्र श्रीवास्तव, व्यवसायी राजेश दीक्षित, देवी प्रसाद तिवारी आदि ने मैच का आनन्द लिया।

### सपा ने आयोजित किया खिचड़ी भोज

**कसमण्डा सीतापुर।** कसमंण्डा की गांव रघुवीरपुर में समाजवादी पार्टी बिसवां की ओर से खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, विधान सभा क्षेत्र विसवां अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, अफजाल कौशर, अनिल कुमार यादव आदि ने भोज का आनन्द लिया।

### मिश्रिख में चला श्रीराम निधि समर्पण अभियान

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख में श्रीराम निधि समर्पण अभियान चलाया गया। इसमें आरएसएस के विभाग संघ चालक डॉ. हरिपाल सिंह, जिला कार्यवाह .ष्ण कुमार, विश्व हिन्दू परिशद जिलाध्यक्ष विपुल प्रताप सिंह, जिला सम्पर्क प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, खंड संघ चालक पंकज, अभियान प्रमुख मनोज पांडेय, जिला संगठन मंत्री विमल आदि ने अभियान में हिस्सा लिया। व्यापारी विनय गुप्ता बिंदू , सन्तोश गुप्ता, ज्ञानेंद्र, रजनेश, कौशल शुक्ला आदि ने मंदिर निर्माण में सहयोग राशि दी।

### राम किशोरी देवी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया तंबौर थाने का भ्रमण

**सीतापुर।** पीकेवी हायर सेकेण्ड्री स्कूल और रामपाल राम किशोरी देवी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बुधवार को तंबौर थाना का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर रामपाल सिंह, अभि मिश्रा, कुलदीप, पिंकी, राजेश सिंह, छमा, कंचन आदि मौजूद रहीं।

### पूर्व विधायक ने की अंबेडकर और भगवान बुद्ध के विचारों पर चर्चा

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा के जमौली गांव में आयोजित बुद्ध कथा में पूर्व विधायक झीन बाबू ने शिरकत कर भीमराव अंबेडकर और भगवान बुद्ध के विचारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आंबेडकर और भगवान बुद्ध के सामाजिक समरसता का सिद्धांत वर्तमान में भी प्रासंगिक है। इस मौके पर रामकुमार उर्फकुंवर, बैजनाथ, अमित शुक्ला, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी, पैकरमा, मेवालाल, श्रीकेशन, भोलई, रामपाल आदि मौजूद थे।

### कमलापुर कस्बे में निकाली गयी पदयात्रा

**कमलापुर सीतापुर।** श्रीराम मन्दिर निर्माण धन संग्रह के कमलापुर कस्बे में पद यात्रा निकाली गई। कस्बे में पद यात्रा कर मंदिर निर्माण के लिए सहयोग भी जुटाया गया। यात्रा में पूर्व प्रमुख कसमंडा सूर्यभानु सिंह (डब्बू), जिला प्रचार प्रमुख कमल किशोर, खंड संघचालक अशोक मिश्रा, अभियान प्रमुख मनोज कुमार सिंह, विश्व हिंदू परिशद के जिला संयोजक बच्चे प्रसाद बाजपेई, जिला सह सेवा प्रमुख सत्य प्रकाश, राघवेंद्र सिंह, वेद सिंह आदि मौजूद थे।

### कच्ची दीवार ढहने से दो मवेशियों की मौत

**सिधौली सीतापुर।** अटरिया के गांव रघुनाथपुर में बीती रात कच्ची दीवार अचानक गिर गई। हादसे में दो मवेशियों की मौत हो गई और शैलेन्द्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### विधायक के मानवीय कार्य की क्षेत्र में हो रही चर्चा

**महमूदाबाद सीतापुर।** महमूदाबाद के विधयाक नरेंद्र वर्मा राजनीति में जितने कुशल है इंसानियत के मामले में उतने ही नरमदिल। सोमवार रात करीब नौ बजे पैंतेपुर मार्ग स्थित अपने पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो वहां अचेतावस्था में सड़क के किनारे बुरी तरह से झुलसी हुयी एक लावारिस गर्भवती महिला पड़ी थी। विधायक ने तत्काल डांक्टर विपिन वर्मा को बुलाकर दवा दिलाकर महिला को पम्प पर ले गए 36-और अपने हांथो से खाना खिलाया। इसके बाद उन्होंने महिला का पता ट्रेस करके उसके परिवारीजनों के सुपुर्द कर दिया और खर्च उठाने का वादा भी किया। विधायक के इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

### हेड कांस्टेबल पर पत्नी ने जड़े गंभीर आरोप

**सीतापुर।** पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल अशोक निराला पर उसकी पत्नी सीता ने गंभीर आरोप जड़े हैं। सीता का कहना है कि अशोक खुद को सरकारी गुंडा बताते हुए गैर महिला से सम्बंध रखता है और पिछले 5 वर्श परिवार की जिम्मा नहीं उठा रहा है, जिससे परिवार बिखर रहा है। पीड़िता ने एसपी दतर में प्रार्थनापत्र देकर इंसाफकी गुहार लगाई है।

### पीआरबी पुलिस ने दो भटके बच्चों को माता-पिता से मिलाया

**सीतापुर।** पीआरबी पुलिस ने एक बार फिर पुलिस का मानवीय चेहरा दिखया है। पीआरबी 1790 को मंगलवार रात सूचना मिलती है कि दो बच्चे लावारिस भटक रहे हैं। पीआरवी ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को कस्टडी में लिया। पूछने पर कालीचरन और मुस्कान पुत्रगण हुल्ली के तौर पर हुई, लेकिन बच्चे पता नहीं बता सके। इसके बाद पुलिस ने छान बीन करके बच्चों के निवास स्थान का पता लगा लिया और उमरिया गांव पहुंचकर बच्चों को उनके माता पिता के सुपुर्द कर दिया।

### पैसे के लेनदेन में दो पक्षों में मारपीट

**रामकोट सीतापुर।** रामकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवीन चौकी क्षेत्र के रामनगर में पैसे के लेनदेन में दो पक्षों में मारपीट हो गई। विवाद में दलित महेश घायल हो गया। पुलिस ने जसवंत मिश्रा, अनिल मिश्रा और अतुल पर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद

**तालगांव सीतापुर।** तालगांव क्षेत्र के ग्राम सभा मानपुर में मंगलवार शाम रास्ते को लेकर विवाद हो गया। विवाद में रामस्वरूप, राजेश, बृजेश, सुधाकर, सिपाही लाल, दिलीप कुमार व रोमिल आदि ने घर में घुसकर रामकिशोर, बृजकिशोर, सरबजीत व अमित की पिटाई कर दी। घायलों का इलाज सीएचसी परसेंडी पर चल रहा है। थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया कि किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है।

### अंग्रेजी प्रवक्ता संजय मिश्र का निधन

**सीतापुर।** राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के अंग्रेजी प्रवक्ता संजय मिश्र का 47 वर्श की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। पिछले दो दिनों से उनका इलाज लखनऊ के लॉरी अस्पताल में चल रहा था। स्व. मिश्र नार्दानंद आश्रम नैमिश के निवासी थे। उनके निधन पर प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह, महंत बजरंग दास, मुरलीधर कनौजिया, जगदाचार्य देवेन्द्रानंद, शांति देव, प्रकाश चंद्र पाण्डेय आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### बेटी की मौत के सदमे में पिता ने लगायी फांसी

**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद के नानकारी निवासी सूरज अपनी बेटी की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाए। उन्होंने फांसी लगाकर जान दे दी। सोमवार को उनकी 18 वर्शीया शालू ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। सूरज गांव में किराए के मकान में 3 बेटियों के साथ रहकर किसी तरह जीवन यापन कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि इस बाबत तहरीर नहीं मिली है।

### ज्ञान की चौपाल में नीतियों का बखान

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा के ग्राम ग्वारी में विधायक ज्ञान तिवारी ने चौपाल लगाकर योगी सरकार की उपब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सरकार ने रोजगार, व्या पार, शिक्षा, सुरक्षा, निवेश, उद्योग, गो- संरक्षण, महिला, युवा, गरीब, किसान और मजदूरों के लिए सबसे ज्याकदा काम किया है। इस मौके पर भाजपा के तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कठूरा में बांटे गए कम्बल

**लहरपुर सीतापुर।** बेहटा ब्लॉक के कठूरा गांव में इफ्को की ओर से जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। वरिष्ठ सलाहकार विजय सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय प्रबंधक एसके शुक्ला, हरिश्चंद्र वर्मा, वीके सिंह, देवेंद्र सिंह, अनुराग सिंह, चन्द्र सिंह आदि ने जरूरतमंदों को कबंल वितरित किए।

### पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक की मौत

**पिसावां सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र के अमरैया गांव में गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार गांव के ही 24 वर्शीय रंजीत यादव की मौके पर ही मौत हो गई। चालक व मृतक का भतीजा 21 वर्शीय मोनू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। मोनू का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### पुलिस पिकेट के करीब चोरों का धावा

**रामपुर कलां सीतापुर।** थाना रामपुर कलां के लालापुर बाजार पिकेट पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित देशी शराब की दुकान पर मंगलवार रात चोरों ने हाथ साफकर दिया। नकब लगाकर चोर 20 पेटी शराब, एक हजार की नगदी, एक बैटरी और स्टॉक रजिस्टर उठा ले गए। ठेकेदार ने पुलिस को तहरीर दे दी है। सेल्स मैन महेश यादव ने बताया कि कुछ माह पूर्व भी चोरों ने उनकी दुकान में नकब लगाई थी, लेकिन वो चोरी नहीं कर पाए थे।

### तांडव के विरोध में सड़कों पर उतरे हिन्दू संगठन

**सीतापुर।** हाल ही में रिलीज हुई तांडव फिल्म के विरोध में बुधवार को सीतापुर में भी तांडव देखने को मिला। हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया और फिल्म पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठाई। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना व आजाद हिंद भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने लालबाग पार्क में एकत्र होकर हिंदू देवी देवताओं का अपमान बर्दाश्त न करने और आंदोलन की गूंज दिल्ली तक पहुंचाने की चेतावनी दी। प्रदर्शनकारियों ने पीएम को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया।

### डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** मोहल्ला प्रेम नगर में घरों में जलभराव की स्थिति है। इससे निजात दिलाने के लिए मोहल्ले के लोगों ने बुधवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि उनके घरों में पिछले कई महीनों से पानी भर रहा है, जिम्मेदारों से गुहार लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस मौके पर सभासद प्रेमनगर धीरज पाण्डेय, हर्शा डोडेजा, नेहा डोडेजा, पूनम डोडेजा, गायत्री डोडेजा, प्रमिला अरोरा, निर्मला आदि मौजूद थे।

### खिचड़ी भोज का आयोजन

**रामपुर मथुरा।** रामपुर मथुरा के ग्राम पारा रमनगरा में श्री श्री भरत दास महाराज की द्वितीय पुण्य तिथि पर खिचड़ी भोज और युवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्र कुमार मिश्रा, चंद्र भूशण शुक्ला, रमेश वाजपेई, अम्बरीश गुप्ता, सुरेश प्रकाश मिश्रा, जय कुमार वर्मा, रजत गुप्ता, धीरेंद्र मिश्रा, अंकुर गुप्त आदि मौजूद थे।

### ऐश्वर्य बने डीएलएड टॉपर

**सीतापुर।** ऐश्वर्य त्रिवेदी ऐम कॉलेज बाड़ी सिधौली के डीएलएड टॉपर बने हैं। विकास सिंह द्वितीय और शुभेंदु प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रशासनिक अधिकारी तारिक सिद्दीकी ने बताया कि विद्यालय का परिणाम शतप्रतिशत रहा है। इस मौके पर चन्द्रशेखर प्रजापति, संतोश कुमार, मोनिका पटेल, वर्तिका वर्मा, मोहम्मद फैसल किदवाई, मोहम्मद अंसार, शहनूर जेबा, रुबीना आदि मौजूद थे।

### विभाग प्रमुख का स्वागत

**बिसवां सीतापुर।** एबीवीपी नगर इकाई बिसवां ने नगर नवनिर्वाचित जिला संयोजक आकाश और विभाग प्रमुख रूपेश अवस्थी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने निष्ठा के साथ दायित्वों के निर्हवन का संकल्प दोहराया। इस मौके पर नगर मन्त्री सोमेश सिंह, अमन, अभिनव, वासुदेव, धर्मेंद्र, नमन, शिखर, विजय वर्मा, विशाल, शशिकांत आदि मौजूद थे।


### ब्लाक रेउसा में हुई निधि समर्पण अभियान की बैठक

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा खंड विकास कार्यलय सभागार में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान की बैठक हुई। विधानसभा सेउता विधायक ज्ञान तिवारी कहा कि दिव्य और भव्य मंदिर के निर्माण में प्रत्येक परिवार का कुछ न कुछ अंश हो इसके लिये यह बैठक की गई है। इस दौरान जिला कार्यवाहक देवेंद्र सिंह, रेउसा खण्ड संचालक त्रियुगी नारायण मिश्र, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामस्वरूप भार्गव, खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष आंनद दीक्षित, समरसता प्रमुख प्रेम चंद्र शुक्ल, सन्दीप मिश्र सन्दीप बाजपेई, लोकेश, उदय अवस्थी, देवेंद्र मिश्र, रमेश चंद्र अवस्थी, राम लखन रस्तोगी, आशीश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### नहर फटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**गोंदलामऊ सीतापुर।** गोदलामऊ इलाके के बबुरीखेरा गांव के समीप नहर फटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। किसान सुशील मौर्य, शंकर रामदत्त, शिवचंद, रामनाथ, प्रकश, जयपाल, राधेश्याम आदि ने बताया कि नहर पिछले 4 दिनों से फटी है, विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। एसडीएम गिरीश झा ने बताया कि नहर विभाग को सूचना देकर जल्द ही नहर बंधवाई जाएगी।

### हत्या के मामले में चाचा- भतीजे को उम्रकैद



**सीतापुर।** कोर्ट संख्या 4 के अपर सत्र न्यायाधीश राहुल कुमार कात्यायन ने हत्या के मामले में चाचा- भतीजे को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियुक्त श्याम लाल और छोटे लाल पर दस-दस हजार का जुर्माना भी बोला गया है। अभियुक्तों ने वर्ष 2011 में परसादी की हत्या कर दी थी। मृतक के भाई राजेश ने श्याम लाल, छोटे लाल और राम विलास पर एफआईआर दर्ज कराई थी। फैसला आने से पहले राम विलास की मौत हो चुकी है।

### एसडीएम से दबंगों की शिकायत

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख के करियाडीह निवासी हरिप्रसाद ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर मकान के दरवाजे के सामने सहन की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। एसडीएम गिरीश कुमार झा ने जांच करने के लिए कोतवाल को निर्देश दिए हैं।

# अब अखिलेश का 'आशीष'

## भाजपा छोड़ साइकिल पर हुए सवार महोली के आशीष मिश्रा

**संवाददाता।** सीतापुर



सीतापुर-सपा में शामिल होने के दौरान आशीष मिश्रा

**अगर नेताओं** की आमद सियासी बयार और बहार की बानगी है तो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा समाजवादी पार्टी के अच्छे दिन लौटने वाले हैं। 22 में बाइसकिल का नारा शायद हिट हो रहा है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के दरवाजे पर सबसे ज्यादा दस्तक सुनाई पड़ रही है। आहट को सुनने में माहिर नेताओं ने सियासी दलों और जमीनी हालात की हकीकत को समझ कर मुफीद ठिकाने तलाशने शुरू कर दिए हैं। अपने मौजूदा दलों से निराश नेताओं के नये घरों पर गौर करें तो पाएंगे पिछले कुछ महीनों में अपने-अपने दलों से रूखस्ती करने वाले नेताओं ने अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी को ठौर बनाया है। सीतापुर के बसपा सांसद- विधायक रह चुके जासमीर अंसारी-कैसरजहां से लेकर पिछले सप्ताह मेरठ के कददावर बसपा नेता योगेश वर्मा तथा मेयर पत्नी तक कई प्रमुख नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। अखिलेश यादव की मौजूदगी में सबसे हालिया ज्वाइनिंग महोली के भाजपा नेता आशीष मिश्र की है। सत्तारूढ़ पार्टी से नाखुश चल रहे आशीष मिश्रा ने कल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी ज्वाइन की। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित हो चुके आशीष मिश्र के साथ कृषक इंटर कॉलेज महोली के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राम किशोर मिश्रा, एसएस इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य योगेंद्र मिश्रा, संतोष, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मोहन मिश्रा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा, मंडल अध्यक्ष श्याम बिहारी पांडेय, प्रधान बम्हौरा प्रवीण दीक्षित, पिंटू दीक्षित, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष राम रतन निषाद, बीडीसी पिसावां राम दुलारे गौतम, छैलू पासी, पूर्व प्रधान अनिल मिश्रा, आशा मिश्रा, विजय विक्रम सिंह, शिशु पाल सिंह समेत भारी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थामने के बाद आशीष मिश्रा ने 'पायनियर' से बातचीत की, कहा कि पार्टी में कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनी जा रही है। धरने पर बैठे किसानों की बात नहीं सुनी जा रही है। डर का माहौल बनाया जा रहा है, इसलिए काम करने वाली पार्टी में शामिल हुए हैं। आशीष मिश्रा ने कहा कि चुनावी टिकट को लेकर कोई मांग नहीं है। पार्टी का निर्णय माना जाएगा।

शहर में प्रकाश पर्व की धूम...

# लंगर में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

**संवाददाता।** सीतापुर

**प्रकाश पर्व** पर शहर में धूम रही। शहर के गुरू नानक नगर में विशेष दीवान का आयोजन किया गया। हुजूरी रागी जत्था भाई साहब भाई राज सिंघ पदमपुरी और उनके साथियों ने कीर्तन का उच्चारण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। दिल्ली से पधारे बलजीत सिंघ और उनके साथियों ने भी कीर्तन किया। आयोजित लंगर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। शाम को पड़ाव मार्केट में प्रसाद बांटा गया। इस दौरान श्री गुरू सिंघ सभा सीतापुर के अध्यक्ष चरन जीत सिंघ, सचिव हरदीप सिंघ, श्री गुरू नानक नगर की अध्यक्ष बीबी रजिंदर पाल कौर, कुलवंत सिंह, सतनाम सिंघ, गुरदीप सिंघ, प्रदीप सिंघ, बीबी गुरमीत कौर आदि मौजूद थे।

## सिधौली कस्बे में भी रही प्रकाश पर्व की धूम

**सिधौली** कस्बे में भी गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व की धूम रही। मोहल्ला गोविन्द नगर स्थित गुरुद्वारा में मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम सन्तोश कुमार राय हिस्सा लिया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी उमाकांत दीपक, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम राजूपत, गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह, रघुवीर सिंह, जसवीर सिंह रागी, सिक्ख सेवा सोसायटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह(कारी), विक्की सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, बल्लू सिंह, सभासद दिग्विजय शुक्ला आदि मौजूद थे।

# ट्रक बस में भिड़ंत, यात्री घायल

**संवाददाता।** तंबौर सीतापुर

**तम्बौर थाना** क्षेत्र के लहरपुर मार्ग पर सुल्तानापुर गांव के पास प्राइवेट बस में ओवरलोड गन्ना से लदे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसें में बस के पिछले हिस्से में बैठी सात सवारियां घायल हो गई। घायलों को सीएचसी तम्बौर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

## बैट्री रिक्शा पलटा, दो महिलाएं घायल

**लहरपुर** कस्बे के मोहल्ला लोखरियापुर में बैट्री रिक्शा पलटने से रिक्शा सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। घायल नाजरीन और शमीम बानों का सीएचसी लहरपुर में उपचार कराया गया। बताते हैं कि रिक्शा नाबालिग लड़का चला रहा था।

सीएम करेंगे वर्चुअल उद्घाटन, डीएम-एसपी होंगे शामिल

# यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिए: रामकृष्ण



सीतापुर-हरी झण्डी दिखाकर बाइक रैली को रवाना करते विधायक रामकृष्ण भार्गव

## बाइक रैली ने दी जागरूकता को रफ्तार विधायक ने बांटे हेलमेट

**संवाददाता।** सीतापुर

**परिवहन** व पुलिस विभाग के समन्वय से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिवस बाइक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकृष्ण भार्गव माननीय विधायक मिश्रिख ने झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में हेलमेट लगाकर जागरूकता का संदेश दिया। श्री भार्गव ने कहा कि यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं लगातार हो रही मार्ग दुर्घटनाएं इस बात का सूचक है कि यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता का अभाव है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि एएसपी राजीव दीक्षित ने कहा कि यातायात के नियम सुरक्षा का कवच हैं। यातायात नियमों के प्रति सजग रहने से सड़क हादसों को रोका जा सकता है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायन पाण्डेय ने कहा कि नशा नींद, मोबाइल पर बात, ओवर स्पीडिंग, ट्रिपलिंग, हेलमेट न लगाना, सीटबेल्ट के प्रति लापरवाही सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। पीटीओ शैहपर किदवई ने कहा कि विभाग की मंशा है कि लोग यातायात नियमों के प्रति जागरूक हों। बाइक रैली शहर के प्रमुख रास्तों से होती हुई पुन: कार्यक्रम स्थल पहुंच कर सम्पन्न हुई। रैली में दर्जनों बाइक सवार शामिल हुए। माननीय मिश्रिख विधायक द्वारा चालकों को हेलमेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में सीतापुर प्रगति संस्थान द्वारा पम्फ्लेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में टीआई करूणेश, टीएसआई रामजतन, सुदीप आर्या, टीएन मिश्रा, संतोष कुमार, के अतिरिक्त विभिन्न ऑटोमोबाइल डीलरों के कर्मी भी शामिल रहे। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सड़क सुरक्षा माह का वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अहमद नगर स्थित श्री कृष्णा कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें महोली विधायक शशांक त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# राम मंदिर देश का गौरवः मोनू

संवाददाता। निघासन खीरी



**नगर पंचायत** के ग्राम रकेहटी में सेक्टर की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि नें सभी बूथ अध्यक्षों को बुलाकर समीक्षा की। सभी बूथ प्रमुखों ने पन्ना प्रमुख तक की जनकारी दी। इसके बाद अन्तर्वेद मंडल के समरसता खिच ?ी भोज का आयोजन गांव गौरिया में महेश गुप्ता के आयोजन में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता आशीष मिश्रा मोनू और विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए मोनू ने कहा कि राम मंदिर हिंदुओ की आस्था का प्रतीक है। 465 सालों के बाद यह दिन आज हम सबके समक्ष आया है। यह गौरव की बात है कि हम सब सनातन धर्म के लोगों के लिए है। मंदिर निर्माण के लिए पार्टी से लेकर पदाधिकारियों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी किया है और करना है। इस भागीदारी में आप सब एक हो कर संकल्प करते हुए योगदान करे ताकि हमारी पीढियां गर्व से कह सके कि हमारे दादाए पर दादाए पिता ने राम मंदिर निर्माण में सहयोग किया था। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 200 बैड का हास्पिटलए जिला अस्पताल में स्टीस्केन मशीनए जिले मे मेडिकल कालेज बनने जा रहा है। निघासन में महिला डाक्टर की नियुक्ति और कोरोना का अंत आरम्भ हो चुका है। स्वदेशी दवा देशवासियों के लिए अस्पतालों तक पहुच गई है। दो लाख लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। टीकाकरण अभियान लगातार जारी है। उन्होंने खीरी सांसद की भी उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान नागेंद्र सिंह सेंगर व डीएस मौर्या हरीश पाण्डेयए लखपति पाण्डेय बनवारी लाल यादव दिग्विजय गुप्ता रतीराम लोधी केके तिवारी शिव भगवान सिंह गंगाराम जयसवाल राजीव मिश्रा संजय गिरीए गुड्डू गुप्ता मोहित त्रिवेदी अनमोल राज रामे पाण्डेय प्रदीप शुक्ला माल चन्द मोदी संजय मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब की नई कमेटी गठित

**लखीमपुर खीरी।** रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल की एनुअल जनरल मीटिंग अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर प्रदीप टंडन के निवास पर हुई । बैठक में सर्वसम्मति से आने वाले सत्र 2021.22 के लिए संचालक मंडल का चुनाव किया गया। प्रदीप टंडन को अध्यक्षए हर्ष गुप्ता प्रतीक बरनवाल अध्यक्ष नामित उपाध्यक्ष संजय अग्रवालए सचिव मुदित गुप्ता सह सचिव अरविंद मिश्रा कोषाध्यक्ष राजीव बरनवाल नियुक्त किए गए। डायरेक्टर्स के तौर पर राजेश सक्सेना मुकेश सक्सेना शवल गुप्ता संजीव पोद्दार अमन डोगरा प्रदीप गुप्ता राकेश गुप्ता व महीपाल जैन शामिल किए गए। पीआरओ राजेश बरनवालए क्लब ट्रेनर रश्मी मुकेशए क्लब आडीटर अमित गुप्त व सार्जेंट एट आर्मस संध्या बरनवाल बनाए गए।रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल की वार्षिक सामान्य सभा में वरिष्ठ मुकेश सक्सेना द्वारा प्रस्तावित व पूर्वाध्यक्ष संजीव पोद्दार द्वारा अनुमोदित किया गया।

# पीएम ने लाभार्थी से की बात

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण



**बुधवार को** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी नन्हे सिंह निवासी केशवपुर गुरेला ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री से सीधे बात की।बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत उत्तर प्रदेश के 06 लाख 10 हजार लाभार्थियों को को 2691 करो ? की धनराशि ऑनलाइन हस्तांतरण किया। इसके उपरांत उन्होंने मूल्यांकन एवं परफॉर्मेंस के आधार पर चयनित यूपी के पांच जनपदों के लाभार्थियों से संवाद किया। इस संवाद कार्यक्रम में सबसे पहले खीरी जनपद के पीएम आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के लाभार्थी नन्हे सिंह से बात की। कुशल क्षेम जाना और आवास सहित अन्य योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी ली। लाभार्थी श्री सिंह ने बताया कि परिवार में कुल सात लोग हैं। जिनमें चार पुत्रीए एक पुत्र एवं वह पति.पत्नी है।आज जनपद में पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में एक अरब 24 करोड़ 65 लाख 30 हजार की धनराशि अंतरित की गई। जिसमें प्रथम किस्त 21317 लाभार्थियों के खाते में 85 करोड़ 26 लाख 80 हजारए द्वितीय किस्त 5435 लाभार्थियों के खाते में 34 करोड़ चार लाख 50 हजार एवं तीसरी किस्त 340 लाभार्थियों के खाते में 34 लाख की धनराशि अंतरित की गई।इस वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान खीरी सांसद अजय मिश्र टेनीए विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर श्रीमती मंजू त्यागी, विधायक मोहम्दी लोकेन्द्र प्रताप सिंहए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंहए सीडीओ अरविंद सिंहए पीडी रामकृपाल चौधरीए सांसद प्रतिनिधि अमरीश सिंहए जितेंद्र त्रिपाठीए बीडीओ संतोष सिंहए प्रीति वर्मा समेत योजना के 10 लाभार्थी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया जिलास्तरीय तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ




**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश के तहत जिला स्तरीय तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला मुख्यालय जीआईसी प्रांगण में हुआ। जिसका शुभारंभ डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।

डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी व जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ आरके आर्य के साथ लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर मौजूद छात्र.छात्राओं से उनके प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी ली। उनका उत्साहवर्धन किया।डीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि इन प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ाता है। उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। बचपन से ही बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में अभिरुचि पैदा करें। ताकि वह आगे चलकर भारत के सुनहरा भविष्य बने। आज के बच्चे कल का भविष्य है। इसलिए उन्हें विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विज्ञान के जो ?कर उनका भविष्य संवारे।डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने विज्ञान प्रदर्शनी की प्रासंगिकता एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग इस प्रकार की प्रदर्शनी के आयोजनों से बच्चों की बौद्धिक एवं तार्किक क्षमता में वृद्धि करेगा। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के 77 विद्यालयों द्वारा एक.एक स्टाल लगाए गए। जिसमें 44 राजकीय विद्यालयए 26 सहायता प्राप्त विद्यालय व 09 निजी क्षेत्र के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 220 छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा।विज्ञान प्रदर्शनी में भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान जीव विज्ञान एवं गणित विषय के विशेषज्ञ और विज्ञान प्रदर्शनी के जूरी मेंबर बनाए गए। विजेता प्रतिभागियों को प्रदर्शनी के अंतिम दिन बजे सम्मानित किया जाएगा।

# आयुष्मान भारत के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रशिक्षण

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी



**आयुष्मान भारत** योजना के अन्तर्गत प्रधानमत्री द्वारा 14 अप्रैल 2020 को स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम उच्च माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के लिये संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वागीण विकास और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। जिसमें विद्यालय स्वास्थ्य किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम जीवन कौशल जीवन मूल्य शिक्षा राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना योग एवं ध्यान शामिल है। इसके साथ ही विद्यालय स्वास्थ्य घटक जीवन कौशल का लाभ उठानेए साप्ताहिक आयरन टैबलेट सेवन विफ्स कार्यक्रम मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम आदि जानकारी भी प्रदान की जाती है। जनपद में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान से 19 से 23 जनवरी तक आनलाइन के माध्यम से 05 दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक विकास खण्ड से तीन प्रशिक्षकों में से 02 स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर व 01 प्रशिक्षक शिक्षा विभाग से अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त 05 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में पूनम सिंह तोमर एसआरजी डॉ0अनुपमा मिश्रा एसआरजी पंकज कुमार एसआरजी अनिल यादव डीपीएम तकनीकी सहयोग मो जबीउल्ला एसआरजी एवं प्रशिक्षण योजना सचिन गुप्ता ;कन्सलटेन्ट किशोर स्वास्थ्य द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का उदघाटन सत्र उद्बोधन राज्य स्तरीय उपमहाप्रबन्धक किशोर स्वास्थ्य डॉण् आनन्द अग्रवालए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज अग्रवालए नोडल अधिकारी डॉ आरपी दीक्षित प्राचार्य डायट व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का संचालन एवं परिचय सत्र पूनम सिंह तोमर द्वारा किया गया।

## सड़क दुर्घटना में मारे गए ग्रामीण के घर पहुंचे हिमांशु पटेल

**ढखेरवा.खीरी।** रविवार को ढखेरवा लखीमपुर रोड पर लखीमपुर से दवाई लेकर वापस आ रहे मलबेह ? निवासी लियाकत की किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर मौत हो गयी थी। साथ मे गम्भीर घायल हुए लियाकत के 14 वर्षीय बेटे यूनुस को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया था। आज इलाज के दौरान यूनुस की भी मृत्यु हो गयी। मृत्यु की खबर सुनते ही पूरे गांव में मातम छा गया। जानकारी पाकर समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल ने मलबेहड़ पहुंचे और पीड़ित परिवार से शोक सम्वेदना व्यक्त की। इस मौके पर प्रधान ब्रजेश वर्मा सुबोध वर्माए विनोद वर्मा शिवपूजन वर्मा भंडारी यादवए विकास पटेल व असलम अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# भ्रमण कार्यक्रम में किसानों के दल को लखनऊ रवाना किया गया



**फतेहपुर।** कृषि विभाग के तत्वाधान में प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति के सचिव उमेश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में चार दिवसीय राज्य स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ/औषधि अनुसंधान संस्थान (सीमैप) लखनऊ एवं केंद्रीय उपोषण बगवानी संस्थान लखनऊ में भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु साठ किसानों के दल को उप कृषि निदेशक बृजेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि उपनिदेशक ने किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कृषि की नई तकनीकि की खेती की जानकारी व लखनऊ स्थित संस्थान में गन्ना की नई प्रजाति व उसके कीट व रोग नियंत्रण के साथ ही सहफसली खेती एवं औषधि खेती एवं बागवानी के विषय जानकारी हासिल करेंगे। इसके साथ ही उसके प्रसंस्करण की तकनीक भी सीखें एवं जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इस मौके पर पूर्व सुरक्षा अधिकारी बब्लू कुमार ने कहा कि भ्रमण एवं प्रशिक्षण से किसानों को मुख्य रूप से फसलों की उन्नतशील प्रजातियों की जानकारी होती है तथा अनुसंधान संस्थानों के फार्म में हो रही खेती को देखने का अवसर मिलता है। जिससे किसान उसे खुद अपनाने के साथ ही अन्य किसानों को प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में शिव सिंह, युवराज सिंह, रमेश सिंह, आशीष दीक्षित आदि ने प्रतिभाग किया।

# विद्यार्थी परिषद ने सैफ अली का पुलता फूंका

संवाददाता। फतेहपुर

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद द्वारा चौक चौराहे में तांडव वेब सीरीज के खिलाफ कार्यकर्ताओं व छात्रों ने नाराजगी जताते हुए सैफअली खान का पुतला दहन किया गया। एबीवीपी के प्रांत मंत्री तरूण बाजपेई ने कहा कि यदि समय रहते वेब सीरीज पर रोक नहीं लगाई गई तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। संस्कृति व परंपराओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हमारी परंपराएं इस देश की पहचान है। इससे ही पूरी दुनिया में हमारा नाम रोशन है। इस तरह की वेब सीरीज नहीं बनाई जानी चाहिए। जिससे लोगों की भावनाओं को ठेस लगे। इस पुतला दहन का नेतृत्व नगर मंत्री सूर्या पाठक द्वारा किया गया। इस मौके पर विभाग संयोजक बलराम द्विवेदी, यशस्वी दीक्षित, शिवम गुप्ता, गौरव शुक्ला, शुभम वर्मा, आरती दीक्षित, अभिषेक गुप्ता, हिमांशु त्रिपाठी, राजकुमार, अंकित जयसवाल, सुधांशु, शिवकुमार, अर्पण पटेल आदि उपस्थित रहे।उधर यहां अखिल भारतीय हिन्दू महासभा ने तांडव फिल्म के डायरेक्टर और फिल्म अभिनेता सैफअली खान का पुतला दहन किया गया। महासभा ने जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया और महासभा के नेताओं ने सरकार से तांडव फिल्म के सभी पदाधिकारियों के खिलाफकार्यवाही करने की मांग की गयी है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी, रामआसरे आर्य, करन सिंह पटेल, अतुल दीक्षित, बबलू मिश्रा, आदित्य शुक्ला, प्रकाश मिश्रा, रजउ पाण्डेय, सूरज शुक्ला, विपिन त्रिवेदी, राजू मौर्य, मनोज शुक्ला, संतोष नेता आदि मौजूद रहे।



## वांछित चढ़ा हत्थे

धाता (फतेहपुर)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में' एक सप्ताह पूर्व कस्बे के राकेश केसरवानी की दुकान से हुयी चोरी में लिखे गये मुकदमे का वांछित अभियुक्त दीपक कुमार पटेल पुत्र जुगुल किशोर नि0 उरई थाना धाता जनपद को उ0नि0 विनोद कुमार मय हमराह द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी गया 30,000 रू0 नगद व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुआ। अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## इलाज के दौरान वृद्ध ने तोड़ा दम

**फतेहपुर।** विगत तीन दिन पूर्व अचेत अवस्था में एक लगभग 60 वर्षीय वृद्ध को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहा इलाज के दौरान उसने दम तोड दिया। जानकारी के अनुसार प्रयागराज जनपद के थाना नैनी निवासी रामस्वरूप सोनी का पुत्र सीताराम सोनी जो फतेहपुर जनपद आया था। तीन दिन पूर्व अचानक उसकी हालत बिगड गयी जिसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहा उसने इलाज के दौरान उसने दम तोड दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### हिस्ट्रीशीटर और साथी समेत पकड़ा गया

**बरेली।** मुख्यविर की सूचना के बाद वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार भी बरामद हुए। दोनों को पुलिस ने जेल भेजा।कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारी पुर निवासी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव को आज पुलिस ने किला थाना क्षेत्र में कब्रिस्तान के सामने वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके साथी सुभाष नगर थाने के मोहल्ला मढिनाथ निवासी रंजीत के मकान में किराए पर रहने वाले बिशारतगंज थाने के गांव अतरछेड़ी निवासी मोनू ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक तमंचा कारतूस और अवैध चाकू भी बरामद हुआ। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को उन्होंने मीरगंज थाना क्षेत्र में एक एटीएम कार्ड बदलकर एक लाख 58हजार रुपये निकाले थे। इसके अलावा उन्होंने पिछले दिनों बिहारीपुर चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह पर भी तमंचे से फायर किया था और मारपीट की थी। पुलिस उनकी तलाश में थी। गिरफ्तार अंकित पर विभिन्न थानों में 38 मुकदमे दर्ज हैं उन्हें। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार तिवारी उप निरीक्षक विकास यादव और सिपाही हरिओम शामिल रहे दोनों बदमाशों को पुलिस ने जेल भेजा

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में ग्रामीण की मौत

**बरेली।** पत्नी की दवा लेकर लौट रहे एक ग्रामीण की मोटरसाइकिल सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से टकरा गई। जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिशारतगंज थाने के गांव मझगवां में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में बदायूं के दातागंज थाने के गांव रामपुर धीरपुर निवासी 45 वर्षीय अमरपाल पुत्र बाबूराम मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अमरपाल की पत्नी अनारकली के हाथ में पिछले कुछ दिनों से दर्द होता था। अमरपाल पत्नी की दवा लेने के लिए बहेटा निवासी अपने साढू बुलाकी राम के साथ मझगवा जाते थे। कल शाम को भी वह साढू के साथ पत्नी की दवा लेने के लिए मझगवां गए थे। जहां से वापस लौटते समय उनकी बाइक पर साढू बुलाकी राम भी सवार थे। अमरपाल उन्हें उनके घर छोड़ने के लिए जा रहा था। जहां से उसे वापस अपने घर जाना था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद सामने से आ रही है तेज मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अमरपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई। पीछे बैठे बुलाकी राम को मामूली चोट आई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना के शिकार दोनों लोगों को जिला अस्पताल भेजा। लेकिन बुलाकी राम को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मृतक के घर वाले भी जिला अस्पताल पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक 7 बच्चों का पिता था।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** सड़क पर जा रहे एक बुजुर्ग को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शेरगढ़ थाने के गांव पीपाली निवासी 55 वर्षीय रामचंद्र पुत्र श्यामलाल की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे 27 दिसंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। मृतक के घर वालों ने बताया कि रामचंदर दुर्घटना वाले दिन अपने एक रिश्तेदार से मिलने के लिए शाही के गांव बसई गया था। जहां से वापस लौटते समय वह सड़क किनारे पैदल ही घर जाने वाले किसी वाहन पर चढ़ने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेजी से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार फरार हो गई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी। कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात उसकी मौत हो गई। वह पांच बेटों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम रामवती है।

### किशोरी फांसी पर झूली

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहटा में आज मंगलवार की रात सदिग्ध परिस्थितियों में एक लगभग 13 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हादसे के बाद जहा परिजनो मे कोहराम मच गया वही पुलिस ने शव को विच्छेदनगृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार सेमरहटा गांव निवासी राकेश की पुत्री गुडिया ने बीती रात उस वक्त घर के अन्दर फासी लगाकर आत्म हत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नीद सो रहे थे। सुबह जब परिजन की नीद खुली तो कमरे में गुडिया का फासी पर लटका शव देख परिजनो मे कोहराम मच गया। सूचना पाकर घटना स्थल पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। किशोरी द्वारा आत्म हत्या किये जाने का कारण ज्ञात नही हो सका है।

# धूम से मनाई गुरु गोविन्द सिंह जयंती

संवाददाता। फतेहपुर



**गुरु गोबिंद** सिंह की 355वीं जयंती को प्रकाश पर्व के रुप में मनाया जाता है। सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती देशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है। इस दिन घरों और गुरुद्वारों में कीर्तन, खालसा पंत की शोभा यात्रा निकाली जाती हैं, इस दिन खासतौर पर पूरे विश्व भर में कीर्तन का दरबार व लंगर का आयोजन किया जाता है। ज्ञानी गुरुवचन सिंह ने बताया गुरु गोबिंद सिंह का जन्म पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 22 दिसम्बर 1666 में पटना साहिब में हुआ था और उनके पिता का नाम गुरु तेग बहादुर और माता का नाम माता गुजरी था। गुरु गोविंद सिंह के पिता गुरुतेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। गुरु गोबिंद सिंह जी को बचपन में गोबिंद राय के नाम से बुलाया जाता था। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए हैं। जिन्हें पंच ककार कहा जाता है। ये पांच चीजें हैं-केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा थे और वे बेहद ही निडर और बहादुर योद्धा थे। उनके बारे में लिखा गया है वो उनकी बहादुरी की गाथा है, लिखा है, सवा लाख से एक लड़ाऊँ चिड़ियों से मैं बाज तड़ऊं तबे गोबिंद सिंह नाम कहाऊं गुरु गोबिंद सिंह आध्यात्मिक गुरु होने के साथ ही कवि और दार्शनिक भी थे। उन्होंने ही खालसा वाणी दी। जिसे वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह कहा जाता है। उन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए पूरे परिवार का बलिदान कर दिया और उनके चारो बेटे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की और जोरावर सिंह व फतेह सिंह को सरहिंद में नीव में चुनवा दिया गया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मे ये कार्यक्रम प्रधान पपिन्दर सिंह की अगुवाई में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि जनपद में हर साल की तरह इस साल भी कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से कोविड के नियमो का पालन करते हुए मनाया गया। रायबरेली से रागी शबद कीर्तन करने जनपद आए और उनका प्रधान द्वारा सिरोपा देकर स्वागत किया गया। आज गुरुद्वारे में ज्ञानी गुरुवचन सिंह, वरिंदर सिंह पवि, लाभ सिंह, नरिंदर सिंह, जतिंदर पाल सिंह, गोविंद सिंह, सतपाल सिंह सेठी, सरनपाल सिंह सन्नी, दर्शन सिंह, कुलजीत सिंह, गुरमीत सिंह उमंग, आकाश सिंह, राजू, जसवीर सिंह, ग्रेटी, नवप्रीत सिंह, संत सिंह, लक्की, रौनक, तरन, अर्शित व महिलाओ में हरजीत कौर, हरविंदर कौर, जसपाल कौर, मनजीत कौर, हरमीत कौर, गुरप्रीत कौर, जसवीर कौर शीनू, सिमरन, सुखमनी, वरिंदर कौर, खुशी आदि उपस्थित रहीं।

# वरिष्ठ नागरिक संगठन ने शहर में हो रहे कार्यों को जमकर सराहा

संवाददाता। फतेहपुर

**वरिष्ठ नागरिक** संगठन की बैठक की अध्यक्षता काली शंकर श्रीवास्तव ने तथा संचालन शिवसागर साहू ने किया। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। कहा गया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा लगायी गयी पिकेट ड्यूटी से अपराध नियन्त्रण में मिली। जिसकी जनमानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मो0 हाजी रजा द्वारा करायें जा रहे चौराहों का सुन्दरीकरण, अस्पताल के सामने सौ फीट ऊंचा तिरंगा झण्डे के निर्माण की सराहना की गयी। महामंत्री सन्तोष सिंह सचान ने समाज के लोंगो में अच्छे संस्कार देने का आवाहन किया। शमशुल हक सिद्दीकी ने संयुक्त परिवार की उपयोगिता पर बल दिया। अध्यक्ष ने संगठन को अधिक से अधिक सक्रिय बनाने के लिये अधिक वरिष्ठजनों को जोड़ने का आवाहन किया। सर्वसम्मति से भारतीय क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई दी। इस दौरान मुख्य रूप से प्रेमनारायन गुप्त, विजय सिंह यादव, कृष्णावतार सिंह यादव, रामसागर पाल, रशीद अहमद, बृजकिशोर शुक्ल, अशोक श्रीवास्तव, रामभजन यादव, शिवपाल, जयप्रकाश श्रीवास्तव, राजबहादुर सिंह, रमाकान्त पाण्डेय, रामविशाल एवं सन्तोष कुमार दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटनाओं में बालिका समेत कई घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत हुये सडक हादसे के दौरान पांच वर्षीय बालिका समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार हथगांव कस्बा निवासी अशोक की पुत्री मोनी मंगलवार की शाम घर के बाहर रोड किनारे खेल रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गयी। इसी प्रकार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बिन्दकी रोड निवासी जुगुल किशोर का 40 वर्षीय अरूण कुमार मोटर साइकिल द्वारा किसी काम से जा रहा था तभी अनियत्रित होकर बाइक से गिर जाने से घायल हो गया। उधर हुसेनगंज कस्बा निवासी गोकुल का 50 वर्षीय रामसुभन साइकिल द्वारा बाजार जा रहा था तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। इसी तरह गाजीपुर कस्बा निवासी शिवमोहन की 75 वर्षीय पत्नी बुधानी देवी रोड किनारे पैदल जा रही थी तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जबकि खागा कस्बा के नई बाजार निवासी छेददू का 35 वर्षीय पुत्र मनोज मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया सूचना पर पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलो को उपचार के लिये सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# तत्कालीन सीओ सिटिटी ने लगा दिया था फर्जी शपथ पत्र

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**जिले** में तत्कालीन सीओ सिटी ने भ्रष्टाचार की जांच के मामले में बचने के लिए फर्जी शपथपत्र दिया है। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ के इंस्पेक्टर को लिखकर दिया है कि उन्होंने कोई शपथपत्र नहीं दिया है। वहीं नोटरी वकील ने भी शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया है।तत्कालीन सीओ सिटी मन्नी लाल गौंड के खिलाफ नगला दीना सैनिक कालोनी निवासी वकील अनूप शाक्य, गांव टिमरुआ निवासी सुनील दिवाकर सहित तीन वकीलों ने मुकदमे में एफआर लगाने के नाम पर एक लाख रुपये मांगने की शिकायत राज्यपाल से की थी।राज्यपाल ने इसकी जांच सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ के एसपी शंभूनाथ को दी थी। उनके आदेश पर इंस्पेक्टर आराधना सिंह ने मन्नी लाल गौंड और शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए थे। इसी बीच मन्नी लाल नवंबर 2020 में रिटायर हो गए।भ्रष्टाचार की जांच के चलते उनकी पेंशन आदि देयक रोक दिए गए। अपनी पेंशन व अन्य देयकों का भुगतान कराने के लिए उन्होंने शिकायतकर्ताओं की ओर से शपथपत्र जांच अधिकारी को दिया। इसकी सच्चाई जानने के लिए शनिवार को इंस्पेक्टर आराधना सिंह फतेहगढ़ स्थित कचहरी पहुंचीं। वहां उन्होंने शपथपत्र की सच्चाई परखी। शिकायतकर्ता वकील अनूप शाक्य व सुनील दिवाकर ने उन्हें लिखकर दिया कि उन्होंने इस तरह का कोई शपथ पत्र दिया ही नहीं है। जो शपथपत्र दिया गया है उसमें उनके हस्ताक्षर भी नहीं हैं।शपथपत्र बनाने वाले कथित नोटरी वकील ने भी अपने हस्ताक्षर होने से इनकार कर दिया है। ऐसे में भ्रष्टाचार की जांच का दंश झेल रहे जनपद अलीगढ़ निवासी तत्कालीन सीओ सिटी मन्नी लाल गौंड को पेंशन व अन्य देयकों के लिए लंबा इंतजार करना होगा। शपथ पत्र के मामले में सतर्कता अधिष्ठान की इंस्पेक्टर आराधना सिंह जांच करने आई हैं इसकी जानकारी नहीं है। शपथ पत्र तो शिकायतकर्ता के माध्यम से ही मिला था। फिर फर्जी कैसे हो गया।.मन्नीलाल गौंड, सेवानिवृत्त सीओ सिटी अधिवक्ता.दीपक द्विवेदी ने बताया कि फर्जी शपथ पत्र देने के मामले में विवेचनाधिकारी आईपीसी 182 की संस्तुति कर रिपोर्ट कोर्ट में भेजेगा। कोर्ट उसे संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर सकता है। चूंकि भ्रष्टाचार के मामले सतर्कता अधिष्ठान में जांच चल रही है इसलिए फर्जी शपथ पत्र देने के मामले में जांच अधिकारी तत्कालीन सीओ सिटी के खिलाफ कार्रवाई के लिख सकती हैं। यह उनके विवेक पर निर्भर है।

## बीईओ करेंगे मिले जूतों की जांच, घटना को लेकर बीएसए गम्भीर

**फर्रुखाबाद।** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय नगला चूड़ा के पीछे नगला खुरु निवासी अरविन्द वर्मा के प्लाट में स्थित गड्ढे में परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को दिए जाने वाले करीब 50 जोड़ी जूते पड़े मिले थे। पूर्व एनपीआरसी अनिल कठेरिया ने एक पैर के जूते फिंकवाए जाने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया था।

मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लालजी यादव ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए खंड शिक्षाधिकारी मोहम्मदाबाद को इस मामले की जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए हैं। खंड शिक्षाधिकारी मोहम्मदाबाद मुन्नालाल त्रिवेदी ने बताया कि गड्ढे में पड़े मिले जूतों की जांच के निर्देश मिले हैं। दो-तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट बीएसए को सौंप दी जाएगी। फिलहाल उन्होंने जब विद्यालय की प्रधानाध्यापिका से बात की तो बताया कि अभी आधे बच्चों के ही जूते मिले हैं।

# राममंदिर निर्माण को लेकर भगवामय हुआ पूरा नगर

संवाददाता। फर्रुखाबाद

- यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत
- साथ में मौजूद रहा भारी पुलिस बल

**अयोध्या** में मंदिर निर्माण को लेकर भव्य जनजागरण रैली निकाली गई। जिससे पूरा नगर भगवा रंग में रंग गया। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में नारे लगाये गये राम लला हम आयेंगे मंदिर भव्य बनायेंगे।

शहर के गुरुगांव देवी मन्दिर से विभिन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से निकाली गयी जनजागरण यात्रा पक्कापुल, चौक, घुमना, लाल दरवाजा, बढ़पुर, आवास विकास में पंहुचकर समाप्त हो गयी। यात्रा में शामिल महिला, पुरुष व बच्चे भगवा कपड़ो के साथ ही सिर पर भगवा पकड़ी पहनकर शामिल हुए। इसके साथ ही भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम को नारे लगाएं तो पूरा नगर भक्त रस से डूब गया। सनातन धर्म मानने वालों के आराध्य प्रभु भगवान श्री राम मंदिर निर्माण के लिए लोगों में उत्साह देखते बना।

रैली के दौरान कहा गया कि बच्चा बच्चा राम का भव्य मंदिर निर्माण के काम का। राम मंदिर निर्माण जन आकांक्षा के अनुरूप बनना चाहिए और आज वह दिन भी आ गया है प्रत्येक घर से गिलहरी की भांति सहयोग लेकर के दुनिया का ऐतिहासिक भव्य मंदिर निर्माण किया जाएगा। 500 वर्षों बाद यह ऐतिहासिक दिन आया है जिसकी हम सबको प्रतीक्षा थी। राम हम सबके आराध्य हैं और उनके भव्य मंदिर निर्माण में हम सब अपना सहयोग करें। हर घर से भव्य मंदिर निर्माण के लिए सहयोग होना चाहिए क्योंकि यह दिन इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हो जाएगा। भारी पुलिस बल इस दौरान रहा। यात्रा के दौरान रथ पर सबार श्रीराम के स्वरूप की जगह-जगह आरती उतार कर पूजा की गयी।

संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री मधुराम, जिला अभियान प्रमुख दिलीप दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, नागेन्द्र सिंह राठौर, अमर सिंह खटिक, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, कुलदीप गंगवार, जिला प्रचारक दीपेश कुमार, शैलेन्द्र सिंह राठौर, पूर्व चेयरमैंन विजय गुप्ता,भाजपा नेता राहुल राजपूत, प्रभात मिश्रा, आदेश अवस्थी, मटर लाल,नवींन मिश्रा नब्बू, गुड्डू पंडित, सुरेन्द्र पाण्डेय, शिवम दुबे, पंकज पाल, आलोक राजपूत आदि रहे।

# तीन अभियुक्तों को लाखों के कीमती जेवरातों के साथ किया गया गिरफ्तार



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शमसाबाद** थाना पुलिस ने एक नकबजनी में लाखों रूपये के कीमती जेवरात आदि सामान बरामद कर तीन चारों को गिरफ्तार किया।

अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप ने बताया कि शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अलेपुर में 27/28 नवम्बर 2020 की रात्रि में हुई नकबजनी तथा दिनांक 19/12/2020 को शमसाबाद के रामलीला मैदान एक मकान में दूसरी नकबजनी की वारदातों के मामलों में मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने बुधवार को प्रातः करीब 08:45 बजे ढाईघाट के समीप में दबिश देकर चोरी के आरोपी अभियुक्त मुनीश निवासी इस्लामनगर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया तथा दूसरी नकबजनी चोरी के आरोप में राजू पुत्र लल्लन निवासी मस्जिद नगला थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर व गुड्डू पुत्र गुलाम रसूल निवासी इस्लामनगर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर को चोरी की तीन जोड़ी पायल, चांदी के सिक्के, सोने की अंगूठी व अन्य कीमती जेवरातों के साथ धर दबोचा गया। इस दौरान पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों के पास से अवैध एक-एक तमंचा 315 बोर व कुछ जिन्दा कारतूस बरामद किये। पुलिस ने बातया कि फरार हुये तीन अन्य साथियों में बड्डे, मुस्तैन तथा मुसाफ उर्फ चाडू आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिशें देनी शुरू कर दी हैं।

## व्यापारी पर झोंका फायर, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली के निकट सभासद के भतीजों नें व्यापारी पर जानलेवा फायरिंग कर दी। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर दी गयी। पुलिस नें तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शहर कोतवाली के मोहल्ला नुनहाई गली निवासी व्यापारी अनिल कुमार गौड़ पुत्र शिवचरण गौड़ ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा कि उसकी दुकान घुमना पर स्थित है। दोपहर लगभग 12:30 बजे अनिल अपनी दुकान पर बैठा था। उसी समय नुनहाई निवासी सौरभ अग्निहोत्री व वरुण अग्निहोत्री गाली-गलौज करने के बाद जान से मारने की धमकी। इसके साथ ही इसके साथ ही जान लेवा फायरिंग कर दी। आरोपी मोहल्ला नुनहाई की सभासद अर्चना अग्निहोत्री के भतीजे हैं। पुलिस नें तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ सिटी राजवीर सिंह नें बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गयी है।

# विधवा ने जिलाधिकारी से की शिकायत

संवाददाता। एरवाकटरा औरैया



**थाना** एरवाकटरा क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लापुर निवासी एक महिला ने सोमवार को ककोर मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें उसने अपने जेठ पर छल करके ससुर की संपत्ति अपने पुत्रों के नाम वसीयत करा लेने का आरोप लगाया है। महिला ने जेठ पर मारपीट ए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि उसकी संपत्ति को वापस दिलाया जाए ए तथा आरोपितों के खिलाफ कारवाई की जाए।

क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लापुर निवासी सुकीर्ति देवी पत्नी स्वर्गीय राघवेंद्र सिंह भदौरिया ने सोमवार को ककोर मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पति राघवेंद्र सिंह की वर्ष 2016 में मृत्यु हो चुकी है। उसके पति की मृत्यु के बाद उसका जेठ अरविंद सिंह पुत्र पहलवान सिंह भदौरिया ने छल करके अपने ममेरे भाई हर गोविंद सिंह पुत्र स्वर्गीय बाबू सिंह निवासी ग्राम गधालोट थाना भरथना जनपद इटावा के साथ साजिश करके अपने पुत्रों विशाल व आशुतोष सिंह के नाम पीड़िता की चल . अचल संपत्ति ससुर पहलवान सिंह से वसीयत करवा ली है। पति की मृत्यु के बाद उसका जेठ उसके साथ मारपीट करता रहता है। वर्ष 2009 में जब उसकी सास एससुर व पति जीवित थे। उसी समय उसकी जेठ ने उसके साथ मारपीट करते हुए मरणासन्न कर दिया था। इसी के चलते उसके पिता पैतृक गाँव कन्नौज ले गये। इस आशय की पीड़िता ने कोतवाली व न्यायालय में शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। इसी के चलते पीड़िता के ससुर ए सास व जेठ आदि ने जेल जाने के भय से स्टांप पर समझौता करा लिया था। तथा कहा था कि वह लोग अब किसी तरह से प्रताड़ित नहीं करेंगे। महिला का कहना है कि उसके तीन पुत्रियां 13 वर्ष ए 11 वर्ष व 7 वर्ष की हैं। उसका जेठ जान से मारने की धमकी देता रहता है। कहता है कि घर से निकल जाइये अन्यथा रात में मिट्टी का तेल डालकर आग लगा देंगे। 26 दिसंबर 2020 एवं 6 अगस्त 2021 को उसका जेठ पीड़िता की पुत्रियों एवं उसे मारपीट कर छत से नीचे ले आया ए और गाली. गलौज करते हुए लाठी.डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उसका जेठ आये दिन जान से मारने की धमकी देता रहता है। पीड़ित महिला ने उक्त संपत्ति वापस करवाए जाने के साथ ही जेठ एवं अन्य दोषियों के खिलाफ कारवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# 4502 लाभार्थियों के खाते में धनराशि की गई हस्तांतरित

- राज्यमंत्री, विधायक, जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी ने पात्र लाभार्थियों को दिए स्वीकृति पत्र
- आवासों की पहली किस्त पाते ही लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे

संवाददाता। कानपुर देहात



**आज** एनआईसी कानपुर देहात में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारत सरकार द्वाराएप्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र परिवारों के खाते में आवास हेतु ऑनलाइन धनराशि हस्तांतरण कि गई जिसमें राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह विधायक रसूलाबाद निर्मला संखवारए जिला अधिकारी डॉ दिनेश चंद्रए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया और उन्होंने कहा केंद्र सरकार एराज्य सरकार द्वारा संचालित जो भी योजना होगी पात्रता के आधार पर जनपद के हर अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाई जाएगी जिससे कि पात्र व्यक्ति संबंधित योजना से लाभान्वित हो सके और अपना जीवन सुख में व्यतीत कर सकें ।जिसमें आज जनपद कानपुर देहात के चयनित 4502 लाभार्थियों जिसमें 12 प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को एनआईसी कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों व अधिकारी गणों ने स्वीकृति प्रमाण पत्र व उनके खाते में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई तथा लाभार्थियों को ठंड के चलते कंबल भी वितरित किए गए तथा आज प्रथम किस्त 40000 के रूप में इनके खाते में हस्तांतरित की गईए द्वितीय किस्त में पात्र लाभार्थियों को ?70000 तथा तृतीय किस्त में ?10000 हस्तांतरित किए जाएंगे इस तरीके से पात्र लाभार्थी को 1 कमरा का आवास एएक शौचालय एक किचन बनकर तैयार होगा जिसमें पात्र व्यक्ति अपना जीवन यापन करेंगे इनके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे एपंचायत विभाग द्वारा शौचालय बनाया जाएगा तथा किचन में खाना बनाने के लिए इन्हें उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन भी दिए जाएंगे तथा घरों के आगे वृक्षारोपण भी कराए जाने का कार्य किया जाएगा इन पात्र लाभार्थियों को सरकार की हर जरूरतमंद योजना से सीधा .सीधा जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर पीडी दिनेश यादव व समस्त खंड विकास अधिकारी सहित आदि उपस्थित रहे।

# टैक्टर और जेएसए की टक्कर में तीन की मौत, चार लोग घायल







संवाददाता घाटमपुर

**बीती** शांम स्टेट हाइवे 86 जहानाबाद रोड पर टैक्टर और जेएसए बिक्रम में हुई आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी तथा बिक्रम व टैक्टर के चालक सहित 4 लोग घायल हो गये, घायलों में दोनों के चालक व एक महिला सवारी सहित तीन को उर्सला कानपुर रिफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि शांम करीब 5 बजे जेएसए बिक्रम घाटमपुर से सवारी बैठा कर जहानाबाद जा रहा था और जैसे ही भदवारा के आगे चंदापुर मोढ़ पहचा कि तभी जहानाबाद से घाटमपुर की ओर आ रहे टैक्टर से आमने-सामने टक्कर हो गयी, टक्कर इतनी जोर दार थी कि बिक्रम टैक्टर से चिपक गयी। घटना के बाद राहगीरों व कुआंखेड़ा पुलिस ने बिक्रम में पंसे लोगों को बाहर निकला तथा स्वास्थ्य सेवा 108 की गाड़ी से घायलों को घाटमपुर सीएचसी भेजा जहाँ बिक्रम चालक मुन्नू ( 48 ) तथा टैक्टर चालक नीरज ( 37 ) पुत्र छोटे निवासी निबियाखेड़ा थाना सजेती के अलावा छिद्दी देवी (50) पत्नी रामआसरे निवासी बुढ़वां थाना जहानाबाद-फतेहपुर को प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला कानपुर रिफर कर दिया गया है सजेती पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहिचान देर रात नही हो पायी है।

# एक महिला प्रेमी बहनोई के साथ बच्चों को छोड़ कर रफूचक्कर

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद

- मदद की गुहार लगाने थाने की चौखट पर पहुंचे बच्चे

**प्यार** अंधा होता हैयह तो आप सुना होगा देखा भी होगा लेकिन इतना अंधा कि इसके बाद माँ को अपनी कोख से पैदा किए चार बच्चों की परवाह भी नहीं की और अपने प्रेमी बहनोई के साथ बच्चों को छोड़ कर रफूचक्कर हो गयी।

ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपनी प्रेमलीला के चलते अपने छोटे छोटे बच्चो को छोड़कर प्रेमी बहनोई के साथ बच्चों को छोड़ कर रफूचक्कर हो गयी। चारों बच्चे नवाबगंज थाने में पहुंचे और पुलिस अब इन बच्चों की माँ को तलाश कर रही है।

बताते है कि घटना पर नजर डालें तो थाना क्षेत्र के गाँव कनासी निवासी उर्मिला देवी का विवाह यूपी के जौनपुर निवासी एक युवक से हुआ था। उर्मिला और उसके पति की चार सन्तानें उनके प्रेम का ही परिणाम कही जायेंगी। फिर ना जाने क्या हुआ कि उर्मिला का आकर्षण अपने बहनोई लालचन्द्र की तरफ हो गया। प्रेम परवान चढ़ता गया और उर्मिला की पति से दूरी बढ़ती गयी और दो वर्ष पूर्व बहनोई के प्रेम में पूरी तरह से रंग चुकी उर्मिला अपने चार बच्चे मोनिका ;15वर्ष ललिता ;10वर्ष पुत्र काल्पनिक 8वर्ष तथा परिणाम को लेकर नवाबगंज के गाँव कनासी चली आयी। मंगलवार को उर्मिला अपने बहनोई लालचंद्र को साथ में लेकर कहीं बाहर चली गई तथा बच्चों को कमरे में बंद कर दिया। 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी वह और लालचन्द्र नहीं लौटे। कमरे में बंद बच्चे बदहवाश हो गए।

माँ की बाट जोहकर हार चुके बच्चे नवाबगंज थाने पहुंचे। उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई तब से लगातार थाना पुलिस उनके मां.बाप के संपर्क में जुटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। पीड़ित बच्चों ने बताया कि जौनपुर में उनके पिता से बात हो गई है। उन्होंने कहा है कि किसी प्रकार तुम लोग रेलवे स्टेशन पर आ जाएं तो मैं आपको वहां पर ले लूंगा। असहाय बच्चे क्या करते। ना तो ट्रेन ही चल रही हैं ना बच्चों के पास जाने के लिए कोई साधना और पैसा है। नवाबगंज थानाध्यक्ष पूनम जादौन बच्चों को खाना.पीना खिलाया तथा उनके परिजनों से लगातार संपर्क करने की कोशिश कर रही है। लेकिन बच्चों के परिजनों से कोई भी संपर्क नहीं हो पा रहा है ।असहाय पीड़ित बच्चे खबर लिखे जाने तक थाना परिसर में ही बैठे हुए थे ।

# रामजन्मभूमि की शोभायात्रा में नहीं जुट पाए आम लोग





संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद** के शिवली व रूरा कस्बे में रामजन्मभूमि के मॅदिर निर्माण के लिये निकाली गयी शोभा यात्रा आपसी खींचतान व गुटबाजी में फॅसी रही। सीमित प्रचार तंत्र व आरएसएस के अनुशॉगिक सॅगठनों की गुटबाजी व धडेबाजी के चलते हिन्दू धर्म के आदर्श अराध्य की शोभा यात्रा में सीमित लोगों की भागेदारी रही।

रामजन्म भूमि आन्दोलन के लिये असॅख्य सख्या में लोंगो की भागेदारी रही रही जिसमें भारी सॅख्या में लोगों ने बिना धर्म जाति के कुर्बानियॉ दी। माननीय सुप्रीम कोट के निर्देश पर रामजन्मभूमि के मॅदिर के निर्माण के आदेश के बाद वुधवार को आरयससस, विहिप, दुर्गावाहिनी व भाजपा ने शिवली व रूरा में भव्य व ऐतहासिक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में भाजपा के सॉसद, विधायक, व पूर्व सॉसद मात्र हाजिरी दिखाने को ही तत्पर दिखे। शिवली में भाजपा सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले, चैयरमैन अवधेश सहित अन्य भाजपाईयों व आरयसस व अनुसॉगिक सॅगठनों ने शिरकत की। वही रूरा के नहर पुल से भटौली तक आयोजित शोभा यात्रा में भाजपा सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले ने शिरकत की वहीं रूरा मुख्य तिराहे पर पूर्व सॉसद अनिल शुक्ल वारिसी व उनकी विधायक धर्मपत्नी प्रतिभाशुक्ला वारिसी ने शिरकत की। शोभा यात्रा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान, मदन पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला, भाजपा महामंत्री रामजी गुप्ता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष व मनोनीत सभासद निशान्त सिंह गौर, आरयसयस कार्यकर्ता ललित तिवारी, संतोष पाठक, दिनेश पालीवाल, शैलेन्द्र सिंह चौहान, रामजी मिश्रा, विकास जी मिश्रा सहित अन्य लोग मोजूद रहे।

## कोरोना वैक्सीन पंहुची घाटमपुर सीएचसी, 22 को लगेंगे टीके

**घाटमपुर**- कोरोनों वायरस की वैक्सीन देर शांम घाटमपुर सीएचसी पंहुच गयी अब शुक्रवार 22 जनवरी को हेल्थ वर्करों के टीका लगाये जायेंगे। चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्र ने बताया की पूरी सावधानी के साथ वैक्सीन आ गयी तथा कडी निगरानी में रखी गयी है अब हेल्थ वर्करों जैसे आंगनवाडी, आशा बहु और स्वास्थ्य कर्मी को पहले चरण में टीका लगाया जायेगा। उधर क्षेत्र की दो अन्य सीएचसी पतारा व भीतरगांव में भी टीकाकरण के लिये वैक्सीन पंहुच गयी है, चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि टीकाकरण के लिये सभी तैयारिया पूरी कर ली गयी है और 22 जनवरी को हेल्थ वर्कर को टीका लगाया जायेगा।

# पीएम से संवाद कर गदगद नजर आई दलित राजकुमारी




**चित्रकूट।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए प्रधानमंत्री प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम आवास योजना की लाभार्थी चित्रकूट जिले के खोह गांव निवासी राजकुमारी पत्नी कल्लू रैदास से बातचीत कर मिल रही सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। पीएम के संवाद कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी राजकुमार के आवास पर योगी सरकार के मंत्री चंद्रिका उपाध्याय, बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय मौजूद रहे। पीएम के संवाद को सुनने के लिए खोह गांव के लोगों में भारी उत्साह रहा। गांव के बाहर लगाई गई बडी-बडी एलईडी स्क्रीनों में सैकडों लोगों ने पीएम मोदी का लाइव सम्बोधन सुना।

बुद्धवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास योजना की जमीनी हकीकत जानने के लिए संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश के सबसे पिछडे एवं आकांक्षी जिले में शामिल चित्रकूट जिले के खोह गांव निवासी राजकुमार पत्नी कल्लू रैदास को चुना गया। कार्यक्रम को लेकर लाभार्थी राजकुमार समेत पूरे गांव में खासा उत्साह था। वहीं पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन खासा चौकन्ना रहा। डीएम के नेतृत्व में सीडीओ अमित आसेरी, एसडीएम रामप्रकाश और बीडीओ राजेश नायक,जिला विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार यादव आदि अधिकारी संवाद कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को चौकस करने में जुटे रहे। बुद्धवार को करीब 12 बजे से पीएम नरेंद्र मोदी के संवाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम आवास आदि जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया। संवाद के दौरान पीएम मोदी ने राजकुमारी से पूछा कि कच्ची छत के घर में बारिश का पानी आता था, लेकिन अब पक्का घर बन रहा है उससे खुश हैं। पीएम ने कहा कि सभी का सपना रहता है कि पक्का आवास मिल जाए, जिसको पूरा करने का कार्य सरकार कर रही है। प्रधामनंत्री से हुई बातचीत को लेकर महिला सहित उसके परिजनों ने खुशी जताई। पीएम मोदी से राजकुमारी ने बताया कि उसको आवास, शौचालय, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, राशन कार्ड एवं किसान सम्मान निधि आदि सरकार की योजनाओं का लाभ मिल चुका है। परिवार खुशहाल हो गया है। बताया कि उसके पति पत्थरों की खदान में मजदूरी करते हैं। उसके तीन पुत्र है, दो पुत्र ईट भट्टा में काम करने के लिए शहर गये है। चार पुत्रियां है, जिसमें आशा देवी, आरती देवी का विवाह हो गया है। पुष्पा व सीमा देवी है। जिसमें पुष्पा हाईस्कूल तक पढ़ाई किया है। सीमा देवी 8 में पढ़ रही है। बताया कि वह अशिक्षित है। एक पुत्र को बीए तक शिक्षा भी दिलाई है। उसे नौकरी की तलाश है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सम्बोधन की शुरूआत देश वासियो को प्रकाश पर्व की बधाई देकर किया। उन्होंने कहा कि मुझ पर गुरु साहेब की विशेष कृपा रही है। प्रधानमंत्री ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लगभग 2691 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी किया। आज 80 हजार परिवारों को मकान की दूसरी किस्त जारी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत करीब 6 लाख लाभार्थियों को आर्थिक राशि जारी हो चुकी है। केंद्र सरकार 2022 तक हर गरीब को घर देने की योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत मदद दी जा रही है। सम्बोधन में पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पहले जो सरकारें थीं उस दौरान उत्तर प्रदेश में क्या स्थिति थी वो आप सभी ने देखी है। गरीब को ये विश्वास ही नहीं था कि सरकार भी घर बनाने में उसकी मदद कर सकती है। जो पहले की आवास योजनाएं थीं, जिस तरह से घर उनके तहत बनाए जाते थे, वो भी किसी से छिपा नहीं है। हमारी प्राथमिकता है कि सभी को मजबूत घर मिले। क्योंकि घर एक ऐसी व्यवस्था और वो सम्मानजनक तोहफा है, जो इंसान के आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है।

इसके अलावा अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज देश की कोशिश है कि मूलभूत सुविधाओं में गांव और शहर के बीच का अंतर कम किया जा सके। गांव में रहने वालों का सामान्य मानवीय जीवन भी उतना आसान होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना को शौचालय, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी जोड़ा जा रहा है। आज योगी सरकार की सक्रियता का परिणाम है कि यहां आवास योजना के काम की गति और तरीका दोनों बदला इसका फायदा जनता को मिला है।केंद्र सरकार द्वारा सबको आवास देने का लक्ष्य है। साल 2016 में इस योजना की शुरुआत हुई थी। अभी तक इस योजना में 1.26 करोड़ घर बनाए जा चुके है। संवाद के दौरान लाभार्थियों ने आवास योजना के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। साथ ही कहा कि सरकार भगवान् आपको लम्बी उम्र दे और बार-बार आपकी सरकार बने।

## परछा गांव में कैंप लगाकर 260 श्रमिकों का पंजीकरण किया

**सरीला ( हमीरपुर )।** श्रम विभाग ने सरीला क्षेत्र के परछा गांव में कैंप लगाकर 260 श्रमिकों का पंजीकरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायिका मनीषा अनुरागी ने किया।श्रम विभाग ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को कामगारों तक पहुंचाने की मंशा से बुधवार को परछा गांव में कैंप लगाया गया। कैंप को संबोधित करते हुए विधायिका मनीषा अनुरागी ने कहा कि सरकार की मंशा गरीब मजदूरों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। प्रभारी खंड विकास अधिकारी रामस्वरूप ओमरे व पंचायत सचिव दिनेश दीक्षित ने बताया कि शिविर में परछा,गहुली, छिबौली,अमूँद, आदि गांव के 260 लोगों का पंजीकरण किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, कार्यक्रम संयोजक नमन सैनी,विधवा महिला शक्ति के ग्राम अध्यक्ष निर्दोष यादव, जयशंकर बुधौलिया सहित क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डबल मर्डर के आरोपी पुष्पराज ने पुलिस के समक्ष किया समर्पण

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट से सटे मध्य प्रदेश के नया गांव थाना अंतर्गत सतना -चित्रकूट मार्ग में पड़हा मोड़ के समीप बीती रविवार को डबल मर्डर कर सनसनी फैलाने वाले एकतरफा प्यार में पागल आशिक पुष्पराज सिंह ने बुधवार को बढ़ते दबाव के चलते सतना सिविल लाइन पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आपको बता दे कि मध्य प्रदेश पुलिस ने डबल मर्डर के आरोपी पर दस हजार का ईनाम घोषित किया था।

चित्रकूट से सटे मध्य प्रदेश के सतना जिले के नयागांव थाना क्षेत्र के रजौला बाईपास के पास पड़हा मोड़ पर बीती रविवार को अज्ञात बदमाशों ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के निवासी अनुज दीक्षित और उसकी महिला मित्र प्रिया सिंह की गोली मार कर हत्या कर सनसनी फैला दी थी। मृतक युवक अनुज दीक्षित शराब कारोबार से जुड़े भाटिया ग्रुप में मैनेजर था। वहीं मृतका प्रिया सिंह सतना जिले के नागौद थाना के घोराहटी गांव की निवासी थी और विराट नगर में अपने माता पिता के साथ रहती थी। मृतिका के परिजनो ने पड़ोस में रहने वाले पुष्पराज सिंह पर डबल मर्डर करने का आरोप लगा रहे हैं। आरोपी कॉलेज और स्कूल संचालित करता है। मृतिका कथित आरोपी के कॉलेज में शिक्षिका थी लेकिन कालेज संचालक के छेड़छाड़ से परेशान होकर नौकरी छोड़ दी थी। दोहरे हत्याकांड के बाद हरकत में आयी मध्य प्रदेश पुलिस ने मृतिका के परिजनो की तहरीर पर पुष्पराज सिंह और उनके सहयोगियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। वहीं घटना के बाद से आरोपी पुष्पराज सिंह घर और स्कूल में ताला जड़ कर फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के ऊपर दस हजार का इनाम भी घोषित कर दिया था। पुलिस के लगातार बढ़ते दबाव के चलते बुधवार को डबल मर्डर के आरोपी पुषराज सिंह ने सतना सिविल लाइन पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

## कानून व्यवस्था पर डीएम एसपी ने की समीक्षा बैठक

**चित्रकूट।** कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की समीक्षा बैठक एसपी कार्यालय सभागार में डीएम शेषमणि पाण्डेय व एसपी अंकित मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएम ने उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कानून व्यवस्था कायम रखें। छोटी सी भूल से बहुत बड़ी घटना हो सकती है। जो भी मामले आए, उन्हें थाना स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। कोई भी पीड़ित व्यक्ति आपके पास आए तो उसकी समस्या अच्छी तरह से सुनकर निस्तारित करें। संवेदनशील होकर कार्य करें। चुनाव के समय गांव में विवाद होते हैं। उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी भी क्षेत्र का भ्रमण करके समय रहते हुए। कानून व्यवस्था कायम रखें। गांव पर पहले चुनाव के दौरान घटनाएं हुई हैं। वहां पर बैठक कर चर्चा करें। जो समस्याएं प्राप्त हो, उसका निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास तीन शस्त्र लाइसेंस हैं उनका एक जमा कराकर निरस्त कराएं। अवैध खनन पर आप लोग सक्रिय होकर कार्य करें पहाड़ी, राजापुर, मानिकपुर, मऊ क्षेत्र में अधिक अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त होती है थानाध्यक्ष भ्रमण कर कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए शस्त्र लाइसेंस जमा कराना सुनिश्चित करें। अगर जो जरूरी है तो उसमें उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आख्या दें, ताकि जिला स्तर से निर्णय लिया जा सके। गांववार जो आप लोगों द्वारा बैठक की जा रही है उसमें पुराने विवादों को भी देखे तथा आपराधिक प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही कराएं।

## आवासीय पट्टे पर दबंग ने जमाया जबरन कब्जा

संवाददाता। जालौन (उरई)

राजस्व विभाग द्वारा मिले आवासीय पट्टे पर दबंग ने कब्जा जमा लिया है। पीड़ित पट्टाधारक ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर उसे कब्जा दिलाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम कैंथवां निवासी गुलाब सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्हें वर्ष 1995 में नसबंदी कराने पर राजस्व विभाग द्वारा आवासीय पट्टा दिया गया था। उस समय आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के चलते वह पट्टे पर निर्माण नहीं करा पाए। अब जब उन्हें अपने पट्टे पर निर्माण कराना है तो वह पट्टा देखने के लिए गए तो वहां गांव के ही राजनारायण ने कब्जा जमा लिया है। जब उसने पट्टा खाली करने के लिए कहा तो वह झगड़े पर आमादा हो गए। पीड़ित पट्टाधारक ने एसडीएम से उसे कब्जा दिलाने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**बांदा।** कानपुर.बांदा मार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के लामा गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार के लिए काल बन गई। ट्रक चालक ने मंगलवार दोपहर युवक को रौंद दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। कोतवाल ने बताया कि कागजातों के आधार पर ट्रक चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। काफी देर बाद मृतक की शिनाख्त की जा सकी। चिल्ला थाना क्षेत्र के गुगौली गांव निवासी कल्लू सिंह का पुत्र 30 वर्षीय चंदन बाइक से बांदा की तरफजा रहा था। जमालपुर के लामा गांव के पास कानपुर की तरफसे आ रहे खाली ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हेलमेट लगाए होने के बाद भी चंदन की जान नहीं बच सकी। सड़क पर गिरने के बाद भागने के प्रयास में चालक ने रौंद दिया जिससे चेहरा बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

### आर्थिक तंगी के चलते व्यक्ति ने फांसी लगा की आत्महत्या

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद में गरीबी भुखमरी आर्थिक तंगी के चलते 52 साल के व्यक्ति ने फांसी लगाकर के किया आत्महत्या मृतक का नाम हुलास पुत्र रामाश्रय बर्मा उमर 52 साल ग्राम बज्जू का पुरवा अंश गोरे थाना कोतवाली नगर बांदा के मूल निवासी हैं परिजनों ने बताया टेंट हाउस की दुकान में काम करता था कोरोना महामारी के चलते सारा काम बंद हो गया आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान था दो.तीन बच्चियां शादी के लायक थी इसी टेंशन को लेकर के करी वर्बल्ली और रस्सी से अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जुआ खेलते पुलिस ने आठ जुआरियों को किया गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के निरनी गांव स्थित शिव मंदिर के पास ताश के पत्तो में हार जीत की बाजी लगा रहे पुलिस ने आठ लोगो को गिरफ्तार किया है।गाँव के पास ताश के पत्तो में हार जीत की बाजी लगा रहे आठ लोगो को थाना पुलिस ने सूचना मिली कि कुछ लोग मंदिर के पास हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। तब पुलिस ने दविश देकर मोके से छक्की डेरा गाँव निवासी संतोष पुत्र भीकू,काना खेडा कदौरा जालौन के राजा सिंह ,जकसिया, कैलाश पाल, कुरारा क्षेत्र के ददरी गाँव के ब्रजेश,तथा बरुआ गाँव के बबलुपुत्र यदुनाथ, सुरेंद्र शुक्ला हरौलीपुर, मनोज निषाद विवेक सिंह निवासी सिमरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 18 हजार रुपये बरामद किया है।

### ट्रैक्टर व चौपहिया वाहन की भिड़ंत में चालक घायल

**राठ(हमीरपुर)।** बुधवार की दोहपर राठ-जलालपुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर और चार पहिया गाड़ी में आमने सामने भिड़ंत हो गयी जिससे ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत गांव निवासी रघुराज ट्रैक्टर लेकर राठ सीमेंट लेने के लिये आ रहा था। सरसई गांव के पास ट्रैक्टर की तेज गति होने पर चालक ने राठ की ओर से आग रही चार पहिया गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर सड़क किनारे खाई में पलट गया। जब ग्रामीणों ने ट्रैक्टर और कार की भिडंत देखी तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को खाई से बेहोशी हालत में बाहर निकाला और सीएचसी ले गये। डा.आलोक ने बताया कि घायल को मामूली चोटें आईं थी। जिसका इलाज कर दिया गया है। वहीं चार पहिया गाड़ी में सवार लोग बाल बाल बच गये।

### गांव के आम रास्ते पर दबंग कर रहा कब्जा

**चित्रकूट।** कोतवाली क्षेत्र के लोढवारा गांव निवासी रामराज ने बताया कि खेतिहर मजदूर है उसका मकान लोढवारा चकबंदी पूर्व मे बना है वह अपने परिवार सहित रहता है उसके मकान से रोड तक आने का रास्ता चकबंदी के पूर्व हमेशा से सार्वजनिक भूमि रही है उसी तरह आज भी है। अनिल सिंह व उसकी पत्नी अनीता निवासी कांडीखेरा ने राजस्व अधिकारियो, लेखपाल की मिलीभगत से ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा करवा रहे है 17 जनवरी को दोपहर साढे बारह बजे उक्त व्यक्ति अपने 50 लोगो के साथ असलहा लेकर उसके मकान मे आकर उसके गालियां देते हुए घर छोडकर जाने को कहा नही जाने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र मे ग्रामीण ने जान माल की रक्षा कर भू-माफिया के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

### 25 लीटर शराब बरामद

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी पुलिस ने एक अभियुक्ता को 25 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वीरेन्द्र त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह, शिवकुमार यादव, आबकारी महिला आरक्षी कविता सिंह ने रतना देवा पत्नी शिवाकान्त निवासी कपसेठी को 25 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्ता के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### दुष्कर्मी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** वीरेन्द्र त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव चौकी प्रभारी जिला कारागार, आरक्षी ने पोक्सो एक्ट के वांछित दीपू बाल्मिकी पुत्र महेश निवासी भगीता का पुरवा थाना बामूर जनपद मुरैना मप्र को गिरफ्तार किया।

### 49 महिलाओं ने कराई नसबंदी

**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को महिला नशबंदी शिविर का आयोजन लगातार चल रहा है। आज आयोजित किये गये शिविर में 49 महिलाओं की सफल नशबंदी की गई। बुधवार को महिला चिकित्साधिकारी डा. अनुपम पाल राजपूत के नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नशबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंजीकृत 49 महिलाओं का पहले स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। सुगर व रक्तचाप के परीक्षण के बाद टीम ने महिलाओं का आपरेशन किया गया। शिविर में ग्राम उरगांव, ऐदलपुर, छिरिया सलेमपुर, सिकरीराजा, सुढ़ार सालावाद, औरेखी आदि ग्रामीण क्षेत्र से आयी 49 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद नशबंदी की गई तथा कुछ देर चिकित्सालय में रोकने के बाद छुट्टी दे दी।

### महिला के साथ छेड़छाड़ करने पर युवक को भेजा जेल

**माधौगढ़ (जालौन)।** महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त सुमित पुत्र जीपकार उर्फप्रदीप निवासी हरौली को पुलिस ने जेल भेज दिया। मामला ग्राम हरौली का है जहां आरोपी सुमित ने गांव की ही रहने वाली महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट कर दी जिसको लेकर महिला ने माधौगढ़ कोतवाली प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगायी। आरोपी सुमित पुत्र जीपकार को गिरफ्तार कर लिया व धारा 354 के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

### घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी शाहिदा बेगम द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 20 नवंबर की सुबह वह अपने घर में थी उसी समय गांव के ही रिजवान, शब्बीर, मौलाना, जुल्फिकार, राबिया आदि एक राय होकर उसके घर में घुसकर लाठी-डंडे से मारपीट करते हुए धारदार हथियार तकोरा से हमला कर दिया जिससे उसके पैर की चौथी उंगली कट कर अलग हो गई बावजूद इसके भी आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए जान से मारने की धमकी तक दे डाली।

## पीएम आवास घपले में प्रधान सचिव लेखाकार व कम्प्यूटर आपरेटर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा।** मौदहा ब्लाक में प्रधानमंत्री आवासों के नाम पर हुई भारी घपलेबाजी में यहाँ के पूर्व ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव , लेखाकार सहित कम्प्यूटर आपरेटर के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मौदहा विकास खंड के गांव छिमौली में तत्कालीन प्रधान, पंचायत सचिव एवं कम्प्यूटर आपरेटर ,लेखाकार सहित अन्य अधिकारियों की सांठगांठ से 20 लाभार्थियों के प्रधानमंत्री आवासों में भारी घपलेबाजी करते हुए पात्र लाभार्थियों का खाता संख्या बदल कर दूसरे अपात्रों को लाभ पहुंचाने का कुचक्र रचा गया था।इस घपले बाजी को लेकर मामले में लीपापोती कर दी गयी थी, मगर जब मामला शासन स्तर पर गया तो अधिकारियों ने अपने अधीनस्थों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। बीडीओ रत्नेश सिंह ने छिमौली प्रधान अशोक कुमार, तत्कालीन पंचायत सचिव नसीम अहमद, संविदा मे तैनात कम्प्यूटर आपरेटर दीपक,तथा लेखाकार महराजदीन वर्मा के खिलाफ धारा 419,420,467,468,471 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। मंगलवार की शाम सीडीओ ने तत्कालीन पंचायत सचिव नसीम अहमद के निलंबन के साथ ही कम्प्यूटर आपरेटर की बर्खास्तगी एवं सेवा समाप्त करने के साथ ही प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये थे।इसके साथ ही तत्कालीन बीडीओ रत्नेश सिंह तथा विजय शंकर शुक्ल के खिलाफजांच कराने की बात कहीगई थी।इस घोटाले के खुलासे के बाद हुई बड़ी कार्यवाही से ब्लाक के अधिकांश कर्मचारियों तथा अधिकारियों की नींद हराम है उन्हें अब इस बात का भय सता रहा है कि यदि ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों की सघन जांच पड़ताल शुरू की गई तो करोड़ों रुपए की फर्जी टेंडरिंग सहित बैक डेटिंग टेडर प्रक्रिया व विकास कार्यों के घोटालों की लम्बी लिस्ट सामने आ जायेगी ।

## नगर पंचायत ईओ ने कान्हा गौशाला में किया वृक्षारोपण



जालौन गौशाला के पौधरोपण नपा ईओ

**कदौरा ( जालौन )।** बुधवार को नगर पालिका ईओ की अगुवाई में सभासदो व पालिका कर्मियों ने कान्हा गौशाला में वृक्षारोपण किया। गौशाला में उन्होंने आम अमरूद चितवन व बेलपत्र के पौधों को लगा कर उनकी देख रेख व सुरक्षा की जिम्मेदारी के लिए कर्मियों को निर्देश दिए पालिका ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चतेला रोड पर नगर पंचायत द्वारा दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा है दुकानों के निर्माण में अड़चन डाल रहे तीन पेड़ों को हटवाने की अनुमति वन विभाग से ली गई थी। वन विभाग की शर्त के अनुसार नगर पंचायत द्वारा एक पेड़ के बदले में दस पेड़ों को लगाना था। गौशाला में हिन्दू मान्यताओं के अनुसार एंव आयुर्वेदिक उपचार में लाभ को देखते हुए नवगृह वाटिका का प्रस्ताव बोर्ड में रखा जाएगा। नवग्रह वाटिका में पौधों की किश्म एंव उनकी जानकारी को संग्रह किया जाएगा और उसका लाभ नगर के बाशिन्दों को मिलेगा। आने वाले समय मे कान्हा गौशाला में बुजुर्गों के लिए एक पार्क का निर्माण भी कराया जाएगा। लिपिक राधा बल्लभ चतुर्वेदी, सभासद मंगल तिवारी, खेमचंद्र,सहित पालिका व गौशाला कर्मी मौजूद रहे।

## पुत्र को पैरोल न मिलने पर सत्तर घंटे बाद हुआ रिटायर अध्यापिका का अन्तिम संस्कार

**मौदहा ( हमीरपुर )।** जंहा शव को एक दिन रखना भी भारी परेशानी मानी जाती है वही बीते रविवार को मौत के मुंह में चली गयी रिटायर अध्यापिका अपने पीछे नंन्हे नन्हे नाती व नातिन को अनाथ हालत में छोड़ गयी। बच्चों को मुखिया के रूप में दादी पेट पाल रही थी उसके बाबा का भी तीन माह पूर्व साया छिन गया था पिता लखनऊ जेल में आजीवन कारावास में सजा काट रहा है उसकी एक लड़की दो लड़के जिनकी ऊम्र 7 वर्ष से 12 वर्ष तक की है पूरे घर में मात्र तीन अकेले बच्चे ही बचे है जो बेचारे बिन माँ बाप के बिलख रहे है आज शाम मृतिका का अन्तिम संस्कार उस समय हुआ जब उसका पुत्र सन्दीप गुप्ता लखनऊ से पैरोल पर पुलिस कस्टडी से छूट कर आया था इसके बाद मुहल्ले व रिस्तेदारो की मदद से आज चौथे दिन 70 घण्टे बाद अंतिम संस्कार ओरी तालाब स्थित मुक्ति धाम में हुआ मौदहा नगर के मालीकुआं चौराहा के निकट रविवार को सायं ऊषा गुप्ता पत्नी रामबाबू गुप्ता रिटायर अध्यापक 68 वर्षीय की मौत हो गयी इसके तीन माह पूर्व पति रामबाबू की मौत हो गयी थी जिसका दु:ख अभी तक खतम भी नहीं हो पाया था की पत्नी भी चली गयी मगर यह दोनों अपने नाती व नातिन को बिलखता छोड़ गए मृतका का पुत्र सन्दीप गुप्ता सन 14 में पत्नी के भाग जाने पर उसकी हत्या करने के लिए लखनऊ गया था अपनी पत्नी का लिवास देख उसने दूसरी महिला को मौत के घाट उतार दिया था जिसे लखनऊ में पुलिस ने गिरफ्तार कर इस मामले में वर्ष 18 में आजीवन कारावास की सजा हो गयी वह लखनऊ में सजा काट रहा है।

## मजार वाली गली में अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग

**जालौन ( उरई )।** सैयद बाबा के मजार की गली में गांव के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर गली को अवरुद्ध करने से लोगों को मजार पर जाने में परेशानी हो रही है। पीड़ित ने एडीएम को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी मुबारिक शाह ने एडीएम प्रमिल कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में सैयद बाबा का मजार है। जो लोगों के आस्था का केंद्र है। इस मजार पर गांव के लोग ही नहीं बल्कि बाहर के लोग भी श्रद्धा और विश्वास के साथ आते हैं। सैयद बाबा के मजार तक पहुंचने तक जो गली है उस गली में गांव के ही कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर अपना सामान रख दिया है। जिससे गली अवरूद्ध हो गई है। ऐसी स्थिति में मजार पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। जब वह अतिक्रमणकारियों से अतिक्रमण हटाने की बात करते हैं। तो वह गाली, गलौज करते हुए झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने एडीएम से सैयद बाबा के मजार की गली में हुए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है।

## छठी में ससुरालीजनों के न आने पर महिला ने आत्महत्या कर मासूम को दिया जहर

### ● मायके में हुई हृदयविदारक घटना

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर जिले** के ललपुरा क्षेत्र मे आज दोपहर ससुराल पक्ष से बच्ची की छठी में किसी के शामिल न होने पर महिला ने चार साल के बच्चे को जहर खिलाने के बाद स्वयं जहर खा लिया जिससे महिला की मौके पर मृत्यु हो गयी व मासूम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक हमीरपुर कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्हाडेरा गांव निवासी भोला की पत्नी सोनी (25) पति से झगड़ा कर चार माह पहले तीनों बच्चों को लेकर अपने मायके सहुरापुर गांव चली आयी थी, उसके छह माह की बच्ची थी आज सोनी अपने मायके में छह माह की बच्ची की छठी कार्यक्रम किया था जिसमें ससुराल पक्ष को भी खबर दी थी मगर वहा से कोई नही आया जिससे वह डिप्रेशन में आ गयी और आज दोपहर बाद पहले चार साल के बच्चे कल्लू को जहर देने केबाद स्वयं जहर खा लिया और कल्लू को अपनी छाती में लिटाकर बेहोश गयी थोड़ी देर बाद सोनी की मां पशुवाडे से आयी तो मा व बच्चे को बेहोश देखा तो वह चीख पडी शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गये और आनन फानन मा व बच्चे को जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया जहा पर डाक्टरो ने मां को मृत घोषित कर दिया और बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी होने पर ललपुरा पुलिस मौके पर पहुची महिला के शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। सोनी की तीन संताने है, मृतका सोनी का पति अभी एक सप्ताह पहले गुजरात में मजदूरी करने चला गया है। सोनी की मां ने पुलिस को बताया कि सोनी को ससुराल पक्ष के लोग हमेशा प्रताडित करते थे जिससे वह टेंशन में रहती थी जिससे उसने यह कदम उठाया है।

## जेल में दिव्यांग कैदी की हालत बिगड़ी, मौत

**बांदा।** मंडल कारागार में निरुद्ध सजायाफ्ता दिव्यांग कैदी की वृद्धावस्था के चलते हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में भर्ती कराने पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन ने बताया कि उसे ब्लडप्रेशर व कमजोरी की शिकायत रहती थी। जिसका उपचार चल रहा था। कैदी के घर सूचना भेजी गई है। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोतियारी निवासी दिव्यांग सजायाफ्ता कैदी 68 वर्षीय कल्लू उर्फ मनमोहन 12 दिसंबर वर्ष 2018 से हत्या के मामले में मंडल कारागार में निरुद्ध हुआ था। बाद में उसे तीन जुलाई 2020 को जनपद के ईसीएक्ट न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा हो गई थी। बुधवार दोपहर जेल में उसकी हालत बिगड़ी तो एंबुलेंस से स्वास्थ्य कर्मी व बंदीरक्षक उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उपचार शुरू किया था। जेल प्रशासन ने बताया कि वृद्धावस्था के चलते कमजोरी व ब्लडप्रेशर की शिकायत रहने से उसका छह नवंबर से जेल के अस्पताल में उपचार चल रहा था। छह जनवरी को हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया था। इससे हैलट में जांच कराई गई थी। इसके बाद कानपुर से उसे दोबारा जेल भिजवाया गया था। जेलर पीके त्रिपाठी ने बताया कि वह दाहिने हाथ से दिव्यांग था। उसके स्वजन को सूचना देने के लिए नरैनी कोतवाली में जानकारी दी गई है। पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

जेल के बंदी रक्षकों ने बताया कि कैदी की जमानत के लिए स्वजन प्रयास कर रहे थे। गांव से बताया गया है कि बुधवार को उसके स्वजन जमानत कराने के लिए प्रयागराज गए हैं। उसके दम तोड़ने की सूचना मिलने पर वहां से स्वजन वापस लौट रहे हैं। स्वजन के आने पर ही शव का पंचनामा कराया जाएगा।

## बालिका शिक्षा पर आधारित लघु फिल्म रज्जो के प्रीमियर शो में उमड़े शिक्षक

**उरई ( जालौन )।** बुधवार को स्थानीय रघुवीर धाम में ग्रामीण परिवेश एवं बालिका शिक्षा पर आधारित लघु फिल्म रज्जो के प्रीमियर शो के अवसर पर मुख्य अतिथि एडीएम प्रमिल कुमार सिंह के साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत पटेल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी पीके सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से शिक्षा में आने वाली कठिनाइयों को लघु फिल्म के माध्यम से उजागर किया गया है यह वास्तव में एक नई पहल है। इसके माध्यम से आने वाले समय में ऐसी समस्याओं के समाधान की ओर भी सार्थक पहल होगी। तभी शत प्रतिशत बालिकाओं को शिक्षित करने के मिशन को अमली जामा पहनाया जा सकेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत पटेल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया गया है। अब इसे धरातल पर उतारने की जिम्मेदार शिक्षक समाज की है।

यदि उनका भरपूर सहयोग मिला तो निश्चित रूप से बालिकाओं को शिक्षित करने में मील का पत्थर साबित होगी। लघु फिल्म रज्जो में कलाकार शिक्षकों में उदय करन राजपूत, सौरभ निरंजन, सोम प्रभु श्रीवास्त, गौरव श्रीवास्तव, गोविंद सिंह व राजकुमार शर्मा के प्रयासों की सराहना भी की गयी। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र भाटिया, रामराजा द्विवेदी, मंत्री नरेश निरंजन, संजय दुबे, जालौन ब्लाक अध्यक्ष लालजी पाठक, मनीष समाधिया, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद, ओमनारायण दीक्षित, विपिन उपाध्याय, राममोहन वाजपेयी, नृपेंद्र सेंगर, शैलेंद्र नायक, मनीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों के साथ गणमान्यजन भी मौजूद रहे।

### लघु फिल्म के प्रीमियर शो में बीएसए रहे गायब

**उरई।** बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के लिये नवाचार योजना के तहत बुधवार को लघु फिल्म रज्जो के प्रीमियर शो के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी का अनुपस्थित रहना चर्चा का विषय बना रहा। इतने महत्वपूर्ण अवसर पर विभागीय मुखिया के न आने के पीछे क्या कारण रहा होगा इस बारे में तो जानकारी नहीं मिली।

## व्यापारियों को शस्त्र लाईसेंस जारी करे प्रशासनः अतुल गुप्ता

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** सरकारी कार्यालयों में बैठे अधिकारी देश के अर्थव्यवस्था की रीड कहे जाने वाले व्यापारियों की समस्याओं को बिना सुविधा शुल्क के निस्तारण नहीं कर रहे हैं। कहा कि अधिकारी अपने रवैए में सुधार लाएं अन्यथा संगठन द्वारा ऐसे अधिकारियों की शिकायतों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। यह बात बुधवार को नगर के चकोर रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कही। कहा कि व्यापारियों के हितों के लिए सरकारें गंभीर नहीं हैं उन्होंने व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन से शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाने की मांग करते हुये कहा कि शस्त्र लाइसेंस होने पर व्यापारी अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकेगा। कहा कि पुलिसकर्मी छोटे छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न करना बंद करें। इस अवसर पर उनके साथ राहुल, सुमित आदि मौजूद रहे।

# संजय बॉस के मर्डर में पूर्व विधायक बरी

## ● 20 वर्ष पहले हुई थी हत्या, कोर्ट ने सुनाया फैसला



संवाददाता। सुल्तानपुर

**एमपी** एमएलए कोर्ट के जज पी के जयंत ने बुधवार को बाबरी विध्वंश में चर्चित रहे पूर्व विधायक पवन पांडेय सहित चार को संजय बॉस हत्या कांड में बाइज्जत बरी कर दिया। उन पर 20 साल पहले हत्या की साजिश का आरोप था।

घटनाक्रम के अनुसार बढ़ैयावीर निवासी अजय कुमार सिंह ने नगर कोतवाली में 29 मार्च 2001 को मुकदमा लिखाया कि उनका भाई संजय सिंह बस स्टेशन से घर की ओर बुलेट से श्रीप्रकाश चतुर्वेदी के साथ जा रहा था। शुक्ला पान भंडार के पास पहुंचा तो एक सफेद मारुति से आए चार लोगों में तीन ने पिस्टल से सवा पांच बजे गोली मार दी। सूचना पाकर वे पिता ओंकार प्रसाद के साथ मौके पर पहुंचे और घायल भाई को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने आशंका जताई कि राजनैतिक दुश्मनी के कारण पूर्व विधायक पवन पांडेय व मुकदमेबाजी की रंजिश के चलते शुभकरण द्विवेदी ने हत्या कराई। पुलिस ने दो महीने बाद जौनपुर के बबलू युसूफ को गिरफ्तार कर पुलिस ने दावा किया कि गुड्डू सोहेल, पवन पांडेय, शुभकरण द्विवेदी, साजिद मैनेजर व सिपाही चंद्रकांत शुक्ला ने दो शूटरों से हत्या करवाई थी। चार महीने बाद चांदा थाने में गिरफ्तार राजेश अवस्थी के हवाले से पुलिस ने दावा किया कि गोली मारने वालों ने राजेश अवस्थी व बनारस का कमलेश उर्फ केके शामिल था। विवेचना के दौरान ही उच्च न्याालय ने साजिद के मामले में अग्रिम कार्यवाही में रोक लगा दी। विचरण के दौरान शुभकरण द्विवेदी, चंद्रकांत शुक्ला व गुड्डू उर्फ सोहेल की मृत्यु हो गई। अभियोजन कि तरफ से कुल 11 गवाह अदालत में पेश किए गए। एमपी एमएलए अदालत ने बचाव पक्ष को ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि न तो कोई मुलजिम एफआईआर में नामजद था न किसी के पास कोई बरामदगी हुई, हत्या में प्रयुक्त कार नहीं मिली, अभियुक्तों की गवाहों से शिनाख्त नहीं कराई गई, वादी ने खुद अभियुक्तों को पहचानना नहीं बताया जिन साक्षियों को घटना के समय मौजूद रहना व मुलजिमों को पहचानना बताया गया उन सभी ने अदालत में घटना न देखने, अभियुक्तों को न जानने पहचानने व पुलिस द्वारा दर्ज बयान को झूठा होना बताया। संजय बॉस के पिता ने भी अभियुक्तों को देखने की बात तो कही लेकिन अदालत में पहचानने से इनकार कर गए। बुधवार को पूर्व विधायक पवन पांडेय, बबलू युसूफ, रूपेश द्विवेदी व राजेश अवस्थी के मामले में फैसला सुनाया गया तो अदालत ने साक्ष्यों को सजा के लिए पर्याप्त नही माना और सभी आरोपों से बरी कर दिया।

## हत्या की साजिश के आरोप में दो अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज

**सुल्तानपुर।** हत्या में साजिश रचने के आरोपी की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए जिला सत्र न्यायाधीश ने एक लाख रुपये जमानत व मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया है। इसी मामले में दो मुल्जिमो की जमानत खारिज कर दी गयी है। घटना दोस्तपुर थाने की है। पहाड़पुर राय पट्टी गाँव के राम प्रकाश जायसवाल की सुबह 7 बजे शौच जाते समय दौड़ा कर गोली मार दी गयी थी। जिसके सम्बंध में उसकी माँ ने गांव के ही 4 लोगों को नामजद करते हुए पांच छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमे आरोप है कि मुकदमे बाजी की रंजिश में लोगों ने दौड़ाया वह जान बचाने के लिये मलाऊ की राइस मिल में घुस गया तो वही हत्या कर दी गयी। विवेचना में पुलिस ने कई और मुलजिम पकड़े गए। घटना के करीब ढाई महीने बाद वादिनी ने अर्जी दिया कि गांव के शुभम सिंह व अयोध्या मौर्या भी हत्या की साजिश में शामिल थे शुभम ने अभियुक्तों को घटना के बाद पहुंचाने का भी आरोप लगा। पुलिस ने दोनो को अभियुक्त बनाया और गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। शुभम सिंह तथा रजनीश व अमित सिंह की जमानत अर्जी पर बहस हुई। शुभम सिंह के अधिवक्ता ढाई महीने बाद नाम आना कोई स्वीकारोक्ति का बयान व आपराधिक इतिहास न होने का तर्क दिया। जबकि जिला शासकीय अधिवक्ता व निजी अधिवक्ता राम फेर यादव की बहस पर विश्वास करते हुए अमित व रजनीश की भूमिका को गम्भीर मानते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## मिशन शक्ति अभियान: छात्राओं को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**राष्ट्रीय** सड़क सुरक्षा माह के तहत शिवगढ़ क्षेत्र के जनता इण्टर कॉलेज गूढ़ा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम बताकर जागरूक किया गया। वहीं मिशन शक्ति अभियान के तहत कॉलेज की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से की गई। कॉलेज के शिक्षक धनंजय कुमार अवस्थी ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम बताकर जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर चलते समय हमेशा अपनी साइड में चलें। सड़क पर मुड़ते समय हमेशा आगे-पीछे एवं दाएं बाए देखकर मुंडे। खुद यातायात के नियमों का पालन करें और अपने घर परिवार के लोगों को जागरूक करें, कि जब भी मोटरसाइकिल से निकले हेलमेट लगाकर निकले। कार अथवा अन्य चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं और गाड़ी पर बैठी अन्य सवारियों से भी कहें कि सीट बेल्ट का प्रयोग करें। अपने सभी जानने वालों को प्रेरित करें कि अपने लिए न सही अपने परिवार की खुशी के लिए यातायात के नियमों का पालन करें। वहीं विद्यालय की शिक्षिका उपासना वर्मा ने विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएं। छात्राओं को प्रयोगात्मक रूप से बताया कि किस प्रकार से उन्हें अपनी आत्मरक्षा करनी है। कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तेजी से दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिसका मुख्य कारण यातायात के नियमों का पालन न करना अथवा तेज गति से वाहन चलाना है। श्री सिंह ने कहा कि सभी बच्चे अपने परिवार के सदस्यों को बताएं कि अच्छी तरह वाहन चलाना सीखने के बाद ही हाईवे अथवा सड़कों पर वाहन लेकर निकलें। तेज गति से वाहन बिल्कुल ना चलाएं, सड़क पर जब भी चलें मन केंद्रित करके चलें। जरा सी लापरवाही काल के गाल में धकेल सकती है। अथवा हमेशा के लिए अपाहिज बना सकती है। श्री सिंह ने कहा कि अपने सभी जानने वालों से अपील करें कि पुलिस के डर से नही अपनी आत्मरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करें।

## शिक्षित बेरोजगारो के लिए एसआईएस करेगा रोजगार शिविर का आयोजन

**श्रावस्ती।** जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने बताया है कि भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद् नई दिल्ली द्वारा एस0एस0सी0आई0 इण्डिया लि0 के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्य में आयोजित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोंपरान्त स्थायी रोजगार देने के लिए शिविर आयोजित किए जाने है। जिस सन्दर्भ में जिला विकास अधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी निर्देशित किया है कि कोविड.19 के मानको के अनुरूप निम्न विवरण के अनुसार अपने विकास खण्ड का सभाकक्ष उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि भर्ती में किसी प्रकार का अवैधानिक कार्य न हो जिससे बेरोजगारों को सुलभता से रोजगार मिलने की सहायता मिल सके।

## महिला व बेटी को दबंगों ने पीटा

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**थाना** क्षेत्र अंतर्गत चेरी खेडा मजरे नीम टीकर की रहने वाली सुनीता सिंह पति राम बहादुर थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है मामला बता दें कि सुनीता सिंह ने बताया कि गांव के रहने वाले शिव मूरत पुत्र गजोधर रामू पुत्र शिव मूरत नीरज पुत्र शिव मुहूर्त ने सुनीता सिंह व उनकी बेटी सरिता को व ससुर मैकूलाल को अपने दबंगई के बल पर मारपीट की और घायल किया सुनीता सिंह का कहना है कि उनके खेत में शिव मूरत का पानी चला गया तो उन्होंने शिवमूरत के घर जाकर कहा कि मेरे खेत में पानी न आने दें इसी बात को लेकर विपक्षी गढ़ ने सुनीता सिंह व उनके परिवार वालों को बुरी तरह जख्मी कर दिया अब सुनीता देवी यह भी बताया कि जब बछरावां थाने में तहरीर देकर वह वापस घर पहुंची तो दोबारा से दबंगों द्वारा मारपीट की गई और उन्हें धमकाया गया है थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है जांच में जो दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी

### युवक की मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव मनीपुरभटेहरीमोड़ निकट संदिग्ध परिस्थितियो में बुधवार की भोर में संदिग्ध परिस्थितियो में खून से लतपत बाइक सवार राहगीर गंभीरावस्था में मिला।जिसको सीएचसी पहुंचाया गया जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है।जिसके मौत को लेकर जहां परिजन अभी संदिग्ध जाहिर कर रहे है बल्कि पुलिस अज्ञात मवेशी से टकरा जाने से मौत होने की बात कही है।ऊंचाहार कोतवाली के गांव मनीपुरभटेहरी निकट बाइक सवार सय्यद इकरामअली पुत्र सैय्यद शौकतअली निवासी सरायमगला थाना मिलएरिया संदिग्ध परिस्थितियों मे खून से तलपत गंभीरावस्था में मिला।जिसको पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती करवाया गया।जहां पर उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक के द्वारा मृतक घोषित कर दिया गया।जिसके मौत के बाद मृतक की पत्नी फिरदौस व 1वर्षी मासूम पुत्र का रो रोकर बुरा हाल था।मृतक के परिजनो ने घटना कोलेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की बात कही है जिसमे परिजन मौत पर संदिग्धा जाहिर किया।जबकि कोतवाली निरीक्षकने बताया कि हालात के अनुसार मृतक युवक की मौत मवेशी से टकराने से हुआ है।जिसमे मृतक के पास से 21हजार 500 रूपए भी मिले थे जिसको परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है।

## अग्निकांड में 2 मकान जलकर राख 5 मवेशियों की भी जलकर मौत

**श्रावस्ती।** सिरसिया. विकास खण्ड सिरसिया के लक्ष्मनपुर मजगवा में सुबह चार बजे अज्ञात कारण से लगीं आग में दो घर जल कर राख हो गए जबकि पाँच मवेशियों की जल कर मौत हो गई साथ ही तीन मवेशी बुरी तरह से झुलस गए। कडी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। नुकसान के आंकलन हेतु राजस्व कर्मी मौके पर पहुचे। प्राप्त सूचना के अनुसार बुधवार की शुबह लगभग चार बजे करिया पुत्र दु:खी के चन्नी में अज्ञात कारण से आग लग गयी जिसमें बंधे पाँच मवेशियों की झुलस कर मौत हो गयी जबकि तीन मवेशी बुरी तरह से झुलसने के बाद किसी तरह निकल कर जान बचाने में कामयाब रहे। जबतक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर बच्चू लाल पुत्र पल्टू के घर को भी अपने आगोश में लिया घर मे रखा एक लाख नगदी समेत जेवर अनाज कपड़ा बर्तन जल कर राख हो गये। ग्राम प्रधान कुन्नू लाल ने बताया कि अग्नि काण्ड में बुरी तरह तीन मवेशियों की झुलसने की सूचना पशु विभाग के डॉ के निम्न मोबाइल नंबर 9412567472 पर दी गयी लेकिन एक बजे तक विभाग का कोई डॉ नही पहुचा। सूचना मिलने पर क्षति आंकलन के लिए हल्का लेखपाल दिलीप यादव मौके पर पहुचे।

## मण्डल स्तरीय थारू जनजाति सांस्कृतिक प्रतियोगता में श्रावस्ती ने बढ़ाया मान

संवाददाता। श्रावस्ती



**आयुक्त** देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगा राव के निर्देश पर गोंडा स्थित टाउनहाल में संस्कृति विभाग उ0 प्र0 लखनऊ द्वारा सूचना विभाग गोंडा के सहयोग से उत्तर प्रदेश दिवस. 2021 के अवसर हेतु आयोजित कार्यक्रम के लिए सांस्कृतिक प्रतियोगिता थारू जनजाति लोकनृत्य की प्रतियोगिता हुई जिसमें मंडल के चार टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें विकास खण्ड सिरसिया के ग्राम पंचायत मोतीपुर कला के मजरा ढाठूपुरवा निवासी दल नायक सुरेन्द्र कुमार ने जिन्होंने थारू कल्चर श्रावस्ती के नाम से सांस्कृतिक दल का गठन किये है इस दल में कुल 13 थारू कलाकार है जो अपने पारम्परिक वेश भूषा में थारू जनजाति आदिवासी थारू लोकनृत्य को बढ़ावा दे रहे हैं और साथ ही साथ थारू आदिवासियो की विलुप्त हो रही संस्कृति को बचाने के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। इन कलाकारो के द्वारा लोक नृत्य की निरन्तर कर्मवीर थारू के अगुवाई में अभ्यास के कारण मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। इस दल में क्रमश: काजल कुमारी मनीता देवी राधा देवी सुशीला राना गायत्री राना विनोद कुमार दिनेश कुमार अशर्फी लाल अवधेश कुमार सुभाष कुमार राम कुमार मनीष कुमार एवं कुमारी आसमा शामिल रही। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर आयुक्त के के सिंह व उपनिदेशक सूचना देवीपाटन मंडल डाण् राजेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसके क्रम में सुरेन्द्र कुमार थारू जनपद श्रावस्ती को प्रथम स्थान रमेश चन्द थारू जनपद बहराइच को द्वितीय स्थान तथा गौरम थारू जनपद बहराइच को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।

## उद्यान विभाग ने आयोजित किया दो दिवसीय किसान गोष्ठी मेला




संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया.** विकास खण्ड सिरसिया के ग्राम सभा गब्बापुर में उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत दो दिवसिये प्रशिक्षण एवं किसान गोष्ठीध्मेले का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में 300 से ज्यादा महिला व पुरूष कृषको ने भाग लिया। उक्त जानकारी जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने दी। इस गोष्ठी में में कृषि विज्ञान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 विनय कुमार ने बेमौसमी सब्जियों की खेती व फल उत्पादन तकनीकी के विषय में विस्तृत जानकारी किसानों को दी। गोष्ठी में कृषकों को सब्जियों के पोस्ट हार्वेस्ट प्रबन्धन के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 उमेश कुमार ने सब्जी बीज उत्पादन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। आय को दुगुना करने के एकीकृत फसल प्रणाली का उपयोग करके विभिन्न घटकों जैसे मशरूम उत्पादन व मधुमक्खी पालन को भी शामिल करके आय को कई गुना बढ़ाया जा सकता हैं। औद्योगिक फसलो से सम्बन्धित कृषको की समस्याओ का निराकरण भी वैज्ञानिको द्वारा किया गया। उद्यान निरीक्षक यशवंत राव भास्कर ने जनपद में उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में विस्तृत प्रकाश डाला। गोष्ठी में प्रगतिशील कृषक रवि त्रिपाठी व नृपेन्द्र पाण्डेय ने भी अपने आधुनिक फसलों के अनुभव बताये।

## पुलिस की शह पर अवैध निर्माण कराने का आरोप

**सुलतानपुर।** विधवा की जमीन पर स्थगन आदेश के बावजूद जससिंहपुर कोतवाली प्रभारी द्वारा विपक्षियों से मिल मिलाकर अवैध निर्माण कराने का आरोप लगा है। विश्वकर्मा समाज कल्याण संघ से महिला की तरफदारी करते हुए प्रकरण की शिकायत डीएम से की है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में इन्द्रपाल विश्वकर्मा ने कहा है कि जयसिंहपुर की अकारी गांव निवासी विधवा अनारा देवी पत्नी रामअंजोर की आबादी की जमीन पर विपक्षियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था। जिस पर आनारा ने न्यायालय से स्थगन आदेश लिया है। आरोप है कि कोतवाली के भार साधक अधिकारी की सह पर 18 जनवरी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अवैध निर्माण को रूकवाते हुए मामले की जांच करवाकर आरोपी कोतवाल को निलंबत करने की मांग डीएम से की है।

## भंडार विभाग जीएम कप-2021 का बना चैंपियन

संवाददाता। लालगंज रायबरेली



**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर स्थित गोमती इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव की उपस्थिति में जीएम कप अंतर विभागीय 7ए साईड (रात्रि) क्रिकेट प्रतियोगिता-2021 का फाइनल मुकाबला भंडार विभाग एवं इलेक्ट्रिकल प्रोडक्शन विभाग के बीच दिनांक 19.01.2021 को खेला गया। भंडार विभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाये। भंडार विभाग की तरफ से नरेष कुमार ने कप्तानी पारी खेलते हुए 32 रन बनाये। इलेक्ट्रिकल प्रोडक्षन विभाग की टीम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 51 रन ही बना पाई। इलेक्ट्रिकल प्रोडक्षन की तरफ से मनमोहन ने सर्वाधिक 24 रन बनाये। इस फाइनल मैच में भण्डार विभाग ने 11 रनों के अंतर से इलेक्ट्रिकल प्रोडक्शन को हराकर जीएम कप जीता।महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने विजेता टीम को कप व नकद पुरस्कार 10,000 एवं उप विजेता टीम को रनर कप व नकद पुरस्कार 5,000 प्रदान किये।यह प्रतियोगिता आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल-कूद संघ द्वारा आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में एमसीएफ रायबरेली के विभिन्न विभागों के 16 टीम के लगभग 112 कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 29 मैच खेले गये जिसे विभिन्न पूलों में विभाजित किया गया था। एमसीएफ रायबरेली कोचों के उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी के साथ-साथ कर्मचारियों के मनोरंजन व स्वास्थ्य के लिए भी इस तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। जिससे आरेडिका में रहने वाले कर्मचारियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य व खेल-कूद में अभिरुचि को बढ़ावा मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो।इस अवसर पर पीसीएमई श्री विवेक कुमार, पीसीएमएम सह खेल-कूद संघ प्रेसिडेंट श्री पी.एन.पाण्डे, सीएओ बीरेन्द्र मुन्दुईया एवं खेल-कूद संघ महासचिव संजय कुमार कटियार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रायबरेली में गुरु गोविन्द सिंह जयंती पर विविध आयोजन

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में सिक्खों के दसवें गुरू, गुरु गोविन्द सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी ने गुरु गोविन्द सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य जी के अतिरिक्त विद्यालय में उपस्थित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने भी गुरु गोविन्द साहिब को पुष्प अर्पित किये। जयंती के अवसर पर बच्चों के लिए अपने सम्बोधन में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री सिंह जी ने गुरु गोविन्द सिंह के जीवन से जुड़े अविस्मरणीय प्रेरक प्रसंगों को बताते हुए कहा कि गुरु गोविन्द सिंह का जीवन त्याग और परोपकार का जीवन्त उदाहरण है। वे धार्मिक, आध्यात्मिक गुरू ही नहीं बल्कि वीर क्रान्तिकारी योद्धा भी थे। उन्होंने लोगों को शांति, प्रेम, करूणा, एकता और समानता का पाठ पढ़ाया। उनके विचार और उपदेश आज भी प्रासंगिक, प्रामाणिक तथा सत्प्रेरक हैं। इस अवसर पर विद्यालय के को-आर्डिनेटर संतोष श्रीवास्तव, नितिन सिंह, आदित्य मिश्रा, रमाशंकर, हरजीत सिंह, प्रमांशु श्रीवास्तव, एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती ''प्रकाश पर्व'' के रूप में मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति जी ने गुरू गोविन्द सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। सताक्षी, अंशिका, सुखप्रीत एवं मनीत सिंह ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये तथा जान्हवी दुबे एवं जोफिसा ने कलाकृति प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आकृति एवं अस्मिता ने किया। अन्ततः प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में समस्त छात्र-छात्राओं को गुरू गोविन्द सिंह जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर सी0एस0दास मिश्र, मो0 फैजान खान, राकेश अवस्थी, अवधेश शर्मा, रामदेव, शाहीन खान, रामकिशोर, शिवकरन पाल एवं गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ व विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने गरीबों में बांटा कंबल

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** धनपतगंज ब्लाक के खारा गांव के प्राथमिक विद्यालय कोटवा में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू ने कंबल वितरित किया। कंबल लेने के लिए कई गांवों के काफी संख्या में बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए। कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी धनपतगंज ब्लाक अध्यक्ष दिव्यराज सिंह लक्की के द्वारा किया गया। जिसमे 600 कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन टिंकू सिंह ने किया। इस मौके पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक जिला अध्यक्ष लखनऊ संग्राम सिंह,जिला अध्यक्ष अयोध्या जय प्रकाश सिंह,जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर विजय सरोज,देवेंद्र प्रताप सिंह, योगेश नारायण सिंह,मनीष सिंह,सत्यम शरण सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदलाल जायसवाल, पवन पाण्डेय रवि सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन



संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**राम मंदिर** निर्माण के लिए चंदा इकट्ठा करने के अभियान की शुरुआत 14 जनवरी 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की थी, उन्होंने राम मंदिर के लिए सबसे पहले चंदा दिया था। वहीं रायबरेली के बछरावां विधानसभा से भाजपा विधायक राम नरेश रावत ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीनों महराजगंज, शिवगढ़ और बछरावां मंडलों से 1 लाख एक हजार करके कुल तीन लाख 3 हजार रुपए दान किए हैं। इसके साथ ही आज महराजगंज ब्लॉक सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने 51 हजारों रुपए, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू ने 51 हजारों रुपए, हलोर के रहने वाले डॉक्टर वासुदेव ने 21 हजारों रुपए वहीं देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नीलू ने 11 हजारों रुपए तथा शेत बहादुर सिंह ने 51 सौ रुपए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में दान दिया है। बछरावां विधायक राम नरेश रावत सहित ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता प्रभात साहू, डॉ वासुदेव, शेत बहादुर सिंह और देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नीलू ने दान दिया है।इस दौरान 10 रुपये, 100 रुपये और 1000 रुपये के कूपन होंगे। 2000 रुपए से ज्यादा सहयोग करने वालो को रसीद दी जाएगी। इस चंदे के माध्यम से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न होगा। कार्यकर्ता टोलियां बनाकर घर-घर जा रहे हैं, और राममंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि की मांग कर रहे हैं।वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, अवधेश मिश्रा, जगमोहन, सुरेश कुमार मंडल अध्यक्ष पहरेमऊ, समर बहादुर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सरदार फत्ते सिंह, देवेंद्र बहादुर सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, दिनेश कुमार द्विवेदी, प्रेम शंकर मिश्रा, जमुना, सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल अध्यक्ष महराजगंज आदि मौजूद रहे।

## दरक गई रेल पटरी मरम्मत में जुटी टीम



**ऊंचाहार।** जर्जर रेलपटरी दड़कने पर रेलपटरी का जर्जर अंश बदल दिया गया है।जिसमे दिन में कोई रेलगाड़ी न होने पर हलाकि कोई असुविधा नही हुई है। बताते चले कि ऊंचाहार रेलवे स्टेशन के निकट प्रयागराज से लखनऊ रेलमार्ग है।जिसमे ऊंचाहार रेलवे स्टेशन के पुल निकट लखनऊ रेलमार्ग पर रेलवे की पटरी एकाएक दडक गई जिसके बाद विभाग में सूचना पर हड़कंप मच गया।जिसमे आनन फानन रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंची और धड़की रेलपटरी को मरम्मत ही नही किया बल्कि जर्जर रेलपटरी ही बदल दिया है।जिसमे बुधवार के दिन का मामला था जिसमे दिन में इस रेलमार्ग पर कोई रेलगाड़ी का आवागमन न होने पर रेलवे विभाग की टीम रेलगाडियो के आने से पूर्व मरम्मत कर दिया था।जिसमे ठंड के कारण रेलवे पटरी दड़कने का चर्चा थी।उधर पीडब्लूवाई एके सिंह ने बताया कि रेलवे पटरी का मरम्मत करवा दिया गया है।स्टेशन अधीक्षक ऊंचाहार ने बताया कि दिन में ऊंचाहार से रायबरेली रेलमार्ग पर कोई रेलगाड़ी बुधवार के दिन नही थी।जिसके कारण रेलसंचालन में कोई बाधा नही पड़ा है।

# तीन चुनाव के आधार पर ही इस बार होगा आरक्षण

- शासन ने मांगा पिछले पांच चुनावों के पंचायतवार आरक्षण का ब्यौरा
- एक दो दिन में जारी हो जाएगी आरक्षण की गाइड लाइन

संवाददाता। बस्ती

**वर्तमान** समय में पंचायत का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार आरक्षण को लेकर काफी परेशान और फिक्रमंद भी है। सबसे अधिक मारामारी प्रधान चुनाव को लेकर हो रही है। इच्छित आरक्षण पाने के लिए उम्मीदवार राजनैतिक दबाव और धन का भी सहारा ले रहे है। खबर तो प्रशासकों और सचिवों के द्वारा आरक्षण कराने का ठेका भी लिया जा रहा है। पचास हजार से लेकर एक लाख तक के धन एकत्रित किए गए, हालांकि बहुत कम लोगों यह जानकारी है कि आरक्षण में किसी भी नेता और विभाग के लोगों की चल ही नहीं सकती। आरक्षणको लेकर सरकार ने इतना पुख्ता इंतजाम किया है कि कोई भी अधिकारी कम्प्यूटर में छेड़छाड कर ही नहीं सकता। फिर भी धन लेने और देने वालों की कमी नहीं है। धन एकत्रित करने वाले इस सच की जानकारी किसी को भी नहीं दे रहे है। अगर दे दे तो कारोबार प्रभावित होने का डर रहेगा। विभाग के एक जानकार का कहना है कि धन एकत्रित वाले भी इस बात को जानते हैं कि धन के बल पर इच्छित आरक्षण मिल ही नहीं सकता, धन इस लिए लिए जा रहे हैं कि अगर किसी को मनमाफिक्र आरक्षण मिल गया तो धन रख लिया और नहीं मिला तो वापस कर दिया। वैसे इस बार आरक्षण की जो यह योजना बनी है, अगर उसमें अंतिम समय में कोई फेरबदल नहीं हुआ तो वर्ष 2005, वर्ष 2010 और वर्ष 2015 के चुनाव के आरक्षण को बेस बनाकर इस बार आरक्षण की गाइड एक दो दिन में जारी हो सकती है। उदाहरण के तौर पर अगर तीनों चुनाव किसी ग्राम पंचायत में एससी या ओबीसी का आरक्षण रहा तो वह ग्राम पंचायत सामान्य होगा। सरकार ने आनन-फानन में सभी से वर्ष 1995, वर्ष 2000, वर्ष 2005, वर्ष 2010 और वर्ष 2015 में हुए चुनाव का पंचायतवार आरक्षण का ब्यौरा मांगा है। माना जारहा है कि सरकार इसी के आधार पर आरक्षण का फार्मूला तैयार करने जा रही है। अधिकतर संभावना 2005, 2010 और 2015 में हुए चुनाव में जारी आरक्षण को आधार बनाने के अधिक कयास लगाए जारहे है। इसी फार्मूले पर काफी मंथन हो रहा है, और एक दो दिन में गाइड लाइन जारी होने की संभावना है।

### मतदाता सूची के बाद आरक्षण में भी खेल!

पहले मतदाता सूची बनाने में जमकर खेल हुआ, और आरक्षण दिलाने का ठेका लेने में खेल हो रहाहै। खुलेआम इच्छित आरक्षण के लिए भारी धनराशि लेकर ठेका लिया जा रहा है। विभाग के एक जानकार की बातों पर विष्वास करे तो धन की उगाही विभाग के एक अधिकारी के इशारे पर हो रही है। करोड़ों रुपये का साइलेंट 'खेल' हो गया। शिकायत इस लिए हो रही है, क्यों कि लोग इच्छानुसार धन दे रहे है। इनमें कितने की मंशा पूरी होगी, इसका पता एक दो दिन में चल जाएगा।

# जिम्मेदारी अहम और इतना जोखिम!

### आउटसोर्सिगं और दैनिक वेतन भोगी के हवाले हैं बड़े-बड़े काम नियम विरुद्व नगर पंचायतों में कर दी गई लेखाकार जैसे महत्वपूर्ण पद पर तैनाती वित्तीय अनियमितता होने की दशा में नहीं होगी प्रतिपूर्ति, एक एई और जेई के जिम्मे कर दिए जिले भर के प्रोजेक्ट

संवाददाता। बस्ती

**आउटसोर्सिगं** और दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के हाथों में करोड़ों की चाबी देकर बहुत बड़ा रिस्क प्रशासन उठा रहा है। यह सही है कि नियमित स्टाफ की कमी है, मगर इतना बड़ा रिस्क लेना किसी भी प्रशासन केलिए नियमानुसार इन दोनों वर्ग कें लोगों को नगर पालिका और नगर पंचायतों में एकाउंटेंट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तैनाती नहीं की जा सकती, और न ही इनको किसी अन्य नगर पंचायत में अटैच ही किया जा सकता है। मगर जिले में तैनाती और संबद्वीकरण दोनों हो रहा है। जैसे नगर पंचायत रुधौली में आउटसोर्सिगं, गायघाट में बभनान नगर पंचायत में दैनिक वेतनभोगी के रुप में कार्यरत को बनकटी में और नगरपालिका में आउटसोर्सिगं से कार्यरत को नगर पंचायत भानपुर में अटैच किया गया है। इसके पीछे सरकार का तर्क करोड़ों रुपये को सुरक्षित रखना है। क्योंकि वित्तीय अनियमितता होने की संभावना हमेशा बनी रहती है, की दशा में प्रतिपूर्ति एक दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्सिगं से रखे गए स्टाफ से नहीं की जा सकती है।

नगरपालिका और नगर पंचायतों में कराए जारहे करोड़ों रुपये की गुणवत्ता पर उंगलिया उठाई जारही है। बिना प्रोजेक्ट देखे एमबी बानाने का आरोप लग रहा है। इसके लिए एक जेई और एक एई के जिम्मे जिले भर के नगरपंचायतों और पालिका के कामों का बोझ बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि एक जेई और एक एई के पास इतना समय ही नही कि वह हर प्रोजेक्ट पर पहुंच सके। इसी का लाभ ठेकेदार उठा रहे है। जानकार यह भी कहते हैं कि इस बात से किसी को कोई मतलब नहीं रहता कि गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है, या फिर बिनपास काम कराए एमबी बन रहा है।इसी तरह सरकार नये पंचायतों का तो गठन कर दे रही है, मगर संसाधन उपलब्ध नहीं करापा रही है, जिसके चलते नगर पंचायतें अपना काम ईमानदारी से नहीं कर पा रही है। हालत यह है कि एक ईओ के पास दो नगर पंचायत का प्रभार है। रुधौली नगर पंचायत के ईओ के पास भानपुर और बनकटी के ईओ अमरजीत के पास गायघाट नगर पंचायत का प्रभार है।

### विधायक ने सीएम को लिखी चिट्ठी

**रुधौली** के विधायक संजय प्रताप जायसवाल का भी मानना है कि नगर पंचायतों और नगर पालिका में जिस तरह मानकविहीन काम होने की शिकायतें नियमित मिल रही हैं, उसके पीछे नियमित स्टाफकी कमी होना है। जिस तरह नगर पंचायतों और पालिका में नियम विरुद्व आउटसोर्सिगं और दैनिक वेतन भोगी को एकाउंटेट बनाया गया, उसका खामियाजा शासन और प्रशासन को भुगतना पड़ सकता है। विधायक ने बताया कि उन्होंनें मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनसे स्थायी कर्मचारियों और ईओ की तैनाती की मांग की है।

## नपा अध्यक्ष ने किया शिवपुर वार्ड का दौरा, नाव हादसे के पीड़ित व परिजनों से मिले

**मीरजापुर।** नपा अध्यक्ष श्री मनोज जायसवाल इन दिनों लागातार जनता की समस्याओं को जानने के पैदल वार्ड भ्रमण यात्रा पर निकले है। यात्रा के पांचवें दिन पालिकाध्यक्ष अपने दल-बल के साथ शिवपुर वार्ड पहुंचे जहा शिवपुर के रामगया घाट से यात्रा प्रारंभ करते हुये वार्ड के शिवपुर बाजार, खटीकान बस्ती, तेलियान बस्ती, मल्हान बस्ती, बनवारीपुर, रेहड़ा चुंगी, बंगाली चौराहा, हरिजन बस्ती इत्यादि स्थानों पर पथ भ्रमण करते हुये वार्ड की समस्याओं को जाना और वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश एवं पेयजलापूर्ति को और चुस्त-दुरुस्त रखने के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया और अमृत योजना के अन्तर्गत डाली जा रही पाइप लाइन कार्य और मानक का निरीक्षण किया। इस दौरान नाव हादसे के शिकार हुये लोगो एवं उनके परिजनों के घर जाकर उनका हाल-चाल लिया जहा एक बच्ची जो इस भीषण ठण्ड में भीगने के कारण तेज बुखार से पीड़ित थी उनके परिजनों को आर्थिक सहयोग करते हुये आगे के उपचार हेतु हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## वालीबाल प्रतियोगिता में अक्षयवर सिंह स्पोर्टिंग क्लब बना चैंपियन



**घोरावल/सोनभद्र।** अक्षयबर सिंह स्पोर्टिंग क्लब ने आजाद क्लब को हराकर आयोजित बालीबाल प्रतियोगिता पर कब्जा किया। मंगलवार को देर शाम तक चले स्थानीय नगर के धर्मशाला प्रांगण में बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन नगर पंचायत घोरावल की तरफ से किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार ने फीता काटकर किया। बालीबाल प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बाल क्लब चोपन ओदार दीवा गुरेठ डोरिहार स्व अक्षयवर सिंह स्पोर्टिंग क्लब वघोर, मुसखाड़ ओबरा व मिर्जापुर चंदौली के अलावा मध्य प्रदेश की टीम समेत अन्य टीमों ने प्रतिभाग किया। सम्पूर्ण बालीबाल मैच के रेफरी शुभम पांडेय राम अवतार सिंह अशोक सन्यासी सागर दीपक शर्मा स्कोरर ब्रिजेश सिंह पंकज कुमार कॉमेंटेटर राममनन्द देव पांडेय अशोक सन्यासी रहे। प्रत्येक मैच के बाद विजेता टीम को 501 रुपये दिए व फाइनल व उप विजेता को ट्राफी दी गयी। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार सूरज श्रीवास्तव कैलाश सिंह सुनील सिंह मो हनीफ कृपा ऊमर रमेश ऊमर धीरज ऊमर दददी प्रसाद ठाकुर प्रसाद धनजंय सिंह प्रसून कुमार मो नईम समेत अन्य मौजूद रहे।

## विधायक संजय प्रताप जायसवाल की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा

**बस्ती।** श्री अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु निधि समर्पण अभियान की कड़ी में बुधवार को रूधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल के संयोजन में सोनहा डाक बंगला से जिनवा चौराहा तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया। रूधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा कि श्री अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु लोगों में अपार उत्साह है और लोग स्वत: प्रेरणा से दान देकर सहयोग कर रहे हैं। शोभा यात्रा में नीतेश शर्मा रवि, जिप्पी शुक्ल, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, जयेश प्रताप जायसवाल, दुष्यंत विक्रम सिंह, जेपी तिवारी, आशा सिंह, अनिल कुमार पाण्डेय, अखंड पाल, वीरू चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, जितेंद्र यादव, बेचन प्रसाद, सोनू उपाध्याय, अवनीश तिवारी अभिषेक पाठक बबलू सिंह राकेश चौरसिया उमेश ठाकुर अजय पाण्डेय, विकास शर्मा, बिंदु गोपाल, मंडल अध्यक्ष गण कार्यकर्ता क्षेत्रवासी शामिल रहे। यह जानकारी रूधौली विधायक संजय प्रताप के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने दी।

## आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में पीएम ने एक क्लिक कर भेजा 75.31 करोड़



**बस्ती।** पीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले के 15748 लाभार्थियों के खाते में रू0 75.31 करोड़ रूपया आनलाइन भेजा। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के कुल 6.10 लाख लाभार्थियों को 2691 करोड़ रूपया आनलाइन अन्तरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी गरीबों को वर्ष 2022 तक पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएगे। यह एक अभूतपूर्व कार्य है। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध कराने से समाजिक तस्वीर बदल रही है। गरीब से गरीब व्यक्ति को भी यह विश्वास हो चला है कि उसका भी अपना पक्का घर हो सकता है और इसके लिए उसे कोई अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा कि अभी तक दो करोड़ लोगों के घर ग्रामीण इलाके में बनाये गये है जिसमें से 1.25 करोड़ लोगों को उनके घर की चाभी उन्हें सौप दी गयी है। कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पक्के मकान उपलब्ध कराना ही नही है हम इसके साथ बिजली, गैस, शौचालय भी उपलब्ध करा रहे है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत घरौनी उपलब्ध करायी जा रही है जिसके द्वारा गॉवों में लोगों को अपने आवास का मालीकाना हक मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस योजना का शुभारम्भ 20 नवम्बर 2016 को आगरा से किया था। अब तक प्रदेश में 14.33 लाख आवास पूर्ण कराए गए हैं। इस वर्ष 7.10 लाख आवास स्वीकृत हुए है। कार्यक्रम को केन्द्रीय ग्राम विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टेव्रट सभागार में विधायक दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, डीएम आशुतोष निरंजन, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, परियोजना निदेशक आरपी सिंह ने सुर्जन, रामचन्दर, विजय कुमार, दुर्गा प्रसाद, कमलेश कुमार, रामकुमार, सीतापति, मीरा, सावित्री, विद्यादेवी, जयप्रकाश, `समीम, खैरूनिशा, रामबहाल, जयकरन, सुरेन्द्र, रामवृक्ष, मोहम्ददीन, गुलशन को प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृति पत्र, सहजन का पौध् प्रदान किया। परियोजना निदेशक ने बताया कि जिले में 11642 लाभार्थियों को प्रथम एवं 4106 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त उनके खाते में भेज दी गई है। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा इन्द्रपाल सिंह भी उपस्थित रहे।

## एनसीएल जयंत ने मेढ़ौली में भू विस्थापितों को बांटा मुआवजा

**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की जयंत परियोजना ने बुधवार को मेढ़ौली ग्राम के 37 भू धारकों को लगभग रु ?2.02 करोड़ का मुआवजा वितरित किया पिछले सप्ताह शुक्रवार को भी मेढ़ौली ग्राम के 39 भू धारकोंको लगभग 2.84 करोड़ मुआवजा वितरित कियागया था इस अवसर पर जयंत क्षेत्र के महाप्रबंधक आर बी प्रसाद स्टाफ आधिकारी कार्मिक सफ्दर खान स्टाफ अधिकारी खनन बी एल शुक्ला स्टाफ अधिकारी सिविल पी के राय उप प्रबन्धक कार्मिक भागीरथ व जयंत क्षेत्र के श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मुआवजा वितरण के दौरान महाप्रबंधक जयन्त आर बी प्रसाद ने मेढ़ौली ग्राम के स्थानीय लोगो की समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित निवारण हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## एनसीएल में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आइकॉम्स की तैयारियां हुईं पूरी

**सोनभद्र।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड 22 व 23 जनवरी को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ओपेन कास्ट माइनिंग टेक्नालजी ऐंड सस्टेनिबिलिटी आइकॉम्स का आयोजन कर रही है द्यस्वच्छ ऊर्जा आधारित बदलाव के इस दौर में कोयला उद्योग की ऊर्जा के क्षेत्र में प्रासंगिकता सुनिश्चित करने हेतु यह आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा आइकॉम्स में यूएसए ऑस्ट्रेलिया टर्की कोरिया ईरान समेत देश विदेश से सैकड़ों रिसर्च पेपर प्राप्त हुए हैं ये रिसर्च पेपर कॉन्फ्रेंसके दौरान संबन्धित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों व तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित होकर या वर्चुअल माध्यम से प्रस्तुत किये जाएंगे जिनके अध्ययन एवं मंथन से खनन उद्योग को एक नयी दिशा प्राप्त होगी इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में 50 से अधिक लघु उद्योग व बहुराष्ट्रीय कंपनियां खनन क्षेत्र से संबन्धित नवीनतम प्रौद्योगिकी और नवाचारों को प्रदर्शित करेंगी प्रदर्शनी में कृषि के क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनियां भी शामिल हैं जोएनसीएल परिक्षेत्र के किसानों को जैविक एवं आधुनिक तरीकों से खेती का प्रशिक्षण देकर उनकी आय को बढ़ाने में मदद कर रही हैं गौरतलब है कि विगत दो वर्षों में आइकॉम्स विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित की जाती रही है लेकिन इस वर्ष कोविड महामारी के चलते यह सेमिनार 22 एवं 23 जनवरी को फ़िज़िकल एवं वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जा रही है।

## प्रकाशोत्सव के रूप में मनाई गई गुरु गोविंद सिंह जयंती



**सोनभद्र।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह का 354 वॉ जन्मोत्सव प्रकाश पर्व के रूप में बड़े ही धूमधाम से स्थानीय गुरुद्वारा सिंह सभा में मनाया गया। मुगलसराय से आये रागीजत्था सतपाल सिंह व साथियों द्वारा सुबह शबद कीर्तन किया गया। तत्पश्चात विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित आस पास के लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। सबद कीर्तन के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उस्मान अली समाजसेवी प्रदीप अग्रवाल इत्यादि लोगो को साफा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरदार महताब सिंह ने बताया कि गुरु साहब का जन्म सन 1666 में पटना साहब में हुआ। बचपन पटना साहब में ही बिता। गुरु जी ने पथ भ्रष्ट जनता को सही मार्ग दिखाने के लिए धर्म जाति देश भाषा के कारण उत्पन्न विभिन्नता समाप्त कर एकता स्थापित करने के लिए यह समझाया कि मंदिर मस्जिद पूजा नमाज यथा हिन्दू मुसलमान में मूलत: कोई भेद नहीं है। यह केवल दिखावा मात्र है। इतना ही नहीं आत्मा भी परमात्मा का ही एक अंश है। इस दौरान सरदार सतनाम सिंह सरदार कवलजीत सिंह सरदार बीरा सिंह मोना सर विवेक यादव अजीत सिंह प्रधान दीपक सिंह प्रेम सिंह जसमेर सिंह हरदयाल सिंह जितेंद्र पालहा अमित सिंह छात्र नेता हरज्योत सिंह मोंगा भूपेंद्र सिंह अमरदीप सिंह राजेश अग्रहरि गोपाल सूद अजय भाटिया समेत सैकड़ो लोगो ने भाग लिया।

## 26 को दिल्ली आन्दोलन में शामिल होगा रालोद

- किसान नेताओं सहित किसानों के साथ नेताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति, हजारों की संख्या शामिल होंगे आन्दोलन में



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल जिला ईकाई की बैठक व अन्य किसान संगठनो के साथ गंगा सिंह सैंथवार के आवास पर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष रामानन्द गौड़ संचालन अजय सिंह सैंथवार प्रदेश प्रवक्ता ने किया। वर्तमान सरकार द्वारा किसान विरोधी अध्यादेश के खिलाफकिसान बिल वापस कराने के लिए आगामी 26, जनवरी को दिल्ली में होने वाले आन्दोलन में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय लोकदल के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सभी सामाजिक संगठन के पदाधिकारियो के साथ भारी संया में दिल्लीय जायेगे। जिससे ये तानाशाही सरकार द्वारा लाये गये किसान विरोधी काला कानून वापस कराया जाए सके। जिससे विगत दिवसो से बैठे किसान आन्दोलन में शहीद हुए सभी किसानो के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्वाजलि अर्पित की गयी। जिसमें गंगा सिंह सैंथवार ने कहा कि आज देश का किसान इस ठंडक में सड़को पर बैठा है लेकिन ये तानाशाही सरकार किसानो की एक भी बात सुनने की तैयार नही है और किसान भी सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए मन बना लिया है। भारी संख्या किसान दिल्ली कुच करेगे। प्रदेष प्रवक्ता अजय सिंह सैंथवार ने कहा कि सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सावधानी पूर्वक दिल्ली जायेगे और अनुशासन के आन्दोलन में भाग लेगे शासन-प्रशासन के लोगो से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति जनक तरीके का कोई वयवहार नही करेगे। जिससे यह आन्दोलन मजबूती के साथ सफल हो सके। जिसमें मुख्य रूप से तौलू राम चौधरी, वीरेन्द्र चौहान, रामनवल शर्मा, दुर्गेश सिंह, रामदयाल, बलिराम चौधरी, अंगद चौधरी, सब्लू अंसारी, जावेद अहमद, धर्मेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र चौधरी, अवनीश, मुन्ना गोस्वामी, अजय चौधरी, विजय चौधरी, रशीद अहमद, रामभवन, राजेन्द्र प्रसाद, साधु सरन, संदीप पाण्डेय, पंकज, रितेश, आकाश, राहुल, इन्द्रजीत चौधरी, बाल सिंह, विनोद सिंह, मान सिंह, महेश यादव, रमाकान्त चौधरी, प्रदीप चौधरी, दयाराम चौधरी सहित राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लाभार्थियों के खाते में पहुंच गई प्रधानमंत्री आवास की धनराशि

**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में आनलाइन प्रथम व द्वितीय किश्त की धनराशि स्थानान्तरित की गयी। उत्तर प्रदेश के 06 लाख 10 हजार लाभार्थियों के खाते में 2691 करोड की धनराशि प्रधान ने आनलाइन प्रथम व द्धितीय किश्त की धनराशि भेजा गया। इस अवसर पर मीरजापुर के एनआईसी में विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक छानवे राहुल प्रकाश, आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल योगेश्वर राम मिश्र, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, परियोजना निदेशक डीआरडीए रिषिमुनी उपाध्याय के अलावा प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के द्वारा भोजे जाने वाले लाभार्थियों में जनपद मीरजापुर के 5148 लाभार्थियों के खाते में पहली किशत एवं 3398 लाभार्थियों के खाते में दूसरी किशत की की धनराशि भेजी गयी। जनपद में प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों के खाते में कुल 48 करोड 99 लाख 80 हजार की धनराशि का हस्सतान्तरण सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजा गया।

प्रधानमंत्री द्वारा अपने सम्बोधन कि सबसे पहले प्रकाश पर्व के मौके पर गुरूगोविन्छ सिंह जी नगमन करते हुये कहा गया कि उनके रास्ते पर चलका देश आगे बढ रहा है। उन्होंने आत्म निभ्रर भारत का सीध सम्बन्ध नागिरिकों व गरीबों के आत्म विश्वास को बढाजा है। उन्होंने कहा कि गरीब को विश्वास नहीं था कि सरकार घन बनाने में मदद करेगी और उनके सपने साकार होगें। मा0 प्रधान मंत्री जी कहा गया गया उत्तर प्रदेश विकास के क्षत्र में सबसे ज्यादा कार्य कर रहा है और प्रधानमंत्री आवास भी तेजी से गरीबों को पूरा पारदर्शी तरीके से उपलबध कराते हुये निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर लखनउ से महामहिम राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा अन्य मंत्रीगण व अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जी के द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास व अन्य कल्याणकरी योजनाओं के बारे संक्षिप्त जानकारी दी गयी।

## बगही उर्फबेनीपुर में पंचायत भवन के मरम्मत में हुआ लाखों का खेल

- डीपीआरओ ने दिए जांच के आदेश, एडीओ पंचायत एवं डीसी स्वच्छ भारत मिशन करेंगे जांच

**बस्ती।** विकास खंड कुदरहा का बगही उर्फ बेनीपुर ग्राम पंचायत अनियमितता का केंद्र बनता जारहा है। पहले यह ग्राम षौचालय के मामले में सर्खियों में आचुका है, और इस ग्राम पंचायत में पंचायत भवन के मरम्मत सहित अन्य मामलों में लाखों रुपये के अनियमितता की षिकायत की गई है। ग्राम पंचायत ईजरगढ़ के निवासी रामेंद्र सिंह के षिकायत पर डीपीआरओ विनय सिंह ने दो सदस्यीय जांच टीम बनाई है। जांच टीम में एडीओ पंचायत और डीसी स्वच्छ भारत मिषन अजय पांडेय को सौंपी गई है। यह कार्रवाई डीएम के आदेष पर हो रही है। मुख्यमंत्री को भी इस मामले में पत्र भेजा गया है। जांच टीम को जिन तीन बिंदुओं पर जांच करने का निर्देष दिया गया, उनमें पंचायत भवन के मरम्मत के नाम पर फर्जी तरीके से सात लाख 35 हजार का भुगतान करना, जबकि मौके पर कुछ भी नहीं है। दूसरा आंगनबाड़ी केंद्र एवं सामुदायिक षौचालय निर्माण के नाम पर लाखों रुपये का अनियमितता करना और तीसरी बिंदु की जांच में स्कूल के बाउंडीवाल मरम्मत के नाम पर 64448 रुपये का फर्जी भुगतान करना षामिल है। इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी आंनद कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जारही है। कहा गया कि नई तैनाती पाते ही सेक्रेटरी अनियमितता करने में षामिल हो गएं है। कहागया कि सारे फर्जी भुगतान प्रधान के कार्यकाल के समाप्त होनें के तीनदिन पहले किए गए, यानि 22 दिसंबर 20 को भुगतान किया गया। षिकायत में दोषियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराने के साथ वसूली करने की मांग की है।

## 226 केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस आज

**सोनभद्र।** समुदाय में परिवार नियोजन संबंधी जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाने को लेकर जिले के 226 स्वास्थ्य केंद्रों पर 21 जनवरी को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थाई साधनों को अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा वहीं इसके प्रति जागरुक भी किया जाएगा। आरसीएच के नोडल डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि 21 जनवरी को जनपद के 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 37 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित 183 सब सेंटरों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आने वाले दंपतियों व अन्य लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें इसे अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

## नक्सली रोकथाम को लेकर कमिंबग

**घोरावल**/सोनभद्र। स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के तेंदुहार व परसौना के जंगलों में पुलिस की सघन कम्मिंबग की गयी।जंगल से सटे जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रिजेश सिंह व उभ्भा चौकी प्रभारी राजेश सिंह ने मय फोर्स चक्रमण किया। बुधवार को तेंदुहार व परसौना के जंगलों में सघन कम्मिंबग के दौरान चरवाहों व ग्रामीणों से आवश्यक जानकारी लेते हुए उन्हें भयमुक्त रहने का संदेश दिया गया। जंगल से सटे इलाकों में अक्सर अफवाहों का असर देखा जाता है जिससे ग्रामीण भयभीत रहते हैं।

## शोभायात्रा में भक्तों की भारी भीड़ श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर



**संतकबीरनगर।** श्रीराम जन्म भूमि मन्दिर निधि समर्पण अभियान को सफल बनाने के लिए पिछले कई दिनों से खलीलाबाद शहर सहित पूरे जनपद से भाजपा व संघ की टोली घर-घर पहुॅचकर लोगो से शोभायात्रा को सफल बनाने का अपील किया। वही प्रभातफेरी से भी मोहल्ले वालो को जन जागरूक किया गया। बुधवार को जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद से झाकियों के साथ शोभा यात्रा दोपहर बाद निकली। मौसम खराब होने के बावजूद भी भारी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया। शोभा यात्रा में उत्साह व उमंग के साथ महिलाओं ने भजन-कीर्तन करती रही। श्रीराम के जयकारा से पूरा शहर गूॅंज गया। भक्तिमय माहौल में शहरवासियों ने शोभा यात्रा पर फूल की वर्षा कर शोभा यात्रा में शामिल सभी भक्तों का मनोबल बढ़ाया। शोभा यात्रा में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्रीराम चौहान, सांसद प्रवीण निषाद, खलीलाबाद विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे, मेंहदावल विधायक राकेश सिंह बघेल, जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव, नगर पालिका अध्यक्ष खलीलाबाद श्याम सुन्दर वर्मा, नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा, महामंत्री विवेकानन्द वर्मा, डा0 सोनी सिंह, रिंकू सिंह श्रीनेत, दुर्गा राय, वेद प्रकाश सिंह, रवीन्द्र यादव, अश्वनी चौरसिया, सेतभान राय, आनन्द तिवारी, श्रीमती किरन प्रजापति, सतविन्दर पाल जज्जी, सभासद टी0एन0 गुप्ता, दिनेश सिंह, आकाश जायसवाल सहित भारी संख्या में भाजपा, संघ के पदाधिकारी शामिल रहे। शोभा यात्रा में आर्ट ऑफलिविंग की भी सदस्या शामिल रही। जगह-जगह पर समाजसेवियों ने इंस्टाल लगाकर मिष्ठान व जल वितरित किया। इसी क्रम में आर्ट ऑफलिविंग द्वारा प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा के अवसर पर आए हुए भारी संख्या में रामभक्तो को चाय बिस्कुट और पेठा और पानी दिया गया।

# पीएम आवासः लाभार्थियों के खाते में धनराशि हस्तांतरित




## जनपद के 6813 लाभार्थियों के खाते में 2725.20 लाख की प्रथम किश्त

## जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से अन्य योजनाओं का लिया फीडबैक

## लाभार्थियों के बैंक पासबुक किसी अन्य के पास ना रहें: डीएम

संवाददाता। देवरिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र परिवारों के खाते में आवास हेतु ऑनलाइन धनराशि हस्तांतरण की गईए तथा इस योजना के लाभार्थियों को आनलाइन सम्बोधित भी किया गया। जनपद के एनआईसी में भी इस योजना के लाभार्थी प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम से जुडेए उनके सम्बोधन को सुने। एनआईसी में आयोजित इस कार्यक्रम मे रामपुर कारखाना विधायक कमलेश शुक्ला, जिलाधिकारी अमित किशोर, मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए संजय पाण्डेय व लाभार्थी कार्यक्रम से रुबरु हुए। इस जनपद के 6813 लाभार्थियों के खातें में 2725.20 लाख की प्रथम किश्त तथा 153 लाभार्थियों के खाते में द्वितीय किश्त की धनराशि 107.10 लाख की धनराशि आवास निर्माण हेतु प्रधानमंत्री द्वारा वन क्लिक के माध्यम से अवमुक्त की गयी ।

जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पात्रता के आधार पर हर अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी। जिससे कि पात्र व्यक्ति संबंधित योजना से लाभान्वित हो सके। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी को इस आवास मे दो कमरे, एक शौचालय व किचन सम्मिलित होगा। उन्होने इस दौरान उपस्थित लाभार्थियों से योजनाओं के फीडबैक भी लिया। उन्होने मनरेगाए राशन आपूर्तिए पेय जल की व्यवस्था आदि की संबंध में जानकारी किये। बताया गया कि राशन मिलता है तथा मनरेगा के तहत रोजगार भी मिलता है। अनुमन्य भुगतान भी प्राप्त होता है। जिलाधिकारी ने इनसे कहा कि बैंक पासबुक को अपने पास ही रखें, सभी भुगतान सीधे उनके खाते में आनलाईन भेजे जाते हैं। अपने भुगतान को लेकर किसी बिचैलियें के चक्कर में ना पडे।

जिलाधिकारी ने इस दौरान यह भी निर्देश दिया कि सभी खंड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी लाभार्थी का पासबुक किसी अन्य व्यक्तियों के पास न रहे। इसकी वह अपने स्तर से भी समीक्षा करें। यदि किसी भी लाभार्थी का बैंक पासबुक अन्य किसी के पास पाया जायेगा तो इसके लिये उनकी भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। इसलिए वे इसे भली-भांति सुनिश्चित कराएं।

मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने लाभार्थियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि आवासों का निर्माण शीघ्रता के साथ करायें तथा आवास निर्माण हेतु मनरेगा से 90 दिन का रोजगार भी प्राप्त होगा। जिसका पारिश्रमिक 18090 रुपये भी प्राप्त होंगे, जिसका उपयोग आवास निर्माण में किया जा सकेगा। उन्होने गुणवत्तापरक मजबुत आवास बनाये जाने की अपेक्षा की। उन्होने यह भी कहा कि पंचायती विभाग द्वारा शौचालय की भी सुविधा उन्हे दी जायेगी। प्रयास होगी कि यह आवास मूलभुत सभी आवश्यकताओं से युक्त रहे ताकि किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हों।

परियोजना निदेशक संजय पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान वर्ष हेतु 7605 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष 7517 आवास स्वीकृत किये जा चुके है। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजू मणि, डीएसटीओ मनोज श्रीवास्तव व लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण के नौ लाभार्थियों को मिला स्वीकृति पत्र

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

**प्रधानमंत्री** द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की धनराशि के सिंगल क्लिक के माध्यम से ऑनलाइन अन्तरण कार्यक्रम में उप्र के छह लाख 10 हजार लाभार्थियों को 2691 करोड़ रूपये अंतरित किया गया। एनआईसी सिद्धार्थनगर में विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा परियोजना निदेशक की उपस्थिति में जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 10025 लाभार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की धनराशि 5327.30 लाख अन्तरित की गयी। अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नौ लाभार्थी उषा देवी, राधिका, गोरखनाथ, जगदीशपुर, मालती, विशंभर, सीला, सकीना, मनीषा व आरती को स्वीकृति पत्र मिला।

# निर्माण कार्यों में तेजी लाएं: डीआरएम

## मऊ जंक्शन पर माल गोदाम, पार्सल घर आरक्षण काउंटर का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया

संवाददाता। मऊ

**पूर्वोत्तर** रेलवे वाराणसी मंडल के रेल प्रबंधक (डीआरएम) विजय कुमार पंजियार ने बुधवार को आदर्श श्रेणी के मऊ जंक्शन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर विभिन्न परियोजनाओं के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का गहनता के साथ जायजा लेते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही साथ माल गोदामए पार्सल घरए आरक्षण काउंटर पर का निरीक्षण करते हुए स्टेशन अधीक्षक समेत अन्य स्थानीय रेल अधिकारियों को रेल यात्री सुविधाओं में सुधार करने का सख्त निर्देश जारी किया। तीन घंटे तक निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय रेल अधिकारियों की बैठक लेते हुए चेताया कि यात्री सुविधाओं में किसी भी तरह से दुर्व्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यात्री सुविधाओं की बेहतरी एवं मऊ.वाराणसी रेल खण्ड के बीच रेलवे विभाग द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेने के उद्देश्य से बुधवार की सुबह मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विजय कुमार पंजियार अपने विशेष यान से आदर्श श्रेणी के मऊ जंक्शन पर पहुंचे। मंडल रेल प्रबंधक विजय कुमार पंजियार ने मऊ जंक्शन पर परिचालन व्यवस्थाओं का गहनता के साथ जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक सबसे पहले पार्सल घर पहुंचे। यहां पर उन्होंने पार्सल संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ गहनता के साथ विचार मंत्रणा किया।

इसके बाद वह आरक्षण केन्द्र पहुंचकर गहनता के साथ कर्मचारियों से आरक्षण व्यवस्था के बाबत जानकारी हासिल किए। इसके बाद वह प्लेटफार्म संख्या दो व तीन तथा चार पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य भी गहनता के साथ निरीक्षण किया। निर्देशित किया कि कोविड.19 के नियमों का पालन करते हुए आरक्षण में आम यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर साफसफाई का भी गहनता के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर और अधिक साफसफाई को दुरुस्त करने को लेकर निर्देश जारी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर ट्रेनों के परिचालन व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ उन्होंने संरक्षा उपकरणो, स्वच्छता एयात्री सुविधाओं के बाबत जानकारी हासिल करते हुए सख्ती के साथ सुविधाओं को विस्तार करने का निर्देश दिया। मऊ जंक्शन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक भी किया। बैठक में उन्होंने सख्ती के साथ चेताया कि रेल यात्रा के दौरान किसी भी यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े

**सपा नेता शमीम सिद्दकी के पिता का निधन:**मुग़लसरायध्चन्दौली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शमीम सिद्दीकी के पिता हाजी सदरुद्दीन का 85 साल की उम्र में लम्बी बीमारी के बाद उनके पड़ाव चौरहट स्थित आवास पर मंगलवार को सुबह इंतकाल हो गया। जिसकी जानकारी होते ही क्षेत्र के तमाम पार्टी के नेता एवं संभ्रांत लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर पहुचने लगे। अपरान्ह 2 बजे उनके पैतृक गांव नाथुपुर के ही कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। सुपुर्दे खाक के दौरान मुख्य रूप से परवेज़ अहमद जोखू ए हाजी कमाल ए नियाज़ अहमद ए नफीस अहमद गुड्डू ए जमालू प्रधान ए हाजी सजौद्दिन ए बब्बन चौहान ए हाजी वसीम ए वसीम प्रधान ए डॉक्टर ए पत्रकार सहित गावँ के लोग शामिल रहे ।

# गरीब और असहायों की सेवा ही सर्वेश्वरी समूह का उद्देश्य: संभव

संवाददाता। सकलडीहा (चन्दौली)



**गरीब** और असहायों का मदद करना ही परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान अवधूत राम की पूजा है। उक्त विचार श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष पूज्यपाद अवधूत बाबा गुरूपद संभव राम ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी की साधना स्थली अघोर परिषद् ट्रस्ट, आदि आश्रम हरिहरपुर में कहा। इस दौरान दीन दुखियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। अंत में सभी गरीबों को अघोर परिषद के माध्यम से प्रसाद वितरण किया गया। आर्शिवाद सभा को सम्बोधित करते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष पूज्यपाद अवधूत बाबा गुरुपद संभव राम जी ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण देश में काफी परेशानी हुई है लेकिन देश वासियों ने धैर्य का परिचय दिया। श्री सर्वेश्वरी समूह ऐसे विपरीत हालत में भी गरीबों की सेवा भाव से कभी भी पीछे नही रहा। गरीबों की सेवा ही इंसानियत और भगवान की पूजा है। इस दौरान 350 जरुरतमंदों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था की तरफ से सभी को रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवा भी वितरित की गयी। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश सिंहए शिवाजी सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, अमित सिंह, विक्की सिंह, पारसनाथ यादव, शशी गुप्ता, अशोक पाण्डेय, राजीव कुमार, हृदयनारायण, धर्मेन्द्र गौतम और धनजंय राव, कुलदीप चौधरी, पूर्व प्रधान राजाराम पासवान, अंकुर सिंह, बिट्टू सिंह, बबलू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पारिवारिक तनाव और आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने लगा ली फांसी

संवाददाता। सकलडीहा (चन्दौली)

**पारिवारिक** तनाव और आर्थिक तंगी से परेशान 45 वर्षीय बाइक मिस्त्री ने बुधवार को घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। वही घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। सदर कोतवाली के राउतपुर गांव निवासी जलाऊ अहमद के तीन पुत्र रहीमए करीम और सलीम है। करीम की बीस वर्ष पूर्व भिखमपुर गांव निवासी अब्दुल हमीद के पुत्री अख्तरी बेगम से निकाह हुआ था। जिससे दो पुत्री शाहिन व नाजिया और एक पुत्र अरमान है। करीम ईटवा गांव में बाइक मरम्मत की दुकान खोलकर परिवार की परवरिश करता था। अप्रैल वर्ष 2018 में करीम ने ओरवा गांव निवासी स्व. इस्लाम की पुत्री जलसा से दूसरा निकाह कर लिया। वही रहने लगा। सुबह पेट में दर्द होने पर पत्नी जलसा को दवा लेने के लिये डाक्टर के पास भेजा था। पत्नी के घर से जाते ही करीम ने अंदर से दरवाजा बंद कर करी में फांसी लगाकर झूल गया। दवा लेकर घर पहुंची महिला ने पति का शव लटकते देख चिल्लाने लगी। आसपास ग्रामीणों की मदद से युवक को फांसी के फंदे से उताकर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। इस बाबत कस्बा प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहा ने बताया कि प्रथम दृष्टया पारिवारिक तनाव के कारण फांसी लगाने की बात सामने आयी है। मामले की जांच की जा रही है।

## गैंगेस्टर कोर्ट ने आरोपियों की जमानत अर्जी कर दी निरस्त

**मऊ** । अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर तीन विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट रामअवतार प्रसाद द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों में आरोपियों के जमानत अर्जी सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया। विशेष न्यायाधीश द्वारा यह आदेश आरोपियों के अधिवक्ता व राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक (गैंगेस्टर एक्ट) के अधिवक्ता कृष्ण शरण सिंह के तर्कों को सुनने के बाद व केस डायरी के अवलोकन के बाद पारित किया। मामला थाना रामपुर के अंतर्गत गत एक जनवरी को प्रभारी निरीक्षक राज केशर सिंह द्वारा क्षेत्र में हत्याए बलवा व सदोष अवरोध कारित कर गंभीर अपराध में संलिप्त गैंग के विरुद्ध प्रयास्त आधार पाते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुकदमे को पंजीकृत कराया गया था। मामले में आरोपी इस गैंग के सरगना राजेन्द्र पुत्र धर्मदेव व इस गिरोह के दो अन्य सक्रिय सदस्यों द्वारा न्यायालय में अपनी जमानत हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

# न्यायाधीशों ने किया राजकीय बाल व आश्रय गृह का औचक निरीक्षण

## बच्चों को संतुलित भोजन देने का दिया निर्देश

संवाददाता। देवरिया



**बुधवार** को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय बाल गृह तथा पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह देवरिया में बच्चों के खानपान, रहन-सहन तथा भण्डार गृह के साफ-सफाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षणके दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार द्वारा निर्देशित किया कि बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को भी रखा जाए, जिससे बच्चेशारीरिक रूप से मजबूत रहें। उनके पौष्टिक भोजन पर ज्यादा ध्यान देने कीजरूरत हैंए जिसके लिये समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के साथ-साथ निरन्तर काढ़ा का भी सेवन कराया जायें। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र प्रताप ने राजकीय बाल गृह देवरिया में बच्चों के लिए खेल को आवश्यक बताया तथा प्रत्येक दिन विभिन्न तरह के खेलों को कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने भोजन हेतु खाद्य सूची का निरीक्षण करते हुये भोजन में पौष्टिक आहार रखने का निर्देश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा बच्चों के रहने वाले कमरों का निरीक्षण किया गया तथा निर्देशित किया कि बच्चों को पर्याप्तमात्रा में कंबल व रजाई की व्यवस्था जाये जिससे बच्चों को ठण्ढ़ी मेंसुरक्षित रखा जायें। बच्चों को उनके अध्ययन का निरीक्षण किया गया और उनके पठन-पाठन के कार्य को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। भण्डार गृह का निरीक्षण करते हुये कहा कि भण्डार गृह के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। तत्पश्चात बच्चों के भोजन का निरीक्षण किया गया। मीनू के अनुसार भोजन सही पाया गया।

## आदेश की अवहेलना मामले में थानाध्यक्ष दक्षिण टोला तलब

**मऊ** । सिविल जज सीनियर डिवीजन शुभम वर्मा ने अदालत के स्थगन आदेश का क्रियान्वयन नहीं कराने व उसके विपरीत संगत घाट पर सम्पत राय आदि के मकान गिराने के मामले मे थानाध्यक्ष दक्षिण टोला परमानन्द मिश्रा को गुरूवार 21 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से तलब कर जबाब मांगा है कि क्यों न उनके विरूद्ध न्यायालय के अवमानना की कार्रवाई की जाए। वाद संख्या 50 सम्पत राय आदि बनाम मनोज आदि में वादीगण के मकान पर गत आठ फरवरी 2018 को स्थगन आदेश अदालत द्वारा पारित किया गया था। जिसके क्रियान्वयन हेतु 17 दिसम्बर को न्यायालय ने आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आदेश थानाध्यक्ष को दिया था और आदेश के अनपालन के सम्बन्ध मे आख्या गत 22 दिसम्बर को मांगी गई थी। वादी द्वारा आवेदन दिया गया कि इसी दौरान थानाध्यक्ष की सह पर विपक्षी द्वारा आधा दर्जन से ज्यादा मकान जेसीबी से धराशायी करा दिया

# विकास खंडों में लगा कृषि मेला

संवाददाता। सिद्धार्थनगर



**किसान** कल्याण मिशन कार्यक्रम विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले कृषि मेला एवं प्रदर्शनी एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन जनपद के विकासखंड बांसी, विकास खंड मिठवल, विकास खंड खेसरहा, विकास खंड भनवापुर तथा विकास खण्ड डुमरियागंज में आयोजित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह द्वारा विकास खण्ड बांसी, खेसरहा तथा विकास खण्ड मिठवल एवं तथा जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विकास खण्ड बांसी में आयोजित कृषि मेला एवं प्रदर्शनी एवं जागरूकता गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री कृषि ने मेला एवं प्रदर्शनी एवं जागरूकता गोष्ठी के अवसर पर सभी विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर जयप्रकाश ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही किसानों को लाभ दिया जा रहा है। सभी को शौचालय दिया गया है। गांवो में विद्युतीकरण कराकर हर घर को बिजली उपलब्ध करायी गयी है। मिटटी की जांच कराकर किसानो को मृदा परीक्षण कार्ड दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों का पांच लाख तक का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाये लागू की गयी है जिससे पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि देश का किसान खुशहाल होगा तभी देश खुशहाल होगा। इस मौके पर मंत्री ने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगायी गयी है जिसमें आप अपना रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ ले सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली अनुदान की धनराशि सीधे उनके खाते में प्रेषित की जाती है। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिये प्रेरित किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने वेब सीरीज तांडव का पुतला फूंक जताया विरोध



संवाददाता। देवरिया

**भाजपा** सलेमपुर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने सलेमपुर में हाल ही में रिलीज वेब सीरीज तांडव के विरोध में सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल के नेतृत्व में सलेमपुर कोतवाली में फिल्म के निर्देशक और निर्माता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया गया। कार्यकर्ताओं ने फिल्म का विरोध करते हुए निर्देशक के पुतले को आग के हवाले कर दिया। भाजपा नेता अशोक पांडेय ने कहा कि फ़िल्म में देवी देवताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है जो किसी भी सूरत में सहन नही किया जाएगा। उक्त अवसर पर त्रिपुणायक विश्वकर्मा, अशोक तिवारी, अजय दुबे वत्स, विकास रौनियार आदि रहे।

## भाजपा नेता ने शीर्ष नेतृत्व को लिखा टाउन हाल के मामले में पत्र

**देवरिया** । भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व को पत्र लिखकर प्रेक्षागृह मामले से अवगत कराया जाएगा। पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पिछले छह महीनों से प्रेक्षागृह मामले को तूल देकर कुछ लोग अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का कार्य कर रहे हैए उन्होंने कहा कि नगर पालिका बोर्ड ने प्रस्ताव के द्वारा प्रेक्षागृह का नामकरण भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम कर दिया ए अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह ने अपने सामने प्रेक्षागृह के मुख्य द्वार पर अटल जी का नाम अंकित कराया। जिसको 18 जनवरी की रात्रि में कुछ लोगो ने चोरी छिपे पुन: उस पर फ्लैक्स स्टीकर लगाकर नाम बदल दिया जो अत्यंत निंदनीय हैए इस मामले में नगर पालिका प्रशासन को प्राथमिकी दर्ज कराकर उचित कार्रवाई करना चाहिए।

# श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए भेंट की समर्पण राशि



**सिद्धार्थनगर**। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण हेतु जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने 51 हजार रुपए व प्रबंधक मुरलीधर अग्रहरि ने एक लाख रुपये तथा एक अन्य अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशलेंद्र त्रिपाठी ने एक लाख रुपए का अपने व्यक्तिगत खाते का चेक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी व विभाग प्रचारक सुरजीत के समक्ष समर्पण किया । उक्त अवसर पर गोरक्ष प्रांत के सह प्रान्त प्रचारक रमेश जीए नगर प्रचारक विनय अभियान प्रमुख महादेव आदि की उपस्थिति रही।

# भारत की संस्कृति में है त्याग और बलिदान: डा. राकेश राय

## शहीद चंदन राय की मनी तीसरी पुण्यतिथि

संवाददाता। चहनिया (चन्दौली)




**राष्ट्र** गौरव की रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है। कर्तव्य निर्वहन में प्राणो का बलिदान गौरवान्वित करने वाला होता है। क्योंकि त्याग और बलिदान भारत की संस्कृति है। उक्त बातें नदेसर मारूफपुर स्थित शहीद चन्दन राय के पैतृक आवास पर आयोजित शहादत दिवस समारोह में हिन्दु युवा वाहिनी के प्रदेश संयोजक डा. राकेश राय ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि चन्दन का बलिदान जाया नही होगा । जिन्होंने कुर्वानी देकर देश की रक्षा किया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभु नारायण सिंह लल्ला व शहीद चन्दन के पिता सत्य प्रकाश राय के द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। तदुपरांत मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों व ग्रामीणों ने शहीद चन्दन राय के तैल चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में शहीद धीरज सिंह, शहीद अवधेश यादव, शहीद कुलदीप मौर्या, शहीद रविन्द्र यादव के परिजनों सहित दर्जनों पूर्व सैनिकों व पत्र प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को कार्यक्रम व्यवस्थापक अम्बरीष सिंह भोला व मोहित राय द्वारा माल्यार्पण करकेए रुद्राक्षए डायरी व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख पति उपेन्द्र सिंह ने कहा कि शहीद चंदन राय की शहादत युवाओं को प्रेरणा देने वाली हैं।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 जनवरी 2021



# तिरंगा यात्रा को लेकर रही कड़ी चौकसी

## ● चप्पे-चप्पे रहा पुलिस बल तैनात दो नेताओ को गुण्डा एक्ट मे भेजा जेल



संवाददाता। बाराबंकी

**भारतीय** किसान यूनियन भानू के आज तिरंगा यात्रा निकालने के एलान पर प्रशासन पुरी तरह सजग रहा।चप्पे.चप्पे पुलिस बल तैनात कर दिया गया तो वही रात से ही संगठन के नेताओं कोगिरफ्तारकर बन्द भी कर दिया गया जिसको लेकर कार्यकर्ताओ ने नगर कोतवाली पहुच कर बवाल भी किया किन्तु पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके तितर.बितर कर दिया तब जाकर मामला शांत हुआ। मालूम हो कि भारतीय किसान यूनियन भानू ने किसान विरोधी कृषि विधेयक के विरोध में 20 जनवरी को तिरंगा यात्रा निकालने का एलान किया था।यात्रा निकालने से पूर्व हो पुलिस ने संगठन के प्रदेश प्रभारी कुँवर उदेन्दु प्रताप उर्फआशु चौधरी व संगठन के छात्रसंघ जिलाध्यक्ष अपुल वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस बात की जानकारी जब संगठन के कार्यकर्ताओं को हुई तो नगर कोतवाली पहुचकर जमकर बवाल किया।इतना ही नही कार्यकर्ताओ ने घर उठाने का आरोप लगाकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की और लोकतंत्र की हत्या बताया।हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओ की जानकारी पुलिस प्रशासन को हुई तो अधिकारी भी मौके पर पहुच गए और किसी तरह मामले को रफा दफा कर दिया वहीं कोतवाल नगर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ही नेताओं पर गुण्डा एक्ट मे जेल भेज दिया गया है।

## शिकयत के बावजूद ठेकेदार के विरूद्ध नहीं की जा रही कारवाई ग्रामीणों मे रोष

**बाराबंकी** । जिले के पूरेडलई में ब्लॉक प्रमुख की गैरमौजूदगी में विकास कार्यों में हो रही है जमकर धांधली ब्लाक प्रमुख दीपक सिंह कभी ब्लॉक आते हीनहीं हैं नहीं हैं ।जबकि प्राइवेट आदमी के सहारे दीपक सिंह करते हैं ब्लाक प्रमुख जिससे आम जनता में भारी रोष व्याप्त है।

विकास कार्य ब्लॉक परिसर में हो रहा है उसमें भी जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है यहां तक कि ब्लॉक परिसर में जो आवास बन रहे हैं उसमें पीले ईट ए का प्रयोग हो रहा है कई बार ब्लॉक अधिकारी सर्वेश तिवारी से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई ठेकेदारों के ऊपर नहीं हुई क्योंकि जो ठेकेदार हैं वो ठेकेदार भी ब्लॉक प्रमुख दीपक सिंह के खास माने जाते हैं।कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि यहां पर पीले ईटों का प्रयोग किया जा रहा है और जो मसाला बनाया जाता है उसमें भी मन के अनुसार श्रीमैंट नहीं डाली जाती है और जब इसकी शिकायत ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी से की गई उन्होंने कहा कि हाथ जांच करवाएंगे लेकिन जांच आज तक नहीं हुई हैं।

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की गई धनराशि



संवाददाता। अमेठी

**कलेक्ट्रेट** स्थित एनआईसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार द्वाराए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र परिवारों के खाते में आवास हेतु ऑनलाइन धनराशि हस्तांतरण की गई। आज प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जनपद अमेठी के प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के अंतर्गत प्रथम किश्त के 14984ए द्वितीय किश्त के 3393 व तृतीय किस्त के 50 लाभार्थियों के खाते में 8373०७ लाख की धनराशि हस्तांतरित किया। इस दौरान एनआईसी में जिलाधिकारी अरुण कुमारए मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठरए परियोजना निदेशक आशुतोष दूबे सहित लाभार्थीगण मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जो भी योजना होगी पात्रता के आधार पर जनपद के हर अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाई जाएगीए जिससे कि पात्र व्यक्ति संबंधित योजना से लाभान्वित हो सके और अपना जीवन सुख में व्यतीत कर सकें।

## 22, 28 व 29 जनवरी को लगेगा कोरोना का टीका 4 स्वास्थ्य केंद्र चयनित

**अमेठी।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीएस अग्रवाल ने बताया कि जनपद मे कोविड.19 टीकाकरण आगामी 22ए 28 और 29 जनवरी को लगाया जाएगा। 22 जनवरी को जनपद के चार स्वास्थ्य केन्द्रों अमेठीए बाजार शुकुलए गौरीगंज एवं जगदीशपुर पर टीकाकरण का कार्य किया जाएगाए उन्होने बताया कि 14 सत्र बनाए गए हैंएजिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सीएस अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 9707 वैक्सीन की खुराक पूर्व में आ चुकी है। जनपद में 1400 लाभार्थी टीकाकरण के लिए पंजीकृत किए गए हैंए तीन दिनों 22ए 28 और 29 जनवरी को टीकाकरण हेतु माइक्रो प्लान बना लिया गया है । उन्होंने बताया कि पूर्व में जो वैक्सीन आई हैए उसी के अनुसार माइक्रोप्लान बनाया गया है और सेकंड डोज जो 28 दिन बाद लगाई जाएगी। उसके लिए भी वैक्सीन को आरक्षित कर लिया गया है। यदि इस दौरान शासन से और वैक्सीन जनपद को प्राप्त होती हैं तो टीकाकरण सत्र की संख्या बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि जनपद के चार केंद्रों पर तीन दिनों में औसतन तीन सत्र चलाकर टीकाकरण का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

## पूर्व राज्यपाल के निधन पर प्रमोद ने जताया दुख



### ● अरूणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद थे गरीबों और पिछड़ों की मुखर आवाज

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**सीडब्लूसी** मेंबर प्रमोद तिवारी ने अरूणांचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद के आकस्मिक निधन पर संवेदना प्रकट की है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय माता प्रसाद दलितों व पीडितों एवं समाज के गरीब तबके के लोगों की मुखर आवाज थे। उन्होनें स्व. माता प्रसाद के प्रदेश मे राजस्व मंत्री और कांग्रेस के कोषाध्यक्ष के रूप मे कार्यकाल को यादगार ठहराते हुए कहा कि पार्टी विधानमण्डल दल के नेता होने के नाते उन्हें स्वर्गीय माता प्रसाद के साथ करीब से कार्य करने का अवसर मिला। स्व. माता प्रसाद जी के साथ स्मृति को साझा करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि उनका सदैव कमजोर तबके के विकास व सम्मान के लिए जुझारूपन को लेकर व्यक्तित्व सदैव अविस्मरणीय रहेगा। श्री तिवारी का संवेदना संदेश बुधवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने निर्गत किया।

## परिजनों से मिलने पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

### मनोरोगी युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला



संवाददाता। बाराबंकी

**मनोरोगी** दलित युवती से दुष्कर्म क बाद हत्या अत्यन्त ही जघन्य अपराध है प्रशासन घटना की गम्भीरता को समझे और दुष्कर्म और हत्या के दोषियो को गिरफ्तार कर घटना को अंजाम देने वाले बहशी दरिन्दो को कडी से कडी सजा दिलावाये साथ ही सरकार पीडित परिवार को तत्काल 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये। उक्त मांग आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम कौराहापुरवा में विगत दिनो दलित युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या सम्बन्धी मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत कराने के लिये प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आर0के0 चैधरी के नेतृत्व में आठ सदस्यी प्रतिनिधि मंडल के मुखिया आर0 के चैधरी ने पीडित परिवार से मुलाकात के पश्चात् प्रशासन तथा सरकार से की। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे पूर्व मंत्री श्री चैधरी ने दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना की कडी निन्दा करते हुये कहा कि भाजपा सरकार की सरपरस्ती में प्रदेश में अपराधी और हैवानियत भूखे दरिन्दे फ्लफूल रहे है। बेटी बचाओ बेटी पढाओ के नारे के साथ सत्ता में आयी भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नही है अपराधी दरिन्दो के हौसले इतना बढ गये है कि सरे आम बेटियो के साथ दुष्कर्म करके उनकी हत्या कर रहे है लेकिन सरकार बेटियो की सुरक्षा के माकूल इंतजाम करने तथा अपराधियो को पकड पाने मेंपूरी तरह फेल है। विगत तीन माह में जनपद बाराबंकी के विधान सभा जैदपुर में पहले विकास खण्ड हरख के ग्राम सेठमऊ मजरे पिपरी में दलित युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या और अब विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम कौराहापुरवा की मनोरोगी दलित युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना दर्शाती है कि बहशी दरिन्दो के दिल से पुलिस तथा सरकार का भय खत्म हो गया है आज हम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल के साथ पीडित परिवारजनो जिन्होने अपनी लाडली को खो दिया है उनसे मिलकर उन्हे यह विश्वास दिलाने आये है कि कांग्रेस पार्टी उनके दुख में बराबर की सहभागी है और पीडित परिवार की लडाई लडकर उन्हे न्याय दिलाने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू द्वारा गठित प्रतिनिधिमंडल जो पूर्व मंत्री आर0के0 चैधरी के नेतृत्व में पीडित परिवार से मिलने गया था उसमें मुख्यरूप से पूर्व राज्यसभा सदस्य ए0पी0 गौतमए मध्य जोन के कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष तनुज पुनियाए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की महिला विंग की अध्यक्ष सरलेश रावतए कांग्रेस अध्यक्ष बाराबंकी मो0 मोहसिनए नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फेटोवालाए अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष विजयपाल गौतम तथा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व अध्यक्ष रामहरख रावत शामिल थे।

## बार प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंटट में सेमरा रिटर्न्स की बछरावनी वॉरियर्स पर आसान जीत

**ललितपुर।** पुलवाराध्बार.भारतीय जनता पार्टी मंडल बार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में कस्बा बार में चल रहे बार प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन बुधवार को गंगा झिरिया क्रिकेट क्लब ने सलामी बल्लेबाज नन्नी इलाहाबाद की तूफनी बल्लेबाजी के बलबूते खाटूश्याम माही होंडा पर शानदार जीत दर्ज की।वहीं दूसरे मैच में सेमरा रिटर्न्स ने बछरावनी वॉरियर्स पर आसानी से मैच जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राजा प्रताप उपस्थित रहे उन्होंने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। गंगा झिरिया व खाटूश्याम माही होंडा के मध्य खेले गए मैच में माही होंडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।बल्लेबाजी करने उतरी गंगा झिरिया के सलामी बल्लेबाज नन्नी इलाहाबाद 309ण्30 स्क्रायर रन रेट से 43 गेंदों में 17 छक्कों व छह चौकों की मदद से 133 रनों की तूफनी पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर की तरफ पहुंचा दिया।उनका साथ मोंटू ठाकुर 17 गेंदों में 14 रन व आकाश इलाहाबाद 11 गेंदों में 26 बना कर दिया।गंगा झिरिया ने खाटूश्याम माही होंडा को 205 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी खाटू श्याम माही होंडा की शुरुआत अच्छी नहीं रही।सलामी बल्लेबाज शीलू गोस्वामी 24 रन व सलमान बट्ट 13 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए।इसके बाद सौरभ दीक्षित 28 गेंदों में 59 रन एवं अभिराज बुंदेला 16 गेंदों में 40 रन ने टीम को संभाला।लेकिन दोनों खिलाड़ियों के आउट होने के बाद टीम के विकेट गिरते गए।गंगा झिरिया ने 40 रनों से खाटूश्याम माही होंडा पर जीत दर्ज कर ली।गंगा झिरिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी नन्नी इलाहाबाद को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं दूसरा मैच सेमरा रिटर्न्स व बछरावनी वॉरियर्स के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे बछरावनी वॉरियर्स के खिलाड़ी टीम को बड़ा स्कोर नहीं दे सके। गेंदबाज नीरज झांसी ने 4 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लेकर बछरावनी वॉरियर्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।बल्लेबाज सोनू राजा पवा 16 गेंदों में 30 रन टीम के लिए सर्वाधिक रन बना सके।बछरावनी वॉरियर्स 12ण्4 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेमरा रिटर्न्स के बल्लेबाज भूपेंद्र यादव 19 गेंदों में 29 रन व अरूण बदरैला 23 गेंदों में 45 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नीरज झांसी को दिया गया।टूर्नामेंट की ऑरेंज कैप नन्नी इलाहाबाद को दी गई।

## मनाई गई गुरु गोविंद सिंह जयंती

**जगदीशपुर अमेठी** । सिखो के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई ।गुरु गोविंद सिंह ने अपना पूरा जीवन अन्यायए अधर्मए अत्याचार और दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए गुजारा।सिख समुदाय के लोगो ने इस पर्व को प्रकाश पर्व के रूप में बड़े ही उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया । जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित गुरुद्वारों में कीर्तन और गुरुवाणी का पाठ किया जाता है और सिख समुदाय के लोग प्रभातफेरी व लंगर का आयोजन करते है और गुरुद्वारों में सेवा की जाती है लेकिन इस बार कोरोना वायरस के चलते लोगों ने अपने अपने घरों में ही इस बार कोरोना वायरस के चलते लोगों ने अपने अपने घरों में ही रहकर उनको याद करते हुए अपनी अकीदत पेश की ।इस मौके पर गुरुद्वारों के आस.पास खालसा पंथ की झांकियां निकाली जाती है ।सिख समुदाय के लोग घरों में कीर्तन व गुरू ग्रंथ साहिब का पाठ करते रहे ।

## पुलिस के हाथ खाली

**बाराबंकी।** दलित युवती की हत्या के मामले में पुलिस निरीक्षण तक ही सीमित है चार दिन बीत जाने के बावजूद हत्यारों का सुराग नही लगा सकी है।घटनास्थल गवाह है कि उसके साथ गैंगरेप हुआ है लेकिन पुलिस अभी इस पर चुप्पी साधे है जिससे क्षेत्रीय जनों में कयासों का बाजार भी गर्म हो गया है कि पुलिस इसे छुपाने का प्रयास कर रही है वही लोगो मे घटना को लेकर आक्रोश भी व्याप्त है। रविवार की सुबह कोठी थानाक्षेत्र की एक 22 वर्षीय युवती की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी।उसका शव सरसो के खेत मे मिला था।कपडे तो अस्त व्यस्त थे ही साथ काफी एरिया में सरसों के पौधे भी टूटे पड़े थे इससे ग्रामीण भी यह कहने सेगुरेज नही रहे है कि उसको घसीटकर लाया गया है और जबरन दुराचार के बाद घटना को कारित किया गया।अगले दिन आईजी अयोध्या ने घटनास्थल और फिर पोस्टमार्टम हाउस का दौराकर जायजा लिया था और बताया कि एसपी द्वारा गठित पांच पुलिस टीमे खुलासे पर लगी हुई है। इसके बाद एडीजी जोन ने भी मौकाए वारदात पर जाकर वही शब्द दोहराए थे और कहा कि जल्द खुलासा किया जाएगा।

## तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मुसाफिरखाना अमेठी** । क्षेत्र के दुवरिया गांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ यादव महासभा के जिलाध्यक्ष उदय राज यादव ने किया । खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार व समाज को ग्रामीण इलाकों में मौजूद प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। विकास क्षेत्र के दुवरिया में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच पूरे शिवदयाल व नेवादा के बीच खेला गया ।क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष उदय राज यादव ने फीता काट कर किया । खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उदय राज यादव ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है ।प्रतिभाओं को निखारने व संवारने के लिए समाज के बुद्धिजीवी वर्ग जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा ।लगातार ऐसे आयोजनों से युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के साथ ही व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है ।उदघाटन अवसर पर सपा जिला प्रवक्ता विजय यादव बीडीसी राजेश सिंह पप्पू सिंह वीरेंद्र यादव पवन तिवारी मनोज यादव हरि प्रसाद यादव विवेक यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य के लिए खेलकूद जरूरी: विशाल विक्रम सिंह

**जगदीशपुर अमेठी** । शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए खेल जरूरी है जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है । उक्त बातें विशाल विक्रम सिंह ने क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते हुए सत्थिन में कही । मालविका ग्राउण्ड सत्थिन में भाजपा नेता विनय सिंह द्वारा सात दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशाल विक्रम सिंह व अभिषेक विक्रम सिंह ने फीता काट कर मैंच का शुभारंभ किया ।वहीं विशाल विक्रम सिंह ने क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए खेल बहुत जरूरी है और जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है खेल से शारीरिक व मानसिक विकास को बल मिलता है और वहीं अभिषेक विक्रम सिंह ने कहा कि खेल के मैदान में खिलाड़ियों के चेहरे पर एकता का भाव झलकता है और खेल से शरीर को ऊर्जा मिलती है ।

## फांसी लगाकर दी जान

**निन्दूरा बाराबंकी।** अपनी ही भैंस को लाठी मारने के बाद आहत हुए एक व्यक्ति ने खेत मे जाकर एक पेड़ के सहारे गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी ग्रामीण जब शौच के लिये बुधवार सुबह खेत मे गए तो परिजनों को सूचना दी परिजनों की सूचना पर पुलिस पँहुची और शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। प्राप्त विवरण के अनुसार कुर्सी थानाक्षेत्र बैनाटिकरहार निवासी 50 वर्षीय देश राज मंगलवार की शाम घर से निकले और सुबह उनके शव को ग्रामीणों ने एक पेड़ से लटकता देखा तो परिजनों को इसकी सूचना दी ग्रामीणों की सूचना पर परिजन खेत की ओर पंहुचे तो कोहराम मच गया और उन्होंने कुर्सी पुलिस को इसकी सूचना दी मौके पर पँहुची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। वहीं परिजनों के अनुसार मंगलवार को अपनी घर मे बंधी भैंस को देशराज ने किसी कारण से एक लाठी मार दी थी उसके थोड़े देर के बाद ही भैंस की मौत हो गई उससे देशराज काफी बड़ा सदमा लग गया और गुमसुम हो गया।

## क्विक न्यूज

### विवाहिता ने निगला जहर, मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों मे विवाहिता ने जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता की मौत की जानकारी हालांकि परिजनों ने दूसरे दिन बुधवार को भी स्थानीय पुलिस को नही दी है। नगर के जलेशरगंज रोड पर प्रयागराज जिले के होलागढ़ थाना के राजापुर चौबारा निवासी सत्यप्रकाश त्रिपाठी की पत्नी अनुराधा 35 यहां किराये के मकान पर रहकर अपने बच्चों को एक स्थानीय स्कूल मे पढ़ा रही थी। मृतका का पति फौजी बताया जाता है। मंगलवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियो मे विवाहिता ने जहर निगल लिया। पड़ोस के लोग विवाहिता की चीख पर मकान मे पहुंचे तो उसकी हालत खराब देख आननफानन मे उसे स्थानीय सीएचसी इलाज के लिए पहुंचवाया। यहां विवाहिता की स्थिति गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर विवाहिता के ससुरालीजन जिला अस्पताल पहुंचे और उसे लेकर प्रयागराज जा रहे थे कि रास्ते मे उसने दम तोड़ दिया। मृतका के तीन मासूम बच्चे बताये जाते है। घटना की जानकारी विवाहिता के ससुरालीजनों ने स्थानीय पुलिस को नही दी। इस बाबत प्रभारी कोतवाल रामअधार का कहना है कि घटना की जानकारी अभी पुलिस को नही मिली है, जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### ताण्डव के खिलाफ तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फिल्म वेब सीरीज ताण्डव मे हिन्दू धर्म की भावनाओं को आघात पहुंचाने को लेकर बुधवार को कोतवाली मे तहरीर दी गई है। संगम यूथ फाउण्डेशन विश्वनाथगंज विधानसभा इकाई अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौंपी। तहरीर मे कहा गया है कि ताण्डव के निर्देशव अली अब्बास जफर द्वारा फिल्म के प्रदर्शन के जरिए जातीय हिंसा और समाज मे नफरत की भावना उत्पन्न करने का षडयंत्र किया गया है। उन्होनें निदेशक पर सीरीज मे आपराधिक षडयंत्र का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किये जाने की मांग की है। इसके पहले यूथ फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर ताण्डव के आपत्तिजनक प्रदर्शन पर आक्रोश भी जताया।

### अनिल शुक्ल के उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष बने

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापारमण्डल द्वारा व्यापारी नेता अनिल शुक्ल राजा को नगर पंचायत लालगंज का अध्यक्ष चयनित किये जाने पर यहां खुशी जताई गयी। बुधवार को स्थानीय व्यापारियों ने बैठक कर राजा शुक्ला के मनोनयन पर जिलाध्यक्ष उमाप्रकाश अग्रहरि तथा प्रदेश सचिव अनुराग खण्डेलवाल व महामंत्री जयकौशल के प्रति आभार जताया। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष राजा शुक्ला ने नगर क्षेत्र के व्यापारियों की सुरक्षा तथा सम्मान के प्रति संघर्ष की प्रतिबद्धता दोहरायी। इस मौके पर जीवनलाल सोनी, दिनेश सिंह, पन्ना लाल जायसवाल, रमेश मिश्र आदि रहे।

### बाइक से गिरने पर महिला की जान गई

**जगदीशपुर अमेठी** । रिश्तेदार के साथ बाइक पर सवार होकर मायके से ससुराल जा रही महिला गिर कर घायल हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कस्बा के निकट आलिफा बानो उम्र 38 वर्ष निवासी बरसंडा थाना कमरौली अपने मायके कुमारगंज से बाइक पर सवार होकर घर आ रही कि अचानक साइकिल सवार सामने आ जाने के चलते उसे बचाते समय बाइक अनियंत्रित होने पर आलीफा बानो नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गई जिनको इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । इस सम्बंध में कोतवाल ने बताया कि परिवारीजन शव को घर ले जाकर अंतिम संसार कर दिया कोई तहरीर नही दी अगर तहरीर देंगे तो आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

### सड़क हादसे में मौत

**बाराबंकी।** कोहरे में एक राहगीर को अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मार दी और युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए पास से निकल रहे पीआरवी वाहन ने घायल युवक को उठाया तो उसने कुछ ही देर दमतोड़ दिया।पीआरवी ने परिजनों को सूचना दी तो मौके पर पंहुचे और उनके सामने पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।मिली जानकारी के अनुसार विजय कुमार;35द्धपुत्र श्रीराम निवासी छंदरौली थाना लोनीकटरा बुधवार की भोर में कार्यवश लखनऊ.सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग गांव के चौराहे पर पैदल ही जा रहा था और किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे कुछ ही समय बाद घायल विजय ने दमतोड़ दिया पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### सपा में सभी को बराबरी का अधिकार है: तिलक

**ललितपुर।** समाजसेवा के क्षेत्र में अनुपम उदाहरण पेश करने वाले दीपक बाल्मीकि को समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड की प्रबल संस्तुति पर समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओमकार वर्मा ने ब्लाक बार का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से जहां वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है तो वहीं दूसरी ओर सजातीय बंधुओं ने भी इसे गौरवशाली बताया। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सभी वर्गों को सदैव सम्मान दिया है। समाजवादी पार्टी मात्र ऐसी पार्टी है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बराबरी का अधिकार सुरक्षित है। उन्होंने नवमनोनीत ब्लाक बार अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि से आह्वान किया कि वह जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुये जिला कार्यालय पर प्रस्तुत करें

### योजनाओं का संचालन बाधित

**रामनगर बाराबंकी।** विकास खंड रामनगर कार्यालय में एक माह से अधिक रिक्त पड़े सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण के पद पर तैनाती न होने से अनेक योजना का संचालन नहीं हो पा रहा है।ज्ञात हो कि बीते वर्ष नवंबर माह में खंड विकास कार्यालय रामनगर में तैनात सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विनोद कुमार मिश्रा सेवानिवृत्त हुए थे । उनके स्थान पर अभी तक किसी की तैनाती नहीं की गई है। जिसके चलते वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन दिव्यांग पेंशन कन्या सुमंगला योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना विवाह अनुदान सहित अनेक योजनाएं का संचालन नहीं हो पा रहा है। लोग खंड विकास कार्यालय के चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की अनदेखी के चलते दूरदराज से आए लोगों को निराशा ही मिल रही है ।

### किसान मेला गोष्ठी व प्रदर्शनी का आयोजन

**अमेठी** । जनपद में कृषि व कृषि आधारित अन्य गतिविधियोंए जिनमें पशुपालनए बागवानीए इत्यादि तथा कृषि आधारित उद्योग सम्मिलित है को विकसित कर इन गतिविधियों के माध्यम से किसान कल्याण तथा किसान की आमदनी दुगुना करने का एक अभियान किसान कल्याण मिशन के रूप में चलाया जा रहा है। किसान कल्याण मिशन अभियान 21 जनवरी को विकास खण्ड भेटुआए संग्रामपुरए बाजारशुकुलए बहादुरपुर व गौरीगंज में आयोजित किया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत स्थानीय स्तर पर लघुए सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यामिता इकाईयों तथा ग्राम्य विकास के आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के द्वारा उत्पादित प्रमुख उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी एवं विभिन्न प्रकार की कृषि तकनीकी के प्रदर्शन कराये जायेगें।

### निर्माणाधीन पार्क का झूला टूटा

**रामनगर बाराबंकी** । रामनगर तहसील प्रांगण में नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर पार्क बनाया जा रहा है। जिसमें अनेक खामियां उजागर हुई। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कार्रवाई करने की बात कही। नगर पंचायत रामनगर द्वारा लाखों रुपए की लागत से तहसील रामनगर परिसर में पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें बच्चों के झूले की व्यवस्था बैठने तथा इंटरलॉकिंग व कटीले तारों की बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था गई है । निर्माण कार्य होते होते झूले टूट गए। बीच में सुंदरता के लिए लगाए गए गोल पत्थर भी टूट गए। आदि खामियां सामने आई।